॥ श्रीः ॥

गोकुलदास संस्कृत ग्रन्थमाला

११०

पण्डितप्रवरश्रीजीवनाथदैवज्ञविरचिता

वास्तुरत्नावली

(ससन्दर्भ-सोदाहरण-सचक्र-सचित्र-संस्कृत-
मोहनबोधिनी 'ख्य हिन्दीटीकाद्वयोपेता)

M.Katyayana

सम्पादकोऽनुवादकश्च

डॉ. श्रीकृष्ण 'जुगनू'

सहयोग

अनुभूति चौहान

अनुकृति चौहान

चौखम्भा ओरियन्टालिया

प्राच्य-विद्या, आयुर्वेद एवं दुर्लभ ग्रन्थों के प्रकाशक

दिल्ली – 110 007 (भारत)

प्रकाशक :

चौखम्भा पब्लिशर्स

गोकुल भवन, के-37/109, गोपाल मन्दिर लेन

वाराणसी-221001 (भारत)

शाखा :

चौखम्भा ओरियन्टालिया

पोस्ट बॉक्स नं. 2206

बंग्लो रोड, 9-यू.बी., जवाहर नगर

(कमला नगर के पास)

दिल्ली-110007 (भारत)

फोन : 23851617, 23858790

संस्करण : 2009

मूल्य : रु 350

मुद्रक : तरुण आफसेट प्रेस, नई दिल्ली-2



वास्तु उपदेशक - भगवान् विश्वकर्मा

परम श्रद्धेय पिताश्री

व

सद्गुरु नित्यलीलालीन

पण्डिततुल्य श्रीमद् मोहनलालजी चौहान

की पुण्यस्मृति में....

विषयानुक्रमणिका

दो शब्द

वास्तोष्पते प्रति जानीह्यस्मान्त्स्वावेशो अनमीवो भवा नः।
यत् त्वेमेहे प्रति तन्नो जुषस्व शं नो भव द्विपदे शं चतुष्पदे॥
वास्तोष्पते प्रतरणो न एधि गयस्फानो गोभिरश्वेभिरन्दो।
अजरासस्ते सख्ये स्याम पितेव पुत्रान्प्रति नो जुषस्व॥
वास्तोष्पते शग्मया संसदा ते सक्षीमहि रण्वया गातुमत्या।
पाहि क्षेम उत योगे वरं नो यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः॥

(ऋग्वेद 7, 54, 1-3 एवं तैत्तिरीयसंहिता 3, 4, 10, 1 इत्यादि)

अर्थात्— हे वास्तोष्पते गृहपालक देव! आप हमें जगाएँ। हमारे गृह में पुत्र-पौत्र आदि द्विपदों, गौ, अश्व आदि चतुष्पदों को नीरोग एवं सुखी करें। जो धन हम आपसे माँगें, वह हमें प्रदान कीजिए। हे वास्तोष्पते! आप हमारे लिए कल्याणकारी धन का विस्तार-प्रसार करें। हे सोम! हम आपकी कृपा से गौओं तथा अश्वों के साथ नीरोग रहें। आप हमारा अपने पुत्रवत् पालन करें। हे वास्तोष्पते! हम आपसे सुखकर, रमणीय और ऐश्वर्ययुक्त स्थान प्राप्त करें। हमें प्राप्त और प्राप्त होने वाले श्रेष्ठ धन-वैभव की आप रक्षा करें। हमें सदा कल्याणकारी साधनों-उपस्करों से सुरक्षित रखें।

वास्तु मानव जीवनोपयोगी विज्ञान के रूप में अधिस्वीकृत है। ऋषियों ने इष्टापूर्त के अङ्ग के रूप में इसे मान्यता दी है। सृष्टि के आदिकाल से ही जबकि मानव ने वृक्षावास और गुहावास के बाद वृक्षों की शाखाओं, काष्ठादि से अपने आवास के लिए गृहादि का विचार किया, वास्तु के नियमों की आवश्यकता को समझा गया और तदर्थ सिद्धान्त, नियमों का निर्धारण किया जाने लगा। समराङ्गणसूत्रधार में वास्तु की आवश्यकता को कथारूप में वर्णित किया गया है जो वायुपुराण के सहदेवाधिकार से प्रेरित है। यह मानवीय सृष्टि के विकासक्रम की बोधक भी है।

आज लगभग शताधिक स्वतन्त्र वास्तुग्रन्थों का प्राप्त होना और पुराणों, संहितादि

ज्योतिष ग्रन्थों, निबन्ध रचनाओं में इस विषय की प्राप्ति होना इस ज्ञानानुशासन की सार्वकालिक आवश्यकता को प्रतिपादित करता है। ऐसा प्रतीत होता है कि महर्षि गर्ग ने इस विषय को संहिता के अन्तर्गत परिगणित किया। हालांकि गर्ग की उक्त संहिता आज तक प्रकाशित रूप में उपलब्ध नहीं हो पाई है— भारत से ऐसा दुर्लभ ग्रन्थ का नदारद होना दुर्भाग्य सूचक ही कहा जाएगा किन्तु गर्ग के मतों का पुराणों सहित सैकड़ों निबन्ध ग्रन्थों, टीकाओं में मिलना उन मतों की सार्वभौमिकता को प्रदर्शित करता है। कैम्ब्रिज के ट्रीनिटी कॉलेज में 108 पृष्ठों वाली 18वीं सदी में प्रतिलिपित गर्गसंहिता की एक प्रति है, ऐसा प्रो. प्रसन्नकुमार आचार्य ने सङ्केत किया है और उसके कुछ विषयों का वर्णन भी किया है, उत्पलभट्ट ने बृहत्संहिता के वास्त्वाध्याय की टीका में गर्ग के मतों को उद्धृत किया है। इसी प्रकार महर्षि पराशर ने भी उन मतों को विस्तार दिया। समय-समय पर कश्यप, अत्रि, माण्डव्य, देवल, मनु आदि ने भी इसे विस्तार दिया। अधिकांश प्राचीन शास्त्र अब तक अप्राप्य ही है।

मत्स्य, अग्नि, विष्णुधर्मोत्तर, गरुड आदि पुराणों में आए कतिपय अध्याय दर्शाते हैं कि उत्तर गुप्तकाल में यह विषय एक जनोपयोगी ज्ञानानुशासन के रूप में उभरा और पुराणकारों ने उसे विस्तार देते हुए सुरक्षित करने का प्रयत्न किया। कालान्तर में जबकि आक्रान्ताओं ने भारतीय वास्तु-शिल्प विरासत को क्षति पहुँचाई तो पूर्वसूरियों के मतों को सुरक्षित रखने के हेतु से शासकों ने सूत्रधारों, ज्योतिषियों को प्रेरणा दी तो समय-समय पर कई ग्रन्थों का प्रणयन होता रहा। इनमें से कई सम्पादित ग्रन्थ हैं तो कुछ मौलिक रूप में भी।

इनमें 'वास्तुरत्नावली' निबन्ध ग्रन्थों की कोटि में स्वल्प किन्तु विषय की व्यापकता की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। मैथिल पण्डित जीवनाथ ने इसका प्रणयन किया। वह पटना के निवासी और उस वंश से सम्बद्ध थे जिसने वेद-वेदाङ्ग से लेकर ज्योतिष के त्रिस्कन्धों का विशेष अध्ययन, अध्यापन किया था। यह वंश कई शासकों के यहाँ सम्मानित हुआ था।

भावप्रकाशादि फल ग्रन्थों के रचयिता जीवनाथ ने वास्तुरत्नावली में पूर्वसूरियों के श्लोकों का न केवल संग्रह किया, वरन अनेकत्र अपनी टीका भी दी। ज्योतिषियों, सूत्रधारों में यह ग्रन्थ लोकप्रिय हुआ। भारत में प्रकाशित हुए प्रारम्भिक वास्तुशास्त्रों में इसे भी माना जा सकता है। 1941 ई. में जरिसो के पण्डित अच्युतानन्द झा ने इसका अनुवाद किया, तब भी इसमें कई श्लोकों का अनुवाद शेष था और श्लोकों का संशोधन, सम्पादन पुनः कार्य की सम्भावनाएँ लिए हुए था।

कुछ दिनों पहले चौखम्भा ऑरियण्टालिया के सञ्चालक श्रीअजयजी गुप्त ने

मुझसे आग्रह किया कि मैं 'वास्तुरत्नावली' पर नए सिरे से कार्य करूँ तो मैंने देखा कि सच में यह ग्रन्थ पुनः कार्य की सम्भावना को लिए हुए है। मैंने अपने पूर्ववर्ती ग्रन्थों की तरह ही इसके एक-एक श्लोक के उत्स, स्रोत-उपस्कारक ग्रन्थों का अध्ययन किया और न केवल श्लोक के शुद्धीकरण पर ही ध्यान दिया, बल्कि जिन श्लोकों की संस्कृत टीका नहीं थी, उनकी भी टीका देने का प्रयास किया है। इसमें अब जाकर लगभग समस्त श्लोकों का अर्थ हो गया है। इसमें संगृहीत सारे ही श्लोकों के मूल ग्रन्थों या जिन ग्रंथों में ये श्लोक जीवनाथजी के जीवनकाल से पूर्व के ग्रन्थों में रहे हैं, के श्लोकाङ्क भी दिए गए हैं। कहीं-कहीं परवर्ती बृहद्दैवज्ञरञ्जनादि के सन्दर्भ भी आए हैं। चक्र, चित्रों से विषय को स्पष्ट करने का भी प्रयास किया है। यद्यपि पण्डित अच्युतानन्दजी का पाठ मेरे लिए सहायक रहा किन्तु अर्थ की पूर्णता और नवीनता इस पाठ की विशेषता सिद्ध होगी, ऐसा मेरा विश्वास है। 'विशेष' शीर्षक से मैंने इतर या अन्य धारणाएँ भी देने का प्रयास किया है, जो इस विषय को समयोचित, प्रासङ्गिक भी सिद्ध करती चलेंगी। मैं अपने प्रयास में किस सीमा तक सफल हुआ हूँ, यह तो विद्वज्जन ही बता सकेंगे। वास्तुविज्ञान गहन विषय है। इसके कई प्रयोग, शब्दादि के प्रचलन व स्वरूप अन्यान्य प्रदेशों की भाषा के समरूप और भेदगत भी हो सकते हैं।

यह कार्य बहुत समय साध्य था किन्तु प्रभु नन्द-नन्दन श्रीनाथजी की कृपा से यह सब सम्भव हो सका। इसके अनुवाद, सामग्री-संयोजन के कार्य में अग्रज पं. पुष्करराजजी, सहधर्मिणी पुष्पा चौहान, पुत्री आयुष्मति अनुभूति, अनुकृति, अनुज सुहृदयवर अरविन्द चौहान व पुत्र गौरव चौहान ने पर्याप्त सहायता दी है। अर्थ में और सन्दर्भ खोजने में अनुभूति व सावधानी पूर्वक टङ्कण में अनुकृति ने परिश्रम और उत्साह का प्रदर्शन किया, मैं सभी के स्नेहाधीन हूँ।

इसके लिए पाठ सहित जिन ग्रन्थों से सहायता ली गई है, उनके प्रकाशकों, सम्पादकों के प्रति अनेकशः आभार। यह शोधित ग्रन्थ स्वरूप लोगों की निगाह से वञ्चित ही रहता यदि चौखम्भा ऑरियण्टालिया, दिल्ली के सञ्चालक श्री अजयजी गुप्त इसके प्रकाशन का दायित्व ग्रहण नहीं करते, उनके प्रति अनेकशः आभार।

24 अगस्त 2008 ई.

विदुषां वशंवदः

श्रीकृष्ण 'जुगनू'

श्रीकृष्ण 'जुगनू'

राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिलान्तर्गत आकोला में 2 अक्टूबर, 1964 ई. को जन्म।

स्वशिक्षित- अधिस्नातक (प्राचीन भारतीय इतिहास, हिन्दी एवं अंग्रेजी)

पी-एच.डी.- मेवाड़ प्रदेश का हीड़ साहित्य (राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर)

अन्य- पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा एवं शिक्षास्नातक, (सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर) एवं श्रव्य-दृश्य मीडिया दक्ष

इतिहास-पुरातत्त्व, शिल्प, कला, स्थापत्य, शिक्षा, धर्म व संस्कृति जैसे विषयों के अध्ययन-अध्यापन, अनुसंधान और लेखन में गहरी रुचि तथा इन्हीं विषयों पर वर्ष 1978 से अद्यावधि छह हजार से अधिक आलेखों का देश के प्रतिष्ठित पत्रों-पत्रिकाओं में सचित्र प्रकाशन। देशी-विदेशी शिल्पियों, कला प्रेमियों, सङ्गीतकारों, चित्रकारों, लब्ध प्रतिष्ठ धर्मगुरुओं, साहित्यकारों, राजनेताओं व समाज सुधारकों के भावात्मक साक्षात्कारों का संग्रह और प्रकाशन। दर्जनों शिलालेखों, सुरह लेखों, ताम्रपत्रों, पट्टों, पाण्डुलिपियों, का अध्ययन, मूलपाठों का प्रकाशन और अनुवाद।

राजस्थान का लोक पहनावा (मानव संसाधन विकास मंत्रालय के लिए शोध सर्वेक्षण), भलाभाई-बुराभाई (राजस्थानी लोककथाएँ), विवाह की बन्दनवाल (मेवाड़ के विवाह गीत), चितचोरचित्तौड़; दर्शनीय उदयपुर व मेवाड़ के मन्दिर, मन्दिर श्रीअम्बामाताजी उदयपुर तथा लोकशक्तिपीठ आसावरामाता, कला की कालकथा, वास्तु एवं शिलाचयन आदि कृतियाँ।

प्रकाशित प्रमुख ग्रन्थ- **राज्याभिषेकपद्धति** (चक्रपाणिमिश्र), **मुहूर्तमाला** (चक्रपाणि मिश्र) **विश्ववल्लभ-वृक्षायुर्वेद** (चक्रपाणिमिश्र), **ज्योतिषरत्नमाला** (श्रीपतिभट्टाचार्य), **वृक्षायुर्वेद** (विद्यावर्रेण्यसुरपाल), **मनुष्यालयचन्द्रिका** (नीलकण्ठमूसत) **वास्तुसारमण्डनम्** (सूत्रधारमण्डन), **आयतत्त्वम्** (सूत्रधारमण्डन), **चित्रलक्षणम्** (नग्नजित्), **राजवल्लभवास्तुशास्त्रम्** (सूत्रधारमण्डन), **देवतामूर्तिप्रकरणम्-रूपमण्डनम्** (सूत्रधारमण्डन), **वास्तुमण्डनम्** (सूत्रधारमण्डन), **कलानिधि** (सूत्रधारगोविन्द), **वास्तुमञ्जरी** (सूत्रधारनाथा), **प्रासादमण्डनम्** (सूत्रधारमण्डन), **मुहूर्तकल्पद्रुम** (विट्ठलदीक्षित), **मुहूर्तदीपक** (महादेव दैवज्ञ), **शिल्पशास्त्रम्** (बउरीमहाराणा), **वास्तुविद्या** (अज्ञातकर्तृक), **वास्तूद्धारधोरणी** (सूत्रधारगोविन्द), **प्रमाणमञ्जरी** (सूत्रधारमल्ल), **शिल्पशास्त्रे आयुर्वेद** (भूलोकमल्ल सोमेश्वर), **योगगीता** (ब्रह्मानन्द), **कलाविलास** (क्षेमेन्द्र), **विवेक विलास** (मुनि जिनदत्त सूरीश्वर) आदि। प्रस्तुत वास्तु ग्रन्थ **वास्तुरत्नावली** का आलोचनापाठ, भूमिका सहित सम्पादन और पहली बार ससन्दर्भ सम्पूर्ण हिन्दी अनुवाद।

शीघ्रप्रकाश्य- **मानसोल्लास, मानसार, काश्यपशिल्पम्, अपराजितपृच्छा, वास्तुयुक्ति, राजमार्तण्ड, वत्थुसारपयरणम्, समराङ्गणसूत्रधार, ज्ञानप्रकाशदीपार्णव, मुहूर्तसर्वस्व, ज्योतिषवृत्तशतम्, पञ्चसिद्धान्तिका, देवालयचन्द्रिका** आदि।

वास्तुरत्नावली : एक परिचय

वास्तु की प्राचीनतम अवधारणा वेदों में निहित है। ऋग्वेद में वास्तोष्पति की आराधना, उपासन में मन्त्रों का प्रणयन हुआ है। स्वयं वास्तुविद्या को वेद कहा गया है। इसके विषयों को अपार माना गया है। कहीं इसे शिवप्रोक्त, कहीं ब्रह्माप्रोक्त तो कहीं विष्णुप्रोक्त कहा गया है। पुराणों में मत्स्यपुराण गरुडपुराण, स्कन्दपुराण, लिङ्गपुराण, नारदपुराण, अग्निपुराण, ब्रह्मवैवर्तपुराण और विष्णुधर्मोत्तरपुराणादि में यह विषयानुशासन विस्तार से और कई श्लोकों, कई अध्यायों में मिलता है। इसी कारण पुराणिकों की मान्यताओं ने इसके उपदेष्टाओं के नाम-स्वरूप को प्रभावित किया है। वस्तुतः जनोपयोगी विषय होने से पुराणकारों ने इसे महत्व दिया है।

हमारे यहाँ उत्तर में विश्वकर्मा और दक्षिण में मय को इस शास्त्र का मुख्य उपदेष्टा कहा गया है किन्तु मत्स्यपुराण सिद्ध करता है कि पुराण के रचनाकाल तक इसके अठारह उपदेष्टाओं की सूची तैयार हो गई थी। मयमतम्, मानसार आदि में यह सूची और भी दीर्घ होती चली गई है। जनोपयोगी विषय होने से क्षेत्र, काल आदि की आवश्यकता के अनुसार समय-समय पर अनेक वास्तु ग्रन्थों का प्रणयन होता रहा। हेमाद्रि विचिन्तित 'जयपृच्छा' जैसे प्राचीनतम ग्रन्थ का सम्पादन बारम्बार हुआ, 16वीं सदी तक उसमें मस्जिद (रहमानप्रासाद) निर्माण तक के नियम विश्वकर्मा कथित लिखे गए।

देश के लगभग सभी क्षेत्रों में कोई न कोई वास्तु ग्रन्थ अवश्य लिखा या सम्पादित किया गया है। अकेले मेवाड़-राजस्थान में दो दर्जन से अधिक वास्तु ग्रन्थों की रचना होना सिद्ध करता है कि राजाओं ने निर्माण-नियोजन पर सर्वाधिक ध्यान दिया और उनके आश्रित सूत्रधारों ने आवश्यक सिद्धान्तों के पूर्त्यर्थ ग्रन्थों की रचना की। कहीं पूर्वग्रन्थों के श्लोकों को उद्धृत मात्र किया गया तो कहीं पूर्वमतों को नवीन छन्दों में लिखा गया। इसलिए मयमतम् पर कामिकागम, दीप्तागमादि की छाया परिलक्षित होती है, मानसार में मय के श्लोक मिलते हैं। समराङ्गणसूत्रधार में मूलागम, लक्षणसमुच्चय,

शैववास्तु के मत हैं तो अपराजितपृच्छा पर समराङ्गणसूत्रधार, जयपृच्छा, विश्वकर्मीयम्, मूलागम आदि का प्रभाव दिखाई देता है। सूत्रधारमण्डन ने सर्वाधिक वास्तु व शिल्पग्रन्थों का प्रणयन किया। उनके कुछ ग्रन्थ तो सम्पादन मात्र हैं जबकि 'राजवल्लभवास्तुशास्त्र' के वास्तु विषयों पर अपराजितपृच्छा, समराङ्गणसूत्रधार का स्पष्टतः प्रभाव है। इसी प्रकार वासुदेव दैवज्ञ के अल्पज्ञात 'वास्तुप्रदीप' में विश्वकर्माप्रकाश, माण्डव्य, शार्ङ्गधर, लक्षण समुच्चय के श्लोक मिलते हैं। इसी प्रकार काशीनाथ कृत 'वास्तुचन्द्रिका' सूत्रधार नाथा कृत 'वास्तुमञ्जरी' भी पूर्व ग्रन्थों के आश्रय में ही सम्पादित हुए हैं। कोई सौ वास्तु ग्रन्थों के अध्ययन के बाद मेरा यह विश्वास है कि इन ग्रन्थों में भूमिशुद्धि से लेकर सुखावास की परिकल्पना कहीं ऊर्जाधारित सिद्धान्त तो कहीं वायु, पृथ्वी, जल, अग्नि और आकाश– इन पञ्चतत्त्वाधारित गुरुत्व, गति, प्रकाश, भाव, क्लेद्य और आकर्षणादि प्रभाव को परिलक्षित करते हुए देवप्रासाद, मनुष्यालय, जलाशयादि निर्माणों के नियमों को लिखा गया है।

यह विषय सर्वथा प्रासङ्गिक माना गया है क्योंकि भवन प्रधानतः मानवीय आवश्यकता की वस्तु है, बसने–रहने की इस आवश्यक वस्तु से सम्बन्धित ज्ञान ही वास्तु कहा गया है। इसमें तकनीक आधारित ज्ञान होता है, इसलिए इसे पुरातन काल से ही वास्तुतन्त्र के रूप में भी स्वीकृत किया गया है। वराहमिहिर कृत बृहत्संहितादि ग्रन्थों के विवृत्तिकार उत्पलभट्ट ने भी वास्तुतन्त्र संज्ञा का ही प्रयोग किया है। विश्वकर्मा प्रकाश का प्राचीन नाम वास्तुतन्त्र ही रहा है।

वास्तु की निबन्ध रचनाओं में 'वास्तुरत्नावली' महत्वपूर्ण मानी गई है। दस अध्यायों वाले इस स्वल्पग्रन्थ में वास्तु विषयक नाना कृत्यों, मतों का यथावश्यक शास्त्रीय निर्देश मिल जाता है। इसकी उपयोगिता को ध्यान में रखकर ही इसे वास्तु विषय के अध्येताओं को पढ़ाया जाता है।

ग्रन्थकार और रचनाकाल —

इस ग्रन्थ के प्रणेता श्रीमन्मैथिल पण्डित जीवनाथ के बारे में ग्रन्थान्त में केवल यह सङ्केतभर है कि वह शम्भुनाथ दैवज्ञ का पुत्र है। पण्डित शङ्कर बालकृष्ण दीक्षित के अनुसार गङ्गागण्डकी के सङ्गम से दो कोस की दूरी पर पटना नगर इनका निवास था। इनके पिता शम्भुनाथ स्वयं विविध विद्या विशारद थे। जीवनाथ ने भास्करीय बीज की टीका की और भावप्रकाश आदि फलग्रन्थ भी बनाए। *(भारतीय ज्योतिष, पृष्ठ 411)*

जैसा कि श्री दीक्षित ने सङ्केत किया है, जीवनाथ ने सम्भवतः भास्कराचार्य के 'बीजोपनय' नामक ग्रन्थ पर टीका की होगी किन्तु वह सम्प्रति उपलब्ध नहीं हो सकी

क्योंकि बनारस आदि स्थित सौरवेधशाला के अधिकारियों को कई प्रयासों के बाद भी वह नहीं मिल पाई। यदि बीजगणित पर भी टीका हो तो वह भी प्रचलित नहीं है। श्री दीक्षित को जीवनाथ की वास्तुरत्नावली भी सम्भवतः नहीं मिल पाई थी क्योंकि इसका उल्लेख नहीं हो सका।

जीवनाथ के अनुज नीलाम्बर शर्मा भी विद्वान थे और अलवर राज्य के राजा शिव के प्रधान ज्योतिषी थे। काशी में उनका शकाब्द 1805 में निधन हुआ। उन्होंने गोलप्रकाश नामक पाँच अध्यायों वाले ग्रन्थ की रचना की जिसे बापूदेव शास्त्री ने शकाब्द 1793 (1871 ई.) में प्रकाशित करवाया था। इसमें उन्होंने अपना वंश वर्णन इस प्रकार किया है— गङ्गागण्डकिसङ्गमे हरिहरक्षेत्रं क्षितौ विश्रुतं तस्मात् क्रोशयुगान्तरे सुरनदीतीरे परे दक्षिणे। ख्याते पाटलिपुत्र सञ्ज्ञनगरे विद्वज्जनैर्मण्डिते ज्योतिर्दर्शन सर्वदर्शनयशाः मान्यो वेदान्यो विदाम्॥ श्रीशम्भुनाथः सुकृतैकगाथः कृपैकपाथः पतिरीशनाथः। अभूद द्विजेन्द्रः सुचकोरचन्द्रः क्षितावुपेन्द्रः स्मरणे वितन्द्रः॥ तदङ्गजः सर्वविदा समानः त्रिस्कन्ध-पारङ्गमताऽभिधानः। चकास्ति शिष्यादिविराजमानः श्रीजीवनाथः कविलब्धमानः॥ नीलाम्बराख्योऽकृत तत्कनिष्ठस्तल्लब्धबोधः परमैकनिष्ठः। गोलप्रकाशाभिधमाशुवोधं निरस्तसन्देहमनोऽनुरोधम्॥ *(गोलप्रकाश पुष्पिका)*

इस प्रकार यह पूरा परिवार विद्वानों, ज्योतिर्विदों में बहुत सम्मान्य था। जीवनाथ के तीन ग्रन्थ ज्ञात होते हैं- 1. भास्करीय बीज टीका, 2. भावप्रकाश और 3. वास्तुरत्नावली। ग्रन्थ के अन्त में रचनाकार ने जो पुष्पिका दी है, उसके अनुसार इसकी रचना मिथिला में शकाब्द 1666 में चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की सप्तमी तिथि, शुक्रवार को सम्पन्न हुई। तद्नुसार सन् 1744 ई. में इसकी रचना की गई। इसके लिए रचनाकार ने विविध वास्तुग्रन्थों का उपयोग किया, स्वयं रचनाकार इनका उल्लेख किया है—

शाके तर्क$_6$ रसा$_6$ङ्ग$_6$ चन्द्र$_1$ मिलिते पक्षे वलक्षेतरे
चैत्रे मासि भृगोदिने स्मरतिथौवेषा$_7$ गता पूर्णताम्।
नानाचार्यमतं विलोक्यं रचिता श्रीवास्तुरत्नावली
श्रीमन्मैथिल जीवनाथकृतिना दैवज्ञमोदप्रदा॥

(वास्तुरत्नावली 10, 56)

पाण्डुलिपियाँ और प्रकाशन —

वास्तुरत्नावली की कई मातृकाएँ मिलती हैं, जो इसकी लोकप्रियता को प्रदर्शित करती है। सर्वप्रथम, पाण्डुलिपियों के अध्येता और सूचीकार बर्नेल ने 'क्लासिफाइड इन्डैक्स टू द संस्कृत मैन्यूस्क्रिप्ट्स इन द पैलेस लाइब्रेरी ऑफ तञ्जौर' में इसका पृष्ठ 154 पर उल्लेख किया है।

इसी आधार पर प्रो. प्रसन्नकुमार आचार्य ने 'एन एनसाइक्लोपीडिया ऑफ हिन्दू आर्किटेक्चर' में इस ग्रन्थ का विवरण दिया है—

VASTU RATNAVALI [Compiled by Pandit Jivanatha Jyotishi] This compilation contains extracts from the *bhavishya Puran, Jyotihsagara, Griha karika, Vastu-pradip, Bhujabal bhima, Vasishtha samhita, shri bhojraja, Rajavallbha, Vastu ratna pradip, Siddant shiromani,* of bhaskaracharya, *Mandana sutradhara, Brihatsamhita* of Varahamihira, and *Jyotish Ratnamala. {An encyclopaedia of Hindu architecture p. 645}*

इस प्रकार प्रो. आचार्य ने इस ग्रन्थ के परिचय में इसमें उद्धृत विभिन्न सम्बन्धी ग्रन्थों का नामोल्लेख किया है और रचनाकार का परिचय दिया है किन्तु इसमें उक्त ग्रन्थों के अतिरिक्त भी अन्य कई ग्रन्थों के श्लोक उद्धृत किए गए हैं।

यह ग्रन्थ 1883 में सर्वप्रथम लीथो मुद्रण विधि से बनारस से प्रकाशित हुआ। काशी विश्वनाथपुरी में दुण्ढीराज गणेश के पास स्थित पं. दाऊजी अग्निहोत्री के सिद्ध विनायक यन्त्र में इसका मुद्रण हुआ था। उस समय बहुत कम ही इसकी प्रतियाँ निकलीं थीं किन्तु तत्कालीन काशी में पढ़ने वाले पण्डितों ने इसकी कई प्रतिलिपियाँ तैयार की क्योंकि लम्बे समय तक यह उपलब्ध नहीं हो सका। हालांकि तब तक सीसे के अक्षरों वाले मुद्रणालयों का प्रचलन हो चुका था किन्तु इस दिशा में गम्भीर प्रयास नहीं हो सका। प्रथम प्रकाशन में कई त्रुटियाँ भी रह गई थीं, जो स्वाभाविक भी थीं।

बाद में, संवत् 1998 में जरिसो निवासी पण्डित प्रवर अच्युतानन्दजी झा ने चौखम्बा संस्कृत सीरिज के सञ्चालक श्रीजयकृष्णदास कृष्णदास गुप्त महोदय के आग्रह पर इसका पुनर्सम्पादन और हिन्दी अनुवाद किया जिसका प्रकाशन उसी वर्ष, तद्नुसार 1941 ई. में हुआ तब भी इसमें अधिकांश श्लोक अनूदित होने से शेष थे। पण्डितजी ने अपनी हिन्दी टीका में बृहत्संहिता की भट्टोत्पलीय विवृत्ति, मुहूर्तचिन्तामणि की पीयूषधाराटीका व प्रमिताक्षराटीका आदि से कई श्लोक व टीका पुष्ट्यर्थ लिए पूर्वसूरियों के मत-श्लोकों को ज्यों का त्यों 'सुबोधिनी' नाम से उद्धृत किया था।

इसका परिणाम यह निकला कि लघुकाय ग्रन्थ दीर्घकाय हो गया और हिन्दी होने के बावजूद भावानुवाद भर ही रहा। पीयूषधारादि टीकाओं के लम्बे-लम्बे मतों को उद्धृत तो कर लिया लेकिन वे व्याख्यायित नहीं हो पाए। इस बीच, प्रस्तुत ग्रन्थ की प्रेरणा से बृहद्वास्तुमाला, वास्तुसंग्रह, वास्तुप्रयोग, वास्तुमुक्तावली, वास्तुप्रबोध, बृहद्वास्तुमाला प्रयोग, वास्तुकल्पलता, वास्तुमर्म जैसे ग्रन्थ भी कतिपय विद्वानों ने सम्पादित किए किन्तु श्लोकों की टीकाओं के नाम पर प्रयास नहीं हुआ। टीकाएँ न संस्कृत में हो पाई न ही

हिन्दी में हुईं। सम्पूर्ण ग्रन्थ पर कार्य करने का गम्भीर प्रयास ही नहीं हुआ। फिर, कुछ समय से तथाकथित वास्तुवेत्ताओं ने इन श्लोकों को अपने मनगढ़न्त मतों के साथ भी चलताऊ पुस्तकों में ज्यों-का-त्यों उद्धृत कर अपने को विषयवेत्ता सिद्ध करने का प्रयास भी किया। इसी दौर में वास्तु के विद्यार्थियों के सामने कई उहाएँ विद्यमान रहीं।

प्रस्तुत पाठ —

वास्तुरत्नावली के प्रस्तुत पाठ में उपर्युक्त कमियों को दूर करने का प्रयास किया गया है। पण्डित जीवनाथजी के एक-एक श्लोक के उत्स का पता लगाकर उनके उपशीर्षक के साथ ग्रन्थ के नाम सहित श्लोक का क्रम भी अङ्कित करने का प्रयास हुआ है ताकि विद्यार्थियों के साथ-साथ शोधार्थियों, शोधनिर्देशकों के लिए भी यह ग्रन्थ उपयोगी सिद्ध हो सके। फिर, एक-एक श्लोक का वास्तविक पाठ भी रखने का प्रयास हुआ, जहाँ सर्वाधिक पाठान्तर मिला, वहाँ पाद टिप्पणि के रूप में उसे दिया गया है।

सच मानिये कि जितना समय इन श्लोकों के स्रोतों, उपस्कारक ग्रन्थों को खोजने में लगा, उससे कम समय में तो इससे भी बड़ा एक नया निबन्ध ग्रन्थ तैयार हो सकता था किन्तु सन्तोष है— शोधिता भवतु दुःखहारिणी सा तरिः सुजनकार्यकारिणी। प्रसन्नता यह भी रही कि इसमें उद्धृत कई ग्रन्थों के अध्यायों और श्लोकाङ्कों का पहली बार प्रयोग हुआ है। वास्तुप्रदीप नाम से जिस ग्रन्थ के श्लोक बताए गए हैं, वे विश्वकर्माप्रकाश में प्राप्त हुए हालांकि पाठ भेद भी कम नहीं था। कई ऐसे श्लोकों के उत्स भी खोजे गए हैं जिन्हें ग्रन्थान्तरे कहकर उद्धृत किया जाता रहा है। हालांकि जिन ग्रन्थों का मूलपाठ नहीं मिला, उनके श्लोकों को प्रायः प्रस्तुत ग्रन्थ से प्राचीन पाठ से सङ्केतित करने का प्रयास हुआ है। यह संयोग ही रहा कि गत एक दशक में मैंने वास्तु और ज्योतिष के इन्हीं अधिकांश ग्रन्थों का अध्ययन और सम्पादन-अनुवाद किया, ऐसे में मेरा कार्य इसके लिए उपयोगी सिद्ध हुआ।

इस क्रम में ज्योतिर्निबन्ध, वशिष्ठसंहिता, ज्योतिषरत्नमाला, राजमार्तण्ड, ज्योतिषवृत्तशत, दैवज्ञवल्लभ, रत्नोद्योत, ज्योतिष्प्रकाश, मयमतम्, मानसार, नाट्यशास्त्र, बृहद्योगयात्रा, टोडरानन्दोक्त वास्तुसौख्य (जिसे अब तक के विद्वानों ने टोडरमल्लकृत ही कहा है, पहली बार इस ग्रन्थ में उसे पीयूषधाराटीकाकार गोविन्ददैवज्ञ के उदाहरणों से पण्डित अनन्तदैवज्ञ के पुत्र नीलकण्ठदैवज्ञ कृत सिद्ध करने का प्रयास भी हुआ है), समराङ्गणसूत्रधार, अपराजितपृच्छा, हेमाद्रि कृत चतुर्वर्गचिन्तामणि, सूत्रधार मण्डन कृत राजवल्लभवास्तुशास्त्र, बृहद्वास्तुपद्धति, ब्रह्मवैवर्तपुराण, मत्स्यपुराण, वास्तु उद्धारधोरणी, कालप्रकाशिका जैसे दर्जनों ग्रन्थ सहायक सिद्ध हुए हैं। यह संयोग ही है कि इतने ग्रन्थों के मतों के जीवनाथ जानकार थे और इनमें से अधिकांश ग्रन्थ सम्भवतः उनके संग्रह में

विद्यमान थे तथापि यह निश्चित है कि ज्योतिर्निबन्ध, राजवल्लभवास्तुशास्त्र, मुहूर्तमार्तण्ड की मार्तण्डवल्लभाटीका, मुहूर्तचिन्तामणि की पीयूषधारा और प्रमिताक्षराटीका ने उन्हें सर्वाधिक प्रभावित किया और कई श्लोक उसी क्रम से उन्होंने उद्धृत भी किए।

मेरा विश्वास है कि ग्रन्थ का यह सम्पादित सटीक संस्कृत विद्वानों, विद्यार्थियों के लिए बहुत उपयोग सिद्ध होगा। इसमें परिशिष्ट के रूप में वास्तुदोष निवारणोपाय और शिलान्यासादि विधान को दिया गया है। इसी प्रकार इस ग्रन्थ के सम्पादन में उपयोगी ग्रन्थों की प्रामाणिक सूची विद्यार्थियों के लिए हितावह मानते हुए दी गई है ताकि भविष्य में यदि वे इस विषय में शोधादि के लिए इच्छुक हों, तो उनका भी अवलोकन कर सकें।

श्री गणेशायनमः

श्रीजीवनाथदैवज्ञविरचिता

॥ वास्तुरत्नावली ॥

अथ भूपरिग्रहाध्यायः प्रथमः ॥ 1 ॥

अथ वास्तुदेव विश्वकर्माध्यानमाह राजवल्लभे (1, 4) —

कम्बासूत्राम्बुपात्रं वहति करतले पुस्तकं ज्ञानसूत्रम्
हंसारूढस्त्रिनेत्रः सुरमुकुटशिराः सर्वतो वृद्धकायः ।
त्रैलोक्यं येन सृष्टं सकलसुरगृहं राजहर्म्यादिहर्म्यं
देवोऽसौ सूत्रधारो जगदखिलहितः पातु वो विश्वकर्मा ॥

(सूत्रधारमण्डन ने कहा है कि) जिनके एक हाथ में कम्बी या गज, दूसरे हाथ में सूत्र, तीसरे हाथ में कमण्डलु और चौथे हाथ में पुस्तक हैं, जिनके सिर पर शुभ मुकुट, जो त्रिनेत्रधारी और हंस पर आरूढ़ हैं, ऐसे भगवान् विश्वकर्मा ने तीनों ही लोक की रचना की है और समस्त जन साधारण के लिए गृहों का निर्माण किया है, वे सदैव हमारे रक्षक सिद्ध हों।

तत्र ग्रन्थकर्तृमङ्गलाचरणम् —

अब्जा हृत्पद्ममध्ये विलसति लपने शारदा सारदात्री
मुक्ताकुन्देन्दुकान्तिर्नयनकुवलये पुष्पवन्तौ धरित्री।
अद्धा यस्याग्रदन्ते तिलकमिव पदे सिद्धसङ्घा लुठन्ति
प्रह्लादप्राणदाता स दिशतु जगताम्मङ्गलञ्चक्रपाणिः ॥ 1 ॥

अब्जेति। यस्य हृत्पद्ममध्ये हृन्मानसमेव पद्मं कमलं तस्यमध्येऽन्तरे मानसकमलान्तरे अब्जा भगवती महालक्ष्मीः विलसति। महालक्ष्मी स्वरूपमाह मयमते— लक्ष्मीः पद्मासनासीना द्विभुजा काञ्चनप्रभा ॥ हेमरत्नोज्ज्वलं नक्रकुण्डलं शङ्ख कुण्डलम्। सुयौवना सुरम्याङ्गा कुञ्चितभ्रूसविभ्रमा ॥ आमण्डलमुखी कर्णपूरपद्मेक्षणान्विता। रक्तोष्ठी पीनगण्डा

च कञ्चुकच्छादनस्तनी॥ शिरसो मण्डनं शङ्खचक्रसीमान्तपङ्कजम्। पद्म स्याद् दक्षिणे हस्ते वामे श्रीफलमिष्यते॥ सुमध्य विपुलश्रोणिर्शोभनाम्बरवेष्टिता। मेखला कटिसूत्रं च सर्वाभरणभूषिता॥ करण्डकाभमौल्यङ्गा चासीना कमलासना। चामरव्यग्रहस्ते च तत्पार्श्वे तु स्त्रियावुभे॥ स्नपन्तौ कुम्भहस्तौ हस्तिनौ च प्रदर्शयेत्। अथ गेहार्चनायोग्या चतुर्बाहुसमन्विता॥ वरदाभयहस्तं च सारुणाब्जसमप्रभा। सर्वाभरणसम्पन्नां तप्तहेमोज्ज्वल-प्रभाम्॥ पर्यङ्क बन्धमासीनां श्वेतपद्मासनाञ्चिताम्। ईदृशीं कारयेल्लक्ष्मीमभीप्सित फलप्रदाम्॥ *(मय. 36, 247-255)*। लपने मुखारविन्दे, सारदात्री विद्याबलदायिनी मुक्ताकुन्देन्तुकान्तिः मुक्ता मौक्तिकं रत्नविशेष कुन्दं कुन्दसंज्ञकपुष्पमिदुश्चन्द्र एतेषां समाहारः मुक्ताकुन्देन्दु तस्य कान्तिरिव प्रभविष्णुर्यस्याः सा शारदा वाग्देवी विलसतीति पूर्वेण सम्बन्धः। तस्य ध्यानं सौन्दर्यलहर्याम्— शरज्ज्योत्स्नाशुभ्रां शशियुतजटाजूटमकुटां वरत्रासत्राणस्फटिकघुटिका पुस्तकधराम्। सकृन्नत्वा न त्वा कथमिव सतां सन्निदधते मधुक्षीरद्राक्षामधुरिमधुरीणा भणितयः॥ *(सौन्दर्यलहरी 15)*। नयनकुवलये नेत्रोत्पले पुष्पवन्तौ सूर्यचन्द्रौ विलसतः। अग्रदन्ते दन्तानामग्रोऽग्रदन्तस्मिन्नग्रदन्ते अद्धा वास्तविकरूपा (तत्त्वे त्वद्धाञ्जसा द्वयमित्यमरः) धरित्री वसुन्धरा पृथ्वीति तिलकमिव विलसति, पदे चरणे सिद्धसङ्घाः तत्त्वदर्शिगणाः लुठन्ति, प्राणान् ददातीति प्राणदाता प्रह्लादस्य जीवनदाता स चक्रपाणिर्भगवान् सुदर्शन चक्रधारी विष्णु इति, जगतां भुवनानां मङ्गलं दिशतु प्रयच्छतु। तथा च वराहपुराणे— नमस्तस्मै वराहाय लीलयोद्धरते महीम्। खुरमध्यगतो यस्य मेरुः खणखणायते॥ दंष्ट्राग्रेणोद्धृता गौरुदधिपरिवृता पर्वतैर्निम्नगाभिः साकं मृत्पिण्डवत्प्राग्बृहदुरुवपुषाऽनन्तरूपेण येन। सोऽयं कंसासुरारिर्मुरनरकदशास्यान्तकृत्सर्वसंस्थः कृष्णो विष्णुः सुरेशो नुदतु मम रिपूनादिदेवो वराहः॥ *(वराह. 1, 1-2)*

भाषा— भगवती महालक्ष्मी जिनके हृदयपद्म में विराजित है, मुखारविन्द में मुक्ता, कुन्द के पुष्प की प्रभविष्णुमयता एवं चन्द्रमा के समतुल्य उज्ज्वल कान्तियुक्त देवी सरस्वती, नयनकमलों में सूर्य एवं चन्द्रमा वाले एवं अपनी दाढ़ों के अग्रिमभाग पर तिलक तुल्य विलसती धरती विराजित है और सिद्धों के आश्रय स्थल जिनके चरण हैं, ऐसे भक्तराज प्रह्लाद के जीवनदायी, सुदर्शनचक्रधारी भगवान् विष्णु निखिल विश्व का मङ्गल माङ्गल्य करे।

अथ ग्रन्थारम्भप्रयोजनमाह —

वराहलल्लोदितचारुयुक्तिं समीक्ष्य बुद्ध्या क्रियते मयेयम्।
पुरातनानां वचनैः पवित्रा सद्वास्तुरत्नावलिका विचित्रा॥ 2॥
गृहस्थानां हितार्थाय जीवनाथेन धीमता।
एषा प्राचीनपद्येन क्रियते दैवविन्मुदे॥ 3॥

वराहेति। वराहलल्लोदितचारुयुक्तिं पञ्चसिद्धान्तिकाबृहत्संहिताकारश्रीवराहमिहिर, रत्नकोषकार लल्लाचार्यादिभिराचार्यैरुदिता या चारु मनोहरा युक्तिस्तां, समीक्ष्य समवलोक्य, पुरातनानां प्राचीनानां, वचनैः वाक्यैः पवित्रा शुद्धा, विचित्रा मनोहरा, इयं श्रीवास्तुरत्नावलिका 'वास्तुरत्नावली' नामको बहुपयोगीग्रन्थः, बुद्धया स्वमत्या, मया जीवनाथेन क्रियते। गृहस्थानां गृहिणां, हितार्थाय कल्याणाय, दैवविन्मुदे दैवविदां ज्योतिर्विदां मुदे हर्षाय, एषा वास्तुरत्नावली, प्राचीनपद्येन प्राचीननिर्मितपद्येनैव, धीमता जीवनाथेन मया क्रियते।

भाषा— ज्योतिषसिन्धु पञ्चसिद्धान्तिका, बृहत्संहिता आदि के रचयिता आचार्य वराहमिहिर, रत्नकोषकार लल्लाचार्य प्रभृति मनीषियों द्वारा प्रतिपादित तकनीकों का अवलोकन कर और अन्यान्य प्राचीन विद्वानों (भृगु, मनु, नारद, धाराधिप भोजराज, माण्डव्य, सूत्रधार मण्डन, वासुदेव दैवज्ञ आदि) के वचनों को ग्रहण करते हुए मैं जीवनाथ अपनी प्रज्ञानुसार इस पवित्र, शुभ और विचित्र-नाना विषयों वाली वास्तुरत्नावली की रचना करता हूँ। यह गृहस्थीजनों के लिए हितकारी और ज्योतिषियों को आनन्द प्रदान करने वाली है। इसी उद्देश्य से इसमें प्राचीन पद्यों के उद्धरण भी हैं।

अथ गृहनिर्माणप्रयोजनमभिहितं भविष्यत्पुराणे —

गृहस्थस्य क्रियाः सर्वा न सिद्धयन्ति गृहं विना।
यतस्तस्माद्गृहारम्भप्रवेशसमयं ब्रुवे॥ 4॥[1]

गृहस्थस्येति। यतो यस्मात्कारणात्, गृहस्थस्य गृहिणः, सर्वाः सकलाः क्रियाः कार्याणि, गृहं बिना भवनमन्तरा, न सिद्धयन्ति च सफलीभवन्ति, यथा ग्रन्थान्तरे— परगेहे कृताः सर्वाः श्रोतस्मार्तक्रियाः शुभाः। निष्फला स्युर्यतस्तासां भूमीशः फलमश्नुते॥ गृहं स्वसत्ताकम्। गृहस्थस्य क्रियाः सर्वा न सिध्यन्ति निष्फला भवन्तीत्यर्थः। तस्माद्धेतोः गृहारम्भप्रवेशसमयं गृहस्यारम्भो गृहाम्भः प्रवेशो गृहप्रवेशस्तयोः समयः विधानकालः गृहारम्भप्रवेशसमयस्तं गृहारम्भप्रवेशसमयं भवनारम्भभवन प्रवेशसमयं ब्रुवे वच्मि। तथा च— वास्तुज्ञानमथातः कमलभवान्मुनि परम्परायातम्। क्रियतेधुनायेदं विदग्ध सांवत्सर प्रीत्यै॥ *(राजमार्तण्ड 778 तथा बृहत्संहिता 53, 1)*

भाषा— गृह के अभाव में कभी गृहस्थ के कार्यों की सिद्धि नहीं होती है। ऐसे में गृह के कार्यारम्भ और गृहप्रवेश के समय के विषय में कहता हूँ।

अथ ग्रामादिषु स्वस्य शुभाशुभत्वमुक्तं ज्योतिस्सागरे (12, 2) —

प्रथमे सप्तमे ग्रामे वैरं हानिस्त्रिषष्ठगे।
तुर्याष्टद्वादशे रोगः शेषस्थाने शुभं भवेत्॥ 5॥

---

1. मुहूर्तचिन्तामणि (पीयूषधाराटीका) 12, 1

प्रथम इति। अत्र नामराशेरिति शेषः, प्रथमे प्रथमस्थाने सप्तमे सप्तमस्थाने ग्रामे ग्रामराशौ वर्तमाने सति, वैरं गृहनिर्माणकर्तुर्लोकैः समं विरोधो भवेत्। त्रिषष्ठगे तृतीयषष्ठस्थाने ग्रामराशौ हानिः गृहनिर्माणकर्तुर्हानिः स्यात्। अथ तुर्याष्टद्वादशे नामभाच्चतुर्थाष्टमद्वादशस्थान-स्थिते ग्रामराशौ, रोगः नाना प्रकारको गदः स्यात्। शेषस्थाने उक्ताद्भिन्नस्थाने शुभं कल्याणं भवेत्।

भाषा— व्यक्ति को जिस गाँव अथवा नगर में निवास करने की इच्छा हो तो उस गाँव की राशि का ज्ञान करे। यदि वह राशि अपनी राशि से पहली, सातवीं हो तो वहाँ निवास करने पर वैरभाव बढ़ेगा; यदि तीसरी और छठवीं हो तो वहाँ आय की अपेक्षा नुकसान होगा तथा चौथी, आठवीं एवं बारहवीं हो तो रोग का कारण होगा जबकि शेष अर्थात् दूसरी, पाँचवीं, नवीं, दसवीं और ग्यारहवीं हो तो वहाँ निवास करना शुभ और लाभप्रदायक होगा।

अत्र नामर्क्षाद् ग्रामवासे शुभाशुभमुक्तं मुहूर्तचिन्तामणौ (12, 1) —

यद्भं द्व्यङ्कसुतेशदिङ्मितमसौ ग्रामः शुभो नामभात्।

पीयूषधाराटीकायां — यदिति। ग्रामः स्वस्य शुभोऽशुभो वेति तावच्चिन्त्यते। नामभात् नामराशेः व्यवहारप्रसिद्धं यन्नाम, सकाशात् यद्भं यस्य ग्रामस्य भं राशिः स चेद्द्वितीयो नवमः पञ्चम एकादशसङ्ख्यो दशमश्च स्यात्तदासौ ग्रामः स्वस्य शुभः शुभफलदाता स्यादन्यथा शुभो न भवतीत्यर्थः।

भाषा — निवास के सम्बन्ध में काकिणी विषयक विचार करना चाहिए। कहाँ पर निवास करें या नहीं, इस सम्बन्ध में रामदैवज्ञ के मतानुसार कहा गया है कि निवास के इच्छुक पुरुष के व्यावहारिक नामराशि से जिस ग्राम, नगर, मोहल्ला की राशि 2, 9, 5, 11, 10वीं हो तो वह ग्राम उस व्यक्ति के लिए निवास की दृष्टि से अच्छा होता है जबकि 1, 3, 4, 6, 7, 9 एवं 12वीं हो तो अप्रशस्त जाने।

अथ किं नाम कुत्र ग्राह्यमित्यत आह —

काकिण्यां वर्गशुद्धौ च द्यूते वादे गृहे तथा।
मन्त्रे पुनर्भूवरणे नामराशेः प्रधानता॥ 6॥[1]

काकिण्यामिति। काकिण्यां (ककलौल्ये, ककते गणनाकाले चञ्चलीभवतीति शब्दकल्पद्रुमे। मानदण्डः काठा नल इत्यादि भाषा) काकिणीविचारे, वर्गशुद्धौ वर्गशुद्धि विचारे, द्यूते द्यूतक्रीडायां, वादे द्वयोः परस्परविवादे, गृहे गृहारम्भप्रवेशादिविषये, मन्त्रे मन्त्रग्रहणे, पुनर्भूवणे दिधिषूवरणे (पुनर्भूर्दिधिषु रूढेत्यमरः), नामराशेः व्यावहारिकनामराशेः प्रधानता प्रधानत्वं भवतीति शेषः।

---

1. 'काकिण्यां वर्गशुद्धौ च वादे द्यूते स्वरोदये। मन्त्रे पुनर्भवरणे नामराशेः प्रधानता' इति पाठान्तर।

भाषा — नामराशि का चुनाव कहाँ करें, इस सम्बन्ध में कहा गया है कि काकिणी गणना, वर्गशुद्धि, द्यूतक्रीड़ा, वाद-विवाद या शास्त्रार्थ, गृह विषयक कार्य, मन्त्र-दीक्षा ग्रहण और पुनर्विवाहादि अवसरों पर नाम राशि को प्रमुखता दी जानी चाहिए।

अथ गृहदशाज्ञानप्रकारमाह —

गज$_8$शर$_5$र्तु$_6$युगा$_4$ऽश्व$_7$मही$_1$गुणा$_3$द्वि$_2$सहिता मघवादिदिशः क्रमात्।
गृहपतेरभिधा पुरदिङ्मिता वसुहृता भवनस्य दशा भवेत्।
रविनिशाकरमङ्गलचन्द्रजाः शनिबृहस्पतिराहुकविग्रहाः ॥ 7 ॥

गजेति। गजशरर्तुयुगाश्वमहीगुणा द्विसहितास्ते गज अष्ट शर पञ्च ऋतु षड् युग चतुः अश्व सप्त मही एक द्वि द्वय, मघवादिदिशः क्रमात् पूर्वादिदिशः क्रमात् अवर्गादेश्च स्वराङ्काः सन्ति। गृहपतेः गृहस्वामिनः अभिधापुरदिङ्मिता नामग्रामदिक्स्वराङ्कयोगाः, वसुहृताः अष्टभाजिता, शेषनिभवनस्य दशा भवेयुः। तासां क्रमेण रविनिशाकरमङ्गलचन्द्रजाः शनिबृहस्पतिराहुकविग्रहाः पतयो भवन्ति। काकिणीसाधनोपपत्तिः तत्र ग्रन्थान्तरे— साध्यवर्गं पुरः स्थाप्य पृष्ठतः साधकं न्यसेत्। विभजेदष्टभिः शेषं काकिणी साधकस्य सा॥ इति।

भाषा— गृहदशाज्ञान के लिए सर्वप्रथम दिशाओं के स्वराङ्क का ज्ञान करे। पूर्वादि दिशाओं में इनको क्रमशः न्यास करे। अवर्ग के 8, कवर्ग के 5, चवर्ग के 6, टवर्ग के 4, तवर्ग के 7, पवर्ग का 1, यवर्ग के 3 और शवर्ग के 2 अङ्क पूर्वादि आठों दिशाओं के होते हैं। इस प्रकार गृह बनाने वाले के नाम एवं गाँव तथा दिशा के स्वराङ्कों का योग करे और कुल योग को 8 से भाजित करे तो प्राप्त फल गृह दशा का ज्ञान कराएगा। उसमें शुभ ग्रह की दशा प्रशस्त होती है एवं पाप ग्रह की दशा अशुभ कही जाती है।

विशेष :(किसी नगर, गाँव में निवास से पूर्व अपने योग्य दिशा-विदिशा पर विचार कर लेना चाहिए। नाम की राशि के अनुसार ही योग्य दिशा का चयन निश्चित ही नाम-यश, धन-सम्पदा और पद-पदोन्नति देने वाली होती है। प्राचीन वास्तु और ज्योतिष ग्रन्थों में इस दिशा-विदिशा निवास चक्र पर विचार मिलता है और यह जीवन में बहुत खरा उतरता है।)

सर्वप्रथम, 8वीं सदी में आचार्य लल्ल ने गणित दी और दिशाओं व स्वरों के अङ्कों को बाँटा। इसके अनुसार पूर्वादि से गणना करें तो पूर्व के 8, आग्नेय कोण के 5, दक्षिण के 6, नैर्ऋत्य के 4, पश्चिम के 7, वायव्य का 1, उत्तर का 3 और ईशान कोण का 2 अङ्क है। ये ही दिशा अङ्कस्वर के यानी अक्षरों के भी अङ्क होंगे। गणित के अनुसार अ से अः तक के अक्षरों का 8 अङ्क, क से घ तक का 5, च से झ तक का 6, ट से ढ तक का 4, त से न तक का 7, प से म तक का 1, य से व तक का 3, श से ह अक्षर तक का 2 अङ्क माना गया है। इस प्रकार से पुनः दशा के अनुसार ग्रहों के अङ्कों को भी

जाने। इसमें 1. सूर्य, 2. चन्द्र, 3. मङ्गल, 4. राहु, 5. गुरु, 6. शनि, 7. बुध, 8. केतु और 9. शुक्र की दशा भी एक से से नौ तक होती है। इसमें शुक्र यानी 9, चन्द्र यानी 2, गुरु तथा बुध 7 की दशा होने पर शुभ जानना चाहिए। यानी इनका अङ्क यदि बसने वाले को जिस दशा में मिलता हो, वही दिशा उसके लिए शुभ होती है।

उक्त गणित के अनुसार सूर्य की दशा में मन में भ्रम होना, चन्द्र में पर्याप्त सम्पति, मङ्गल में आगजनी से कष्ट, राहु में निरन्तर बीमारी, गुरु में श्रेष्ठ सुख, केतु में पीड़ा एवं शुक्र की दशा में सुख मिलता है। यदि इस प्रसङ्ग में दीपार्णव व अन्य ज्योतिष ग्रन्थों की मान्यता को देखें तो आठों ही दिशाओं के क्रमशः पूर्व से गरुड़, बिलाव, सिंह, श्वान, नाग, मूषक, हाथी और मेढ़ा स्वामी होते हैं, इनमें से अपने वर्ग से पाँचवाँ वर्ग प्रायः शत्रु माना गया है। इसी कारण शत्रु की दिशा में निवास करना अथवा घर बनाना शुभ नहीं होता। अपने जीवन काल में ऐसे वैर क्षेत्र में प्लॉट या भूमि को खरीदने से निरन्तर सङ्कट पैदा होते रहते हैं।

पूर्वोक्त स्वर आदि अङ्कों के विभाजन के अनुसार क्रमशः अपने नाम का अक्षराङ्क और दिशा का अङ्क देखें। स्वर के अङ्कों को जोड़कर 9 का भाग देने पर भवन की दशा ज्ञात होती है। इसके लिए एक उदाहरण लिया जा सकता है कि यदि विजयसिंह को उज्जैन में घर बनाना है, तो गृहपति विजय का स्वर अङ्क 3 और उदयपुर का 8 हुआ। अगर विजय को वहाँ की पश्चिम दिशा में भवन बनाना है तो पश्चिम दिशा का अङ्क 7 होता है। यदि नाम, नगर व वहाँ की दिशा का अङ्क जोड़े तो योग 18 हुआ। इसको नौ से भाजित करें और शेष नौ से शुक्र की दशा यानी शुभ जाने।

रत्नकोश, ज्योतिषप्रकाश, बृहद्दैज्ञरञ्जन और मुहूर्तचिन्तामणि में इस की गणना को बहुत महत्व दिया गया है। इसको मुहल्लों या उपनगर के चयन के लिए भी देखा जा सकता हैं, दिशा को देखकर ही प्लॉट का चयन और वहाँ भवन बनाने पर अधिकाधिक लाभ लिया जा सकता है। कई पुराने नगरों के निवेश के लिए राजाओं द्वारा भूमि का चयन, उनका नामकरण और अन्य बस्तियों का विन्यास इसी आधार पर किया गया है।

अथ ग्रामन्यासे नराकृतिचक्रमाह —

मस्तके पञ्च लाभाय मुख त्रीणि धनक्षयः।
कुक्षौ पञ्च धनं धान्यं षट् पादे स्त्रीदरिद्रता॥ 8॥
पृष्ठे चैकं पादहानिर्नाभौ चत्वारि सम्पदः।
गुह्ये चैकं भयं पीडा हस्ते चैकं तु क्रन्दनम्॥ 9॥
वामे चैकं करे भेदो ग्रामचक्रे नराकृतिः।
गणयेज्जन्मनक्षत्रं ग्रामनक्षत्रतः सदा॥ 10॥

मस्तक इति। प्रथममेक नराकृतिः नराकारं ग्रामचक्रं ग्रामशुभाशुभत्वज्ञानचक्रं लेख्यम्। तत्र सदा सर्वदा, ग्राममक्षत्रतः स्वाभीष्टग्रामनक्षत्रात्, जन्मनक्षत्र व्यावहारिकनामनक्षत्रं यावद्, गणयेत् गणनां कुर्य्यात्। अथ नराकृतिचक्रस्य मस्तके शिरसि, पञ्च पञ्चपरिमितानि नक्षत्राणि लेख्यानि, तत्र यदि गृहस्वामिनो नामनक्षत्रं भवेत्तदा तस्य लाभाय धनादिलाभाय स ग्रामो भवेदिति। ततो मुखे आनने (आननं लपनं मुखमित्यमरः) त्रीणि नक्षत्राणि लेख्यानि, तत्र यदि नामर्क्षे भवेत्तदा वासकर्तुर्धनक्षयो धनानां विनाशो भवेत्। ततः कुक्षौ पञ्च नक्षत्राणि लेख्यानि, तत्र यदि नामनक्षत्रं भवेत्तदा वासकर्तुर्धनं धान्यं च भवेत्। ततः पादे चरणे षट् नक्षत्राणि लेख्यानि, तत्र नामनक्षत्रं यदि भवेत्तदा वासकर्तुर्धनं धान्यं च भवेत्। ततः पादे चरणे षट् नक्षत्राणि लेख्यानि, तत्र नामनक्षत्रं यदि भवेत्तदा स गृहवासकर्ता स्त्रीदरिद्रता स्त्रियाः स्ववनितायाः सकाशात् दरिद्रता दरिद्रत्वमाप्नोति। ततो नाभौ नाभिस्थाने चत्वारि युगपरिमितानि नक्षत्राणि लेख्यानि, तत्र यदि नामनक्षत्रयं स्यात्तदा वासकर्त्तुः सम्पद ऐश्वर्य्याणि भवेयुः। ततो गुह्ये गुह्यस्थाने एकं नक्षत्रं लेख्यं, तत्र यदि वासकर्तुर्नामनक्षत्रं स्यात्तदा भयं पीडा च स्यात्। तत एकं नक्षत्रं हस्ते दक्षिणाहस्ते लेख्यं, तत्र यदि नामनक्षत्रं भवेत्तदा क्रन्दनं रोदनं प्रचुरकष्टेन वासकर्त्तुः सततरोदनमित्यर्थः (क्रन्दनं रोदनाह्वाने इत्यमरः) भवेत्। अथ वामे करे एकं नक्षत्रं लेख्यं, तत्र यदि नामनक्षत्रं भवेत्तदा वासकर्तुः भेदो लोकानां मध्ये विमेदो भवेत्।

भाषा— किसी गाँव या नगर में बसना लाभप्रद है या नहीं, यह जानने के लिए नराकार चक्र बनाकर उसमें नक्षत्रों का न्यास करे। इस नराकार चक्र में पाँच नक्षत्र मस्तक में न्यास करे जिनमें यदि अपना जन्म नक्षत्र हो तो लाभप्रद समझे। तीन नक्षत्र मुख में होंगे जिनमें जन्म नक्षत्र हो तो अर्थ की हानि, कोख में पाँच नक्षत्र होंगे जिनमें यदि जन्म नक्षत्र हो तो धन-धान्य की सुलभता, पद में छह नक्षत्र होंगे जिनमें यदि जन्म नक्षत्र हो तो स्त्री के कारण असहायता और दारिद्र्य, पीठ पर एक नक्षत्र होगा जो यदि जन्म नक्षत्र ही हो तो पाँव में पीड़ा, नाभि स्थल पर चार नक्षत्रों में यदि जन्म नक्षत्र हो तो धन-सम्पदा, गुह्याङ्ग पर एक ही नक्षत्र होगा और वह भी यदि जन्म नक्षत्र हो तो डर एवं पीड़ित करने वाला, दक्षिण एवं वाम हाथ में एक-एक नक्षत्र होगा जो यदि जन्म नक्षत्र हो तो क्रमशः रुदन-क्रन्दन एवं भेदकारी होगा। इस चक्र में ग्राम का जो नक्षत्र हो, उससे अपने जन्म नक्षत्र तक गणना कर फल पर विचार किया जाना अपेक्षित है।

पुरुषाकृति स्फुटार्थं चक्रम्-

ग्रा. न. से	5	3	5	6	1	4	1	1	1
अङ्ग	सिर	मुख	पेट	पैर	पीठ	नाभि	गुदा	दायाँ	बायाँ
फल	लाभ	धन	धंन-	स्त्री	पाँव	धन	भय	युद्ध	भेद
		हानि	धान्य	अभाव	पीड़ा	संपदा	पीड़ा		

इत्यमनन्तर ग्रामवासार्थं शिवावलिनिरूपणमाह—

तदर्थं निशीथे मांसादिसंयुतं भक्तं भूमौ निधाय ततः कियद्दूरं गत्वा तच्छब्दं चिन्तयेत्।

तत्फलं यथा—

नैर्ऋत्यां हि शिवा रौति तदा वासं न कारयेत्।
दक्षिणे रौति कल्याणं वह्निकोणे भयं महत्॥ 11॥
पूर्वेतूच्चाटनं ज्ञेयं कलिर्वा रिपुभिस्सह।
ईशाने मरणं प्रोक्तमुत्तरे कुरु सर्वतः॥ 12॥
वासं वायव्यकोणे च भयं किञ्चित् प्रजायते।
पश्चिमे च यदा रौति तदाऽऽनन्दः प्रकीर्तितः।
अष्टदिक्षु यदा रौति तदां वासं न कारयेत्॥ 13॥
(निश्शब्दे सर्वलाभः स्यादिति गर्गादिभाषितम्)।

तत्रेति। अत्रानेन वासभूमेः शुभाशुभत्वज्ञानाय शिवावलिनिरूपणं क्रियते। तत्र रात्रौ सूर्यास्तानन्तरं, मांसादिसंयुक्तं मांसव्यञ्जनद्विदलादिसमन्वतिं भक्तं, भूमौ पृथिव्यां, निधाय संस्थाप्य, ततः तस्माद्वासस्थानात्, कियद्दूर गत्वा तिष्ठेत्। ततः तच्छब्दं तस्याः शिवायांः शब्दं निनदं (शब्दो निनादो निनद इत्यमरः) चिन्तयेत् शब्दं श्रुत्वा तत्फलविचारं कुर्य्यात्। तत्फलञ्चाह– नैर्ऋत्याः मिति। यदि वासस्थाने नैर्ऋत्यां नैर्ऋत्यकोणे, शिवा मृगधूर्त्तकः शृङ्गाल इत्यर्थः (स्त्रियां शिवा भूरिमायगोमायुमृगधृर्त्तकाः शृगालवञ्चकेत्या–द्यमरः) रौति रावं करोति, तदा तत्र वासं न कारयेत्। यदि दक्षिणे यमदिशि रौति तदा कल्याणं कुशलं भवेत्। वह्निकोणे अग्निकोणे महद्भयम् अत्यन्तभीतिः स्यात्। पूर्वे पूर्वदिशि तु उच्चाटनं ज्ञेयं, वा अथवा, रिपुभिः शत्रुभिः सह, कलिः कलहो भवेत्। ईशाने ईशानकोणे, मरणं प्रोक्तम। उत्तरे यदि शिवा रौति तदा सर्वतः समन्ताद्, वासं कुरु विधेहि। यदि वायव्यकोणे शिवा रौति तदा किञ्चिद्भयं प्रजायते। पश्चिमे पश्चिमदिशि यदा रौति तदा आनन्दः सर्वथानन्दः प्रकीर्तितः। यदा अष्टदिक्षु शिवा रौति तदा तत्र जासं न कारयेत् च निश्शब्दं सर्वलाभ करोति इति गर्गादिसम्मतम्।

भाषा— (सियार के शब्द से वास फल का विचार) एकान्त में किसी इच्छित स्थान का चयन कर रात को मांस, तरकारी आहार आदि लेकर जाए और वहीं रख दें तथा दूर छिपकर सियार के शब्द को सुनकर फल का ज्ञान करे। यदि नैर्ऋत्य कोण में सियार को बोलता हुए सुने तो वहाँ निवास नहीं करे। दक्षिण दिशा में सियार बोले तो क्षेमकारी, आग्नेय कोण में बहुत भयप्रय, पूर्व दिशा में हो तो उच्चाटन या वैरभाव वर्धक, ईशान कोण में हो तो मरण या मरण तुल्य कष्ट, उत्तर दिशा में हो तो भली प्रकार निवास की

स्थिति, वायव्य कोण में हो तो भयप्रद और पश्चिम दिशा में सियार बोलता सुनाई दे तो सुख, आनन्द की प्राप्ति होगी, ऐसा जानना चाहिए। इसके अतिरिक्त यदि चारों ही दिशाओं में सियार बोलते सुनाई पड़े तो उस स्थान पर निवास का विचार त्याग देना ही श्रेयस्कर है। (सियार का शब्द नहीं हो तो सर्वलाभ ही जाने, ऐसा गर्गादि का मत है)।

स्पष्टार्थ चक्रम्—

दिशा पूर्व	अग्नि	दक्षिण	नैर्ऋ.	पश्चि.	वाय.	उत्त.	ईशा.	सर्व.
फल उच्चाटन	अतिभय	कल्याण	निषिद्ध	आनंद	अल्पभय	शुभ	मरण	त्याज्य

ग्रन्थान्तरेऽपि शिवाशब्दफलम् —

शक्रे चौरादिशङ्का हुतभुजि विविधक्लेशभीतिश्च याम्ये
सौख्यं कल्याणवित्तं दितिसुतदिशि चेत्स्वल्पकालस्थितिश्च।
वारुण्यां वित्तलाभोऽनिलदिशि सुहृदां सङ्गमश्चोत्तरस्यां
वासे स्थैर्यं प्रदिष्टं शिवदिशि मरणं वास्तु वेश्मप्रवेशे॥ 14॥

व्याख्या- इदं वास्तुसमये गृहप्रवेशकालेऽपि ज्ञेयम्। एतेन दक्षिणपश्चिमोत्तरदिक्षु शिवाशब्दे शुभं फलम्, अन्यक्ष्विशुभं फलं भवति।

शक्र इति। शक्रे पूर्वस्यां दिशि, यदि शिवा रौति तदा तत्र चौरादिशङ्का चौरादिभिः शङ्का भयो भवेत्। हुतभुजि अग्निकोणे, विविधानां क्लेशानां भीतिर्भयः स्यात्। याम्ये दक्षिणस्यां दिशि, सौख्यं कल्याणवित्तं कुशलकारकधनं च स्यात्। दितिसुतदिशि दितेः सुतः दितिसुतः दितिसुतस्य दिक् दितिसुतदिक् तस्यां दितिसुतदिशि नैर्ऋत्यां दिशि चेच्छिवा रौति तदा स्वल्पकालस्थितिः अत्यल्पकालपर्य्यन्तं तत्र स्थितिर्वासः स्यात्। वारुण्यां पश्चिमायां दिशि, वित्तलाभः वित्तस्य लाभः स्यातृ। अनिलदिशि वायव्यकोणे, सुहृदां मित्राणां सङ्गमः स्यात्। उत्तरस्यां दिशि वासे स्थैर्य्ये स्थिरत्वं प्रदिष्टं कथितम्। शिवदिशि ईशानकोणे मरणं प्रोक्तम्। इति वास्तुवेश्मप्रवेशे वास्तु वेश्मप्रवेशो गृहप्रवेशश्चेति वास्तुवेश्मप्रवेशस्तस्मिन् विचार्य्यमिति।

भाषा— (ग्रन्थान्तर में कहा गया है) यदि सियार पूर्व दिशा में बोले तो तस्कर, चोरादि का भय जाने। अग्नि कोण में बोले तो विभिन्न प्रकार के उपद्रव और क्लेशकारी, दक्षिण दिशा में बोलने पर सुख, कल्याण और धनागम, नैर्ऋत्य कोण में बोलने पर अल्पकालिक या अस्थायी निवास, पश्चिम दिशा में बोलने पर धन प्राप्ति व व्यवसाय में उन्नति, वायव्य कोण में बोलने पर मित्रों, सुहृदजनों की प्राप्ति, उत्तर दिशा में बोलने पर दीर्घावधि तक निवास और ईशान कोण में सियार को बोलता सुने तो मरण या मृत्यु तुल्य कष्ट होगा, ऐसा फल गृहारम्भ और गृहप्रवेश काल में विचारना चाहिए।

अथ लाभालाभविचारः —

स्ववर्गं द्विगुणं कृत्वा परवर्गेण योजयेत्।
अष्टभिस्तु हरेद्भागं योऽधिकः स ऋणी भवेत्॥ 15॥

व्याख्या — वर्गास्तु- 'अ-क-च-ट-त-प-य-श।' इत्यष्टौ, तत्र अवर्गादि गणनाया वास्तुकर्तुर्नरस्य यत्सङ्ख्यको वर्गः, तां संख्यां द्विगुणीकृत्य परस्य (ग्रामादेः) वर्गसंख्यायुतां कृत्वाऽष्टभिः शेषितमवशिष्टं नरस्य काकिण्यो ज्ञेयाः। एवं ग्रामादेरपि वर्गसंख्यां द्विगुणीकृत्य वास्तुकर्तुर्नरस्य वर्गसंख्यया युतां विधायाऽष्टभिस्तष्टितां कृत्वाऽवशिष्टमिता ग्रामादेः काकिण्यो भवन्ति। एवं द्वयोः (नरस्य, ग्रामस्य च) काकिणी विवरात् यस्याधिका अवशिष्यन्ते सोऽर्थदो भवति।

भाषा- अपनी जो वर्ग संख्या हो उसको दो से गुणा करे, उसमें गाँव आदि की वर्ग संख्या का योग करे और प्राप्त फल में आठ का भाग देवें। जिसकी शेष संख्या अधिक हो वह सदैव ऋणि होगा, यह निश्चित है।

यथोक्तं चिन्तामणिकाररामदैवज्ञेन (12, 1) —

स्वं वर्गं द्विगुणं$_2$ विधाय परवर्गाढ्यं गजैः$_8$ शेषितं,
काकिण्यस्त्वनयोश्च तद्विवरतो यस्याधिकः सोऽर्थदः।

पीयूषधाराटीकायां— अथ ग्रामात्मनोरुत्तमर्णत्वमधमर्णत्वं चाह— **स्वं वर्गमिति।** वर्गास्तु— अकचटतपयशवर्गाः खगेशमार्जारसिंहशुनाम्। सर्पाखुमृगावीनां निजपञ्चम-वैरिणामष्टौ॥ इत्युक्ताः। तत्र यस्य पुंसः यत्ससङ्ख्याको वर्गो गरुडादिः स्यात्तवर्गसङ्ख्यां द्विगुणां विधायकृत्वा परस्य ग्रामस्य वर्गसङ्ख्या आड्यां च कृत्वा गजैरष्टभिः शेषितमवशिष्टं ताः काकिण्यो ज्ञेयाः पुंसः, एवं ग्रामस्यापि स्वर्गसङ्ख्यां द्विगुणां कृत्वा परस्य पुंसः वर्गसङ्ख्यया युक्तां च कृत्वा गजभक्ताः अवशिष्टाः काकिण्यो ग्रामस्य भवन्ति। एवमनयोः पुरुषगामयोः काकिण्यः स्युः। तत्र तद्विवरतः पुरुषकाकिणीनां ग्रामकाकिणीनां विवरमन्तरं तस्मिन् क्रियमाणे यस्य ग्रामस्य दातृत्वात् पुंसः काकिण्यादशेषे पुंसा द्रव्यहानिः। ग्रामस्य प्रतिगृहीतृत्वादित्यर्थः।

यथा— नीलकण्ठस्य वर्गः सर्पः। तत्सङ्ख्या 5 द्विगुणा 10, चरणार्द्रेर्वर्गः सिंहः तत्सङ्ख्यया 3 युक्ताः 13, गजभक्ताः शेषं 5 नीलकण्ठस्य काकिण्यः। एवं ग्रामवर्गसङ्ख्या 3 द्विगुणां 6 नीलकण्ठवर्ग- 5 सङ्ख्यया युक्ताः 11, अष्टभक्तावशेषं 2 ग्रामस्य काकिण्यः 3 अत्र द्वयोरन्तरे शेषम् 2 नीलकण्ठस्य दातृत्वात्स्वद्रव्यहानिरित्यर्थः।

भाषा— अपने नाम के पहले वर्ण के वर्ण की संख्या को दुगुना कर उसमें गाँव नाम के पहले वर्ण की संख्या को जोड़कर आठ से भाग दिए जाने से शेष संख्या के बराबर अपनी और गाँव वर्ग संख्या को दो से गुणाकर, उसमें अपने नाम की वर्ग संख्या

को जोड़े और आठ का भाग देने से शेष के बराबर ग्राम की काकिणी होती है। इसे जानकर देखें कि जिसकी काकिणी अधिक हो, वह कम काकिणीवाले को धन प्रदायक या फायदा देने वाला होता है जबकि जिसकी काकिणी कम हो, वह ऋणि होता जाता है।

काकिणीज्ञानाय स्फुटार्थं चक्रम्-

ग्रामनाम	अ	अ	अ	अ	अ	अ	अ	अ
	3	4	5	6	7	8	1	2
गृहेशनाम	अ	क	च	ट	त	प	य	श
	3	5	7	1	3	5	7	1.
फल	शुभ	अशुभ	अशुभ	शुभ	शुभ	शुभ	अशुभ	अशुभ
ग्रामनाम	क	क	क	क	क	क	क	क
	5	6	7	8	1	2	3	4
गृहेशनाम	अ	क	च	ट	त	प	य	श
	4	6	8	2	4	6	8	2
फल	शुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	अशुभ	अशुभ	शुभ
ग्रामनाम	च	च	च	च	च	च	च	च
	7	8	1	2	3	4	5	6
गृहेशनाम	अ	क	च	ट	त	प	य	श
	5	7	1	3	5	7	1	3
फल	शुभ	शुभ	शुभ	अशुभ	अशुभ	अशुभ	शुभ	शुभ
ग्रामनाम	ट	ट	ट	ट	ट	ट	ट	ट
	1	2	3	4	5	6	7	8
गृहेशनाम	अ	क	च	ट	त	प	य	श
	6	8	2	4	6	8	2	4
फल	अशुभ	अशुभ	शुभ	शुभ	अशुभ	अशुभ	शुभ	शुभ
ग्रामनाम	त	त	त	त	त	त	त	त
	3	4	5	6	7	8	1	2
गृहेशनाम	अ	क	च	ट	त	प	य	श
	7	1	3	5	7	1	3	5
फल	अशुभ	शुभ	शुभ	शुभ	शुभ	शुभ	अशुभ	अशुभ

ग्रामनाम	प	प	प	प	प	प	प	प
	5	6	7	8	1	2	3	4
गृहेशनाम	अ	क	च	ट	त	प	य	श
	8	2	4	6	8	2	4	6
फल	अशुभ	शुभ	शुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	अशुभ
ग्रामनाम	य	य	य	य	य	य	य	य
	7	8	1	2	3	4	5	6
गृहेशनाम	अ	क	च	ट	त	प	य	श
	1	3	5	7	1	3	5	7
फल	शुभ	शुभ	अशुभ	अशुभ	शुभ	शुभ	शुभ	अशुभ
ग्रामनाम	श	श	श	श	श	श	श	श
	1	2	3	4	5	6	7	8
गृहेशनाम	अ	क	च	ट	त	प	य	श
	2	4	6	8	2	4	6	8
फल	अशुभ	अशुभ	अशुभ	अशुभ	शुभ	शुभ	शुभ	शुभ

अथ द्वारनिवेशं वर्णदिग्भेदफलं ज्योतिस्सारे —

पूर्वे ब्राह्मणराशीनां वैश्यानां दक्षिणे शुभम्।
शूद्राणां पश्चिमे द्वारं नृपाणामुत्तरे मतम्॥ 16॥

व्याख्या— विप्रादिराशिमतां पुंसा क्रमेण पूर्वदिशतः प्राच्यादिदिक्- चतुष्टये द्वारं प्रशस्तम्। यथा ब्राह्मणराशयः कर्कवृश्चिकमीनास्तेषां पूर्वादिशि, वैश्यराशयो वृषकन्यामकरास्तेषां याम्येदिशि, शूद्रराशयो मिथुनतुलाकुम्भास्तेषां परामदिशि, नृपराशयो मेषसिंहधनूंषि तेषामुत्तरदिशि द्वारनिवेश शुभम् इत्यर्थः।

भाषा— ब्राह्मणादि को अपनी राशियों के अनुसार पूर्वादि इष्ट दिशाओं में भवन का द्वार रखना शुभ है। विप्र राशि वालों (कर्क, वृश्चिक एवं मीन) को पूर्व दिशा में द्वार रखना शुभ है। वैश्य राशि वालों (वृष, कन्या एवं मकर) को दक्षिण दिशा में, शूद्र राशि वालों (मिथुन, तुला एवं मकर) को पश्चिम दिशा और नृप अथवा क्षत्रिय राशि वालों (मेष, सिंह एवं धनु) को अपने भवन का द्वार उत्तर दिशा में रखना प्रशस्त है।

स्पष्टार्थ चक्रम् —

राशि	विप्र	वैश्य	शूद्र	क्षत्रिय
द्वार दिशा	पूर्व	दक्षिण	पश्चिम	उत्तर

अथ राशीनां वर्णानाह —

मीनालिकर्कटा विप्राः क्षत्री मेषो धनुर्हरिः।
वृषकन्यामृगा वैश्या शेषा वै शूद्रराशयः ॥ 17 ॥

मीनालिकर्कटा इति। मीनालिकर्कटाः मीनवृश्चिककर्कराशयः, विप्राः ब्राह्मणाः स्युः। मेषः प्रसिद्धः, धनुः धनूराशिः प्रसिद्धः हरिः सिंहश्च, क्षत्री राजन्यः स्यात्। वृषकन्यामृगाः वृषकन्यामकराः वैश्याः वैश्यराशयः स्युः। शेषाः मिथुनतुलाकुम्भाः वै निश्चयेन शूद्रराशयः स्युः। त्रय त्रय राश्यामेकैक वर्णस्तु इत्यर्थः।

भाषा— (ज्योतिष के मतानुसार) मीन, अलि या वृश्चिक एवं कर्क राशि को विप्रवर्ण का माना गया है। मेष, धनु एवं सिंह क्षत्रिय वग्र, वृष, कन्या एवं मकर वैश्य एवं शेष अर्थात् मिथुन, तुला एवं कुम्भ राशि को शूद्र संज्ञक कहा गया है। (इस प्रकार तीन तीन राशियाँ एक-एक वर्ण की कही गई है)।

अथ राशिपरत्वेन ग्रामनिवासनिषिद्धस्थानान्याह मुहूर्तचिन्तामणौ (12, 2) —

गोसिंहनक्रमिथुनं निवसेन्न मध्ये ग्रामस्य
पूर्वककुभोऽलिझषाङ्गनाश्च।
कर्को धनुस्तुलभमेषघटाश्च तद्वद्वर्गाः
स्वपञ्चमपरा बलिनः स्युरैन्द्र्याः ॥ 18 ॥

प्रमिताक्षराटीकायां— गोसिंहेति। वस्तुमिष्टस्य ग्रामस्य वस्त्रविभागवन्नवधा विभागं कृत्वा मध्ये विभागे गोसिंहनक्रमिथुनं निवसेत्। वृषसिंहमकरमिथुनराशिमतः पुरुषा न वसेयुः। अथ पूर्वककुभः पूर्वदिशातोऽष्टदिक्षु अलिर्वृश्चिकः तदादिराशिमतः पुरुषा न वसेषुः। यथा पूर्वस्यां वृश्चिकः आग्नेयां झषो मीनः। दक्षिणस्यां कन्या। नैर्ऋत्यां कर्कः। पश्चिमायां धनुः। वायव्यां तुला। उत्तरस्यां मेषः। ईशान्यां कुम्भः न वसेदित्यर्थः। यथा अवर्गः पूर्वस्याम्। कवर्ग आग्नेय्याम्। चवर्गो दक्षिणस्याम्। टवर्गो नैर्ऋत्याम्। तवर्गः पश्चिमायाम्। पवर्गो वायव्याम्। यवर्ग उत्तरस्याम्। शवर्ग ईशान्याम् बली इत्यर्थः। कीदृशा वर्गाः स्वपञ्चमपराः स्वस्मात्पञ्चमः परः शत्रुर्येषां ते। यस्य वर्गः पूर्वस्यां बली तेन पश्चिमायां द्वारं निवासो न विधेयः। एवं कवर्गादिमद्भिरपि वायव्यादौ द्वारं निवासो न विधेयः।[1]

भाषा— अब राशि के अनुसार गाँव में वासकरण और निषेध पर विचार किया जा रहा है। जिस गाँव या नगर में बसना हो, उसके नौ भागों की कल्पना करें। इसमें वृष, सिंह, मकर, मिथुन राशि वाले व्यक्ति को ग्राम के मध्य में निवास नहीं करना चाहिए। पूर्वादि दिशाओं में क्रम से 8, 12, 6, 4, 9, 7, 1, 11 राशि वालों को अर्थात् वृश्चिक

---

1. यदुक्तं मुहूर्तमार्तण्डे— नामर्क्षाद्द्विसुताङ्कदिग्भवगतो ग्रामः शुभोऽन्योऽन्यथा कौर्प्यण्डजौ याम्यतो मध्येन्येन वसन्त्यथेन्द्रककुभो वर्गाः स्युरोजस्विनः ॥ (6, 1)

राशि वालों को पूर्व में, मीन राशि वालों को अग्नि कोण, कन्या राशि वालों को दक्षिण में, कर्क राशि वालों को नैर्ऋत्य कोण में, धनु राशि वालों को पश्चिम में, तुला राशि वालों को वायव्य कोण में, मेष राशि वालों को उत्तर में और कुम्भ राशि वाले व्यक्तियों को ग्राम के ईशान कोण में निवास करना अशुभ होता है। अकरादि वर्ग पूर्वादि दिशाओं में बलशाली माने जाते हैं और अपने से पाँचवाँ वर्ग शत्रुभाव वाला होता है।

स्फुटार्थ चक्रम्—

दिशा/कोण	निषिद्ध राशि	वर्ग
मध्य	2, 5, 10, 3	वृष, मिथुन, सिंह, मकर
पूर्व	8	अ वर्ग
आग्नेय	12	क वर्ग
दक्षिण	6	च वर्ग
नैर्ऋत्य	4	ट वर्ग
पश्चिम	9	त वर्ग
वायव्य	7	प वर्ग
उत्तर	1	य वर्ग
ईशान	11	श वर्ग

तथोक्तं भूपालवल्लभे वास्तुप्रकरणे —

वर्गाः खगेशमार्जारसिंहश्वसर्पमूषकाः।
इभावी पूर्वतस्तेषां स्ववर्गात्पञ्चमो रिपुः॥
तस्मात् स्ववैरिवर्गस्य दिशि वासो न शोभनः॥ 19॥

व्याख्या— एवं स्वामिग्रामवर्गयोरपि मित्रत्वमरित्वं समत्वं च विलोक्य वासः कर्तव्यः।

वर्गा इति। पूर्वतः पूर्वदिशः सकाशात् खगेशमार्जारसिंहश्वसर्पमूषका इमावी इत्यष्टौ वर्गाः भवन्ति। अवर्गोऽवर्गः, कु चु टु तु पु इति पञ्च वर्गाः, एको यवर्गोऽन्यः शवर्गः। तत्र अवर्गस्य खगेशः गरुड, कवर्गस्य मार्जारः, चवर्गस्य सिंहः टवर्गस्य श्वा, तवर्गस्य सर्पः पवर्गस्य मूषकः, यवर्गस्य इमो हस्ती, शवर्गस्याविर्मेषः (अवयः शैलमेषार्का इत्यमरः) इत्यष्टौ वर्गेशाः पूर्वतः पूर्वादिदिशः सकाशादीशा भवन्ति, स्ववर्गात् निजवर्गात्पञ्चमौ वर्गो रिपुः शत्रुर्भवति। तद्यथा– गरुडसर्पयोः, मार्जारमूषकयोः, सिंहगजयोः, श्वमेषयोः परस्परं महावैरमित्यर्थः, तस्मात्कारणात् स्ववैरिवर्गस्य दिशि वासो न शोभनः न शुभप्रदः। तथा च

राजवल्लभे— गोव्याघ्रं गजसिंहमश्वमहिषं श्वैणं च बभ्रूरगं वैरं वानर-मेषयोश्च सुमहत्तद्वद्विडालोन्दुरम्। लोकानाम् व्यवहारतोऽन्यदपि च ज्ञात्वा प्रयत्नादिदं दम्पत्योर्नृपभृत्ययोः रिपुः सदा वर्ज्यं शुभस्यार्थिभिः ॥ *(3, 19)*

भाषा— भूपालवल्लभ (ज्योतिर्निबन्ध पृष्ठ 173, 3 पर उद्धृत) में कहा गया है कि अ इत्यादि आठों ही वर्गों के स्वामी क्रमशः गरुड़, बिलाव, सिंह, श्वान, सप्र, मूषक, गज और और मेष माने गए हैं। ये पूर्वादि दिशाओं के स्वामी भी कहे गए हैं। अपने-अपने वर्ग से प्रत्येक पाँचवाँ स्थानक वर्ग शत्रुभाव लिए होता है, ऐसे में शत्रु वर्ग की दिशा में निवास करना प्रशस्त नहीं होता। जैसे कि सर्प का शत्रु गरुड, मूषक का बिलाव, हाथी का सिंह और मेष का शत्रु श्वान होता है।

विशेष— सूत्रधार मण्डन का मत है कि गौ तथा व्याघ्र में, गज व सिंह में, घोड़ा और महिष में, कुत्ता व हरिण में, नेवला व सर्प में, बन्दर व मेष में तथा बिल्ली और मूषक में परस्पर शत्रुता होती है। इस योनि वैर को लोक के व्यवहार में देखते हुए स्त्री और पुरुष में, नृप और दास में तथा गुरु-शिष्य सम्बन्ध (की तरह ही ग्राम-निवासी) में अवश्य त्याग देना चाहिए।

नामाक्षरानुसार स्पष्टार्थचक्र

क्रम	नामाक्षर					वर्ग	शत्रु
1.	अ	इ	उ	ए	–	गरुडवर्ग	त
2.	क	ख	ग	घ	ङ	बिडालवर्ग	प
3.	च	छ	ज	झ	ञ	सिंहवर्ग	य
4.	ट	ठ	ड	ढ	ण	श्वानवर्ग	श
5.	त	थ	द	ध	न	सर्पवर्ग	अ
6.	प	फ	ब	भ	म	मूषकवर्ग	क
7.	य	र	ल	व	–	मृग/गज वर्ग	च
8.	श	ष	स	ह	–	मेष/शशकवर्ग	ट

तथा च ज्योतिस्सारे —

केऽप्याहुरथ वर्गाणां स्वस्थाने शुभदं गृहम्।
मित्रे समेऽपि कर्तव्यं न कर्तव्यमरेः पदे ॥ 20 ॥

केऽप्याहुरिति। वर्गाणाम् अवर्गादिवर्गाणां स्थस्थाने शुभदं गृहमिति केप्याचार्या आहुः। अत्रैतदुक्तं भवति, यस्मिन् वर्गे वासकर्तुर्नामाद्यक्षरं स्यात्तस्मिन्नेव यदि ग्रामनामाद्यक्षरं

भवेत्तदा तत्र ग्रामे वासकर्तुर्भवनं शुभदं भवतीत्यर्थः। मित्रे समेऽपि गृहं कर्तव्यं नामवर्गस्य ग्रामवर्गो मिश्रं समोवा यदि स्यात्तदापि तत्र गृहं विधेयम्। परश्चारेः शत्रोः पदे स्थाने न गृहं कर्तव्यम्।

भाषा— सामान्यतया यह नियम है कि जिस वर्ग में बसने वाले की राशि का पहला अक्षर और गाँव या नगर का भी पहला अक्षर पड़ता हो तो वहाँ निवास, रोजगार करना शुभ है। यदि नाम के वर्ग के स्वामी का ग्राम के वर्ग का स्वामी मित्र हो या सम भावी हो तो भी वहाँ रहना शुभप्रद है और इनमें परस्पर शत्रुता हो तो वहाँ रहने पर हानि ही उठानी पड़ेगी, अतः वहाँ आवास नहीं करें।

विशेष : राशि के अनुसार मित्र, शत्रु एवं सम प्रकृति का विभाजन जातकादि ग्रन्थों में मिलता है। नैसर्गिक राशि की उक्त मान्यता टीकाकार गणेशदैवज्ञ ने भी दी है— चन्द्रेज्यक्षितिजाः रवीन्दुतनयौ गुर्विन्दुसूर्याः क्रमात् शुक्रार्कौ रविचन्द्रभूमितनयाः ज्ञार्कौ सितज्ञौ मताः। अर्कादेः सुहृदः समाः अथ बुधः सर्वे हि शुक्रार्कजौ भौमाचार्ययमायमः कुजगुरु पूज्याः परे वैरिणः॥ *(जातकालङ्कार 1, 10)*

स्पष्टार्थ चक्रम्

राशि	ग्रह	मित्रभाव	शत्रुभाव	समभाव
सिंह	सूर्य	चन्द्र गुरु मङ्गल	शुक्र शनि	बुध
कर्क	चन्द्र	सूर्य बुध	–	गुरु शुक्र मं. शनि
मेष, वृश्चिक	मङ्गल	सूर्य चन्द्र गुरु	बुध	शुक्र शनि
मिथुन, कन्या	बुध	सूर्य शुक्र	चन्द्र	मङ्गल गुरु शनि
धन, मीन	गुरु	सूर्य चन्द्र मङ्गल	बुध शुक्र	शनि
वृषभ, तुला	शुक्र	बुध शनि	सूर्य मङ्गल	चन्द्र गुरु
मकर, कुम्भ	शनि	बुध शुक्र	सूर्य चन्द्र मङ्गल	गुरु

इत्यमनन्तर वर्णपरत्वेन भुवो वर्णगन्धविचारो वशिष्ठसंहितायाम् —

श्वेता शस्ता द्विजेन्द्राणां रक्ता भूमिर्महीभुजाम्।
विशां पीता च शूद्राणां कृष्णाऽन्येषां विमिश्रिता॥ 21॥[1]

1. मुहूर्तमार्तण्ड मार्तण्डवल्लभटीकाया (6, 5) उद्धृते।

पूर्वपश्चिमदिग्मूढं वास्तु स्त्रीनाशकं स्मृतम्।

दक्षिणोत्तरदिग्मूढं सर्वनाशकरं भवेत्॥

विश्वकर्मीय अपराजितपृच्छा में कहा गया है कि भूमि के चतुरस्त्र बनाते समय कभी दिग्मूढ़, दिशाओं में भूल नहीं आने देना चाहिए। जो वास्तु पूर्व-पश्चिम दिशा में दिग्मूढ़ होता है अर्थात् गलत दिक्साधनयुक्त होता है, उसका फल स्त्रीजन के नाश का कारण बनता है। इसी तरह दक्षिण-उत्तर में जो वास्तु दिग्मूढ़ हो, वह भी सर्व नाशकारक होता है।

विसूत्रं च भवेत्तच्चेत् सूत्रसन्तापकारकम्।

प्रासादस्य प्रमाणेन सूत्रैः क्षेत्रं प्रसाधयेत्॥

प्रासादे भित्तिसंयुक्तो गृहे भित्तिस्तु बाह्यतः।

कर्त्तव्यो मण्डपैर्युक्तो जगत्यायाम एव च॥

जो वास्तु विसूत्र हो, सीधवत सूत्र में न होकर टेढ़ा-मेढ़ा हो, वह सूत्रधार को सन्तापकारक होता है। अतः प्रासाद, मन्दिर के प्रमाणानुसार ही सूत्रधारों को उस भूमि क्षेत्र की ठीक-ठीक साधना चाहिए। यह ध्यान रहे कि प्रासाद, मन्दिरों में भित्ति से संयत अर्थात भीति के नाप के साथ ही मण्डप का नाप और जगती, पीठिका का नाप होता है, परन्तु मकानों, भवनों में भित्ति के नाप के बाहर मण्डप का नाप और जगती पीठ का नाप होता है।

अथ केनचिदुक्तम्-

प्रथमे सुसमे क्षेत्रे प्राचीं संसाधयेत्स्फुटम्।
सिद्धान्तोक्तप्रकारेण ततो निष्पादयेद्गृहम्॥ 2॥

प्रथमेति। प्रथमे पुरा, सुसमे क्षेत्रे समायां भूमौ, स्फुटं स्पष्टं, प्राचीं पूर्वादिदिशं, सिद्धान्तोक्तप्रकारेण सिद्धान्तोक्तरीत्या, संसाधयेत्। ततोऽनन्तरं, गृहं निष्पादयेत् कुर्यात्।

भाषा— सबसे पहले भूमि को इकसार करे और पूर्वादि दिशाओं के ज्ञान के लिए सिद्धान्त ग्रन्थों में कही गई विधि का अनुकरण करते हुए ही उक्त भूमि पर गृह निर्माण कार्य करे।

विशेष— भूमि शुद्धि के लिए मनु का कथन है कि सम्मार्जन करना, गोमूत्र, गङ्गाजल आदि का छिड़काव कर लीपना-पोतना, सींचना, खोदन और गायों को लाकर बान्धना— इन पाँच प्रकारों से भूमि की शुद्धि होती है— सम्मार्जनोपाञ्जनेन सेकेनोल्लेखनेन च। गवां च परिवासेन भूमिः शुद्ध्यति पञ्चभिः॥ *(मनुस्मृति 5, 124)*

अथ दिक्साधनमाह—

तदुक्तं सिद्धान्तशिरोमणौ श्रीभास्कराचार्यैः (3, 8-9) —

वृत्तेम्भस्सुसमीकृतक्षितिगते केन्द्रस्थशङ्को क्रमा-
द्भाग्रं यत्र विशत्यपैति च यतस्तत्रापरेन्द्र्यौ दिशौ।
तत्कालापमजीवयोस्तु विवराद्भाकर्णमित्या हता-
ल्लम्बज्याप्तमिताङ्गुलैरयनदिश्यैन्द्री स्फुटा चालिता॥ 3॥
तन्मत्स्यादथ याम्यसौम्यककुभौ सौम्या ध्रुवे वा भवे-
देकस्मादपि भाग्रतो भुजमितां कोटीमितां शङ्कुतः।
न्यस्येद्यष्टिमृजुं तथा भुवि यथा यष्ट्यग्रयोः संयुतिः
कोटिः प्राच्यपरा भवेदिति कृते बाहुश्च याम्योत्तरा॥ 4॥

व्याख्या— जलवत्समीकृतायां भूमाविष्टप्रमाणं वृत्तं विलिख्य, तस्य केन्द्रे द्वादशाङ्गुलशङ्कुं संस्थाप्य, तस्य शङ्कोश्छाया तस्मिन्वृत्ते यत्र प्रविशति पूर्वाह्ने, अपराह्ने, यत्र निर्गच्छति, तत्र पश्चिमपूर्वदिशौ भवतः।

मन् काले छायाप्रवेशो जातः, यस्मिन्काले छायानिर्गमस्तत्कालिकयोः क्रान्तिज्ये साध्ये, तयोरन्तरात्तस्याश्छायायाः कर्णगुणाल्लम्बज्याभक्ताद्यलब्धमङ्गुलादिकं फलं तेनैन्द्री-दिगुत्तरतश्चालिता स्फुटा भवतीति यद्युत्तरेऽयने वर्त्तते। यदि दक्षिणाऽयने तदा दक्षिणतः, एवं स्फुटा प्राची पश्चिमेति। तन्मत्स्याद्दक्षिणोत्तरा सुलभेति।

अथ प्रकारान्तरेणाह— ध्रुवमवलम्बसूत्रेण विद्ध्वा ध्रुवाभिमुखकीलकः सौम्या स्वस्थानकीलको याम्या तन्मत्स्यतः पूर्वापरेति।

अथैकसमादपिच्छायाग्रतः — तच्चैवमभीष्टकाले शङ्कोर्भाग्रं चिह्नयित्वा तस्या-श्छायाया वक्ष्यमाणप्रकारेण भुजं कोटिं चानीय भुजकोटिमिते शलाके गृहीत्वा शङ्कुमूलाद्यथा दिग्गतां कोटिशलाकां छायाग्राद्यस्तदिग्गतां भुजशलाकां च तथा भुवि न्यसेद्यथा शलाकयोः संयुतिः स्यात्। एवं कृते कोटिः प्राच्यपरा भवति बाहुश्च याम्योत्तरेति।

वृत्तेम्भ इति। स्पष्टार्थज्ञानं ग्रन्थकर्तुर्व्याख्यया सम्यग् भवति, अथ विशेष-ज्ञानायोपपत्तिरत्र निगद्यते। द्युज्याचापांशव्यासार्धजनितवृत्तमिष्टानामुन्नतघटिकानामग्रे पूर्वाह्ने सममण्डलेन यावदन्तरं तावदेवावराह्ने तावतीनामिष्टघटिकानामग्रे भवति। अतस्तच्छायाग्र-बिन्दुभ्यां दिग्ज्ञानमुपपद्यते। परं तत्कालान्तरेण यदर्कक्रान्त्यन्तरं तेनान्तरितं भवति, अतस्तत्सन्ध्येयम्। तच्चैवम्-तस्मिन्काले यानि कर्णवृत्ताग्राङ्गुलानि पूर्वाह्ने चापराह्ने तेषामन्तरं विधेयम्। तत्र लाघवार्थं तत्कालकान्त्योरेवान्तरं कृतम्। ततोऽग्रान्तरकरणायानुपातः- यदि लम्बज्याकोट्या त्रिज्याकर्णस्तदा क्रान्तिज्यया केति लब्धाऽग्रा। एवमन्यकालिक-क्रान्तिज्ययाऽग्रा मानमानेतव्यम्। तयोरन्तरमग्रान्तरं स्यात्। ततोऽन्योऽनुपातः- यदि त्रिज्या

व्यासार्धे एतावदन्तरं लभ्यते तदा कर्णव्यासार्धे किमिति लब्धं कर्णवृत्ताग्रान्तरम्। अत्र तुल्यत्वाद्गुणभाजकयोस्त्रिज्यानाशे कृते सत्युपपन्नं 'तत्कालापमजीवयोस्तु विवरादि' त्यादि। यद्युत्तरमयनं वर्तन उत्तरतोऽर्के चलिते शङ्कोर्माग्रं दक्षिणतो याति तदुत्तरतश्चालनीयम्। एवं दक्षिणेऽयनेऽपि दक्षिणतश्चालनीयम्। अत उपपन्नमैन्द्री स्फुटा चालितेति।

भाषा— पानीतार की तरह समीकृत भूमि पर वृत्त की रचना करे। उसके केन्द्र में 12 अङ्गुल प्रमाण वाला शङ्कु स्थापित करे। सूर्योदय से पूर्वाह्ण से पहले-पहले वृत्त में जहाँ तक छाया पहुँचे, वह पश्चिम एवं दोपहर के बाद जहाँ से छाया निकले, वह बिन्दु पूर्व दिशा का द्योतक होगा। ज्ञातव्य है कि इस तरह से पश्चिम बिन्दु का निर्णय किया जाता है किन्तु क्रान्तिगति के अनुरूप पूर्वोक्त पूर्व बिन्दु का मान स्थूलगत होता है।

इसी प्रकार स्थूल बिन्दु को जानने के लिए छाया प्रवेश तथा निर्गम दोनों समयों के क्रान्तिज्याओं का अन्तर ज्ञात करे और छाया कर्ण से गुणा करे, इष्ट लम्ब ज्या से भाग दे और जो प्राप्त हो उसके बराबर अङ्गुलादि अयन की दिशा में बिन्दु का संचालन करे, इस प्रकार से वास्तविक पूर्व बिन्दु की जानकारी होगी।

पश्चिम एवं पूर्व दोनों ही बिन्दुओं से यदि मत्स्योत्पादन करे अर्थात् पूर्व एवं पश्चिम बिन्दु से सम्पृक्त रेखा के आधे के ऊपर रेखागणित के नियमानुसार चापकाटकर लम्ब डाले तो वास्तविक दक्षिण-उत्तर रेखा होगी।

इसके अतिरिक्त उत्तर ध्रुव को वेधकर उत्तर दिशा का ज्ञान करे अथवा वृत्त मध्यस्थ शङ्कु का एक समय का ही छायाग्र ज्ञातकर उसी इष्टकाल का भुज एवं कोटि करे, भुज एवं कोटि के तुल्य शलाका लेकर शङ्कु से दिशा के अनुसार कोटि व छायाग्र से विपरीत दिशा की भुज एवं शलाका का विन्यास इस प्रकार किया जाए कि शलाका का अग्र यानी यष्ट्यग्र का योग हो सके, ऐसा होने पर कोटि पूर्वा-पर एवं भुज दक्षिण-उत्तर होगा।

विशेष— वैदिक ज्योतिष के काल से ही शङ्कु से छाया, मुहूर्त आदि की गणना करने की परम्परा रही है। अथर्ववेदीयज्यौतिषम् में सर्वप्रथम शङ्कुच्छाया प्रमाण से ही पन्द्रह मुहूर्तों को ज्ञात करने का वर्णन हुआ है। प्रातःकाल में जब सूर्य का आधा बिम्ब दिखाई दे जाए तब 12 अङ्गुल लम्बाई का एक सीधा, स्निग्ध तथा लम्ब-गोल नोकदार) शङ्कु (खूँटी या कील) को पृथ्वी पर सीधा खड़ा करे। उस समय इस शङ्कु की छाया पृथ्वी पर पश्चिम की ओर 90 + 6 = 96 अङ्गुल प्रमाण होगी। प्रतिदिन इस समय से 'रौद्र' नामक मुहूर्त्त प्रारम्भ होता है। मध्याह्न होने तक तक यह छाया क्रमशः घटती रहती है। जब यह छाया प्रमाण घटकर 61 अङ्गुल का रह जाए, तब रौद्र मुहूर्त्त का अवसान होता है। जब शङ्कुच्छाया 60 से 13 अङ्गुल पर्यन्त रहे, तब तक 'श्वेत' नामक दूसरा

मुहूर्त्त रहता है, 12 अङ्गुल शङ्कुच्छाया से लेकर 7 अङ्गुल तक तीसरा मुहूर्त्त 'मैत्र' नामक होता है। छाया के 6 अङ्गुल से 1 अङ्गुल कम छाया से 'सावित्र' नामक पाँचवाँ मुहूर्त्त प्रारम्भ होता है। इसी प्रकार 4 अङ्गुल शङ्कुच्छाया होने पर 'वैराज' नामक छठा मुहूर्त्त प्रारम्भ होता है। जब छाया घटकर 3 अङ्गुल रह जाती है, तब 'विश्वावसु' नामक सातवाँ मुहूर्त्त प्रारम्भ होता है और जब शङ्कुच्छाया 2 अङ्गुल से न्यून हो जाए तब 'अभिजित्' नामक आठवाँ मुहूर्त्त प्रारम्भ होता है। जब अभिजित् का मध्यकाल होता है, जब छाया शून्य हो जाती है अथवा फिर उत्तर या दक्षिण दिशा की ओर हो जाती है। उस समय शङ्कुच्छाया शंङ्कु के मूल में ही होती है। मध्याह्न काल के पश्चात् शङ्कुच्छाया भी दिशा पूर्व की ओर होने लगती है। जब तक यह 1 अङ्गुल से अधिक होगी तो 'रोहिण' नामक नवाँ मुहूर्त्त प्रारम्भ होगा, जो 3 अङ्गुल तक रहेगा, 4 अङ्गुल की छाया हो जाने पर दसवाँ 'बल' नामक मुहूर्त्त समाप्त होता है, 5 अङ्गुल की शङ्कुच्छाया तक ग्याहरवाँ 'विजय' नामक मुहूर्त्त होता है। इसके अनन्तर जब तक पूर्वा शङ्कुच्छाया 6 अङ्गुल तक रहेगी, तब तक बारहवाँ 'नैर्ऋत' नामक मुहूर्त्त तथा 12 अङ्गुल तक तेरहवाँ 'वारुण' मुहूर्त्त होता है। इसके बाद सूर्यास्त तक 'भग' नामक पन्द्रहवाँ मुहूर्त्त होता है। सूर्यास्त के समय छाया पूर्व दिशा की ओर 96 अङ्गुल होती है। ये सभी प्रातः काल से सूर्यास्त तक के 10 + 2 + 3 = कुल 15 मुहूर्त्त बतलाए गए हैं। इसी प्रकार से ये मुहूर्त्त रात्रि में भी इसी क्रम से हुआ करते हैं—

नवति षडङ्गुलांश्चैव प्रतीवीन्ताम्प्रकाशयेत्। पुरस्तात्सन्धिवेलायां मुहूत्रे रौद्र उच्यते॥ श्वेतः षष्टिः समाख्यातो मैत्रो वै द्वादशाङ्गुलः। षट्सु सारभटो ज्ञेयः सावित्रः पञ्चसु स्मृतः॥ चतुर्षु चैव वैराजस्त्रिषु विश्वावसुस्तथा। मध्याह्ने चाभिजिन्नाम यस्मिञ्छाया प्रतिष्ठति॥ प्राचीं वै गामिनीञ्छायां रोहणिस्त्रिषु वर्तते। बलश्चतुर्षु विख्यातो विजयः पञ्चसु स्मृतः॥ नैर्ऋतस्तु षडङ्गुल्यो वारुणो द्वादशाङ्गुलः। सौम्यः षष्टिः समाख्यातो भगस्तु परमस्तथा॥ एते मुहूर्त्ता व्याख्यातो दश द्वौ च तथा त्रयः। अहन्येव तु विज्ञेया रात्रावपि न संशयः॥ *(अर्थवज्योतिष 6-11)*

अथ सुगमोपायेन दिग्ज्ञानमुक्तं ग्रहलाघवे श्रीगणेशदैवज्ञैः (4, 21)—

वृत्ते समभूगते तु केन्द्रस्थितशङ्कोः क्रमशो विशत्यपैति।
छायाग्रमिहापरा च पूर्वा ताभ्यां सिद्धति मेरुदक् च याम्या॥ 5॥

मल्लारिटीकायां — अथ सर्वत्र नलिकाबन्धादिकुण्डमण्डपादिविधौ च दिक्-साधनोपयोगोऽस्त्यतो दिक्साधनं कथयति। जलवत्समीकृतायां भूमौ वृत्तेऽभीष्टकर्कटेन कृते सति केन्द्रस्थितस्य वृत्तमध्यस्थस्य शङ्कोर्द्वादशाङ्गुलस्य छायाग्रं क्रमशो विशति इहापरा पश्चिमदिक्। यत्रापैति दिनशेषकाले वृत्ताद्यत्र बहिर्गच्छति तत्र चिह्ने पूर्वा दिक्। ताभ्यां पश्चिमपूर्वदिग्भ्यां सिद्धो यस्तिमिर्मत्स्यस्मान्मत्स्यमुखपुच्छसूत्रादुदगुत्तरा याम्या दक्षिणा स्यात्।

एवं यद्दिने त्रिंशन्मितमेव दिनमानं तद्दिवस एवामुना प्रकारेण दिक्साधनमन्यथा तु भुजं विना दिक्साधनं न भवति।

वृत्ते समभूगत इति। जलेन समीकृतायां भूमावभीष्टकर्कटकेन कृते वृत्ते केन्द्र-स्थितस्य वृत्तमध्यस्थितस्य, शङ्कोर्द्वादशाङ्गुलशङ्कोश्छायाग्रं क्रमशो यत्र विशति प्रविशति इहापरा पश्चिमा दिक्। यत्रापैति दिनावशेषसमये वृताद्यत्र बहिर्निर्गच्छति तत्र चिह्ने पूर्वा दिक्। ताभ्यां पश्चिमपूर्वदिग्भ्यां सिद्धो यस्तिमिर्मत्स्यस्तस्मात्मत्स्यमुखपुच्छसूत्रादुदगुत्तरा याम्या दक्षिणा स्यात्। एवं यद्दिने त्रिशन्मितमेव दिनमानं तद्दिवस एवानेन प्रकारेण दिक्-साधनमन्यथा तु भुजं बिना दिकसाधनं न भवति।

भाषा— इकसार (समतल) भूमि पर बने हुए वृत्त में केन्द्रीय भाग में स्थित शङ्कु की सूर्योदयकाल में जहाँ छाया प्रवेश करे और अस्तकाल में जहाँ से निकले यानी स्पर्श करे, उन दोनों ही बिन्दुओं में जाने वाली रेखा पूर्वा-पर होती है। अर्थ यह है कि छाया का प्रवेश बिन्दु पश्चिम एवं निर्गमन बिन्दु पूर्व दिशा का द्योतक होता है। इन दोनों ही चापों द्वारा बने हुए मत्स्य के मुख-पुच्छ को मिलाने वाली रेखा दक्षिणोत्तर होगी। अर्थ यह है कि पूर्वा-पर के मध्य बिन्दु पर किया हुआ लम्ब दक्षिण एवं उत्तर दिशा को बताने वाला होगा।

अथ नक्षत्रवशेन दिग्ज्ञानमुक्तं मुहूर्तमार्तण्डे (6, 5) —

प्राक् साध्योज्जयिनीस्थलाद्यमदिशि त्वाष्ट्रानिलाभ्यन्तरा।
सौम्येतोऽग्न्युदयादुदग्ध्रुवमुखाद्दिङ्मूढके स्यान्मृतिः॥ 6॥

व्याख्या — उज्जयिनीस्थलाद्यमदिशि दक्षिणस्यां दिशि त्वाष्ट्रं चित्रा अनिलं स्वाती, अनयोरन्तरं मध्यं तस्मात्प्राची साध्या। अयमर्थः- सम्भवे सति रात्रौ पूवाभिमुख उपविश्य युगपन्मात्रोदितां नलिकयावलोकनं नलिकाग्राल्लम्बं भूमिपर्यन्तं भूमौ मुक्त्वा चिह्नं कृत्वा तथैव अचलस्सन् तेनैव नेत्रेण स्वातीमवलोकयेत्। तथैव नलिकाग्राल्लम्बं भूमिपर्यन्तं मुक्त्वा लम्बनिपाते चिह्नं कृत्वा तथैव भूमौ चिह्नं कुर्यात्। पुनस्तत्र तथैव सूत्रं प्रसार्य मध्ये चिह्नं शङ्कुं निधाय, तस्मात्पश्चिमचिह्नपर्यन्तं रज्जुं प्रसारयेत्। तत्र तत्सूत्रमेव प्राची भवति। एवमुज्जयिन्या दक्षिणतः प्राचीसाधनम्।

अथोत्तरतः प्राचीसाधनं यथा-

अत उज्जयिन्याः सौम्य उत्तरभागे, अग्न्युदयात्कृत्तिकोदयात्प्राची साध्या। एतदुक्तं भवति, पूर्वं नलिकया युगपन्मात्रोदितां कृत्तिकामालोक्य नलिकामूलाग्राभ्यां लम्बों मुक्त्वा मुक्त्वा भूमौ चिह्नद्वयं कृत्वा तयोरुपरि प्राचीसूत्रम्।

अथोत्तरसाधनम्-

उदगिति। ध्रुवमुखादुदक् उत्तरा दिक्, इदं सर्वेषां साधारणम्।

अत्र व्याख्या ग्रन्थकर्तुरतिस्पष्टा, विशेषज्ञानाय मयोपपत्तिरुच्यते। चित्रास्वातीनक्षत्रे पूर्वापरवृत्ताद्विभिन्नदिग्गते तुल्यान्तरे वेधेन स्फुटं दृश्येते। तस्मात्तुल्यनतांशे उदितं तन्नक्षत्रद्वयं नलिकाग्रसंलग्नं विधाय, ततो जलवत्समीकृतायां भूमौ नलिकाग्रमूलाल्लम्बौ कार्य्यौ। अथ लम्बमूलद्वये यत्सूत्रं निबध्यते तन्नक्षत्रद्वयस्याग्राप्रमाणयोर्योगतुल्य, अर्थान्नक्षत्रैकस्य द्विगुणिताग्राप्रमाणसमानं स्यात्। तस्माल्लम्बमूलद्वयनिबद्धसूत्रर्द्धोपरि या लम्बरूपा रेखा सा पूर्वापरा स्यात्। अस्यार्द्धकारिणी लम्बरूपा रेखा दक्षिणोत्तरा स्यादेवमवन्ती समाख्यान्नगराद्याम्यदिश्यैव। यतस्तन्नक्षत्रद्वयं तत्र प्रत्यक्षं सुखेन दृश्यं भवति, नक्षत्रद्वयस्य याम्यदिग्गतत्वात्। उत्तरायां दिशि कृत्तिकानक्षत्रावलोकनाद्दिक्साधनं भवति। तद्यथा- पूर्ववद्वेधेन कृत्तिकानक्षत्रं पूर्वबिन्दावुदितं दृश्यते तेन नलिकाग्रनिष्ठं तन्नक्षत्रं कृत्वा नलिकाग्रमूलाभ्यां लम्बौ कार्यौ। तल्लम्बमूलद्वयनिबद्धसूत्रं पूर्वापरं स्यात्। अथ याम्योत्तरं सूत्रं पूर्वज्ज्ञेयम्। अथैवं नलिकाग्रसंस्थमुत्तरध्रुवं कृत्वा नलिकाग्रमूलाभ्यां विहितलम्बद्वय निबद्धसूत्रं याम्योत्तराख्यं स्यात्तदर्द्धोपरि लम्बरूपं सूत्रं पूर्वापराख्यं वोध्यमित्युपपन्नं सर्वम्।

भाषा— उज्जयिनी (उज्जैन) से दक्षिण दिशा के देश में चित्रा एवं स्वाती नक्षत्र के मध्य से पूर्व दिशा का ज्ञान करना चाहिए। इसी प्रकार उज्जयिनी से उत्तर दिशा में कृतिका नक्षत्र के उदय से पूर्व दिशा का ज्ञान करना चाहिए। ध्रुव ताराभिमुख होकर उत्तर दिशा का ज्ञान करे। इस प्रकार का दिशा का साधन करके ही गृह का निर्माण करना चाहिए, दिशा क ज्ञान के अभाव में कार्य सम्पादन करने पर उसका फल मृत्यु जानना चाहिए।

विशेष— जैसे उज्जैन से दक्षिण में कल्पित 'क' स्थान से दिक्साधन किया जाना हो तो रात्रिकाल में चित्रा नक्षत्र के बिम्बोदय होने पर नलिका से वेध करे और नलिकाग्र से लम्बसूत्र समान भूमि पर डाला गया हो तो 'प' बिन्दु पर गिरेगा। वहाँ चिह्न बनाए। इसी प्रकार अन्य नक्षत्र स्वाती के उदित होने पर जितने उन्नतांश पर चित्रा का वेध किया गया था, उतने ही उन्नतांश पर स्वाती को वेधकर नलिकाग्र से लम्बसूत्र 'फ' बिन्दु में गिरा, वहाँ पर चिह्न कर दोनों चिह्नों के बीच 'ब' बिन्दु पूर्व को पूर्व दिशा माना गया। उज्जैन से उत्तरभाग में 'य' बिन्दु से पूर्वदिशा को ज्ञात किया जाना है तो निशाकाल में कृतिका के उदित होने पर वेध करे, लम्बसूत्र 'र' बिन्दु में डाला गया, वहाँ का चिह्न पूर्व दिशा को बताएगा। उत्तर को ज्ञात करने के लिए ध्रुव संज्ञक तारे को नलिका से वेध करे और लम्बसूत्र जहाँ गिरेगा, वही उत्तर दिशा स्वीकार्य होगी क्योंकि यह सिद्ध है कि ध्रुव सबके ही उत्तर में अवस्थित होता है।

उत्तर दिशा	र । य	उज्जैन	ब—फ—प । अ	दक्षिण दिशा

इसी प्रकार नारायणभट्ट ने मुहूर्तमार्तण्ड में शुल्बसूत्र का निम्न श्लोक उद्धृत किया है— कृत्तिका श्रवणं पुष्यं चित्रास्वात्योर्यदन्तरम्। एतत्प्राच्या दिशो रूपं युगमात्रादिते पुरे॥ *(कात्यायनशुल्ब 34)* अर्थात् कृतिका, श्रवण, पुष्य, चित्रा एवं स्वाती नक्षत्र का अन्तर पूर्व दिशा का द्योतक है। इन नक्षत्रों का वेध 86 अङ्गुल क्षितिज से ऊपर होने पर किया जाना अपेक्षित है। कात्यायनशुल्बसूत्र में शङ्कुविधि से छायागमन-निर्गम, वृत्त के आधार पर पूर्वादि दिशाओं को ज्ञात करने की विधि दी गई है— समे शङ्कुं निखाय शङ्कुसम्मितया रज्ज्वा मण्डलं परिलिख्य यत्र लेखयोः शङ्क्वग्रच्छाया निपतति तत्र शङ्कू निहन्ति सा प्राची। तदनन्तर रज्ज्वाऽभ्यस्य पाशौ कृत्वा शङ्क्वोः पाशौ प्रतिमुच्य दक्षिणायम्य मध्ये शङ्कुमेवमुत्तरतः सोदीची। रज्ज्वन्तयोः पाशौ करोति। श्रोण्यंसनिरञ्छनसङ्ख्या- समासभङ्गेषु लक्षणानि। प्राच्यन्तयोः शङ्कू निहन्ति। श्रोण्यंसयोश्च। शङ्क्वोः पाशौ प्रतिमुच्य निरञ्छनेन गृहीत्वा दक्षिणपूर्वां दिशं हरन्ति। एवमुत्तरतः। विपर्यस्येतरतः। स समाधिः सर्वत्र। *(कण्डिका 1, 1-11)* किन्तु, नक्षत्रवेध अब प्रासङ्गिक प्रतीत नहीं होता क्योंकि आकाशीय स्थिति व गति प्रदूषणादि के कारण समान नहीं होती है।

अथं वेधं विना दिग्ज्ञानप्रकारो यथा —

अथ चुम्बमणिफलके वृत्ताकारभित्तिमेकाङ्गुलोन्नतिं मृद्भिः सम्पाद्य तदन्तरे स्वच्छ जलं क्षिपेत्। अथैका लौहजा पट्टिका मत्स्याकारा सूक्ष्मरूपा मध्ये सच्छिद्राऽग्नितप्ता तत्र क्षेप्या, तत्र धातुघटितपात्रमध्यस्थं लौहकीलं स्थिरं कृत्वा तदुपरि पाट्टका स्थाप्या सा तु स्वत एव धुवाभिमुखी भवेत्, सैवोत्तरा दक्षिणा च तन्मत्स्यो मत्स्यकरणात्पूर्वापरा दिगिति।

बिना वेध की विधि के सहारे केवल चुम्बकीय विधि से भी उत्तर-दक्षिण का सहज ज्ञान हो सकता है। इन्हीं दो दिशाओं पर प्रकार से चापादि की रचना कर पूर्व-पश्चिम का भी ज्ञान किया जा सकता है।

उल्लेखनीय है कि पूर्वकाल में शङ्कुविधि और ध्रुव तारादि की स्थिति से दिशाओं का ज्ञान किया जाता था किन्तु वर्तमान में चुम्बक, दिशासूचक यन्त्र से यह ज्ञान आसानी से किया जा सकता है। यद्यपि वराहमिहिर के काल (निधन 580 ई.) तक चुम्बक अस्तित्व में आ चुका था किन्तु कमलाकर भट्ट के सिद्धान्ततत्त्वविवेक के काल से चुम्बकीय विधि से आसानी से दिशाओं को पहचाना जाने लगा था। इससे उत्तर-दक्षिण ही नहीं, पूर्वा-पर दिशाओं के ज्ञान को भी सममण्डलीय कहा जाता था— सच्चुम्बकादेव सुशिल्पविज्ञाः कुर्वन्ति दिग्ज्ञानमितोऽन्यथैव। पूर्वापरा याऽत्र कृता प्रकारैर्ज्ञेया बुधैः सा सममण्डलीया॥ *(सिद्धान्त. त्रिप्रश्नाधिकार 378)*

अथ ध्रुवमत्स्यताराद्वयदर्शनद्वारा दिग्ज्ञानमुक्तं वास्तुराजवल्लभे (1, 11) —

तारे मार्कटिके ध्रुवस्य समतां नीतेऽवलम्बे नते


दीपाग्रेण तदैक्यतश्च कथिता सूत्रेण सौम्या ककुप्।
शङ्कोर्नेत्रगुणे तु मण्डलवरे छायाद्वयान्मत्स्ययोर्जाता
यत्र युतिस्तु शङ्कतलयो याम्योत्तरे स्तः स्फुटे॥ 8॥

तारेति। निशाकाले दिक्शोधन प्रकारं कथ्यते। मार्कटिक आकाशस्थ चतुर्तारा विशेष, ध्रुवस्य उत्तरस्थ ध्रुवतारा, समतां मार्कटिका च ध्रुवस्य स नदिश्य, ततो अवलम्ब कृतम्। दीपाग्रेण प्रज्वलित दीपकस्य वर्तिकायां पूर्वोक्त अवलम्बनम् एकीकृतं तदनन्तर सूत्रपातम्। एवं विधय मण्डले छायामार्गाश्रित याम्योत्तर दिशय ज्ञातव्यम्। तथा चाऽपराजितपृच्छायै (63, 30–32):— अथ रात्रौ ध्रुवमसाध्यं दक्षिणोत्तरम्। मण्डलोभयपक्षे च मध्ये स्थाप्यं त्रिदीपकम्॥ एकसूत्रे यदा त्रीणि दीपशिखाग्रकाणि च। पूर्वसंस्थं ध्रुवसाध्यमपरस्थं च दोषकृत्॥ शस्तं तु मीनपातैश्च पूर्वापरादिसाधनम्। विकर्णकर्णगा साध्या ध्रुवशङ्कुप्राच्युद्भवः॥

भाषा— ध्रुव तारे से ऊपर मार्कटिका नाम की दो तारिकाएँ जब भ्रमण के दौरान तारे के साथ सीधी रेखा में आएँ, तो उस ओर ही उत्तर दिशा होती है, मार्कटिका की दोनों तारिकाओं तथा अवलम्ब के एक सूत्र में होने पर अवलम्ब के पीछे कलश पर दीपक रखने से यदि दोनों एक सूत्र में दिखें तो दीपक वाली दिशा दक्षिण होगी। दिशा के लिए 32 अङ्गुल का वृत्त बनाकर उसके बीच में 12 अङ्गुल का शङ्कु रखें, जहाँ उसकी छाया वृत्त में प्रवेश करे, वहां पश्चिम और जिधर सूर्योदय हो वह पूर्व दिशा होती है। इन दोनों बिन्दुओं को मिलाने से उनके योग में की गई रेखा पूर्व-पश्चिम होगी, जबकि उत्तर-दक्षिण को मिलाने वाली रेखा याम्योत्तरा होती है।

तथा च मयमते (6, 6–13)—

शङ्कुं कृत्वा दिनादौ तु स्थापयेदात्तभूतले॥
शङ्कुद्विगुणमानेन तन्मध्ये मण्डलं लिखेत्।
पूर्वापराह्णयोश्छाया यदि तन्मण्डलान्तगा॥
तद्बिन्दुद्वयगं सूत्रं पूर्वापरदिशीष्यते।
बिन्दुद्वयान्तर भ्रान्तशफराननपुच्छगम्॥
दक्षिणोत्तरगं सूत्रमेवं सूत्रद्वयं न्यसेत्।
उदगाद्यपरान्तानि पर्यन्तानि विनिक्षिपेत्॥
सूत्राणि स्थपतिः प्राज्ञः प्रागुत्तरमुखानि च।
कन्यायां वृषभे राशावपच्छायात्र नास्ति हि॥
मेषे च मिथुने सिंहे तुलायां द्व्यङ्गुलं नयेत्।
कुलीरे वृश्चिके मत्स्ये शोधयेच्चतुरङ्गुलम्॥



ध्रुव से मार्कटिक सहित दिशा साधन की प्राचीन विधि

धनुः कुम्भे षडङ्गुल्यं मकरेऽष्टाङ्गुलं तथा।
छायाया दक्षिणे वामे नीत्वा सूत्रं प्रसारयेत्॥

मय का कहना है कि दिनारम्भ पर उक्त शङ्कु को भूमि पर स्थापित करें। मध्य में शङ्कु से दोगुना प्रमाण का वृत्त बनाएँ। उस वृत्त पर सूर्य की छाया, दोपहर से पूर्व और बाद में जिस स्थान को इङ्गित करे, उसको चिह्नित कर दिया जाना चाहिए। यदि इन दोनों ही बिन्दुओं को मिलाया जाए तो बनने वाली रेखा पूर्व-परा या पूर्व-पश्चिम होगी। उन दोनों ही बिन्दुओं के बीच मत्स्याकृति बनाई जाए तो उससे शिखा-पुच्छ या उत्तर व दक्षिण दिशा का बोध हो सकता है। इस प्रसङ्ग में पूर्व व पश्चिम के बिन्दु को केन्द्र बनाते हुए दो वृत्तों की रचना करें। यहाँ यह ज्ञातव्य है कि कन्या व वृष राशि में सूर्य के रहते अपच्छाया नहीं होती जबकि मेष, मिथुन, सिंह और तुला में अपच्छाया का प्रमाण दो अङ्गुल हो जाता है। इसी प्रकार कर्क, वृश्चिक और मीन में यह चार तथा धनु व कुम्भ राशि में सूर्य के रहते छह और मकरगत सूर्य में आठ अङ्गुल होती है। पूर्व व पश्चिम छाया में दायें व बायें उचित संशोधन करते हुए रेखा बनाकर दिशा ज्ञान करना चाहिए।

इति जीवनाथझादैवज्ञविरचिता वास्तुरत्नावल्यां दिग्ज्ञानाध्यायस्तृतीयः।

इस प्रकार जीवनाथ झा कृत 'वास्तुरत्नावली' नामक ग्रन्थ में दिशा ज्ञान नामक तृतीय अध्याय पूर्ण हुआ॥ 3॥

अथ गृहचतुर्दिक्षु द्रुमरोपण-निर्णयाध्यायः चतुर्थः ॥ 4॥

दुग्धसकण्टकाश्च

अथ सद्मनश्चतुर्दिक्षु वृक्षफलमुक्तं वास्तुराजवल्लभे (1, 28-30) —

वृक्षा दुग्धसकण्टाश्च फलिनस्त्याज्या गृहाद्दूरतः
शस्ते चम्पकपाटले च कदली जाती तथा केतकी।
यामादूर्ध्वमशेषवृक्षसुरजा छाया न शस्ता गृहे
पार्श्वे कस्य हरेरवीशपुरतो जैनानु चण्ड्याः क्वचित्॥ 1॥

वृक्षा इति। दुग्धसकण्टकाः तथा च फलिनः सफला ये वृक्षास्ते गृहात् दूरतो दूरे त्याज्याः त्यक्तुं योग्याः। चम्पकपाटले शस्ते गृहसमीपे प्रशस्ते। तथा कदली, जाती, केतकी च शस्ता। यामात् प्रहरैकादूर्ध्वमशेषवृक्षसुरजा छाया गृहे न शस्ता। कस्य ब्रह्मणः गृहस्य पार्श्वे हरेर्विष्णोः, रवीशपुरतः रविः सूर्यः, ईशः शिवस्तयोः सूर्यशिवयोः स्थानात् पुरतः अग्रे, जैनस्य मन्दिरस्यानु पश्चाद्भागे, चण्ड्याः, देव्याः मन्दिरस्य क्वचित् कुत्रचित् कस्मिन्नपि भाग इत्यर्थः। गृहनिर्माणं न शुभदम्। तथा च मण्डने— सदुग्धवृक्षा द्रविणस्य नाशं कुर्वन्ति ते कण्टकिनोऽरिभीतिम्। प्रजाविनाशं फलिनः समीपे गृहस्य वर्ज्याः कलधौतपुष्पाः॥ *(राजवल्लभ. 1, 29)*

भाषा— घर के पास दूध वाले, कांटे तथा अधिक फल वाले वृक्षों को नहीं लगाना चाहिए, ये वृक्ष दूर से ही त्याज्य जाने लेकिन चम्पा, पाटल (गुलाब), केला, जई तथा केतकी (केवड़ा) का रोपण करना चाहिए। जिस घर पर दिन के दूसरे तथा तीसरे पहर में वृक्ष या मन्दिर की छाया पड़ती हो, वह हितकारी नहीं है, लेकिन पहले व चौथे प्रहर में पड़ने वाली छाया दोषरहित है। ब्रह्मा, विष्णु, सूर्य और महादेव के मन्दिर के सामने तथा जैन मन्दिर के सम्मुख भवन निर्माण नहीं करना चाहिए। जिस स्थान पर चण्डीदेवी की स्थापना, देवी मन्दिर हो, उसके आस-पास भी घर बनाना वर्जित समझना चाहिए।

वृक्षविशेषच्छेदननिषेधः गृहसमीपे शुभवृक्षः —


दुष्टो भूतसमाश्रितोऽपि विटपी नोच्छिद्यते शक्तितः
तद्वद्बिल्वशमो त्वशोकवकुलौ पुन्नागसच्चम्पकौ।
द्राक्षापुष्पकमण्डपं च तिलकान् कृष्णां वपेद्दाडिमीं
सौम्यादेः शुभदौ कपित्थकवटावौदुम्बराश्वत्थकौ ॥ 2 ॥

दुष्ट इति। भूतसमाश्रितो दुष्टोऽपि विटपी वृक्षः शक्तितः न उच्छिद्यते। तद्वत् बिल्वशमी, अशोकबकुलौ, पुन्नागसच्चम्पकौ, द्राक्षा, पुष्पकमण्डपं पुष्पवृतां वृक्षाणां मण्डपं, तिलकान् क्षुरकान् (तिलकः क्षुरकः श्रीमानित्यमरः), कृष्णां पिप्पलीं (कृष्णोप-कुल्या वैदेही मागधी चपला कृणा। उषणा पिप्पली शौण्डी कालेत्यमरः), दाडिमीं करकां (समौ करकदाडिमावित्यमरः), वपेत् वपनं कुर्यात्। सौम्यादेरुत्तरतः सकाशात् कपित्थकवटौ कपित्थकश्च न्यग्रोध वटश्च कपित्थकवटौ दधित्यन्यग्रोधौ (कपित्थे स्युर्दधित्थग्राहिमन्मथाः इति, न्यग्रोधो बहुपाद्वट इति चामरः), औदुम्बराश्वस्थकौ औदुम्बरकुञ्जराशनौ, शुभदौ शुभदायकौ भवतः। एतदुक्तं भवति- गृहादुत्तरे कपित्थकः, पूर्वे वटः दक्षिणे औदुम्बरः पश्चिमेऽश्वत्थकः शुभद इति।


भाषा— दुष्ट तथा भूतहे वृक्षों को कभी नहीं काटना चाहिए। इसी तरह बिल्व, खेजड़ा, आशापालक, मौलेसरी, पुन्नाग व चम्पा को भी काटना वर्जित है। घर के सामने द्राक्ष-अँगूर, पुष्पदार बेल, चन्दन, पीपली, दाड़म इत्यादि का रोपण अच्छा माना गया है। इसी तरह आवास के उत्तर में कैथ, पूर्व में बड़ (बरगद), दक्षिण में उदुम्बर तथा पश्चिम दिशा में पीपल वृक्ष का आरोपण श्रेष्ठ माना गया है।

अथान्ये शुभाऽशुभवृक्षाः वास्तुप्रदीपे (31-36) —

क्षीरवृक्षा वटाश्वत्थरक्तपुष्पद्रुमास्तथा।
सकण्टका शाल्मली च प्लक्षोदुम्बरसञ्ज्ञकौ ॥ 3 ॥
अग्निकोणे सदा दुष्टा मृत्युपीडाप्रदायकाः।
पुन्नागफलिनीनिम्बदाडिमाशोकजातिकाः ॥ 4 ॥
नागकेसरकं पुष्पं जपाकुसुमकेसरे।
जयन्ती चन्दनं प्रोक्तं वचा चैवापराजिता ॥ 5 ॥
मधुबिल्वाम्रभृङ्गाश्च नागराः ककुभादिकाः।
यत्र यत्र स्थिताश्चैते नारिकेलादयः शुभाः ॥ 6 ॥
अश्वत्थकन्दं कन्दं च कदली बीजपूरकम्।
गृहे यस्य प्ररोहन्ति स गृही न प्ररोहति ॥ 7 ॥
सर्वत्र पनसः शस्तो दक्षिणे सकलाः खलाः।



राश्यानुसार वाटिका विधान


पूर्व
ईशान
आग्नेय
उत्तर
दक्षिण
वायव्य
नैत्रृत्य
पश्चिम
शुक्र
गुलर
बुध
अपामार्क
चन्द्र
पलाश
गुरु
पीपल
ग्रह-सूर्य
मदार
मंगल
खैर
केतु
कुशा
शनि
शमी
राहु
दूर्वा
9 ग्रह

नवग्रह वाटिका

क्षीरवृक्षा इति। क्षीरवृक्षा दुग्धान्वितवृक्षाः, तथा वटाश्वत्थरक्तपुष्पद्रुमाः- वटो न्यग्रोधः, अश्वत्थः, रक्तपुष्पद्रुमः ताम्रकुसुमद्रुमस्तेषां द्वन्द्वे वटाश्वत्थरक्तपुष्पद्रुमाः, सकण्टकाः कण्टकान्विताः, शाल्मकी पिच्छिला च (पिच्छिला पूरणी मो चा स्थिरायुः शाल्मलिर्द्वयोरित्यमरः), प्लक्षोदुम्बरसञ्ज्ञकौ पर्कट्युदुम्बरनामकौ (प्लक्षो जटी पर्कटी स्यादित्यमरः) एते वृक्षाः अग्निकोणे सदा सर्वदा दुष्टा मृत्युपीडाप्रदायका भवन्ति। पुन्नाग फलिनीनिम्बदाडिमाशोकजातिकाः - पुन्नागः केसरः (पुन्नागे पुरुषस्तुङ्गः केसरो देववल्लभ इत्यमरः) फलिनी प्रियङ्गुः (लता गोवन्दनी गुन्दा षियङ्गुः फलिनी फली इत्यमरः) निम्बः मन्दारः (पारिभद्रे भद्रे निम्बतरुर्मन्दारः पारिजातक इत्यमरः) दाडिम प्रसिद्धो दाडिमवृक्षः, अशोकः जातिका मालती (सुमना मालती जातिरित्यमरः) एतेषां द्वन्द्वे पुन्नागफलिनीनिम्बदाडिमाशोकजातिकाः, नागकेसरकं पुष्पं चाम्पेयपुष्पं (चाम्पेयः केसरो नागकेसर इत्यमरः) जपाकुसुमकेसरे पुष्पे, जयन्ती, चन्दनं, वचाच अपराजिता मधु-बिल्वाभ्रभृङ्गाश्च नागराः नारिकेलादयश्च यत्र यत्र ककुभादिकाः स्थिताः तत्र तत्र शुभाः भवन्ति। अश्वत्थकन्दं च कन्दं, कदली, बीजपूरकं यस्य मानवस्य गृहे प्रोहन्ति आविर्भवन्ति स गृही न प्ररोहति नोन्नति प्राप्नोति। पनसः सर्वत्र सर्वस्यां दिशि शस्तः शुभदः। दक्षिणे सकलाः वृक्षाः खला दुष्टा भवन्तिः।

भाषा— खिरनी और अन्य दूध वाले वृक्ष, बबूल आदि कण्टक वाले वृक्ष, शाल्मली (सेमर), प्लक्ष (पाकड़), उदुम्बर (गूलर) ये वृक्ष यदि मकान से अग्निकोण में स्थित रहें तो सर्वदा दुष्टफल देने वाले, पीड़ाकारी एवं मृत्यु देने वाले होते हैं। पुन्नाग, फलिनी, निम्ब, दाडिम (अनार), अशोक व आशापालक, जाती (चमेली), नागकेशर, जपा (अड़हल), केशर, जयन्ती, रक्त चन्दन, वचा, अपराजिता, मधु (महुआ), बिल्व, आम, भृङ्ग (दालचीनी), नागर और नारियल ये वृक्ष चाहे जिस दिशा में स्थित हों, शुभदायक ही होते हैं। इसके विपरीत अश्वत्थ या पीपल, कदम्ब, कदली और नीबू जिस गृह में होते हैं, वह गृहपति उन्नति नहीं करता है। कटहल का वृक्ष सभी दिशाओं में प्रशस्त होता है। अन्य मत है कि दक्षिण में सभी वृक्ष अप्रशस्त माने जाते हैं।

विशेष— ब्रह्मवैवर्त्तपुराण के कृष्णजन्मखण्ड *(अध्याय 103)* में वृक्षों की मङ्गलमयता व वर्जनीयता का वर्णन मिलता है। विश्वकर्मा से श्रीकृष्ण कहते हैं कि गृहस्थों के आश्रम में नारियल का वृक्ष धन प्रदायक होता है। वह यदि शिविर के ईशानकोण या पूर्व दिशा में हो तो पुत्रप्रद होता है। पूर्व में आम का वृक्ष हो तो वह सम्पत्ति देने वाला होता है। बेल, कटहल, जम्बीर, नीम्बू तथा बेर के वृक्ष पूर्व में होने पर सन्तानदायक, दक्षिण में धनदाता तथा सर्वत्र सम्पत्ति प्रदाने करने वाले होते हैं। इनसे गृहस्थ की उन्नति होती है। जामुन, केला और आँवला के वृक्ष पूर्व में बन्धुप्रद तथा दक्षिण में मित्रता को बढ़ाने वाले होते हैं और सर्वत्र शुभप्रद माने जाते हैं। नगर में ऐसे

वृक्ष निषिद्ध हैं जो कि जंगली प्रजाति हों। वट वृक्ष रहना अनुचित है क्योंकि उससे चोरी की आशङ्का रहती है। सेमल का पेड़ भी नगर में उचित नहीं है। इमली का वृक्ष भी उचित नहीं है। वह बुद्धि एवं विद्या का विनाशक है। खर्जूर व अन्य काँटेदार वृक्ष अनुचित है। अन्नों में चना, शाकों में लौकी, कुम्हड़ा, अलाम्बु, पलाश, कर्कटी, हल्दी, अदरक, हरितकी, आमलकी व ईख तथा वृक्षों में अशोक, सिरिस, कदम्ब को हमेशा शुभ माना गया है।

वास्तुविषयक अन्य ग्रन्थों में समराङ्गण सूत्रधार, वास्तुविद्या, मनुष्यालयचन्द्रिका, राजवल्लभ वास्तुशास्त्र, वास्तुसार मण्डनम्, मयमतम्, मानसारम्, विश्वकर्माप्रकाश, बृहत्संहिता, अपराजितपृच्छा, मानसोल्लास, शिल्पदीपक, वास्तुमञ्जरी आदि में भी इस प्रकार की अवधारणाएँ विद्यमान हैं। द्राविड़ वास्तुग्रन्थ मनुष्यालयचन्द्रिका (1, 22) में कहा गया है कि गृह की पूर्व दिशा में बकुल और वट का रोपण शुभ होता है। दक्षिण दिशा में उदुम्बर अथवा गूलर और चिञ्चा या इमली का पेड़ लगाना शुभ माना जाता है। गृह की पश्चिम दिशा में पीपल सप्तच्छद के वृक्ष शुभ माने गए हैं। उत्तर दिशा में नाग संज्ञक वृक्ष और प्लक्ष या पाकड़–पारस पीपल शुभ होते हैं और पूर्व दिशा में विशेष रूप से कटहल व सुपारी, नालिकेर और आम शुभ होते हैं।

यही मान्यता ईशानशिवगुरुदेवपद्धति की है कि न्यग्रोध, उदुम्बर, पीपल, प्लक्ष के पेड़ पूर्वादि क्रम से शुभ होते हैं। सर्वत्र केसर, आम, पुन्नाग, नाग, दाड़िम, पनस, चम्पक, पूग, श्रीफल आदि शोभित करने वाले हैं। इसी प्रकार का मत वास्तुविद्याकार *(2, 33)* का है—

क्रम	दिशा	रोपणयोग्य वृक्ष
1.	पूर्व	बकुल, बरगद और पनस
2.	दक्षिण	गूलर, इमली और सुपारी
3.	पश्चिम	पीपल और सप्तच्छद
4.	उत्तर	नाग, प्लक्ष और आम

वृक्षायुर्वेद और समराङ्गणसूत्रधार में आया है कि अपने गृह परिसर में बेर, केला, दाड़िम, बीजपूरक, नीम्बू आदि का कभी रोपण नहीं करना चाहिए। जहाँ पर इनका रोपण होता है, उस गृह में वंश नहीं फलता है—

बदरी कदली चैव डाडिमी बीजपूरिका।

प्ररोहन्ति गृहे यत्र तद् गृहं न प्ररोहति॥ *(वृक्षायुर्वेद 29, समराङ्गण. 48, 131)*

मत्स्यपुराणकार का मत है कि यदि कोई वृक्ष अशुभ हो तो उसे काटे नहीं, उसके

पास अन्य कोई शुभ वृक्ष लगा देना उचित है— न च्छिन्द्याद् यदि तानन्यानन्तरे स्थापयेच्छुभान्॥ *(मत्स्य. 255, 22)*

आजकल ग्रहवाटिका, देववाटिका और नक्षत्रवाटिकाओं का विकास भी नगरों में किया जाने लगा है। उदयपुर के प्रसिद्ध गुलाबबाग में ग्रह और नक्षत्र वाटिकाओं की स्थापना की गई है। इस प्रसङ्ग में ज्योतिष, पुराणों में अनेकत्र विवरण मिलता है। वामनपुराण में देवताओं से वृक्षों की उत्पत्ति का प्रसङ्ग मिलता है। पुराण का मत है कि आश्विन मास में विष्णु की नाभि से कमल की उत्पत्ति हुई और उसी समय अन्य देवताओं के विभिन्न अङ्गों से नाना वृक्ष जातियों का उद्भव हुआ इसीलिए इन देवताओं की प्रीति उनके वृक्षों में रहती है। *(वामन. 18, 1-10)*

वामनपुराण ने वृक्षों की उत्पत्ति की पूरी सूची दी है- कामदेव के हाथ के आगे के भाग से कदम्ब की उत्पत्ति हुई, मणिभद्र से वट, शिव के हृदय से धत्तूर, ब्रह्मा के देह के मध्य भाग से खदिर, विश्वकर्मा के देह से कण्टकी, पार्वती के करतल से कुन्द-गुल्म, गणेश के कुम्भदेश से सिन्धुवारक, यमराज के दक्षिणपार्श्व से काला गूलर, रुद्र से अडुसा, स्कन्द से बन्धुजीवा, सूर्य से पीपल, कात्यायनी से शमी, लक्ष्मी के हाथ से बिल्व, शेषनाग की पूँछ व पीठ से श्वेत-श्याम दूर्वा तथा साध्य के हृदय से हरितचन्दन का उद्भव हुआ। देववाटिका में इन वृक्षों का रोपण किया जा सकता है।

पुराणकार का मत है कि इन वृक्षों में उनके देवताओं की स्वाभाविक प्रीति रहती है। ऐसे में इन वृक्षों के रोपण से उनके देवताओं की कृपा प्राप्त की जा सकती है। अतः इन पेड़-पौधों का वाटिका आदि स्थानों पर आरोपण किया जाना चाहिए। उक्त देवताओं के व्रतार्थियों और कृपा चाहने वालों के लिए यह एक कर्तव्य से कम नहीं है। पद्मपुराण के सृष्टिखण्ड में शिव द्वारा आजगव नाम धनुष सन्धान से त्रिपुर दानव के वध के बाद पृथ्वी पर रुद्र के पसीनें के गिरने से रुद्राक्ष की उत्पत्ति की कथा दी गई है। रुद्राक्ष की चौदह प्रजातियों का विवरण भी आया है जो क्रमशः एक से लेकर चौदह मुख तक के बीज पैदा करते हैं।

पद्मपुराण में आँवले का महत्व एक कथा के साथ बताया गया है कि आँवला के सेवन से व्यक्ति की आयु बढ़ती है। उसका जल पीने से धर्म का सञ्चय होता है। उसके द्वारा स्नान करने से व्यक्ति की दरिद्रता का नाश होता है और समस्त ऐश्वर्य मिलता है। जिस घर में आंवला होता है, वहाँ पर दैत्य-दानव नहीं जाते। आंवले में विष्णु व लक्ष्मी का निवास माना गया है।

इसी पुराण में आगे शिव के मुख से कार्तिकेय के प्रति तुलसी की महिमा बताई गई है कि सब प्रकार के पत्तों और पुष्पों में तुलसी ही श्रेष्ठ मानी गई है। विष्णु ने

पूर्वकाल में सम्पूर्ण लोकों का हित करने की इच्छा से तुलसी का रोपण किया था। जहाँ तुलसी का वन (वृन्दावन) है, वहां श्रीकृष्ण का सामीप्य है। ब्रह्मा और लक्ष्मी भी वहां पर समस्त देवताओं सहित प्रतिष्ठित है। अतः तुलसी के पौधे का पूजन, ध्यान, रोपण व धारण करना चाहिए—

पूजने कीर्तने ध्याने रोपणे धारणे कलौ।
तुलसी दहते पापं स्वर्गं मोक्षं ददाति च॥
उपदेशं ददेदस्याः स्वयमाचरते पुनः।
स याति परमं स्थानं माधवस्य निकेतनम्॥ *(58, 131-132)*

ज्योतिष की मान्यता है कि वृक्षों की पूजा से नक्षत्रों की शान्ति होती है। नारद का मत ज्योतिर्निबन्धकार शूरमहाठ शिवराज और बृहद्दैवज्ञरञ्जनकार रामदीन दैवज्ञ ने उद्धृत किया है। इन ग्रन्थों के अनुसार वृक्षों की उत्पत्ति नक्षत्रों के अनुसार हुई है ऐसे में नक्षत्र दोष रहने पर उक्त वृक्ष की पूजा करने से शान्ति होती है- अरियोनिश्चारिवृक्षः पीडनीयः प्रयत्नतः। *(ज्योतिर्निबन्ध पृष्ठ 43, 73)*

नक्षत्रानुसार वृक्ष का सम्बन्ध इस प्रकार है- अश्विनी में बाँस या वीश, भरणी में फालसा, कृत्तिका में गूलर, रोहिणी में जामुन, मृगशिरा में खैर, आर्द्रा में बहेड़ा, पुनर्वसु में बाँस, पुष्य में पीपल, आश्लेषा में नागकेसर, मघा में बरगद, पूर्वा फाल्गुनी में ढाक, उत्तरा फाल्गुनी में पाकड़ या प्लक्ष, हस्त में अरीठा, चित्रा में बेल, स्वाती में अर्जुन, विशाखा में पाह या कटाय, अनुराधा में मौलसरी, ज्येष्ठा में देवदारु या अरीठा, मूल में रालका या समस्त वृक्ष, पूर्वाषाढ़ा में जामुन या जलबेंत, उत्तराषाढ़ा में कटहल, श्रावण में आक, धनिष्ठा में जटामांसी या छोंकरा, शतभिषा में कदम्ब, पूर्वा भाद्रपद में आम, उत्तरा भाद्रपद नीम या सोनपाठा और रेवती में महुआ की उत्पत्ति हुई है। ऐसे में किसी भी नक्षत्र के अशुभ होने पर उस वृक्ष की पूजा करने से वही लाभ लिया जा सकता है जो कि रत्नधारण करने से लिया जा सकता है।

इति जीवनाथझादैवज्ञविरचिता वास्तुरत्नावल्यां गृहचतुर्दिक्षु वृक्षरोपण निर्णयाध्यायश्चतुर्थः।

इस प्रकार जीवनाथ झा कृत 'वास्तुरत्नावली' नामक ग्रन्थ में गृह के चतुर्दिशाओं में वृक्षारोपण निर्णय नामक चौथा अध्याय पूर्ण हुआ॥ 4॥

अथ वास्तुपूजनविवेकाध्यायः पञ्चमः ॥ 5 ॥

तत्र वास्तुपूजादिग्विचारो वास्तुप्रदीपे (गृह. वि. 101) —

सिंहादलेः कुम्भधराद् वृषाच्च त्रिभे त्रिभेऽर्के च बुधैर्निरुक्ता।
[1]रक्षामरुच्छम्भुकृशानुदिक्षु शुभाय कर्तुः खलु वास्तुपूजा ॥ 1 ॥

व्याख्या — सिंहादित्रये सिंह कन्या च तुला रवौ सति नैर्ऋत्यकोण वास्तुपूजा कार्या। वृश्चिकादित्रये वृश्चिक धनु च मकर रवौ वायव्यकोणे वायव्यकोणे वास्तुपूजा कार्या। कुम्भादित्रये कुम्भ मीन च मेष रवौ ईशानकोणे वास्तुपूजा कार्या। वृषादित्रये वृष मिथुन च कर्क रवौ अग्निकोणे वास्तुपूजा कार्या।

भाषा— यदि सूर्य सिंह से लेकर कन्या और तुला राशिगत हो तो नैर्ऋत्य कोण में वास्तुपूजन किया जाना चाहिए। सूर्य यदि वृश्चिक, धनु और मकर राशिगत हो तो वायव्य कोण में; कुम्भ, मीन एवं मेष राशिगत हो तो ईशान कोण में और वृष, मिथुन एवं कर्क राशियों में सूर्य हो तो आग्नेय कोण में वास्तुपूजन किया जाना चाहिए।

स्पष्टार्थ चक्रम् —

क्रम	सूर्य की राशियाँ	पूजा योग्य कोण
1.	सिंह-कन्या-तुला	नैर्ऋत्य कोण
2.	वृश्चिक-धनु-मकर	वायव्य कोण
3.	कुम्भ-मीन-मेष	ईशान कोण
4.	वृष-मिथुन-कर्क	आग्नेय कोण

अथ वास्तुपुरुषस्योत्पत्ति तत्पूजाफलं चाह-वास्तुराजवल्लभेः (2, 1)—

सङ्ग्रामेऽन्धकरुद्रयोश्च पतितः स्वेदो महेशात्क्षितौ-
तस्माद्भूतमभूच्च भीतिजननं द्यावापृथिव्योर्महत्।


---

1. 'रक्षोमरुच्छम्भुकृशानदिक्षु सुखापयित्री खलु वास्तुपूजा ॥' इति पाठ।

तद्देवैः सहसा निगृह्य निहतं भूमावधोववक्त्रकं
देवानां वचनाच्च वास्तुपुरुषस्तेनैव पूज्यो बुधैः ॥ 2 ॥

सङ्ग्रामेति। अन्धकरुद्रयोः अन्धकासुरमहेशयोः, संग्रामे युद्धे, महेशात् शिवात्, क्षितौ पृथिव्यां, स्वेदो धर्मोदकम्, पतितम्। तस्मात्स्वेदात् भूतं जन्तुविशेषोऽभूत् सञ्जातः, किम्भूतं द्यावापृथिव्योः महदधिकं भीतिजननं भयकारकम्। तद्भूतं, दैवेरमरैः, सहसा निगृह्य सङ्गृह्य, भूमौ क्षितौ, अधोववक्त्रकं अधोमुखं, निहितं निक्षिसम, देवानाममराणां, वचनाद्वाक्यात्, वरदानादित्यर्थः, वास्तुपुरुषोऽभूत्। तेनैव हेतुना, बुधैः पण्डितैः, असौ पूज्यः पूजनीयः।

भाषा— प्राचीन काल में अन्धकासुर नामक राक्षस हुआ था जिसके साथ युद्ध करते समय भगवान् महादेव को पसीना आ गया। इसकी एक बूँद पृथ्वी पर गिरी तो उसमें से एक भयानक प्राणी प्रादुर्भूत हुआ। देवताओं ने मिलकर उसे औंधे मुँह पटक दिया तथा उस पर दृढ़ता से निवास किया। उस प्राणी को ही कालान्तर में वास्तुपुरुष कहा गया।



वास्तुपुरुष की स्थिति

विशेष— पुराण और साम्प्रदायिक ग्रन्थों में भी वास्तुपुरुषोत्पत्ति का कथानक मिलता है। यथा—

वास्तुपुरुषकथावस्तुसङ्क्षेपः— पुरा किल देवासुरे युद्धे विष्णुसाह्येन पराजितानां स्वशिष्याणां विजयाय सलक्षणम् छागमभिचारविधानेन जुह्वतः शुक्रस्य स्वेदाम्भःकणिकायामग्नौ पतितायां तत एको महासुरोऽतिभीषणाकारः समुदभूत्। छागाननत्वाच्छागासुर इति प्रख्यातः स चासुरसम्राट स्वपितुः शुक्रस्याज्ञया देवान् भुजबलेन विद्राव्य तदाश्रयाणां लोकानामपि महत् कदनमुपजनयन्नवर्तत। अथ शुक्रतपःप्रभावात् क्षणे-क्षणे वर्धिष्णुनामुना वीर्योत्सिक्तेन महासुरेण बहु कदर्थिता देवाः कालपर्ययात् किञ्चिदपि प्रतिकर्तुमपारयन्तो दुष्टदमनदीक्षितं भगवन्तं त्रिपुरान्तकं शरणमापुः। ततः स्वभक्तेभ्यो द्रुह्यतेऽस्मै क्रूराय क्रुध्यन् कृपानिधिर्महादेवोऽस्य प्रशमनाय स्वतृतीयनेत्रात् सर्वसंहारक्षमं प्रलयानलमुत्थाप्य तमभि प्राहिणोत्। ज्वालामालया व्याप्तदिगन्तराले तस्मिंश्च कालानले त्रिलोकीं भ्रमन्तमपि तमभिद्रुत्य दग्धुमुपस्थिते स छागासुरो भीतभीतः प्रशान्तमनाः शरणकामनया तनीयसीं तनुमाश्रित्य महेश्वरस्योदरं प्रविवेश। तेन तुष्टो भगवानप्यस्मै अभयं प्रदाय शुक्ररूपेण स्वोदरात् तं निर्गन्तुमाज्ञापयत्। तथा निर्गतत्वात् तदाप्रभृति शुक्र इति प्रथितः स भगवन्तं दण्डवत् प्रणत एव सन् क्षोणीतले वस्तुं, स्वशरीरे ब्रह्मादिका नवस्थापयितुं च वरमयाचत। *(वास्तुविद्या 4, 47)*

एक आख्यान के अनुसार पूर्वकाल में देवासुर संग्राम में विष्णु के पक्ष के देवता तब पराजित हो गए जब कि शुक्राचार्य ने अपने शिष्यों की सहायता के लिए अपने पसीने की बूँदों से छागरूपेण महान् असुर को उत्पन्न किया। वह क्षण-क्षण विस्तार ही पाता जाता था। ऐसे में देवताओं ने त्रिपुरारी शङ्कर की शरण ली और उनसे इस असुर से मुक्ति की याचना की। शङ्कर ने अपने तृतीय नेत्र को खोला जिससे वह असुर भयाक्रान्त होकर भागने लगा। कई उपायों के बाद उसे भूमितलस्थ किया गया। इसी अवसर पर ब्रह्मादि देवताओं ने उसे मानवद्वारा निर्मित भवन, प्रासाद आदि के लिए कृत वास्तुयज्ञ के दौरान बलि आदि मिलने का वरदान दिया—

तदनुसारेण भगवानपि—'वस्तुं वरं त्वया।
वृतोऽहं यत् ततो नाम्ना वास्तुकोऽसि तथास्तु ते।
वसन्तु च त्वयि प्रीताः शतानन्दादिदेवताः॥
अद्यप्रभृति भूलोके दैवं वान्यच्च मानुषम्।
कुर्वते वास्तु वासार्थं प्रथमं त्वां यजन्तु ते॥
पुष्पैश्च धूमदीपैश्च बलिभिश्च विलक्षणैः।
त्वं च त्वद्देहसंस्थाश्च पूज्याः स्युर्देवताः क्रमात्॥

एवं मयैव विहितं कुर्वतां वास्तुपूजनम्।
तदायतनवेश्मादौ वसतां सन्तु सम्पदः ॥
अकृत्वा वास्तुयजनं प्रासादभवनादिकम्।

कृतं तदासुरं सर्वं भूयात् तत्र च यत् कृतम्॥' *(ईशानशिवगुरुदेवपद्धति क्रियापाद, उत्तरार्ध 26, 117-123)* इति तस्मै वरं दत्तवान्। तच्छरीरे वस्तुं देवान् न्ययोजयच्च। तेन स महेशं प्रणत एवाद्यापि क्षोणीतले शेत इति। एषा च कथा शैवसम्प्रदायप्रवृत्तानां गुरुदेवादीनां मतमनुसृत्य विवृता। वराहमिहिरस्तु—

'किमपि किल भूतमभवद् रुन्धानं रोदसी शरीरेण।
तदमरगणेन सहसा विनिगृह्याधोमुखं न्यस्तम्॥
यत्र च येन गृहीतं विबुधेनाधिष्ठितः स तत्रैव।
तदमरमयं विधाता वास्तुनरं कल्पयामास॥' *(बृहत्संहिता 52, 2-3)*

ईशानशिवगुरुदेव के मतानुसार वास्तुपुरुष को नामाभिधान के साथ ही शिव से यह वरदान मिला था कि तुम्हारे पर शतानन्दादि देवता प्रीतिपूर्वक निवास करेंगे। तुम्हारे पर ही देवता और मनुष्य आश्रय लेंगे। वे बसने पूर्व यज्ञादि करेंगे। पुष्प, धूप, दीप, बलि आदि प्रदान करते रहेंगे। आश्रय देवताओं का क्रमानुसार पूजन करेंगे और वास्तु-पूजन कृत्य का सम्पादन करेंगे। यदि वे यह कृत नहीं करेंगे तो वहाँ पर असुरों का निवास हो जाएगा।

वराहमिहिर ने वास्तुपुरुष की उत्पत्ति की कथा इस प्रकार दी है कि पुराकाल में अपने शरीर से पृथ्वी और आकाश को ढाँक देने वाले किसी अज्ञात व्यक्ति का उद्भव हुआ। उसको देवताओं ने पकड़कर नीचे मुख करते हुए पृथ्वी पर स्थापित कर दिया। उस काल में जो देवता उसके जिस अङ्ग को ग्रहण किए हुए थे, उन्होंने उसी अङ्ग में अपना स्थायी स्थान कर लिया। उस देवमय अपरिचित व्यक्ति को ब्रह्मा ने वास्तुपुरुष की संज्ञा प्रदान की।

अथ वास्तुपुरुषपूजनमावश्यकमाह वास्तुराजवल्लभे: (2, 2) —

प्रासादे भवने तडागखनने कूपे च वाप्यां वने
जीर्णोद्धारपुरेषु यागभवनप्रारम्भनिर्वर्तने।
वास्तोः पूजनकं सुखाय कथितं पूजां विना हानये
[1]तस्माद्यत्नपरेण तत्करजतः सम्पूजनीयः सता॥ 3॥

प्रासाद इति। प्रासादे प्रासादनिर्माणे, भवने गृहनिर्माणे, तडागखनने, कूपे कूपखनने,

---

1. 'पादौ रक्षसि कं शिवेऽह्निकरयोः सन्धी च कोणद्वये॥' इति प्रकाशितपाठे।

वाप्यां वापीनिर्माणे, वने वननिर्माणे, जीर्णोद्धारपुरेषु, यागभवनप्रारम्भनिर्वर्तने यज्ञगृहारम्भावसाने, वास्तोः वास्तुपुरुषस्य, पूजनकं पूजनं, सुखायं कल्याणाय, कथितम्। पूजां विना हानये क्षत्यै भवति।

भाषा— सामान्यतः प्रासाद या देवालय, भवन, तालाब, कूप, बावली के खनन, वाटिकार्थ वृक्षारोपण, जीर्णोद्धार, नगर निवेश, यज्ञमण्डप जैसे कार्यों के प्रारम्भ और समापन पर वास्तुपूजा से सुख मिलता है और ऐसा नहीं करने से हानि उठानी पड़ती है। (यहाँ ज्ञातव्य है कि वास्तुपुरुष उलटा सोया हुआ है। उसके पाँव नैर्ऋत्य कोण में तथा दोनों तलवे संयुक्त होते हैं। सुषुप्तावस्था में वास्तुपुरुष का सिर ईशान कोण में, कोहनियाँ तथा घुटने (सन्धियाँ) अग्नि और वायव्य कोण में स्थित होती है)।

अथ वास्तुपूजने पदव्यवस्थामाह वास्तुराजवल्लभे: (2, 3) —

क्षेत्राकृतिर्वास्तुरिहार्चनीयस्त्वेकांशतो भागसहस्त्रयुक्तः।
साधारणोऽष्टाष्टपदोऽपि$_{64}$ तेषु चैकाधिकाशीतिपदस्तथैव$_{81}$ ॥ 4 ॥

क्षेत्राकृतिरिति। क्षेत्राकृतिः वास्तुः वास्तुपुरुषः इहात्रार्चनीयः पूजनीयः, क्षेत्राकृतिः कीदृश इत्यत आह-एकांशत एकांशात्, भागसहस्त्रयुक्तः सहस्त्रेण भागेन युक्तः। तेषु पूर्वप्रतिपादितेषु अष्टाष्टपदः साधारणः, तथैव चैकाधिकाशीतिपदोऽपि साधारण एवेत्यर्थः।

भाषा— वास्तुपूजन के लिए निर्धारित क्षेत्र की आकृति के अनुसार ही वास्तुपद विन्यास करना चाहिए। पूजा के लिए यह वास्तुपद एक पद से लेकर एक हजार पद पर्यंत तक की आकृति वाला बनता है। साधारणतया 64 और 81 पद के वास्तु की आकृति की पूजा करना तो आवश्यक ही है।

चतुःषष्टिपद- वास्तुचक्रम्

ईशान — पूर्व — अग्नि

शिखी / दितिः	पर्जन्यः	जयन्तः	इन्द्रः	सूर्यः	सत्यः	भृशः	अन्तरिक्षः / अनिलः
अदितिः	पर्जन्यः / अदितिः	जयन्तः	इन्द्रः	सूर्यः	सत्यः	भृशः / पूषा	पूषा
भुजगः	भुजगः	आपवत्सः / आपः	अर्यमा	अर्यमा	सविता / सावित्रः	वितथः	वितथः
सोमः	सोमः	पृथ्वीधरः	ब्रह्मा	ब्रह्मा	विवस्वान्	बृहत्क्षतः	बृहत्क्षतः
भल्लाटः	भल्लाटः	पृथ्वीधरः	ब्रह्मा	ब्रह्मा	विवस्वान्	यमः	यमः
मुख्यः	मुख्यः	रुद्रः / राजयक्ष्मा	मित्रः	मित्रः	इन्द्रः / जयन्तः	गन्धर्वः	गन्धर्वः
नागः	नागः / शेषः	असुरः	वरुणः	कुसुमदन्तः	सुग्रीवः	भृंगराजः / दौवारिकः	भृंगराजः
रोगः / पापयक्ष्मा	शेषः	असुरः	वरुणः	कुसुमदन्तः	सुग्रीव	दौवारिकः	मृगः / पितरः

उत्तर (बाएँ) — दक्षिण (दाएँ)

वायव्य — पश्चिम — नैर्ऋत्य

तत्र विशेषमाह कस्मिन् कर्मणि कीदृशो वास्तुपुरुषः पूजनम् (2, 4)—

ग्रामे भूपतिमन्दिरे च नगरे पूज्यश्चतुष्षष्टिकै-
रेकाशीतिपदैः समस्तभवने जीर्ण नवाब्ध्यंशकैः।
प्रासादे तु शतांशकैस्तु सकले पूज्यस्तथा मण्डपे
कूपे षण्णवचन्द्रभागसहिते वाप्यां तडागे वने॥ 5॥

व्याख्या— ग्रामे, राजमन्दिरे, नगरनिर्माणे, चतुषष्टिकैः पदैर्वास्तुपुरुषः पूज्यः। एकाशीतिपदैः समस्तभवने। नृपादिसाधारणपुरुषाणां भवनारम्भे वास्तुपुरुषः एकाशीतिपदैः पूज्यः। जीर्णगृहे जीर्णोद्धारे क्रियमाणे एकोनपञ्चाशदंशकैः पूज्यः। प्रासादारम्भे शतांशकैः पूज्यः। सकलेऽपि शतांशकैः पूज्य इति।

भाषा— नियम यह है कि ग्राम स्थापना करने पर, राजमहल निर्माणावसर और नगर निवेश के अवसर पर 64 पद के वास्तुपूजन का विधान है। इसी तरह सभी प्रकार के गृह के लिए 81 पद वास्तु, जीर्णोद्धार के प्रसङ्ग में 49, मन्दिर–मण्डप के लिए 100 तथा कुएँ, तालाब व वन–उद्यान के निर्माण प्रसङ्ग में 196 पद के वास्तु का पूजन करना चाहिए।

अथ वास्तुपुरुषाङ्गेषु पूज्यदेवा उक्ता वास्तुराजवल्लभे (2, 5-6) —

ईशो मूर्ध्नि समाश्रितः श्रवणयोः पर्य्यन्यनामादिती
आपस्तस्य गले तदंशयुगले प्रोक्तौ जयश्चादितिः।
उक्तावर्यमभूधरौ स्तनयुगे स्यादापवत्सो हृदि
पञ्चेन्द्रादिसुराश्च दक्षिणभुजे वामे च नागादयः॥ 6॥
सावित्रः सविता च दक्षिणकरे वामे द्वयं रुद्रतो
मृत्युमत्रगणस्तथोरुविषये स्थान्नाभिपृष्ठे विधिः।
मेढ्रे शक्रययौ च जानुयुगले तौ वह्निरोगौ स्मृतौ
पूषा नन्दिगणादिसप्त विबुधा गुल्फे पदे पैतृकाः॥ 7॥

ईश इति। तस्य वास्तुपुरुषस्य, मूर्ध्नि शिरसि, ईशो महादेवः, श्रवणयोः कर्णयोः पर्यन्यनामादिती स्थाप्ये, एकत्र पर्य्यन्यनामा देवः अपरत्र दितिः स्थाप्या। गले आपः स्थाप्याः। तदंशयुगले तस्यांशद्वये जयोऽदितिश्चस्थाप्यो। स्तनयुगे स्तनद्वये, अर्यमभूधरौ स्थाप्यो। आपवत्सः हृदि हृदये। इन्द्रादिपञ्चसुरा दक्षिणभुजे स्थाप्याः। वामे भुजे च नागादयः स्थाप्याः। दक्षिणकरे सावित्रः सविता च स्थाप्यः। वामे करे रुद्रतो द्वयं स्थाप्यम्। तथा ऊरुविषये मृत्युः मैत्रगणश्च स्थाप्यौ। नाभिपृष्ठे विधिः स्यात्। मेढ्रे शक्रजयौ स्थाप्यौ। जानुयुगले तौ वह्नि रोगौ स्मृतौ। गुल्फे पूषानन्दिगणादिसप्तविबुधाः स्थप्याः। पदे पैतृकाः स्थाप्याः।

भाषा— वास्तुपुरुष के सिर पर ईश की स्थिति होती है और दोनों कर्णों पर पर्जन्य, गले में आपदेव, दोनों कन्धों पर जय एवं अदिति, दोनों स्तनों पर अर्यमा व भूधर, हृदय पर आपवत्स, दायीं भुजा पर इन्द्र सहित पाँच देव, बायीं भुजा पर नाग सहित पाँच देव, दायें हाथ पर कोहनी तक सावित्र और सविता, बायें हाथ पर रुद्र व रुद्रदास, उरु पर मृत्यु व मैत्रगण, नाभि के पृष्ठ भाग पर कमर से थोड़ा ऊपर (चूंकि वास्तुपुरुष उल्टा सोया है) ब्रह्मा, उपस्थ पर इन्द्र तथा जय, दोनों जानुओं में अग्नि एवं रोग का, दोनों गुल्फों पर पूषा एवं नन्दी गणादि सात देव तथा एड़ियों पर पितृदेव की स्थापना की जानी चाहिए।

अथैकाशीतिपदस्य प्राशस्त्यात्तदुद्धारपूर्वकं पूज्यदेवतास्तत्रैवोक्ता: (2, 7-12)-

ईशस्तु पर्जन्यजयेन्द्रसूर्य्याः सत्यो भृशाकाशक एव पूर्वे।
वह्निश्च पूषा वितथाभिधानो गृहर्क्षकः प्रेतपतिः क्रमेण॥ 8॥
गन्धर्वभृङ्गौ पितृमातृसञ्ज्ञौ द्वारस्थसुग्रीवकपुष्पदन्ताः।
जलाधिनाथोऽप्यसुरश्च शेषः सपापयक्ष्मापि च रोगनाशौ॥ 9॥
मुखश्च भल्लाटकुबेरशैलास्तथैव बाह्ये ह्यदितिर्दितिश्च।
द्वात्रिंशदेवं क्रमतोऽर्चनीयास्त्रयोदशैवं त्रिदशाश्च मध्ये॥ 10॥
प्रागर्यमा दक्षिणतो विवस्वान् मैत्रोऽपरे सौम्यदिशो विभागे।
पृथ्वी-रोऽर्च्यस्त्वथ मध्यतोऽपि ब्रह्मार्चनीयः सकलेषु नूनम्॥ 11॥
आपापवत्सौ शिवकोणमध्ये सावित्रकोऽग्नौ सविता तथैव।
कोणे महेन्द्रोऽथ जयस्तृतीये रुद्रोऽनिलेऽर्च्योऽप्यथ रुद्रदासः॥ 12॥
ईशानबाह्ये चरकी द्वितीये विदारिका पूतनिका तृतीये।
पापाभिधा मारुतकोणके तु पूज्याः सुरा उक्तविधानतस्तु॥ 13॥

ईशस्त्विति। पूर्वे पूर्वस्यां दिशि ईशस्तु पर्जन्यजयेन्द्रसूर्याः सत्योभृशाकाशकः एव निश्चयेनार्चनीयः। दक्षिणे वह्निरग्निश्च पूषावितथाभिधानः गृहक्षतः प्रेतपतिः गन्धर्वभृङ्गो मृगपितृसंज्ञौ क्रमेणार्चनीयौ। पश्चिमे द्वारस्थसुग्रीवकपुष्पदन्ताः जलाधिनाथः असुरश्च शेषः सपापयक्ष्मा च रोगनागौ समर्चनीयौ। उत्तरे मुख्यश्च भल्लाटकुबेरशैला अर्चनीयाः। वाह्येऽदितिर्दितिश्चार्चनीया। एवं द्वात्रिंशद्देवाः क्रमतोऽर्चनीयाः। एवं त्रयोदश त्रिदशा मध्येऽर्चनीयाः।

प्रागर्यमा पूर्वस्यां दिशि अर्यमा, दक्षिणतो दक्षिणे विवस्वान् सूर्यः अपरे पश्चिमे मैत्रः सौम्यदिशो विभागे उत्तरदिशि पृथ्वीधरः अर्च्यः। सकलेषु कोष्ठेषु मध्ये नूनं निश्चयेन ब्रह्मा अर्चनीयः।

शिवकोणमध्ये ईशानकोणमध्ये आपापवत्सौ, अग्नौ अग्निकोणे, तथैव सावित्रकः

सविता, तृतीये कोणे नैर्ऋत्यकोणे महेन्द्रोऽथ जयः, अनिले वायव्यकोणे रुद्रः अथ रुद्रदासः अर्च्यः।

ईशानबाह्ये चरकी, द्वितीयेऽग्निकोणे विदारिका, तृतीये नैर्ऋत्यकोणे पूतनिकामारुतकोणके वायुकोणे पापाभिधा उक्तविधानतः सुराः पूज्याः।

भाषा— इस प्रकार पूर्वादि क्रम से ईशान कोण में ईश की पूजा करनी चाहिए जबकि इस कोण तथा पूर्व दिशा के बीच सात वर्गों में पर्जन्य, जय, इन्द्र, सूर्य, भृश व आकाश की पूजा होगी। अग्नि कोण में अग्नि की, दक्षिण के बीच के सात वर्गों में पूषा, वितथ, गृहक्षत, यम, गन्धर्व, भृङ्ग व मृग की पूजा करें। इसी तरह नैर्ऋत्य कोण में पितृदेव की तथा इसके व पश्चिम के बीच सात वर्गों में नन्दी या दौवारिक, सुग्रीव, पुष्पदन्त, वरुण, असुर, शोष व पापयक्ष्मा की पूजा एवं वायव्य कोण में रोग व इस कोण तथा उत्तर दिशा के सात वर्गों में नाग, मुख्य, भल्लाट, कुबेर, शैल, अदिति एवं दिति देवों की स्थापना कर पूजना चाहिए। इसी क्रम में उक्त 32 देवों की बाहर के वर्गों में तथा 13 देवों के मध्य के वर्गों में पूजा करनी चाहिए। ऊपर के वर्गों से नीचे के वर्गों की पूर्व दिशा में अर्यमा, दक्षिण में सूर्य, पश्चिम में मैत्र व उत्तर में भूधर के बाद अन्य सभी वर्गों में ब्रह्मा की पूजा करनी चाहिए। ईशान कोण में आप तथा आपवत्स, अग्नि कोण में सावित्र तथा सविता, नैर्ऋत्य कोण में इन्द्र और जय एवं वायव्य कोण में रुद्र, रुद्रदास की पूजा करनी चाहिए। उक्त क्रम से वास्तुमण्डल के बाहर ईशान कोण में चरकी, अग्निकोण में विदारिका, नैर्ऋत्य में पूतना और वायव्य कोण में पाप नामक देव की पूजा करनी चाहिए।

एकाशीति-पद-वास्तु-चक्रम्

ईशान — पूर्व — अग्नि

उत्तर (बाएँ) — दक्षिण (दाएँ)

शिखी	पर्जन्यः	जयन्तः	इन्द्रः	सूर्यः	सत्यः	भृशः	अन्तरिक्षः	अनिलः
दितिः	आपः	जयन्तः	इन्द्रः	सूर्यः	सत्यः	भृशः	सावित्रः	पूषा
अदितिः	अदितिः	आपवत्सः	अर्यमा	अर्यमा	अर्यमा	सविता	वितथः	वितथः
भुजगः	भुजगः	पृथ्वीधरः	ब्रह्मा	ब्रह्मा	ब्रह्मा	विवस्वान्	बृहत्क्षतः	बृहत्क्षतः
सोमः	सोमः	पृथ्वीधरः	ब्रह्मा	ब्रह्मा	ब्रह्मा	विवस्वान्	यमः	यमः
भल्लाटः	भल्लाटः	पृथ्वीधरः	ब्रह्मा	ब्रह्मा	ब्रह्मा	विवस्वान्	गन्धर्वः	गन्धर्वः
मुख्यः	मुख्यः	राजयक्ष्मा	मित्रः	मित्रः	मित्रः	इन्द्रः	भृंगराजः	भृंगराजः
नागः	रुद्रः	शोषः	असुरः	वरुणः	कुसुमदन्तः	सुग्रीवः	जयः	मृगः
रोगः	पापयक्ष्मा	शोषः	असुरः	वरुणः	कुसुमदन्तः	सुग्रीवः	दौवारिकः	पितरः

वायव्य — पश्चिम — नैर्ऋत्य

इत्यमनन्तर प्रसङ्गात् वास्तुदेवतानिघण्टुमाह (अराजित. 56 1-17)—

निघण्टुः प्रोच्यते नानावास्तुपदनिवासिनाम्।

ईशादीनां च देवानां प्रदक्षिणमनुक्रमम्॥

विश्वकर्मा ने वास्तुपदों के निवासी नाना देवताओं के वास्तुपद के निवास को ईशादि देवताओं के प्रदक्षिणा क्रम से निघण्टु के रूप में बताया है।

ईशश्च शङ्करो देवः पर्जन्यो वृष्टिकारकः।

जयन्तः काश्यपो देवः स्वयं वृष्टिकरो मुनिः॥

(निघण्टु के अनुसार) ईश शङ्कर देव है; पर्जन्य वृष्टिकारक देव है; जयन्त काश्यपदेव भी स्वयं वृष्टिकर्ता मुनि है।

महेन्द्रश्च सुराधीश आदित्यश्च प्रभाकरः।

सत्यश्चैव स्वयं धर्मो भृशो मन्मथ उच्यते॥

महेन्द्र सुराधीश इन्द्र है और आदित्य प्रभाकर (सूर्य) है; सत्य तो स्वयं धर्मराज ही है तथा भृश को मन्मथ कामदेव कहते है।

नमोऽन्तरीक्ष आकाशमग्निस्तेजः समुद्भवः।

पूषा मातृगणाश्चैव चाधर्मो वितथाभिधः॥

नम, अन्तरिक्ष, आकाश तथा अग्नि को तेज समुद्भव भी कहते है; पूषा को मातृगण और अधर्म को वितथ नाम दिया गया है।

गृहक्षतो बुधश्चैव यमः प्रेताधिपस्तथा।

गन्धर्वो नारदः प्रोक्तो भृङ्गीराण् निर्ऋतेः सुतः॥

गृहक्षत को बुध तथा यम को प्रेतों का राजा या प्रेताधिप भी कहते है; गन्धर्व को नारद व भृङ्गिराट् को निर्ऋति सुत कहा है।

मृगोऽनन्तः स्वभूर्धर्मो विश्वेदेवास्तु पितरः।

दौवारिको भवेन्नन्दी सुग्रीवो मनुदेवता॥

मृग को अनन्त; स्वभूः को धर्म; विश्वदेवों को पितर, दौवारिक को नन्दी, सुग्रीव को मनु देवता कहा है।

महाजवः पुष्पदन्तो वरुणः सलिलाधिपः।

असुरो राहुराख्यातः शोषः सौरिः शनिश्चरः॥

महाजव को पुष्पदन्त; वरुण को सलिलाधिप तथा असुर को राहु कहा है और शोष को सौरि या शनिश्चर भी कहते है।

पापयक्ष्मा क्षयः प्रोक्तो ज्वरो रोगश्च दूषकः।

नागस्तु वासुकिः प्रोक्तो मुख्यस्त्वष्टा च विश्वकृत्॥

पापयक्ष्मा को क्षय; ज्वर को रोगदूषक, नाग को वासुकी और मुख्य त्वष्टा को विश्वकृत कहा गया है।

भल्लाटश्चन्द्र इत्युक्तः सोमश्चैव कुबेरकः।

गिरिश्च हिमवान् शैलो ह्यदितिः श्रीः प्रकीर्तिता॥

भल्लाट को चन्द्र कहा है और सोम को कुबेर बताया गया है; गिरि को हिमवानशैल तथा अदिति को श्री के रूप में जानना चाहिए।

वृषध्वजो दितिः शर्व आपश्चैव धरार्णवः।

आपवत्स उमापत्यं ह्यर्यमा स्यात्तु भास्करः॥

दिति को वृषध्वज शर्व, आप को पृथ्वीपर का सागर कहा है; आपवत्स को उमापति और अर्यमा को भास्कर सूर्य कहा है।

सविता जाह्नवी गङ्गा सावित्री वेदमातृका।

विवस्वांस्तु भवेन्मृत्युरिन्द्र उक्तोऽमराधिपः॥

सविता को जाह्नवी, गङ्गा और सावित्री को वेदमाता तथा विवस्वान को मृत्यु कहा है। इन्द्र को अमरों (देवताओं) का राजा अमराधिप कहा है।

कालानल इन्द्रजयो मित्रश्च बलभद्रकः।

रुद्रं तथेश्वरं विद्याद्रुद्रदासस्तदात्मजः॥

कालानल को इन्द्रजय; मित्र को बलभद्रक; रुद्र को ईश्वर जानो और रुद्रदास को रुद्र का पुत्र समझना चाहिए।

पृथ्वीधरो भवेत् विष्णुर्हेमगर्भः पितामहः।

द्वादश$_{12}$ ब्रह्मपरिधौ द्वात्रिंशद्$_{32}$ बाह्यतस्ततः॥

पृथ्वीधर को विष्णु और हेमगर्भ को पितामह ब्रह्मा समझो। ये द्वादश तो ब्रह्मा की परिधि पर और बत्तीस परिधि के बाहर रहते हैं।

चरकी च विदारी च पूतना पापराक्षसी।

पिलिपिच्छा तथा जृम्भा स्कन्दार्यमा दिशां प्रति॥

चरकी, विदारी, पूतना, पापराक्षसी, पिलिपिच्छा तथा जृम्भा, स्कन्द, अर्यमा, दिशा के प्रति,

विदिक्षु दिक्षु संस्थाने ह्यष्टौ कुर्याच्च शासनीः।

आसां पदविधिर्नास्ति पूजां गृह्णन्ति केवलम्॥

विदिशा और दिशा के संस्थानों में— ये आठों ही शासन करते है। इनकी कोई पद विधि (इसके अतिरिक्त) नहीं है; ये केवल पूजा ही ग्रहण करते हैं।

इत्येवं च समाख्याता देवतानामनुक्रमात्।

निघण्टुपरिभाषाश्च वास्तुवेदसमुद्भवाः॥

इतने में ही सब देवताओं के अनुक्रम से निघण्टु परिभाषा वास्तुवेद से समुद्भव होने वाली के बारे में कह दिया गया है।

एतान् वास्तुपुरुषस्य अङ्गपदेनदेवताः।[1]

यह समस्त वास्तुपुरुष के अङ्गीय पदों पर स्थापनीय देवताओं का रहस्य है।


अथ प्रसङ्गादेकाशीतिपदस्य क्षेत्रस्य विभागप्रदर्शनार्थमाह (बृहत्संहिता 53, 42)—

एकाशीतिविभागे दश दश पूर्वोत्तरायता रेखाः।

अन्तस्त्रयोदशसुरा द्वात्रिंशद्वाह्यकोष्ठस्थाः॥ 14॥

एकाशीतिविभागेति। एकाशीति 81 विभागार्थे पूर्व-पराश्च उत्तरयाम्ये दश दश रेखा पातनम्। अस्य अन्तस्थले त्रयोदश देवा च बाह्यकोष्ठके द्वात्रिंशद्देवा स्थापेति अस्यार्थः।

भाषा— इक्यासी पदवास्तु की रचना के लिए पूर्व से पश्चिम तथा दक्षिण से उत्तर की ओर दस-दस रेखाएँ खींचे। इसी प्रकार से अन्दर 81 कोष्ठक हो जाएँगे। इस पद विन्यास में भीतर तेरह और बाहर की ओर बत्तीस देवताओं की स्थिति होगी।



वास्तुपद देवता

विशेष — वास्तुशास्त्रों में मय ने बत्तीस वास्तुपदों का उल्लेख किया है। वास्तु उपयोगी पदों में क्रमशः 1. सकल पद विन्यास, 2. पेचक, 3. पीठ, 4. महापीठ, 5. उपपीठ, 6. उग्रपीठ, 7. चण्डित (स्थण्डिल का नाम), 8. मण्डूक, 9. परमशायिक, 10. आसन, 11. स्थानीय, 12. देशीय, 13. उभयचण्डित, 14. भद्र महासन, 15. पद्मगर्भ, 16. त्रियुत, 17. व्रतभोग, 18. कर्णाष्टक, 19. गणित, 20. सूर्य विशालक, 21. सुसंहित, 22. सुप्रतिकान्त, 23. विशाल, 24. विप्रगर्भ, 25. विश्वेश, 26. विपुलभोग, 27. विप्रतिकान्त, 28. विशालाक्ष, 29. विप्रभक्ति, 30. विश्वेशसार, 31. ईश्वरकान्त और 32. इन्द्रकान्त पद विन्यास कहा गया है—

सकलं पेचकं पीठं महापीठमतः परम्॥
उपपीठमुग्रपीठं स्थण्डिलं नाम चण्डितम्।
मण्डूकपदकं चैव पदं परमशायिकम्॥
तथासनं च स्थानीयं देशीयोभयचण्डितम्।
भद्रं महासनं पद्मगर्भं च त्रियुतं पदम्॥
व्रतभोगपदं चैव कर्णाष्टकपदं तथा।
गणितं पादमित्युक्तं पदं सूर्यविशालकम्॥
सुसंहितपदं चैव सुप्रतीकान्तमेव च।
विशालं विप्रगर्भं च विश्वेशं च ततः परम्॥
तथा विपुलभोगं च पदं विप्रतिकान्तकम्।

---

1. तथा च समराङ्गणसूत्रधारे—
सर्वेष्वेव वास्तुषु उत्सर्गापवादरूपेण विविधा व्याख्या च भवति। तथा च यात्राप्रकारे प्राच्यादिषु सप्त सप्त नक्षत्राण्यभिधाय पुनः सर्वद्वारिकसंज्ञक नक्षत्रचतुष्टयमाह। एवमत्रापि। तस्माददोष इति।

स्वयमुद्घाटित आत्मनैवोद्घाटिते द्वारकपाटे उन्मादश्चित्तस्य भवति। स्वयं पिहिते निपीडिते कुलस्य वंशस्य विनाशः स्वयं भवति। मानाधिके उक्त स्वप्रमाणादभ्यधिके द्वारे नृपभयं राजभीतिर्भवति। नीचे प्रमाणाल्पे दस्युभयं चौर भीतिर्व्यसनं दुःखं च भवति॥

द्वारस्योपरि यद्द्वारं तत् शिवाय न श्रेयसे भवति। यच्च सङ्कटं पृथुत्वेनाल्पं तच्च न शिवायैव भवति। आख्यात्तमतिविपुलं मुरजाकारं द्वारंक्षुद्भयं ददाति। कुब्जमस्पष्टं द्वारं कुलनाशनं वंशक्षयावह भवति॥

अतिपीडितमुदुम्बरेणातिपीडितं द्वारं गृहस्वामिनः पीडां करोति। अन्तर्गृहाभ्यन्तरे विनतं द्वारमभावाय मरणाय स्वामिनो भवति। बाह्यविनते बहिर्गते द्वारे प्रवासो भवत्यन्तदेशनिवासः। दिग्भ्रान्ते दिक्स्थ अन्यां दिशं प्रेक्ष्यमाणे दस्युभिश्चौरैः पीडा भवति॥

भाषा— यदि गृह का द्वार मार्ग से विद्ध हो तो गृहस्वामी का विनाश होता है। वृक्ष से विद्ध हो तो बालकों में दोष होता है। यदि द्वार के सामने कीचड़ जमा रहता हो तो शोक होता है। जलोत्थान यन्त्र या रहट, पानी का नाला आदि घर के सामने हो तो व्यर्थ-व्यय बढ़ जाता है।

जलस्रोत और कूप से विद्ध हो तो गृहपति को अपस्मार या मिरगी हो जाता है। यदि कोई देवालय या देवस्थान हो तो कर्ता का विनाश होता है। यदि स्तम्भ हो तो स्त्रियों की दुश्शीलता और ब्रह्मा के सम्मुख[1] होने पर कुल का विनाश हो जाता है।

जिस गृह का द्वार बिना खोले ही खुल जाता हो, उसमें निवास करने वाले को उन्माद हो होता है। अपने आप द्वार यदि बन्द हो जाता हो तो कुल का नाश जानना चाहिए। यदि द्वार निश्चित मान से अधिक बड़ा हो जाए तो राजा से भय एवं कम प्रमाण

---

1. ननु ब्रह्मवेधो कुलनाशः इत्युक्तं तत्र सन्देहः। किं वास्तुपदविन्यस्तब्रह्मपदवेधो, गृहबहिर्भूतब्रह्मप्रतिमावेधाद्वेति स्पष्टं नावगम्यते। उच्यते। अविशेषादुभयविधस्य ब्रह्मणो वेधो दुष्टफल इह गृह्यते।

का हो तो चोर-तस्करों से भय एवं अनिष्ट होता है।

यदि गृह के एक द्वार के ऊपर दूसरे खण्ड का द्वार बने तो उससे शुभ नहीं होता बल्कि सङ्कट ही होता है। कपाट यदि मोटा या पतला हो जाए तो गृहस्वामी भूख से व्याकुल होता है और यदि द्वार टेढ़ा हो जाए तो कुल का नाश होता है।

द्वार पर यदि जोड़ लगने से द्वार भारग्रस्त हो जाए, तो गृहकर्ता को पीड़ाप्रद होता है। किंवाड़ गृह के भीतर लटका हो तो गृहस्वामी के अभाव का कारण सिद्ध होता है जबकि बाहर की ओर झुका हुआ हो तो उसका प्रवास रहता है। यदि द्वार की दिशा का सम्यक् ज्ञान नहीं हो तो वहाँ दस्यु-डाकुओं का उत्पात बना रहता है।

उक्तञ्च वराहेण (75, 82) —

पुरभवनग्रामाणां ये कोणास्तेषु निवसतां दोषाः।
श्वपचादयोऽन्त्यजाद्यास्तेष्वेव विवृद्धिमायान्ति॥ 21॥

पुरभवनग्रामाणामिति। पुरञ्च भवनं च ग्रामश्च पुरभवनग्रामास्तेषां पुरभवनग्रामाणां ये कोणास्तेषु निवसतां निवासकर्तॄणां जनानां दोषाः भवन्ति। परञ्च तेष्वेव श्वपचादयोऽन्त्यजाद्याः निवसन्तः विवृद्धिं धनपुत्रादिविवृद्धिं आयान्ति प्राप्नुन्ति।

भाषा— किसी नगर या पुर, भवन एवं ग्राम के कोणों में जो निवास करते हैं, उनको दोष (पीड़ा, कष्ट) उठाना पंड़ता है किन्तु श्वपच आदि अन्त्यज, सङ्कर जाति वालों का कोणों में निवास करना उनके लिए वृद्धिकारक होता है।

विशेष— कोणों से यहाँ आशय गृह के बाहर ईशान, आग्नेय, नैर्ऋत्य एवं वायव्य कोणों से हैं। इन कोणों में क्रमशः चरकी, विदारिका, पूतना एवं पापराक्षसी की स्थिति कही गई है। वराह के इस मत की पुष्टि में उत्पलभट्ट ने ये श्लोक उद्धृत करते हुए कहा हैं कि इनके साथ ही स्कन्द, अर्यमा, जम्बुक एवं पिलिपिञ्ज भी क्रमशः होते हैं— ऐशान्यादिषु कोणेषु संस्थिता बाह्यतो गृहस्यैताः। चरकी विदारिनामाथ पूतना राक्षसी चेति॥ ऐशान्या चरकी प्रोक्ता स्कन्दः प्राग्भागसंस्थितः। होताशन्यां विदारी च याम्यां चैवार्यमा स्थितः। पूतना नैर्ऋते ज्ञेया जम्बुकः पश्चिमे स्थितः। राक्षसी चानिले कोणे पिलिपिञ्जस्तथोत्तरे॥ *(सविवृत्तिबृहत्संहिता 52, 81-82)*

इति जीवनाथझादैवज्ञविरचिता वास्तुरत्नावल्यां गृहद्वारनिर्णयाऽध्यायः सप्तमः॥ 7॥

इस प्रकार जीवनाथ झा कृत 'वास्तुरत्नावली' नामक ग्रन्थ में गृह के लिए द्वार-निर्णय नामक सातवाँ अध्याय पूर्ण हुआ॥ 7॥

अथ स्तम्भरोपणनिर्णयाध्यायः अष्टमः ॥ ८ ॥

तत्र गृहस्याग्निकोण स्तम्भरोपणमाह शार्ङ्गधरः (ज्योतिर्निबन्ध 168, 2) —

प्रासादेषु च हर्म्येषु गृहेष्वन्येषु सर्वदा।
आग्नेय्यां प्रथमं स्तम्भं स्थापयेत्तद्विधानतः ॥ 1 ॥

प्रासादेष्विति। प्रासादेषु देवभूभुजां गृहेषु, हर्म्येषु धनिनां वासेषु, अन्येषु गृहेष्वपि सर्वदा सततं आग्नेय्यामग्निकोणे विधानतः विधिपूर्वकं प्रथमं स्तम्भं स्थापयेत्।

भाषा— प्रासाद (देवालय या राजमहल), हर्म्य (हवेली या दीर्घ भवन) और सामान्य भवनों के लिए प्रथमतः अग्निकोण में स्थापित किया जाना अपेक्षित है। इसके बाद दक्षिणावर्त स्तम्भों को स्थापन के नियमों (विधान) से स्थापित करे।

शिलान्यासस्तम्भद्वारन्यासश्च वराहमिहिरोऽप्याह (53, 110-111) —

दक्षिणपूर्वे कोणे कृत्वा पूजां शिलां न्यसेत्प्रथमाम्।
शेषाः प्रदक्षिणेन स्तम्भाश्चैवं समुत्थाप्याः ॥ 2 ॥
छत्रस्रग्गन्धयुतः कृतधूपविलेपनः समुत्थाप्यः।
स्तम्भस्तथैव कार्यो द्वारोच्छ्रायः प्रयत्नेन॥ 3 ॥

दक्षिणेति। दक्षिणपूर्वे कोणे आग्नेयदिशि छत्रस्रग्गन्धयुतः स्रग्गन्धूपाम्बरोपहार-हिरण्यमधुमांसादिभिः पूजामर्चां कृत्वा प्रथमामादौ शिलां न्यसेत् स्थापयेत्। शेषाः अन्याः शिलाः प्रदक्षिणेन न्यास्याः। अत्रैतदुक्तं भवति—प्राग्दक्षिणास्यां दिशि शिलान्यासं कृत्वा, ततो दक्षिणस्याम्, ततो नैर्ऋत्याम्, ततः पश्चिमायाम्, ततो वायव्याम्, तत उत्तरस्याम्, तत ऐशान्याम्, ततः पूर्वस्यां दिशि शिलान्यासं कुर्यादिति। अत्र केचित् 'उत्तरपूर्वे कोणे कृत्वा पूजां शिलां न्यसेत् प्रथमाम्' इति वदन्ति। उत्तरपूर्वे चैशानकोणे प्रथमं शिलान्यासं कृत्वा ततः शेषाः प्रदक्षिणेन प्रदक्षिणक्रमेण न्यास्या इत्येतल्लोके स्थपतिषु दृश्यत इति। स्तम्भाश्चैवं समुत्थाप्याः। एवमनेनैव प्रकारेण स्तम्भाः समुत्थाप्याः। यथा शिलान्यासः कृतस्तथा स्तम्भानामुत्थापनं कार्यमिति।

भाषा— पहले दक्षिण-पूर्व कोण में पूजा करें और शिला रखे। तत्पश्चात् दाहिनी

ओर से शेष शिलाओं को रखे। इसी क्रम से स्तम्भों को भी खड़ा करना चाहिए। स्तम्भ को सदा छत्र, माला एवं वस्त्र से युक्त, धूप और चन्दन आदि का विलेपन करके ही खड़ा करना चाहिए। इसी विधि से द्वार को भी प्रयत्नपूर्वक खड़ा करने का प्रयास करना चाहिए।

विशेष— भट्टोत्पल ने बृहत्संहिता की विवृत्ति में शिलान्यास की विधि सहित शङ्कु, स्तम्भादि आरोपण के सम्बन्ध में विस्तार से श्लोक उद्धृत किए हैं। शिलान्यास ही आजकल विशेष रूप से प्रचलित है, भवन निर्माणावसर पर स्तम्भारोपण पूर्वकाल में प्रचलित था।

तथा च ब्रह्मशम्भुः (ज्योतिर्निबन्ध 168, 1) —

सूत्रभित्तिशिलान्यासः स्तम्भस्याऽऽरोपणं सदा।
पूर्वदक्षिणयोर्मध्ये कुर्यादित्याह कश्यपः॥ 4॥

सूत्र इति। सूत्रभित्तिशिलान्यासः सूत्रस्य भित्तेः शिलायाश्च न्यासः, तथा स्तम्भस्य आरोपणं, पूर्वहदक्षिणयोर्मध्ये अग्निकोणे, कुर्यादिति कश्यपः कश्यपमुनिराह।

भाषा— (ब्रह्मशम्भुपद्धति में कहा गया है कि) सूत्र, भित्ति, शिलान्यास, स्तम्भ की स्थापना प्रथमः दक्षिण-पूर्व (आग्नेय कोण) में ही करनी चाहिए, ऐसा कश्यप का मत है।

इति जीवनाथझादैवज्ञविरचिता वास्तुरत्नावल्यां स्तम्भरोपणनिर्णयाध्यायो-ऽष्टमः।

इस प्रकार जीवनाथ झा कृत 'वास्तुरत्नावली' नामक ग्रन्थ में स्तम्भरोपण निर्णय नामक आठवाँ अध्याय पूर्ण हुआ॥ 8॥

अथ वास्तुनिर्णयाध्यायः नवमः ॥ 9 ॥

तत्र गृहारम्भे मासफलमुक्तं वास्तुराजवल्लभे (1, 17) —

चैत्रे शोककरं गृहादिरचितं स्यान्माधवेऽर्थप्रदम्
ज्येष्ठे मृत्युकरं शुचौ पशुहरं तद्वृद्धिदं श्रावणे।
शून्यं भाद्रपदे त्विषे कलिकरं भृत्यक्षयं कार्तिके
धान्यं मार्गसहस्ययोर्दहनभीर्माघे श्रियं फाल्गुने॥ 1 ॥

चैत्र इति। चैत्रे चैत्रसञ्ज्ञया प्रसिद्धमासे गृहादिरचितं भवनप्रासादादिविहितं शोककरं कष्टप्रदं स्याद्भवेत्। माधवे वैशाखे अर्थपदं धनधान्यप्रदं स्यात्। ज्येष्ठे ज्येष्ठसञ्ज्ञया ख्यातमासे मृत्युकरं गृहादिकर्तृमरणप्रदं स्यात्। शुचावाषाढे पशुहरं पशुविनाशः स्यात्। श्रावणे नभसि तत्तस्य पशोः, वृद्धिदं स्यात्। भाद्रपदे भाद्रपदाख्यमासे शून्यं स्यात्। इष आश्विने तु कलिकरं कलहप्रदं स्यात्। कार्तिके भृत्यक्षयं दासविनाशः स्यात्। मार्गसहस्ययोः अग्रहणे पौषे च धान्यं स्यात्। माघे माघनाममासे दहनभीरग्निभयं स्यात्। फाल्गुने श्रियं लक्ष्मीमवाप्नोति।

भाषा— चैत्र मास में गृह का आरम्भ और उसमें प्रवेश करने से शोक की प्राप्ति होती है, वैशाख में धन की प्राप्ति, ज्येष्ठ में मृत्यु और आषाढ़ में पशुओं का नाश होता है। श्रावण मास में ऐसा किए जाने पर पशुधन में वृद्धि, भाद्रपद में गृह शून्य या खाली, आश्विन में क्लेश और कार्तिक में भृत्य या नौकर की मृत्यु होती है। मार्गशीर्ष व पौष माह में धन-धान्य की प्राप्ति, माघ में आगजनी की आशङ्का तथा फाल्गुन में लक्ष्मी की अभिवृद्धि होती है।

स्पष्टार्थ चक्रम्—

क्रम	मास	फल	क्रम	मास	फल
1.	चैत्र	शोक	7.	आश्विन	कलह
2.	वैशाख	अर्थलाभ	8.	कार्तिक	भृत्यनाश

3.	ज्येष्ठ	मृत्यु	9.	मार्गशीर्ष	धान्य
4.	आषाढ़	पशुनाश	10.	पौष	धान्य
5.	श्रावण	पशुवृद्धि	11.	माघ	अग्निभय
6.	भाद्रपद	शून्यता	12.	फाल्गुन	धनप्राप्ति

एतदेव वास्तुप्रदीपे (बृहद्दैवज्ञरञ्जनं 86, 150-153) —

चैत्रे व्याधिमवाप्नोति यो गृहं कारयेन्नरः।
वैशाखे धनरत्नानि ज्येष्ठे मृत्युस्तथैवच॥ 2॥
आषाढे भृत्यरत्नं वै पशुवर्ज्यमवाप्नुयात्।
श्रावणे मित्रलाभन्तु हानिर्भाद्रपदे त था। 3॥
भार्याहानिरिषे मासि कार्तिके धनधान्यकम्।
मार्गशीर्षे तथा वित्तं पौषे तस्करतो भयम्॥ 4॥
लाभन्तु बहुशो विन्द्यादग्निं माघे विनिर्दिशेत्।
काञ्चनं फाल्गुने विन्द्यादिति मासफलम्बुधैः॥ 5॥

चैत्र इति। यो नरो मनुष्यः चैत्रे चैत्रमासे, गृहं भवनं, कारयेत् स व्याधि रोगमवाप्नोति। वैशाखे धनरत्नानि, ज्येष्ठे मृत्युं मरणं, आषाढे पशुवर्ज्यं मृत्यरत्नं भृत्यं दासेय एव रत्नं मणि वै निश्चयेनावाप्नुयात्। श्रावणे मित्रलाभं तथा भाद्रपदे हानि धनादिहानिमवाप्नोति। इष आश्विनमासे भार्याहानिः स्त्रीवि नाशः स्यात्। कार्तिके-ऊर्जे धनधान्यकमवाप्नोति। तथा मार्गशीर्ष अग्रहणं वित्तं धनमवाप्नोति। पौषे तस्करतश्चौराद्भयं स्यात्। माघे बहुशो लाभं विन्द्यात् परश्चात्रग्निमग्निभयं विनिदिशेत्। फाल्गुने काञ्चनं सुवर्णं विन्द्यात्। इति बुधैः मासफलं गृहनिर्माणे ज्ञेयम्।

भाषा— जो कोई चैत्र मास में गृह बनवाता है, वह रोगी होता है। वैशाख में अर्थ प्राप्ति होती है। ज्येष्ठ में मृत्यु, आषाढ़ में भृत्य-नौकर, रत्न, पशुहीनता, श्रावण में मित्र मिलन, भाद्रपद में हानि, आश्विन में स्त्री हानि, कार्तिक में धन-धान्य, मार्गशीर्ष में धन, पौष में चोरों से भय, माघ में नानाविध लाभ किन्तु अग्निभय और फाल्गुन में गृह बनवाने पर सोने की प्राप्ति होती है, ऐसा बुद्धिमानों का कथन है।

अथ विशेषः —

मुहूर्तमार्तण्डे तु पौषे शुभफलमित्युक्तं तन्मकरार्कविषयकम्।

पौषेति। पौष मकरस्थ भास्करे गृहनिर्माण शुभ ज्ञेयानि। तथा त नारायणभट्टे— गेहं माधवपौषफाल्गुननभोमार्गेषु इति।

भाषा— नारायणभट्ट कृत मुहूर्तमार्तण्ड (6, 5) में पौष मास को भी गृह

निर्माण की दृष्टि से शुभ कहा गया है तो वहाँ मकरस्थ सूर्य को जानकर ग्रहण करना चाहिए अर्थात् जब मकरस्थ सूर्य हो तो उसमें गृह बनाना चाहिए।

तृणकाष्ठादिगृहविषये न मासदोषस्तदुक्तं (बृहद्दैवज्ञ. 86, 164; विश्वकर्माप्रकाशे 2, 26) —

पाषाणेष्टादिगेहन्तु निन्द्यमासे न कारयेत्।
तृणकाष्ठगृहारम्भे मासदोषो न विद्यते॥ 6॥

पाषाणेष्टादिगेहमिति। पाषाणेष्टादिगेहं प्रस्तरेष्टादिगृहरचनां निन्द्यमासे पूर्वप्रतिपादितदूषितमासे न कारयेत्। तृणकाष्ठगृहारम्भे तृणकाष्ठादिगृहनिर्माणविषये, मासदोषो न विद्यते।

भाषा— पाषाण और ईंटों वाले भवन का निर्माण निन्दित मास में नहीं करवाना चाहिए किन्तु यदि तृण या घास-पूस का छपरा खड़ा करना हो या बाँस-बल्ली, काष्ठ का ढाँचा बनाना हो तो मासदोष पर विचार आवश्यक नहीं है।

अथ सौरमासवशेन पूर्वादिमुखगृहविचारो वास्तुराजवल्लभे (1, 8) —

आदित्ये हरिकर्कनक्रघटगे पूर्वापरास्यं गृहं
कर्तव्यं तुलमेषवृश्चिकवृषे याम्योत्तरास्यं तथा।
द्वारं भिन्नतया करोति कुमतिर्द्रव्यप्रणाशस्तदा
कन्यामीनधनुर्गते मिथुनगे चास्मिन्न कार्यं गृहम्॥ 7॥

आदित्य इति। आदित्ये सूर्ये हरिकर्कनक्रघटगे हरिः सिंहः कर्कः प्रसिद्धः नक्रो मकरः घटः कुम्भ एतेषामन्यतमस्थे रवौ सति पूर्वापरास्यं पूर्वाभिमुखं पश्चिमाभिमुखञ्च गृहं कर्तव्यं कार्यम्। तथा तुलमेषवृश्चिकवृषे तुलः प्रसिद्धः मेषः प्रसिद्धः वृश्चिकः प्रसिद्धः वृषश्चैतेषामन्यतमस्थे याम्योत्तरास्यं याम्याभिमुखं दक्षिणाभिमुखमुत्तराभिमुखं च गृहं कार्यम्। यः कुमतिः दुर्बुद्धिः यदा भिन्नतया पूर्वोक्ताद्भिन्नतया गृहं करोति, तदा द्रव्यप्रणाशः धन-धान्यविनाशः स्यात्। यदा कन्यामीनधनुर्गते सूर्ये मिथुनगे च सूर्ये तदा गृहं न कार्यं न विधेयम्।

भाषा— सिंह, कर्क, मकर एवं कुम्भ राशिस्थ सूर्य में पूर्व तथा पश्चिम दिशा के द्वार हों; तुला, मेष, वृश्चिक और वृष राशि के सूर्य में दक्षिण तथा उत्तर दिशा के द्वार वाले गृह बनाए जाने चाहिए। इसके विपरीत जो दुर्बुद्धि निर्माण कार्य करवाता है तो उससे धन-द्रव्य की हानि होती है, जबकि कन्या, मीन, धन व मिथुन राशि में सूर्य के रहते गृहनिवेश सर्वथा वर्जित जानना चाहिए।

अथ सङ्क्रान्तिवशेन मासफलमाह नारदः (वास्तुसौख्यं 380-382) —

गृहसंस्थापनं सूर्ये मेषस्थे शुभदं भवेत्।

वृषस्थे धनवृद्धिः स्यान्मिथुने मरणं ध्रुवम्॥ 7॥
कर्कटे शुभदं प्रोक्तं सिंहे भृत्यविवर्धनम्।
कन्याया रुक् तुले सौख्यं वृश्चिके धनवर्धनम्॥ 8॥
कार्मुके च महद्धानिर्मकरे स्याद्धनागमः।
कुम्भे तु रत्नलाभः स्यान्मीने रोगभयं भवेत्॥ 9॥[1]

गृहसंस्थापनमिति। सूर्ये मेषस्थे सति गृहसंस्थापनं गृहनिर्माणं शुभद भवेत्। वृषस्थे सूर्ये धनवृद्धिः स्यात्। मिथुने मिथुनस्थे रवौ ध्रुवं निश्चितं मरणं मृत्युः स्यात्। कर्कटे रवौ शुभदं स्यात्। सिंहे भृत्यविवर्धनं दासेयवर्धनं स्यात्। कन्यायां गते रुक् गदः स्यात्। तुले रवौ सौख्यं स्यात्। वृश्चिके धनवर्धनं स्यात्। कार्मुके धनुषि रवौ महद्धानिर्महती हानीः स्यात्। मकरे धनागमः स्यात्। कुम्भे तु रत्नलाभः स्यात्। मीने रोगभयं भवेत्।

भाषा— मेष राशि में सूर्य के रहते गृहारम्भ शुभप्रद होता है। वृष राशि में सूर्य के रहते धनवृद्धि एवं मिथुन राशिस्थ सूर्य में निश्चित ही मृत्यु होती है। कर्क के सूर्य में गृहारम्भ शुभ जानना चाहिए और सिंह के सूर्य में सेवकों, कर्मचारियों की वृद्धि, कन्या के सूर्य में रोग, तुला के सूर्य में सुख प्राप्ति तथा वृश्चिक के सूर्य में धन की वृद्धि होती है। इसी प्रकार धनु के सूर्य में गृहारम्भ करने से बहुत हानि होती है, मकर के सूर्य में धनलब्धि, कुम्भ के सूर्य में गृह कार्यारम्भ से रत्नों का लाभ एवं मीन के सूर्य में रोग एवं भय होता है।

अथ पक्षशुद्धिमाह (व्यवहारोच्चयोक्तिः वास्तुसौख्यं 392) —

शुक्लपक्षे भवेत्सौख्यं कृष्णे तस्करतो भयम्।
तस्माद्विचार्य कर्त्तव्यं यदीच्छेच्छ्रियमात्मनः॥ 10॥

शुक्लपक्ष इति। शुक्लपक्षे गृहारम्भे कृते सति सौख्यं भवेत्। कृष्णे तस्करतश्चौराद्भयं भवेत्। तस्मात्कारणात्- यदि चेदात्मनः स्वस्य श्रियं कल्याणमिच्छेत्तदा प्रथमं विचार्य कर्तव्यं गृहनिर्माणं विधेयम्।

भाषा— सदैव मास के शुक्ल पक्ष में गृह निर्माण से सुख मिलता है। कृष्ण पक्ष में गृहनिर्माण से चोरों, तस्करों का भय जानना चाहिए। ऐसे में अपना कल्याण चाहने वालों को इस पक्षफल पर विचार करना हितकारी है।

अथ चान्द्रमासवशेनाह श्रीपतिः (17, 13) —

शोको धान्यं मृतपशुहृती द्रव्यवृद्धिर्विनाशो
युद्धं भृत्यक्षतिरथ फलं श्रीश्च वह्नेर्भयञ्च।
लक्ष्मीप्राप्तिर्भवति भवनारम्भकर्तुः क्रमेण

---

1. नारदसंहितायां उभय प्रकाशितपाठे नोपलभ्यते। मुहूर्तचिन्तामणिपीयूषधाराटीकायां उद्धृत (12, 15) तथा च नारदपुराणे— सौम्यफाल्गुनवैशाखमाघश्रावणकार्तिकाः॥ मासाः सन्धयो नेष्टाः स्वस्थेऽप्येवं निवेशने। (नारद. पूर्व. भाग 56, 57-58)

चैत्रादूचे मुनिरिति फलं वास्तुशास्त्रोपदिष्टम्॥ 11 ॥

शोको धान्यमिति। चैत्रान्मासात् क्रमेण शोकः, धान्यं, मृतिर्मरणं, पशुहृतिः पशुहरणं, द्रव्यवृद्धिः, विनाशः, युद्धं, भृत्यक्षतिर्भृत्यविनाशः, अथ श्रीः लक्ष्मीः वह्नेर्भयमग्नि- भयं, लक्ष्मीप्राप्तिः, भवनारम्भकर्तुर्गृहस्वामिनः फलं भवति। मुनिभिः वास्तुशास्त्रोपदिष्टं फलं कथितम्।

भाषा— चैत्रादि चान्द्रमास में गृह निर्माण करने पर शोक, वैशाख में धन-धान्य, ज्येष्ठ में मृत्यु, आषाढ़ में पशुहरण व चोरी, श्रावण में द्रव्यवृद्धि एवं भाद्रपद में विनाश होता है। इसी प्रकार आश्विन में युद्ध, कार्तिक में नौकरों-भृत्यों का क्षय, मार्गशीर्ष एवं पौष में लक्ष्मी, माघ में अग्निभय और फाल्गुन में गृह निर्माण से लक्ष्मी की प्राप्ति होती है। यह फल वास्तुशास्त्र के उपदेशकर्ताओं ने चैत्रादि मासक्रम से प्रतिपादित किया है।

विशेष—गृहारम्भ में मासफल विश्वकर्मा ने इस प्रकार बताया है— चैत्रे शोककरं विद्याद् वैशाखे च धनागमम्॥ ज्येष्ठे गृहाणि पीड्यन्ते आषाढे पशुनाशनम्। श्रावणे धनवृद्धिश्च शून्यं भाद्रपदे भवेत्॥ कलहश्चाश्विने मासे भृत्यनाशनश्च कार्तिके। मार्गशीर्षे धनप्राप्तिः पौषे च धनसम्पदः॥ माघे चाग्निभयं कुर्यात् फाल्गुने श्रीः शुभोत्तमा॥ *(ज्ञानप्रकाशदीपार्णव 1, 3-6)*

स्पष्टार्थ चक्रम्

चैत्र	वैशाख	ज्येष्ठ	आषाढ़	श्रावण	भाद्र	आश्विन	कार्तिक	मार्ग	पौष	माघ	फाल्गुन	मास
शो.	धन प्रा.	मरण	पशु हा.	पशुवृद्धि	शून्य	कलह	मृत्यु नाश	धान्य	धन	अग्निभय	श्री	फल

अत्र सौराणां चान्द्रमासानां महान् शुभाशुभफलभेदेन फलविरोधो महानिति, तत्र चिकिर्षितगृहद्वारानुकूलरवि सङ्क्रमणसमीचीनमासेषु एव वैशाखादिमासेषु कार्य इति विरोधाभावः। *(पीयूषधाराटीका 12, 15)*

भाषा— उक्त प्रसङ्ग में यह ज्ञातव्य है कि मेष इत्यादि के क्रम से चैत्रादि सौरमास एवं चान्द्रमास को लेकर फलाफल में पर्याप्त वैषम्य होता है, ऐसे में मेषादि संक्रम से वैशाखादि सौर मास से ही अभिप्राय लिया जाना अपेक्षित है। ऐसा कल्पित करने में फल में विरोधाभास नहीं होता है।

अथ सौरमासानुसारं गृहारम्भनियममाह श्रीपतिः (रत्नमाला 17, 14-15) —

कर्कनक्रहरिकुम्भगतेऽर्के पूर्वपश्चिममुखानि गृहाणि।
तौलिमेषवृषवृश्चिकयाते दक्षिणोत्तरमुखानि च कुर्यात्॥ 12 ॥
अन्यथा यदि करोति दुर्मतिर्व्याधिशोकधननाशमश्नुते।
मीनचापमिथुनाङ्गनागते कारयेन्न गृहमेव भास्करः॥ 13 ॥

व्याख्या— तत्र कुम्भार्कसहिते फाल्गुने पूर्वापरमुखं गृहं कार्यम्। उभयोरेकविहितयोरेकवाक्यताश्रवणात्।

तथा च महादेवीटीकायां— अन्यथेति। अन्यथा उक्त प्रकारमतिक्रम्यनिजबुद्धिगर्वादज्ञानाद्वाय: करोति स व्याधि शोक धननाशमाप्रोति।

भाषा— श्रीपति का मत है कि कर्क (श्रावण), नक्र (माघ), सिंह और कुम्भ राशि के सूर्य में (कुम्भ संक्रान्ति विशिष्ट फाल्गुन मास में) पूर्वाभिमुखी द्वार व पश्चिम दिशा में दरवाजे का मुख रखे। इसी प्रकार तुला, मेष, वृष एवं वृश्चिक राशि के सूर्य में दक्षिण और उत्तर दिशा में द्वार का मुख रखकर गृह निर्माण करना चाहिए। यहाँ कुम्भ के रवि और फाल्गुन मास को एकत्र करने से एकवाक्यता होती है। इसके विपरीत जो दुर्मति यदि गृह के मुख को रखकर निर्माणकार्य करवाता है तो व्याधि, शोक, धन का नाश होता है। इसी प्रकार मीन, धनुष, मिथुन एवं कन्या में सूर्य के रहते कभी गृह निर्माण नहीं करवाना चाहिए।

अथ सौरचान्द्रमासैक्येन प्राच्यादिदिक्षु द्वाराणि गृहनिर्माणनक्षत्राणि च सूतिकागृह निर्माणप्रवेशमुहूर्तमाह (मुहूर्तचिन्तामणि 12, 15) —

कुम्भेऽर्के फाल्गुने प्रागपरमुखगृहं श्रावणे सिंहकर्क्योः
पौषे नक्रे च याम्योत्तरमुखसदनं गोऽजगेऽर्क च राधे।
मार्गे जूकालिगे सद्ध्रुवमृदुवरुणस्वातिवस्वर्कपुष्यैः
सूतीगेहन्त्वदित्यां हरिभविधिभयोस्तत्र शस्तः प्रवेशः ॥ 14 ॥

व्याख्या- कुम्भस्थे सूर्ये फाल्गुने मासि पूर्वापरमुखालयं पूर्वमुख पश्चिममुखं गृहं विशुभमिति। श्रावणे सिंहकर्कसङ्क्रान्तौ पूर्वमुखं पश्चिममुखं वा गृहं सत्। पौषमासे नक्रे मकरसङ्क्रान्तौ पूर्वापरास्थं गृहं शुभमिति। वृषमेषगे सूर्य राधे वैशाखे मासि, तथा मार्गे मासिजूकालिगे तुलावृश्चिकगते सूर्ये सति याम्योत्तरमुखं सदनं गृहं शुभं स्यात्। तत्र सूतीगेहमिति। आदित्यां पुनर्वसौ सूतिकागृहनिर्माणं शस्तम्। शस्त इति वक्ष्यमाणस्यात्र नपुंसकत्वेन सम्बन्धात्। तत्रेति। तत्र सूतिकागृहे हरिभविधिभयोः श्रवणाभिजितोर्नक्षत्रयोः प्रवेश शस्तमिति।

भाषा— कुम्भ राशिगत सूर्य हो तो फाल्गुन माह में, कर्क या सिंह राशि के सूर्य में, श्रावण में, मकर राशि पर सूर्य हो तो पौष मास में भवन का द्वार पूर्व या पश्चिम दिशा में शुभ होता है। मेष अथवा वृष राशि के सूर्य में वैशाख में तथा तुला अथवा वृश्चिक राशि का सूर्य हो तो मार्गशीर्ष मास में उत्तर या दक्षिण दिशा का द्वार बनवाना प्रशस्त जाने। इसी प्रकार ध्रुव संज्ञक नक्षत्र (उत्तरात्रय, रोहिणी), मृदु संज्ञक नक्षत्र (मृगशिरा, रेवती, चित्रा व अनुराधा), शतभिषा, स्वाती, धनिष्ठा, हस्त एवं पुष्य इन तेरह नक्षत्रों में गृहारम्भ शुभ

जानना चाहिए। पुनर्वसु नक्षत्र में सूतिका गृह का निर्माण आरम्भ करे और श्रवण व अभिजित् में सूतिकागार में प्रवेश करना उत्तम माना जाता है।

अथ प्रागभिहितसौरचान्द्रमासयोः प्रकारान्तरेणैकवाक्यतां (तत्रैव 12, 16) —

कैश्चिन्मेषरवौ मधो च वृषभे ज्येष्ठे शुचौ कर्कटे
भाद्रे सिंहगते घटेऽश्वयुजि चोर्जेऽलौ मृगे पौषके।
माघे नक्रघटे शुभं निगदितं गेहं तथोर्जे न सत्
कन्यायां च तथा धनुष्यपि न सत्कृष्णादिमासाद्भवेत्॥ 15॥

अत्र व्याख्या– पूर्वादिदिग्द्वारवशेनैकवाक्यतैवाधुना मेषगे रवौ मधौ चैत्रे गेहं प्रारब्धं शुभमेव भवेत्। तथा वृषगे सूर्ये ज्येष्ठे मासे, कर्कगे शुचावाषाढे मासि, सिंहस्थ रवौ भाद्रमासे, तुलास्थेऽर्के अश्वयुजि आश्विने मासे, अलौ वृश्चिकगे सूर्ये ऊर्ज्जे कार्तिके मासे, मृगे मकरगे रवा पौषे मासे, नक्रघटे मकरकुम्भगे रवौ माघे मासे प्रारब्धं गृहं शुभं स्यादिति केश्चिन्निगदितम्। मेषार्के चैत्रेऽपि गृहं शुभम्।

यस्तु चैत्र निषेधः स मीनार्कविषयः। वृषस्थे ज्येष्ठेऽपि शुभमेव, यस्तु ज्येष्ठनिषेधः स मिथुनार्कविषयः। **कर्कस्थे आषाढेऽपि** शुभमाषाढनिषेधस्तु मिथुनार्कविषयः। सिंहेऽर्केऽपि भाद्रे शुभं, **भाद्रनिषेधस्तु** कन्यार्कविषयः, श्रावणस्तत्र विहितत्वाच्छुभ इति। वृश्चिके रवौ कार्तिकेऽपि शुभं, मार्गमासस्तु विहित एव। पौषे मकरस्थेऽपि शुभं, धनुरर्कसाहित्याद-**शुभमेव**। मकरकुम्भस्थे रवौ माघेऽपि शुभं, निषेधस्तु धनुरर्कविषयः।

भाषा— कतिपय विद्वानों का मत है कि सूर्य मेष का हो तो चैत्र में, वृष राशि का हो तो ज्येष्ठ में, कर्क का हो तो आषाढ में, सिंह का हो तो भाद्रपद में, तुला का हो तो आश्विन में, वृश्चिक का हो तो कार्तिक में, मकर का हो तो पौष में और मकर या कुम्भ का हो तो माघ माह में गृहारम्भ प्रशस्त होता है। लेकिन, यहाँ यह भी ज्ञातव्य है कि कन्या का सूर्य हो तो कार्तिक माह में, धनु का हो तो माघ में गृहनिर्माण प्रशस्त नहीं है। इस प्रसङ्ग में मास गणना कृष्णपक्ष से की जाती है, अमावस्या से अमावस्या पर्यन्त मास गणना नहीं की जानी चाहिए।

अत्रोऽत्र नारद आह —

सौम्याः फाल्गुनवैशाखमाघश्रावणकार्तिकाः।
मासाः स्युर्गृहनिर्माणे पुत्रारोग्यधनप्रदाः॥ 16॥[1]

सौम्या इति। फाल्गुनवैशाखमाघश्रावणकार्तिकाः मासाः गृहनिर्माणे सौम्याः शुभदाः स्युः पुत्रारोग्यधनप्रदाश्च स्युः।

---

1. '**सौम्यफाल्गुनवैशाखमाघश्रावणकार्तिकाः। मासाः स्युर्गृहनिर्माणे पुत्रारोग्यशुभप्रदाः॥' इति पाठः (मुहूर्तचिन्तामणि **पीयूषधाराटीकायां** 12, 16)

भाषा— सामान्यतया फाल्गुन, वैशाख, माघ, श्रावण एवं कार्तिक (पाठान्तर से पौष) महीनों में गृह निर्माण शुभ माना गया है। इन महीनों में गृह निर्माण से पुत्र, आरोग्य एवं धन (पाठान्तर से पुत्रों की आरोग्यता की दृष्टि से शुभता) प्राप्त होती है।

अत्र वसिष्ठोऽप्याह (पीयूष. 12, 16) —

मासे तपस्ये तपसि माधवे नभसि त्विषे।
ऊर्ज्जे च गृहनिर्माणं पुत्रपौत्रधनप्रदम्॥ 17॥

मासेति। वसिष्ठवाक्यं च आश्विनकार्तिकमाघमासादीनाऽपि शुभत्वप्रतिपादकम्।

भाषा— वशिष्ठ ने इन छह महीनों को गृह निर्माण के लिए ग्राह्य माना है— फाल्गुन, माघ, वैशाख, श्रावण, आश्विन एवं कार्तिक। इससे पुत्र-पौत्र और धन की प्राप्ति होती है।

अत्र विशेष: (तुलनीय मुहूर्तचिन्तामणिप्रमिताक्षरा. 12, 16) —

आश्विनकार्तिकमाघमासानां शुभत्वमिति, तुला-वृश्चिक-मकर-कुम्भार्क-साहित्ये प्राशस्त्य वचनान्तरबाधित निषेधः प्रागुक्तविषय एव। फाल्गुनस्य शुभत्वं कुम्भार्कविषयम्, कुम्भार्कराहित्ये तु निषिद्धम्। ननु कार्तिकमाघमासौ श्रीपतिनि निषिद्धौ, तयोः को विषय इत्यत्राह— तथेति। ऊर्जः कार्तिको मासः कन्यागतेऽर्के न सत्। च पुनः तपो माघमासो धनुषि धनुरर्के न सत् न चैतदयुक्तं यतः शुक्लादिचान्द्रमासे चैत्रादिमाससञ्ज्ञाः सन्ति। तत्र कार्तिके कन्यासङ्क्रान्तिः माघे धनुः सङ्क्रान्तिश्च कदापि न भवेत्। अत आह- कृष्णादिमासादिति। मासो द्विविधः शुक्लादिः। कृष्णपक्षप्रतिपदमारम्भ पूर्णिमापर्य्यन्तं कृष्णादिः। उभयथापि शास्त्रे व्यवहार इति।

भाषा— (मुहूर्तचिन्तामणि के पूर्वोक्त 'कैश्चिन्मेषरवौ' श्लोक के अनुसार ही उसके रचयिता एवं प्रमिताक्षरा टीकाकार रामदैवज्ञ का मत है) आश्विन, कार्तिक एवं माघ मास में क्रमशः तुला, वृश्चिक एवं मकर, कुम्भ का सूर्य होने से गृह कार्य शुभ कहा गया है। 'कैश्चिन्मेषरवौ मघौ वृषभगे' से यह स्पष्ट है और इसके विपरीत वशिष्ठ के 'माघे तपस्ये तपसि' श्लोक के मत का निषेध होकर उपर्युक्त मत ही सम्यक् रहा है। यहाँ फाल्गुन का शुभ होना 'कुम्भे रविः' से ज्ञात होता है और कुम्भ का सूर्य यदि न हो तो उसकी यहाँ मनाही है। यह सन्देह भी होता है कि कार्तिक एवं माघ इन दोनों माहों में ज्योतिषरत्नमालाकार श्रीपतिभट्टाचार्य ने क्योंकर निषेध किया है? इसका प्रत्युत्तर इस तरह है कि यदि कन्या का सूर्य कार्तिक में हो तो अशुभ होगा और धनु का सूर्य यदि माघ में हो तो वह भी शुभ नहीं माना जाएगा। यह कथन संदिग्ध नहीं है क्योंकि शुक्लादि से होने वाले चान्द्रमास में चैत्रादि मास हैं और वहाँ कार्तिक व माघ में क्रमशः कन्या व धनु

के सूर्य नहीं नहीं होते। अतएव उनको कृष्णादि मास कहा जाता है। मास दो प्रकार के कहे गए हैं— कृष्णादि और शुक्लादि। चैत्र की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से वैशाख अमान्त तक शुक्लादि मास की गणना होती है जबकि कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा से आगामी पूर्णिमा तक का मास कृष्णादि संज्ञक कहा जाता है और शास्त्र सम्मत व्यवहार का विषय है।

तत्र मेलापकप्रकारमाह महेश्वरः (वृत्तशते 69, ज्योतिर्निबन्धे पृ. 169, 25) —

कार्याधिष्ण्यगृहैर्गृहेशगृहयोरुद्वाहवत्कल्पना
नाडीं (नीडं!) यद्विषमायगं शशिबले ताराबले संयुतम्।
कार्यं तच्छुभदं करैर्यदि गुणाः सर्वेऽपि न स्युस्तदा
कुर्य्याज्यौतिषिकोऽङ्गुलादिकमिह क्षिप्त्वा विहायाथवा॥ 18॥

कार्या इति। गृहं च गृहे श गृहकर्तुः उद्वाहः विवाहः कल्पनाः कल्पयेत् नाड़ी प्रसिद्धं च, विषमायः विषम आयः च, शशिबलः चन्द्रबलः च, ताराबलः प्रसिद्धं च, संयुतं योगं च, कार्यं कर्तव्यं, ज्योतिषिकोः दैवज्ञ वा विद्वान् स्थपतिः च, आयः गृहस्य प्रमाणानुसारेण सूत्रेत् गणितफलं इत्याभिप्रायः।

भाषा— वर-वधू के विवाहार्थ मेलापक की तरह गृह के नक्षत्र और गृहेश के नक्षत्र का मेलापक देखना चाहिए। इस विधि से विषम आय (1, 3, 5 इत्यादि) सम्मत गृह चन्द्रमा तथा तारा के बलवान् रहने पर बनवाना चाहिए, ऐसा शुभ होता है। यदि पूरे दो हाथ पर सब कुछ अनुकूल प्राप्त नहीं हो तो दैवज्ञों को चाहिए कि भूखण्ड की लम्बाई में किञ्चित् अङ्गुल प्रमाण को न्यूनाधिक कर आय-व्यय आदि को देखना चाहिए।

अथ गृहनक्षत्रकल्पनं [1]व्यवहारसमुच्चये (पीयूष. 12, 12) —

त्रिभिस्त्रिभिर्वेश्मनि कृत्तिकाद्यैरुद्वेगपुत्राप्तिधनाप्तिशोकम्।
शत्रोर्भयं राजभयं च मृत्युः सुखं प्रवासश्च नवप्रभेदाः॥ 19॥

त्रिभि इति। गृहेशगृहर्क्षयोरैक्ये शुभाशुभज्ञानोपायो गृहारम्भे। तद्यथा कृतिकात् त्रय-त्रय नक्षाणि नवकोष्ठे न्यसेत् तस्यानुसारेण फलवाप्नोति। यदाह वशिष्ठ— 'गृहस्य तत्पतेस्त्वेकं धिष्ण्यं चेन्निधनप्रदम्' इति।

भाषा— गृह के नक्षत्र की गणना कृतिकादि से करते हुए (नौ कोष्ठकों में) क्रमशः तीन-तीन नक्षत्रों का न्यास करे और उनका फल क्रमशः उद्वेग, पुत्र प्राप्ति, धनप्राप्ति, शोक, शत्रुभय, राजभय, मृत्यु, सुख एवं प्रवास होता है।

---

1. 'वास्तुप्रदीपे' इति प्रकाशितपाठे।

स्पष्टार्थ चक्रम्

नक्षत्र	कृ.रो.मृ.	आ.पु.पु.	आ.म.पूफा.	उफा.ह.चि.	स्वा.वि.अ.	ज्ये.मू.पूषा	उषा.श्र.ध.	श.पूभा.उभा.	रे.अ.भ.
फल	उद्वेग	प्रत्राप्ति	धनप्राप्ति	शोक	शत्रुभय	राजभय	मृत्यु	सुख	प्रवास

अथ गृहेषु नक्षत्रकल्पनं ज्यौतिस्सागरे–

आर्द्रादितिर्गुरुश्चैव सार्पश्चैव पिताभगम्।
शतभं पूर्वयुग्मे च नवेष्टगृहतारकाः ॥ 20 ॥

भाषा— 1. आर्द्रा, 2. पुनर्वसु, 3. पुष्य, 4. अश्लेषा, 5. मघा, 6. पूर्वाफाल्गुनी, 7. शतभिषा, 8. पूर्वाभाद्रपद और 9. उत्तराभाद्रपद ये नौ नक्षत्र यदि गृह के हों तो उन्हें शुभकारक जाने।

अथ राशिकल्पनमाह गर्गः —

अश्विन्यादित्रयं मेषे सिंहे प्रोक्तं मघात्रयम्।
मूलादित्रितयं चापे शेषमेषु द्वयं द्वयम्॥ 21 ॥

भाषा— राशि कल्पित करने के लिए गर्ग का मत है कि अश्विनी, भरणी और कृतिका इन तीन नक्षत्रों से मेष राशि; मघा, पूर्वाफाल्गुनी एवं उत्तराफाल्गुनी से सिंह राशि; मूल, पूर्वाषाढ़ा एवं उत्तराषाढ़ा इन तीन नक्षत्रों से धनु राशि होगी और शेष राशियाँ दो–दो नक्षत्रों की मानी जाती है।

अथायसाधनं तद्वशेन विस्तारायामसाधनं च तदुक्तं रामदैवज्ञैः (12, 3) —

एकोनितेष्टर्क्षहता द्वितिथ्यो$_{152}$
रूपोनितेष्टाय हतेन्दुनागैः$_{81}$ ।
युक्ता घनश्चापि$_{17}$ युता विभक्ता
भूपाश्विभिः$_{216}$ शेषमितो हि पिण्डः ॥ 22 ॥

एकोनितेति। तत्र 'राशिकूठादिकं सर्वे दम्पत्योरिव चिन्तयेदिति' वसिष्ठोक्तेर्यदेव नक्षत्रं व्यवहारनांम्रा विवाहोक्तमेलापकविधिना शुभदं स्यात्तदेव स्वेष्टर्क्षे परिकल्प्यम्। यश्च ध्वजाद्यष्टायेषु विषय आय ईप्सितः स्यात्स एवेष्टायः कल्प्यः। ताभ्यां विस्तारायामज्ञानं विधेयम्। यथा नीलाम्बरस्यानुराधानक्षत्रं तस्य रोहिण्या सह मेलापकं सम्भवतीतीष्टभं राहिणी कल्पितम्। तत्संख्या= 4, एकोनितेष्टर्क्षम्= 3, अनेन द्वितिथ्यो 152 हताः= 456 इष्टायः सिंहः कल्पितस्तृतीय3, रूपोनित इष्टायः 2, अनेनेन्दु नागाः 81 गुणिताः 162, तैर्युताः 618, घनैश्च 17 युताः 635, भूपाश्विभिः 216 विभक्ताः 203 इदमेव क्षेत्रफलं गृहस्य इष्टायनक्षत्रभवम्। अथ कल्पिदैर्घ्य 29 अनेन भक्तो लब्धो विस्तारः=7। अथ कल्पितविस्तृति 7 भक्तो लब्ध दैर्घ्य= 29।

भाषा— इष्ट नक्षत्र की संख्या में एक घटाएँ और शेष को 152 से गुणा करें। इष्ट आय की जो संख्या हो उसमें से 1 घटाएँ और 81 से गुणा करें। इसके बाद दोनों गुणनफल के योग में 17 को जोड़ें और 216 का भाग दें। इस प्रकार जो शेष बचेगा, वह इष्ट नक्षत्र और इष्ट आय से उत्पन्न क्षेत्रफल (पिण्ड) निकल आता है। क्षेत्रफल में लम्बाई का भाग देने पर चौड़ाई ज्ञात होती है जबकि चौड़ाई का क्षेत्रफल में भाग देने पर लम्बाई ज्ञात होती है।

अत्रोदाहरणम् —

यश्च ध्वजाद्यष्टायेषु विषय आय ईप्सितः स्यात् स एवेष्टायः कल्प्यः। ताभ्यां विस्तारायामज्ञानं विधेयम्। यथा— नन्दलालस्यानुराधानक्षयं वर्ततेऽस्य पूर्व-फाल्गुन्या सह मेलापकसम्मतिरत इष्टर्क्षं पूर्वफाल्गुनी कल्पितं तत्संख्या 11 एकोनितेष्टर्क्षं 10 अनेन द्वितिथ्यो 152 हता गुणिता जाताः 1520। इष्टायः हस्ती कल्पितः सप्तमः 7 रूपानित आयः 6 अनेन इन्दुनागा 81 गुणिताः 486 पूर्वाङ्केषु युर्ताः 2006। घनैः 17 अपि युताः 2023 भूपाश्विभिः 216 शेषिताः 79 अयमेव पिण्डः 79 स्वेष्टायनक्षत्रभवः। अथ कल्पितदैर्घ्य 25 भक्तः 5/ 4/ 14 लब्धो विस्तारः। विस्तृतिभक्तो दैर्घ्य 15 सभागच्छेदिति।

तदुक्तं [1]स्वरोदये (पीयूषधारा. 6, 34) —

प्रभुः पण्याङ्गना मित्रं देशो ग्रामः पुरं गृहम्।
एकनाडीस्थिते भव्यं विरुद्धं वेधवर्जितम्॥ 23॥

प्रभुः इति। इयं चाश्विन्यादित्रिनाडीं गुर्वादिष्वप्यनिष्टा प्रभुपण्याङ्गनादौ न शुभैव। प्रभुः स्वामीः पण्य सेवकश्च, अङ्गना नार्यास्तु शेष सुगमम्।

भाषा— स्वरोदयशास्त्र में कहा गया है कि स्वामी-क्रीतदास, स्त्री (पुंश्चली), मित्र, देश, ग्राम, पुर एवं गृह इनके साथ स्वामी के नक्षत्र की एक ही नाड़ी शुभ मानी जाती है।

तथा ज्यौतिस्सागरैप्युक्तम् (मार्तण्डवल्लभा. 6, 11)—

सेव्यसेवकयोश्चैव गृहतत्स्वामिनोरपि।
परस्परं मित्रयोश्च एकनाडी प्रशस्यते॥ 24॥

एकनाडीति। नाडी एकनाडी अन्यथा योज्या विवाहवत् न योज्येत्यर्थः अत्र एकनाड्येव प्रशस्तेतिभावः।

---

1. **'वृद्धगर्गेण'** इति प्रकाशितपाठे। नारायणदैवज्ञस्य मुहूर्तमार्तण्डस्य मार्तण्डवल्लभाटीकायां वृद्धगर्गेति स्वीकृतम्। (मार्तण्डवल्लभा. 6. 11)

भाषा— सेव्य एवं सेवक तथा गृह व गृहेश हो, उनकी परस्पर एक नाडी हो तो मित्रभाव होता है और इनमें एक नाडी सदा ही प्रशस्त होती है।

स्पष्टार्थ चक्रम्

	वरनाडी			
	नाडी	आदि	मध्य	अन्त्य
कन्या नाडी	आदि	0	8	8
	मध्य	8	0	8
	अन्त्य	8	8	8

अथ प्रकारान्तरेणोक्तं रत्नमालायाम् (17, 3) —

विस्तार आयामगुणोऽष्टभक्तो यच्छेषमायः स भवेद् ध्वजादिः ॥ 25 ॥

व्याख्या इति- गृहस्य यो विस्तारः यच्च दैर्घ्यं तयोर्घातः क्षेत्रफलं भवति, तदष्टभिर्भक्तमवशिष्टमायः स च ध्वजादिरिति।

विस्तार इति। विस्तारः गृहस्य विस्तारः आयामगुणः आयामेन दैर्घ्येण गुणः, अष्ट भक्तः शेषं यत् तत् ध्वजादिरायो भवेत्।

भाषा— क्षेत्र के विस्तार को दैर्घ्य से गुणा करें और प्राप्त क्षेत्रफल में आठ का भाग दे, इस प्रकार शेष रहने वाली संख्याओं से ध्वजादि आय ज्ञात होते हैं।

अथायनामानि (तत्रैव 17, 2) —

ध्वजो धूमोऽथ सिंहःश्वा सौरभेयः खरो गजः।
उष्ट्रश्चेति क्रमेणैतदायाष्टकमुदाहृतम् ॥ 26 ॥[1]

व्याख्या- क्षेत्रफलं गजशेषितं यदवशिष्टं तत्परिमिता ध्वजादिका आयाः स्युः। ध्वजः प्रथमः प्रसिद्धश्च, द्वितीयो धूमोऽपि प्रसिद्धः, सिंहस्तृतीयः, श्वाकुक्कुरश्चतुर्थः, सौरभेयो वृषः पञ्चमः, खरोगर्दभः षष्ठः, गजो हस्ती सप्तमः उष्ट्रोऽष्टम इति।

भाषा— ध्वज, धूम, सिंह, श्वान, वृष, खर, गज और उष्ट्र (पाठान्तर से ध्वांक्ष)— इन आठ आय को एक से आठ तक क्रमानुसार जानना चाहिए। (इनमें से विषम आय क्रमशः चारों ही वर्णों के लिए श्रेष्ठ कही गई है अर्थात् ध्वजादि आय क्रमशः कीर्ति, शोक, जय, वैर, धन, निर्धनता, सुख व रोग प्रदायक मानी गई है)।

विश्वकर्मा ने कहा है— ध्वजः सिंहौ वृषगजौ शस्यन्ते शुभ वेश्मसु ॥ अधमानां खरौ ध्वांक्षो धूम्रः श्वानः सुखावहः। कल्याणं कुरुते सिंहो नृपाणां च विशेषतः ॥ विप्राणां

---

1. 'ध्वाङ्क्षश्चेति क्रमेणैवमायाष्टकमुदाहृतम्' इति पाठः।

च ध्वजः श्रेष्ठो वैश्यानां वृष उत्तमः। शूद्राणां गज एवोक्तः सर्वकर्मफलप्रदः॥ *(दीपार्णव 1, 12-14)*

गर्ग का कथन है कि ध्वजादि इन आयों का फल क्रमशः 1. कीर्ति, 2. शोक, 3. जय, 4. वैर, 5. धन, 6. निर्धनता, 7. सुख और 8. रोग बताए गए हैं— कीर्तिः शोको जयो वैरं धनं निर्धनता सुखम्। रोगश्चेति गृहारम्भे ध्वजादीनां फलं क्रमात्॥ *(ज्योतिर्निबन्ध पृ. 169, 13)*

स्पष्टार्थ चक्र

संख्या	1	2	3	4	5	6	7	8
आयमान	ध्वज	धूम	सिंह	श्वान	वृष	खर	गज	उष्ट्र
फल	कीर्ति	शोक	जय	शत्रुता	धन	दरिद्रता	सुख	रोग

अथांशानयनमाह रत्नमालायाम् (17, 6) —

व्ययान्विते क्षेत्रफले गृहस्य ध्रुवादिनामाक्षरमिश्रिते च।
त्रिभिर्विभक्ते क्रमशोशकः स्याद् इन्द्रो यमो भूपतिरन्तकोऽसत्॥ 27॥

व्ययेति। क्षेत्रफले व्ययान्विते व्यययुक्ते विधेये गृहस्य च पुनः ध्रुवादिनामाक्षर मिश्रिते कार्ये। एवं क्षेत्रफलव्ययध्रुवादिनामाक्षराणां योगे त्रिभिविभक्तेऽवशिष्ठानि क्रमश इन्द्रो मघवा, यमोऽन्तकः, भूपतिः राजा, अंशकः अंशस्य स्वामी भवेत्। तत्रान्तकः यम-स्यांशोऽसदनिष्टकारक इति।

भाषा— व्यय की संख्या को क्षेत्रफल में जोड़कर ध्रुवादि गृहों के नामाक्षर की संख्या को जोड़ें। उक्त योगफल में तीन का भाग दिए जाने पर एकादि शेष रहे तो क्रम से इन्द्र, यम और भूपति का अंश होता है। उसमें इंद्र व राजा के अंश वाला गृह उत्तम तथा यम के अंश वाला गृह अनुचित होने से त्याज्य है।

अंश ज्ञात करने के लिए विश्वकर्मा ने यह निर्देश दिया है— मूलराशौ व्ययं क्षिप्त्वा गृह नामाक्षराणि च। त्रिभिरेव हरेद्भागं यच्छेषं स्यात्तदंशकः॥ इन्द्रो यमश्च राजा च अंशकास्त्रय एव च। त्रिप्रमाणं त्रिधोक्तं च ज्येष्ठ मध्यम कन्यसम्॥ *(ज्ञानप्रकाशदीपार्णव 1, 75-76)*

उदाहरण — यह कल्पना की जाए कि क्षेत्रफल 400, व्यय 7, ध्रुवादि के अनुसार नाम संख्या 2 हुई। इनका योग करें तो 400 + 7 + 2 = 409 कुल हुआ। इसको यदि 3 से विभाजित करें तो शेष 1 आया। अतएव यह इन्द्र का अंश हुआ। शुभ कार्य में यह एक का अङ्क शुभ माना गया है।

अथ आयवशेन द्वारनिवेशं द्विजादिवर्णपरत्वेन च द्वारनिवेशनं मुहूर्तचिन्तामणौ रामदैवज्ञ आह (12, 5) —

ध्वजादिकाः सर्वदिशि ध्वजे मुखं कार्यं हरौ पूर्वयमोत्तरे तथा।
प्राच्यां वृषे प्राग्यमयोर्गजेऽथवा पश्चादुदक्पूर्वयमे द्विजादितः ॥ 28 ॥

व्याख्या:- ध्वजादिका: सर्वदिशीति। ध्वजाख्ये आये सर्वदिशिदिक् चतुष्टयेऽपि गृहद्वारं कार्यम्। हरौ सिंहाये पूर्वदक्षिणोत्तरदिक्षु द्वाराणि स्युः, न पश्चिमदिशि। तथा वृषाख्ये प्राच्यां दिश्येव द्वारं कार्यं नान्यदिक्षु। गजाख्ये आये प्राग्यमयो: पूर्वदक्षिणदिशो: गृहद्वारं कार्यम्। यदाह श्रीपतिः — गृहेषु चाया विषमा: प्रशस्ता: स्वस्थानगा: सर्वगतो ध्वजश्च। ध्वजो हरौ तौ च गजे वृषे ते वृषोज्झितान्यत्र समाश्रितं स्यात् ॥

भाषा— किस दिशा में आयानुसार द्वार रखें, इस सम्बन्ध में रामदैवज्ञ ने कहा है कि प्रथम ध्वज आय में सभी दिशाओं में द्वार, तृतीय सिंह आय में पूर्व, दक्षिण व उत्तर दिशाओं में; पाँचवीं वृष आय में पश्चिम दिशा में और सातवीं गज आय हो तो पूर्व और दक्षिण दिशा में भवन का मुख्य द्वार रखना उत्तम होता है। इसी प्रकार यदि ब्राह्मणादि वर्णानुसार विचार करें तो ब्राह्मण को 1 ध्वज आय और पश्चिम दिशा में द्वार रखना शुभ होता है। क्षत्रिय को 3 सिंह आय और उत्तर में द्वार, वैश्य को 5 वृष आय और पूर्व दिशा में द्वार तथा शूद्र को 7 गज आय तथा दक्षिण दिशा में द्वार बनाना प्रशस्त होता है।

आय सम्बन्धात् स्पष्टार्थ द्वारचक्रम् —

आय	ध्वज	सिंह	वृष	गज
द्वारदिशा	सब दिशा	पूर्व दक्षिण उत्तर	पश्चिम	पूर्व दक्षिण

वर्ण सम्बन्धात् स्पष्टार्थ द्वारचक्रम्—

वर्ण	**ब्राह्मण**	**क्षत्रिय**	**वैश्य**	**शूद्र**
आय	ध्वज	सिंह	वृष	गज
द्वारदिशा	पश्चिम	उत्तर	पूर्व	दक्षिण

आयानां प्रयोजनमाह (विश्वकर्माप्रकाश 2, 52-61, पीयूषधारा. 12, 5) —


स्वस्वस्थाने ध्वजः श्रेष्ठो गजः सिंहस्तथा वृषः।
ध्वजः सर्वगतो देयो वृषं नान्यत्र दापयेत् ॥ 29 ॥
वृषसिंहौ गजश्चैव कुण्डे कर्पटकोटयोः।
द्विपः पुनः प्रयोक्तव्यो वापी-कूप-सरःसु च ॥ 30 ॥
मृगेन्द्रमासने दद्याच्छयनेषु गजं पुनः।

वृषं भोजनपात्रेषु क्षत्रादिषु पुनर्ध्वजम्॥ 31॥
अग्निवेश्मसु सर्वेषु गृहवह्न्युपजीविनाम्।
धूमं नियोजयेत् केचिच्छ्वानं म्लेच्छादिजातिषु॥ 32॥
खरो वेश्यागृहे शस्तां ध्वाङ्क्षश्चापि कुटीषु च।
वृष-सिंहा-ध्वजश्चापि प्रासाद-पुर-वेश्मसु॥ 33॥
गजाये वा ध्वजाये वा गजानां सदनं शुभम्।
अश्वालयं ध्वजाये वा खराये वृषभेऽपि वा॥ 34॥
उष्ट्राणां मन्दिरं कार्यं गजाये वा वृषध्वजे।
पशुसद्म वृषाये वा ध्वजाये वा शुभप्रदम्॥ 35॥
शय्यासु वृषभः शस्तः पीठे सिंहः शुभप्रदः।
अन्यत्रच्छत्रवस्त्राणि वृषाये वा ध्वजेऽपि वा॥ 36॥
पादुकोपानहौ कार्यौ सिंहाख्येप्यथवा ध्वजे।
उक्तानामप्यनुक्तानां सर्वेषां च ध्वजः शुभः॥ 37॥

भाषा— अपने-अपने स्थान पर समस्त आय हालांकि श्रेष्ठ होते हैं तथापि ध्वज, गज, सिंह एवं वृषाय विशेषतः श्रेष्ठ कहे गए हैं। ध्वजाय को सर्वत्र दिया जा सकता है किन्तु वृषाय को अन्यत्र नहीं दे तथापि वृष, सिंह, गजाय को पुट, कर्पट एवं कोट में दिया जा सकता है। गजाय को बावड़ी, कूप एवं जलाशय के लिए दिया जाए। अग्नि सम्बन्धी समस्त कार्यों के करने वालों एवं अग्नि से आजीविका चलाने के लिए (एरण, धौंकनी-भस्त्रिका, हथौड़ा आदि के निर्माण में) धूमाय दिया जाना शुभ है। म्लेच्छादि जातियों के लिए धूमाय, वेश्या के लिए खराय एवं कुटिया आदि में पुनः, इसी प्रकार प्रासाद, ग्राम-पुर, गृह से वृष, सिंह एवं गजाय श्रेष्ठ कहे गए हैं। गजशाला के निर्माण में गजाय एवं ध्वजाय दे, अश्वशाला के लिए ध्वज, वृष एवं खराय दें। ऊँट के लिए गृह वनाना हो तो गज, वृष एवं ध्वजाय दें। अन्य पशुगृह हो तो वृषाय एवं ध्वजाय दें। शय्याय में वृषाय, पीठ-बाजोट-आसनादि में सिंहाय श्रेष्ठ है। अन्यत्र छत्र, वस्त्र के लिए वृषाय एवं ध्वजाय दे तथा पादुका-उपानह में सिंहाय एवं ध्वजाय का प्रमाण श्रेष्ठ है। इसके अतिरिक्त जो यहाँ नहीं कहा गया हैं, उनके लिए ध्वजाय को शुभ जानना चाहिए।

अथ ब्राह्मणदिवर्णविभागेन द्वारनिवेशनमाह— अथवेति। द्विजादितो ब्राह्मणादि-वर्णविभागेन पश्चादुदक्पूर्वयमे— यथा, ब्राह्मणस्य पश्चान्मुखं द्वारं, क्षत्रियस्योदङ्मुखम्, वैश्यस्य पूर्वमुखम्। शूद्रस्य दक्षिणमुखमित्यर्थः।

अर्थात्— यह ज्ञातव्य है कि ब्राह्मादि वर्णों को क्रमशः पश्चिम, उत्तर, पूर्व एवं दक्षिण मुख का द्वार अपने-अपने भवन जानने चाहिए। यथा ब्राह्मण को पश्चिमाभिमुख,



दिशानुसार आयों की स्थिति और उनका स्वरूप

क्षत्रिय को उत्तराभिमुख, वैश्य को पूर्वाभिमुख एवं चतुर्थवर्ण को दक्षिणाभिमुख द्वार रखना शुभ होता है।

तत्र श्रीपतिरप्याह (महादेवटीकायां 12, 4-5; पीयूषधारा. 12, 5) —

ध्वजे प्रतीचीमुखमग्रजानामुदङ्मुखं भूमिभृताञ्च सिंहे।
विशो वृषे प्राग्वदनं गजे तु शूद्रस्य याम्यां हि समामनन्ति ॥ 38 ॥

भाषा— ब्राह्मण वर्ण के लिए ध्वजाय में पश्चिमाभिमुख द्वार हो, क्षत्रियों के लिए सिंहाय में उत्तराभिमुख, वैश्यों के लिए वृषाय में पूर्वाभिमुख एवं शूद्रों के लिए गजाय में दक्षिणमुखी द्वार करना शुभद होता है।

अथैवमेवोक्तं वास्तुप्रदीपे (ज्योतिर्निबन्ध पृ. 168, 5-8) —

खेट-कर्पट-कोटेषु वृषः सिंहो गजः शुभः।
वापी-कूप-तडागादौ गजो देयो विचक्षणैः ॥ 39 ॥
आसने योजयेत् सिंहं शयने चैव कुञ्जरम्।
वृषं भोजनपात्रेषु दद्याच्छत्रादिषु (छालादिषु?) ध्वजम् ॥ 40 ॥
महानसेऽग्निशालायां गृहे वाग्न्युपजीविनाम्।
धूमं दद्यात्तथा श्वानं यवनान्त्यजयोर्गृहे ॥ 41 ॥
खरो वेश्यागृहे योज्यो ध्वांक्षः पक्षिपतेर्गृहे।
वृषं सिंहं गजे दद्यात्प्रासादे सुर(! पुर)मन्दिरे ॥ 42 ॥

भाषा— (वास्तुप्रदीपकार वासुदेव दैवज्ञ का मत है कि) ग्राम्य बस्तियों में खेटक, कर्पट और कोट के निवेश में वृषाय, सिंहास एवं गजाय शुभ है। बावड़ी, कूप, तड़ाग आदि के लिए ज्ञानियों को गजाय का प्रयोग करना समीचीन है। यदि आसन, कुर्सी आदि का निर्माण करना हो तो सिंहाय एवं शय्यार्थ पर्यङ्क आदि बनाना हो तो गजाय ग्रहण करे। भोजन पात्रों के निर्माण में वृषाय एवं छत्रादि (पाठान्तर से शालादि) में ध्वजाय शुभ है। भोजनशाला, अग्निशाला, अग्निजीवियों के गृह एवं अग्निकर्माधारित जीवनयापन करने वालों के लिए धूमाय तथा यवन, अन्त्यजों के गृहों के लिए श्वानाय ग्रहण करे। वेश्या गृह में खराय योजित करे एवं पक्षीशाला[1] या बाजखाने में ध्वांक्षाय दें और प्रासाद, पुर एवं मन्दिर (पाठान्तर से सुरमन्दिर) में वृष, सिंह एवं गजायों को ग्रहण करना चाहिए।

---

1. **'श्येनशास्त्र'** में विभिन्न प्रकार के बाजों के प्रशिक्षण एवं पालन के लिए बाजखाने बनाने का वर्णन मिलता है। **द्रष्टव्य—** गजशास्त्रसार बाजनामा, पक्षीलक्षण आणि चिकित्सा व चित्ता वहागास चिकित्सा यूज नामा (सम्पादक एवं अनुवादक : राजेश्री ए. कृष्ण स्वामी महाडिक् राव, तंजौर सरस्वती महल, 1952) इसी प्रकार भूलोकमल्ल सोमेश्वर ने अभिलषितार्थचिन्तामणि या मानसोल्लास में भी पक्षीविनोद के अन्तर्गत श्येनविनोद का अच्छा वर्णन किया है। (मानसोल्लास : सम्पादक : एस.जी. गोण्डेकर एवं अनुवादक : डॉ. श्रीकृष्ण 'जुगनू' एवं प्रो. बी. एल. शर्मा, प्रकाशनाधीन)

अथ केषुकेष्वायादिकं न भाव्यमित्युक्तं दैवज्ञवल्लभे (तत्रैव पृ. 170, 50) —

अलिन्दनाव्यूहविनिर्गमाद्याश्चतुर्दिशं ये गृहभूषणाय।
आयादिकं तेषु न चिन्तनीयं यतो न ते वास्तुपरिग्रहे स्युः ॥ 43 ॥

अलिन्देति। अलिन्दं अलिन्दशब्देन शालाभिधीयते। ब्राह्मे यागे मणिका जालक वृत्ताङ्गणसम्मुखा क्रियते सा ज्ञेयेत्युत्पलः। प्रतिशालाख्यमिति महादेवः। 'प्रघाणप्रघणालिन्दा बहिर्द्वारप्रकोष्ठे' इत्यमरः। तत्रैव विश्वकर्मा प्रकाशे— केचिदलिन्दकं द्वारं प्रवदन्ति मनीषिणः ॥ केचिदलिन्दं शालां च केचिच्चालिन्दकं च तत्। गृहबाह्यस्थिताः काष्ठा गृहमत्यन्तनिर्गताः ॥ काष्ठा काष्ठस्य यद्गेहं तद्वा चालिन्द सञ्ज्ञकम्। गृहाद् बहिश्च य काष्ठा गृहस्यान्तर्गताश्च ये ॥ तेषां कोष्ठकृतं तिर्यग्गेहञ्चालिन्द संज्ञकम्। स्तम्भहीनं गृहाद् बाह्या निर्गतं कोष्ठानिर्मितम् ॥ मध्यादूर्ध्वगतं गेहं तच्चालिन्द सञ्ज्ञकम् ॥ *(2, 109-113)* निर्व्यूहः नेजूतिः च, विनिर्गमः मार्गेतिः च, तस्य अलङ्करणावसरे तथद्या वास्तुपरिग्रहकाले आयादि न विचारणीयम् इत्यर्थः।

भाषा— भवन के चारों ही दिशाओं में अलिन्द, निर्व्यूह, विनिर्गम आदि सहित जो भी अलङ्करण किया जाता है एवं उनके निर्माणार्थ परिग्रहावसर पर आयादि का विचार नहीं किया जाना चाहिए।

तथा च चिन्तामणौ (मार्तण्डवल्लभा. तत्रैव) —

यत्र दैर्घ्यं गृहादीनां द्वात्रिंशद्धस्ततोऽधिकम्।
न तत्र चिन्तयेद्विद्वान् गुणानायव्ययादिकान् ॥ 44 ॥

भाषा— (ज्योतिष चिन्तामणि में कहा है कि) यदि भवन या अन्य किसी निर्मिति का विस्तार 32 हाथ से अधिक हो, उसके लिए विद्वानों को आय-व्ययादि की गणना का विचार नहीं करना चाहिए।

तथा च राजमार्तण्डे[1] —

आयव्ययौ मासशुद्धिं चिन्तयेन्न महा(?तृणा) लये ॥ 45 ॥

यत्रेति। यत्र यस्मिन् गृहादीनां मण्ये द्वात्रिंशद्धस्ततो दैर्घ्यं अधिकं तत्र विद्वान् आयव्ययादिकान् गुणान् न चिन्तयेत्। तथा महालये आयव्ययौ मासशुद्धिं च न चिन्तयेत्।

भाषा— घास-पूस की झोंपड़ी (पाठान्तर से महालय) के प्रसङ्ग में आय-व्यय एवं मासादि की शुद्धि अपेक्षित नहीं है।

---

1. 'निषिद्धेपि हि काले तु सानुकूले शुभे दिने। तृणवस्त्रगृहारम्भे मासादोषो न विद्यते ॥' इति राजमार्तण्डेपाठः (840) तथा त विश्वकर्माप्रकाशे (2, 25-26)। तथा च निर्णयसिन्धौ—आयव्ययौ मासशुद्धिं तृणागारे न चिन्तयेत्। शिलान्यासादि नो कुर्यात्तथागारे पुरातने ॥ अर्थात्- यदि निषिद्ध काल भी हो तो शुभ दिन को अनुकूल ही जानकर कार्यारम्भ करें और तृण, वस्त्र के गृह या तम्बू आदि में मास दोष पर विचार नहीं करना चाहिए। (निर्णय. 736)

एवं राजमार्तण्डेऽप्याह[1] —

एकादशयवादूर्ध्वं द्वात्रिंशद्धस्तकावधि।
तावदायादिकं चिन्त्यं तदूर्ध्वं नैव चिन्तयेत्॥ 46॥

एकादशेति। एकादशयवात् ऊर्ध्वं द्वात्रिंशद्धस्तकावधि गृहं यावत् स्यात् तावत् आयादिङं चिन्त्यं विचार्य्यम। तदूर्ध्वं तस्मादूर्ध्वं नैव चिन्तयेत्।

भाषा— (प्रसिद्ध उक्ति है कि) ग्यारह यव प्रमाण से लेकर यदि 32 हाथ तक भवनादि की निर्मिति का प्रसङ्ग हो तो आयादि पर विचार करना चाहिए, इससे अधिक होने पर विचार अपेक्षित नहीं।

अत्र च्यवनो विशेष आह–

आयव्ययौ भूशुद्धिं च तृणगेहे न कारयेत्।
शिलान्यासादि न कुर्यात्तथागारे पुरातने॥ 47॥

आयेति। सुगमम्। तथद्या— आयव्ययौ मासशुद्धि न जीर्णे चिन्तयेद् गृहे। शिलान्यासं प्रकुर्वीत मध्ये तस्य विशेषतः॥ *(विश्वकर्माप्रकाश 2, 93)*

भाषा— यदि घास से गृह, झोंपड़पट्टी बनानी हो तो भूशुद्धि एवं आय-व्यय शोधन नहीं करना चाहिए। वहाँ शिलान्यास भी आवश्यक नहीं होता। पुरातन गृह हो और उसमें कार्य करवाना हो तो वहाँ शिलान्यास आवश्यक नहीं माना जाता है।

विशेष — आयादि की गणना अनेकत्र आई है। आयादि निकालने की विधि बहुत महत्वपूर्ण है। यह वास्तु को पूरा तरह गणितीय प्रतिपादित करने का उपक्रम है। इस बहाने ज्योतिष भी वास्तु से सम्पृक्त होता है। मयमतम्, मानसार, समराङ्गणसूत्रधार सहित अपराजितपृच्छा में भी आय, व्यय आदि पर विचार हुआ है। अपराजितपृच्छा के सूत्र 64 से 66 तक आयादि पर विचार हुआ है। क्षीरार्णव ग्रन्थ में आयादि के 21 अङ्गों पर विचार किया गया है। सूत्रधार मण्डन कृत 'आयतत्त्वं' ग्रन्थ की टीका करते हुए मैंने आयादि सूत्रों पर गम्भीरता से विचार किया है। मयमत में तीन बार आयादि गणित पर विचार हुआ है।

मानसारम् में कहा गया है— परिणाहे पदे वाऽपि चायादिशुद्धि च कारयेत्। केचित्त्वायतने चैवमायं च तद्दिने भवेत्॥ परिणाहे तिथिर्वारं व्ययश्चेत्वियोनिश्च विस्तरे। वसुभिर्गुणितं भानु (भि) र्हान्यायमष्टशिष्टकम्॥ अष्टाभिर्वर्धिते ऋक्षं हत्वा शेषं क्षपिष्यते। नवभिर्वर्धयेत्पाः हत्वा तच्छेषं वारमेव च॥ नवभिर्गुणिते त्रिंशता क्षपेच्छेषं तिथिर्भवेत्। एवमायादि षड्वर्ग कुर्यात्तत्र विचक्षणः॥ आयं सर्वहरं पुण्यं व्ययं सर्वगतेन हि। आयाधिक्यं व्ययं हीनं

---

1. प्रकारान्तरेण— '**एकादशकरादूर्ध्वं यावद् द्वात्रिंशहस्तकम्। तावदायादिकं चिन्त्यं तदूर्ध्वं नैव चिन्तयेत्॥**' (विश्वकर्माप्रकाश 2, 92)

सर्वसम्पत्करं तथा॥ आयहानिरव्ययाधिक्यं सर्वदोषकर भवेत्। *(मान. 9, 33-39)* यहाँ प्रसङ्गानुकूल होने से मयमत् (9, 18-24) के श्लोक उद्धृत हैं, यह बहुत पुरानी गणित है—

आयादिसम्पदर्थं वृद्धि हानिं च यष्टिभिः कुर्यात्॥

भूमि के लिए जो भी प्रमाण दण्ड सम्मत लिया गया हो, उसमें (यदि विसङ्गति हो तो) कुछ दण्ड प्रमाण को जोड़ दें या घटाए जा सकते हैं किन्तु शुभ आय ही ली जानी चाहिए ताकि सम्पतिकारक सिद्ध हों।

आयव्ययर्क्षयोन्यायुभिरथ तिथिभिश्च वारैश्च।

यजमानवस्तुनामजन्मर्क्षेणाविरोधिकं यत्तु॥

(भूमापन इस प्रकार से किया जाना श्रेयस्कर है कि) आय, व्यय, नक्षत्र, योनि, आयु, तिथि और वार— ये सात अङ्ग कभी प्रतिकूल नहीं होने चाहिए। इनकी तुलना गृहपति के नाम और वास्तुस्थल के नाम और नक्षत्र से करनी उचित हैं क्योंकि इनका विपरीत होना उचित नहीं माना जाता।

तन्मानेन समेतं गृह्णीयात् सर्वसम्पत्तयै।

व्यासायामसमूहे वसु$_{8}$निधि$_{9}$गुणिते दिनेश$_{12}$धर्म$_{10}$हृते॥

(किसी क्षेत्र की समस्त) लम्बाई और चौड़ाई को ग्रहण करते हुए दोनों का योग करें। प्राप्त संख्या को यदि आठ से गुणा करने के बाद प्राप्त संख्या में यदि बारह का भाग दिया जाए तो शेष रहने वाली संख्या को 'आय' जानना चाहिए। इसी प्रकार यदि लम्बाई, चौड़ाई को जोड़कर नौ से गुणा करें और प्राप्त फल में दस का भाग दिया जाए तो शेष रहने वाली संख्या को 'व्यय' समझना चाहिए। ग्रन्थकार ने ध्वजादि को योनि की संज्ञा दी है, यथा—

आयव्ययमवशिष्टं राम$_{3}$घ्नेऽष्टा$_{8}$पहृच्छेषम्।

ध्वजधूमसिंहश्वावृषखरगजकाकाश्च योनिगणाः॥

अष्टौ योनय उदिता ध्वजहरिवृषहस्तिनः शुभदाः।

यदि लम्बाई और चौड़ाई के योग को तीन से गुणा करने के बाद प्राप्त राशि में आठ का भाग दिया जाए तो शेष एक से आठ तक की संख्या को 'योनि' जानना चाहिए। योनियाँ आठ हैं— 1. ध्वज या केतु, 2. धूम, 3. सिंह, 4. श्वान, 5. वृष, 6. खर, 7. गज और 8. काक या ध्वांक्ष। इन आठ योनियों में से ध्वज, सिंह, वृष और गज योनि सदा शुभ जाननी चाहिए।

पुनरपि वसु₈भिर्गुणिते त्रिनव₂₇हृत्या फलं वयः शिष्टम्॥

नक्षत्रं परिणाहे त्रिंशद्व्यासे₃₀ तिथिर्यमीशहृते।

वारं सूर्यमुखं स्याद् बुद्धैवं सर्ववस्तु करणीयम्॥

'पुनः यदि लम्बाई तथा चौड़ाई के योग को आठ से गुणा करें और सत्ताईस से विभाजित करें तो 'वय' (बाल, कुमार, युवा, वृद्ध व मरण) ज्ञात होती है जबकि अधिशेष रहने वाली संख्या से (1 से 27 तक) 'नक्षत्र' का ज्ञान किया जा सकता है। इसी प्रकार यदि लम्बाई और चौड़ाई का योग कर उनको आठ से गुणा करें और तीस से विभाजित किया जाए तो शेष संख्या को 'तिथि' जानना चाहिए। कुल परिधि को आठ से गुणा करने के बाद सात से भाग दें तो शेष (1 से 7 तक) 'वार' जानना चाहिए। पहली संख्या से रविवार जानना चाहिए। इस प्रकार ज्ञानियों को आयादि का ज्ञान करने के बाद ही समस्त कार्यों को करना चाहिए।'

आयाधिकमथ सुखदं व्ययमधिकं सर्वनाशं स्यात्।

विपरीते तु विपत्त्यै तस्मात् सम्यक् परीक्ष्य कर्तव्यम्॥ इति।

(वास्तु-प्रसङ्ग में यदि) आय यदि व्यय से अधिक होगी तो वह सुखद होगी और व्यय यदि आय से अधिक हो तो सर्वनाशकारी समझें। इस प्रकार विपरीत गुण होने पर विपत्ति मिलती है। अतएव इनकी सम्यक् परीक्षा करनी चाहिए।

अथ गृहारम्भे विशेषमाह रामदैवज्ञः (मुहूर्तचिन्तामणि 12, 6) —

गृहेशतत्स्त्रीसुखवित्तनाशोऽर्केन्द्वीज्यशुक्रे विबलेऽस्तनीचे।
कर्तुः स्थितिर्नो विधुवास्तुनोर्भे पुरः स्थिते पृष्ठगते खनिः स्यात्॥ 48॥

व्याख्याः — अथ गृहारम्भं विशिष्य कालनिषेधमुपजात्याह- गृहेशेति। अकन्द्वीज्यशुक्रे विबले निर्बले, अस्ते अस्तङ्गते, नीचे नीचराशि-गते सति गृहेशतत्स्त्रीसुख-वित्तनाशो भवति। यथा सूर्ये निर्बले नीचस्थिते गृहेशस्य नाशः। इन्द्रौ चन्द्रे निर्बले अस्तमिते नीचगते वा तदा गृहेशस्य स्त्रीनाशः। गुरौ ईज्ये निर्बलेऽस्तगे नीचेगते वा गृहेशस्य सुखनाशः। शुक्रे निर्बलेऽस्तगे नीचेगे वा वित्तनाशः।

भाषा— वास्तुकार्य के आरम्भ पर गृहस्वामी की जन्मराशि से गोचरोक्त विचार से (अ.) यदि सूर्य निर्बल हो (शत्रुराशि का हो अथवा 4, 8, 12 हो) और नीचराशि (तुला) का हो तो गृह स्वामी के विनाश की आशङ्का रहती है। (ब.) चन्द्रमा निर्बल, अस्त, नीचराशि (वृश्चिक) का हो तो भार्या का विनाश होता है। अनुराधा का चन्द्रमा नीच दोष से मुक्त माना जाता है। (स.) बृहस्पति निर्बल, अस्त, अपनी नीचराशि (मकर) का हो तो स्वामी के पुत्र के लिए घातक होता है। (द.) शुक्र निर्बल, अस्त, नीचराशि (कन्या) का हो तो धन-सम्पदा का विनाश जानना चाहिए। इसलिए गेहारंभ

काल में सूर्य, चन्द्रमा, बृहस्पति और शुक्र का बलि होना, उदयी रहना, उच्च में अथवा उच्च राशि के समीप में रहना आवश्यक है। गृहारम्भ काल के चन्द्रमा और वास्तु का नक्षत्र गृहद्वार के आगे पड़े तो उस घर में गृह स्वामी का निवास नहीं होता और तस्करों का भय भी रहता है।

अत्र वसिष्ठ आह (वशिष्ठसंहिता 39, 31) —

नीचे शत्रुगते जीवे शुक्रे चन्द्रेऽथवा रवौ।
निमितं सदनं शश्वदति[1] निःस्वत्वमाप्नुयात्॥ 49॥

अनेनैवाशयेन ज्योतिष्प्रकाशे (पीयूषधारा. 12, 6) —

अस्तदोषोऽत्र न ग्राह्यः प्रातिदैवतिको बुधैः।
नास्तिदोषः सदा चन्द्रे न[2] मैत्रेऽब्जस्य नीचता॥ 50॥

कर्तुरिति। यन्नक्षत्रे दिनचन्द्रस्तद्विधुभम्। यद् गृहस्य विस्तारायामवशादुत्पन्नभं, तद्गृहभं तस्मिन् पुरः स्थिते सम्मुखस्थिते सतिकर्तुर्गृहनिर्माणकर्तुस्तद्गेहे स्थितिनिवासो न स्यात्। पृष्ठगते वा विधुनास्तुनोर्भे सति खनिः खनन चौरकृतापद्वारं तद्वशात्सर्वस्वहानिः स्यादित्यर्थः।

पुरः पृष्ठस्थितत्वं च दिग्द्वारभे क्रमेण। यथा गृहद्वारं यस्यां दिशि विधित्सितं तद्दिग्नक्षत्रे च गृहारम्भो न कार्यः। वामदक्षिणनक्षत्रेषु गृहारम्भः सुखने कार्यः। अत्रास्तगतत्वं किं क्षितिजसन्निधिकृतमुत सूर्यकृतं वा विवक्षितम्। अन्यथा तद्विशेषणार्थक्यम्। अर्थतत्त्व विशेषेणानर्थक्यम्।

भाषा—यदि ग्रहारम्भ अवसर पर नीच राशि में बृहस्पति, शुक्र, बुध अथवा सूर्य (पाठान्तर से चन्द्रमा भी) विद्यमान हो तो इस योग में उस भवन का स्वामी निर्धन हो जाता है। ज्योतिषप्रकाश में आया है कि बुद्धिमान् व्यक्ति को प्रतिदिन सूर्य के अस्त होने में दोष नहीं देखना चाहिए। चन्द्रमा का अस्त दोष नहीं होता और अनुराधा नक्षत्र में चन्द्रमा का नीचदोष नहीं होता है।

यदुक्तं ब्रह्मशम्भुना सप्तशलाका चक्रमाह (पीयूषधारा. तत्रैव) —

गृहायलब्धऋक्षेच यन्नक्षत्रे च चन्द्रमाः।
शलाकासप्तके ध्देयं कृत्तिकादिक्रमेण च॥ 51॥
वाम-दक्षिणभागे ता प्रशस्तं शान्तिकारिकम्।
अग्रे पृष्ठे न दातव्यं यदीच्छेच्छ्रेय आत्मनः॥ 52॥
ऋक्षं चन्द्रस्य वास्तोश्च अग्रे पृष्ठे न शस्यते॥ 53॥

---

1. 'शशाङ्के वा कृतं गेहमति' इति पाठः। (पीयूषधारा. 12, 6)
2. 'नास्तदोषः सदा भानोर्न' इति पाठः। (वास्तुसौख्यं 453)

अत्रायमाशयः, कृत्तिकादिसप्तनक्षत्रे चन्द्रेषु अनुराधादिसप्तसु वा गृहनक्षत्रे चन्द्रनक्षत्रे सति पूर्वद्वारं पश्चिमद्वारं वा न कार्यम्। तत्र चन्द्रः पृष्ठस्थितोऽग्रस्थितो वा भवति। एवं मघादिसप्तसु धनिष्ठादिसप्तसु वा गृहनक्षत्रे चन्द्रनक्षत्रे वा सति दक्षिणद्वारमुत्तरद्वारं वा न कार्यमित्यर्थः। गृहारम्भो वामदक्षिणगे चन्द्रे ब्रह्मशम्भुः— भानावपि तथैव स्यादधिकं च तदन्तरे। धनलाभो मतिर्व्याधिरविनाशनो विलोमतः। इति, तदनन्ते विदिक्षु। विलोमतः दिग्द्वारनक्षत्रवशेन चन्द्रफलं वास्तुनक्षत्रफलं च—ईशानवायव्यनैर्ऋत्याग्नेयक्षिक्षु क्रमेण धनलाभो करणं व्याधिः रविनाशः फलं स्यादित्यर्थः। इदं दिग्द्वारनक्षत्रवशेन चन्द्रफलं तुल्यन्यायत्वाद्वास्तुनक्षत्रेऽपि ध्येयम्। तथा च फलमाह विश्वकर्मा:— कृत्तिकाद्यं सप्तपूर्वे मघाद्यं सप्त दक्षिणे। मैत्राद्यं पश्चिमे सपत धनिष्ठाद्यं तथोत्तरे॥ अग्रे चन्द्रे स्वामिभयं कर्मकर्ता च पृष्ठके। दक्षिणे च धनं दद्युर्वामे स्त्रीसुखसम्पदः॥ *(विश्वकर्माप्रकाश 2, 114-115)*

भाषा—'क्षेत्रफलगत नक्षत्र एवं चन्द्र नक्षत्र अगर सप्तशलाका चक्र में दाहिने एवं वाम भाग में पड़े तो शुभद होते हैं परन्तु सम्मुख एवं पृष्ठभाग में पड़ना अप्रशस्त होता है। (सात आड़ी एवं सात ही खड़ी रेखाएँ खींचे एवं चारों ही दिशाओं का न्यास करने से बने सप्तशालाका चक्र में ईशान कोण से) कृतिकादि सात-सात नक्षत्रों को (साभिजित्) स्थापित करे। इसमें वास्तु नक्षत्र एवं गृहारम्भ का चन्द्र नक्षत्र यदि आगे एवं पीछे पड़े अर्थात् एक पूर्व में एवं दूसरा पश्चिम में स्थित नक्षत्रों में हो तो गृहारम्भ अशुभ एवं यदि उत्तर या दक्षिण के नक्षत्रों में पड़ते हों तो शुभकारक जाने।'


अथात्र भृगुराह —

चक्रे सप्तशालाकाख्ये कृत्तिकादीनि विन्यसेत्।
ऋक्षं चन्द्रस्य वास्तोश्च पुरः पृष्ठे च नो शुभम्॥ 54॥

चक्र इति। सप्तशलाकाख्ये सप्तशलाकानामके चक्रे कृत्तिकादीनि- कृत्तिकादि-अष्टाविंशतिनक्षत्राणि विन्यसेत्। तत्र चन्द्रस्य वास्तोश्च ऋक्षं नक्षत्रं पुरः पृष्ठे अग्रे पृष्ठे च यदि भवेत्तदा नो शुभम्। तथा च विश्वकर्माह— गृहोलब्धे ऋक्षेषु यत्र ऋक्षेषु चन्द्रमाः। शलाका सप्तके देयं कृत्तिकादिक्रमेण च॥ ऋक्षं चन्द्रस्य वास्तोश्च अग्रे पृष्ठे न शस्यते। लग्नादृक्षाद्विचार्य्योऽसौ चन्द्रः सद्यः फलप्रदः। गृहश्चन्द्रे सम्मुखस्थे पृष्ठस्थे न शुभं गृहम्। वामदक्षिणगश्चन्द्रः प्रशस्तो वास्तुकर्मणि॥ *(विश्वकर्माप्रकाश 2, 116-118)*

भाषा— (पुनः भृगु के मत से कहा जा रहा है) सप्तशालाका चक्र में अभिजित् सहित कृतिकादि नक्षत्रों का ईशान कोण से न्यास करने। उसमें यदि चन्द्रमा एवं वास्तु के नक्षत्र परस्पर आगे-पीछे हों तो अशुभ किन्तु पार्श्व में पड़े तो प्रशस्त समझना चाहिए।

सप्तशलाका चक्रम्—



तथाऽत्र श्रीपतिरप्याह (रत्नमाला 17,11) —

क्षपाकरे नैव गृहं पुरःस्थे कुर्याद् वसेत् तत्र न जातु कर्त्ता।
पतन्ति खन्यानि च पृष्ठसंस्थे यत्नेन तस्मादिदमत्र चिन्त्यम्॥ 55॥

भाषा— यदि अतिशीघ्र कार्य करना हो तो वास्तु के लिए आवश्यक मास, नक्षत्र, दिन, तिथि एवं लग्नशुद्धि निम्नानुसार ज्ञातव्य है— फाल्गुन, वैशाख, श्रावण, कार्तिक, मार्गशीर्ष महीनों में से किसी एक मास को ग्रहण करें। शुक्ल पक्ष को लें। रिक्ता तिथि, अमावस्या व अष्टमी को त्यागकर अन्य किसी तिथि को लें। रविवार एवं

---

1. 'दर्शे राजभयं ज्ञेयं भूते दारविनाशनम्' इति पाठः। पक्षफलञ्च तत्रैव— शुक्लपक्षे भवेत् सौख्यं कृष्णे तस्करतो भयम्। तस्माद्विचार्य कर्तव्यं यदीच्छेच्छुभमात्मनः॥ (पीयूषधारा. 12, 17)

मङ्गलवार को त्यागकर अन्य वार को ग्रहण करें। उत्तरा त्रय, मृगशिरा, चित्रा, रेवती, अनुराधा, शतभिषा, स्वाती, धनिष्ठा, हस्त एवं पुष्य नक्षत्रों में कोई एक ग्रहण करें। स्थिर लग्न अर्थात् वृष, सिंह, वृश्चिक एवं कुम्भ तथा द्विस्वभाव लग्न यानी मिथुन, कन्या, धनु व मीन लग्नों में और बारहवें, ग्यारहवें एवं आठवें स्थान में शुभ ग्रह (बुध, बृहस्पति, शुक्र, पूर्णचन्द्रमा) नहीं हो तथा तीसरे, छठवें एवं ग्यारहवें स्थान में खल ग्रह (सूर्य, मङ्गल, शनि, राहु व केतु व इनसे युक्त बुध एवं क्षीण चन्द्रमा) हो तो ऐसे उपयुक्त समय का चयन कर नवीन गृहारम्भ किया जाना प्रशस्त कहा गया है।

अथ खातारम्भादिनक्षत्राण्याह लल्लः (वास्तुसौख्यं 450)[1] —

अधोमुखैर्भैर्विदधीत खातं शिलास्तथैवोर्ध्वमुखैश्च पट्टम्।
तिर्यङ्मुखैर्द्वारि कपाटयानं गृहप्रवेशो मृदुभिर्ध्रुवैस्तु॥ 110॥

अधोमुखैरिति। अधोमुखैर्भैः अधोमुखैर्नक्षत्रैः खातं विदधीत। ऊर्ध्वमुखैर्नक्षत्रैः शिलां पट्टश्च तथैव विदधीत। तिर्यङ्मुखैर्नक्षत्रैः द्वारिकपाटदानं विदधीत। मृदुभिर्ध्रुवर्क्षैः गृहप्रवेशं विदधीत।

भाषा— अधोमुख संज्ञक नक्षत्र (मूल, कृतिका, मघा, विशाखा, भरणी, आश्लेषा, पूर्वाफाल्गुनी, पूर्वाषाढ़, पूर्वाभाद्रपद) में खातकर्म किया जाना चाहिए। ऊर्ध्वमुख संज्ञक नक्षत्र (पुष्य, आर्द्रा, श्रवण, उत्तराफाल्गुनी, उत्तराषाढ़, उत्तराभाद्रपद, शतभिषा, रोहिणी, धनिष्ठा) में शिलान्यास एवं ऊर्ध्वपट्ट न्यास करना चाहिए। तिर्यङ्मुख संज्ञक नक्षत्र (ज्येष्ठा, पुनर्वसु, हस्त, अश्विनी, मृगशिरा, रेवती, अनुराधा, स्वाती, चित्रा) में द्वार, उसके लिए किंवाड़ और सवारी यान का कार्य करें और मृदु संज्ञक नक्षत्र (मृगशिरा, चित्रा, अनुराधा, रेवती) एवं ध्रुव संज्ञक नक्षत्र (उत्तराफाल्गुनी, उत्तराषाढ़, उत्तराभाद्रपद व रोहिणी) में गृहप्रवेश कार्य करना शुभ है।

अथ प्रसङ्गादधोमुखनक्षत्राणि तत्र कर्तव्यञ्चाह (राजवल्लभे. 13, 1) —

पूर्वात्रयं सार्पयमाग्निधिष्ण्यमधोमुखं मूलमघाविशाखाः।
खाते च भूम्यां निधिरोपणे च तथोग्रकार्ये मुनयो वदन्ति॥ 111॥

भाषा— पूर्वाफाल्गुनी, पूर्वाषाढ़ा, पूर्वाभाद्रपद, आश्लेषा, भरणी, कृत्तिका, मूल, मघा व विशाखा नक्षत्रों को अधोमुखी माना गया है। इन नक्षत्रों में भूमि में खात करना, धन गाड़ना तथा अन्य क्रूग्र कार्यों को करना चाहिए।

तिर्यङ्मुखनक्षत्राणि तत्र कर्तव्यञ्चाह (तत्रैव 13, 2) —

चित्राश्विमैत्रादितिवायुधिष्ण्यं ज्येष्ठामृगौ पौष्णकरौ तथैव।
स्याद्वाहने यन्त्रहलप्रवाहे चतुष्पदाद्येऽपि च पार्श्ववक्त्रम्॥ 112॥

भाषा— चित्रा, अश्विनी, अनुराधा, पुनर्वसु, स्वाती, ज्येष्ठा, मृगशिरा, रेवती और हस्त नक्षत्र तीर्यङ्मुख या पार्श्वमुख होते हैं। इनका उपयोग वाहन, चक्रादि यन्त्र, हल जोतने या कर्षण कार्य तथा पशुधन विषयक कार्यों में किया जाना चाहिए।

तत ऊर्ध्वमुखनक्षत्राणि तत्र कर्तव्यञ्चाह (तत्रैव 13, 3) —

पुष्योत्तरार्द्राश्रुतयो धनिष्ठा स्याद्रोहिणी वारुणमूर्ध्ववक्त्रम्।
प्राकारदेवालयच्छत्रहर्म्यराज्याभिषेकादि च याति सिद्धम्॥ 113॥

---

1. ज्योतिर्निबन्धे 'वास्तुप्रदीपस्तु' (पृ. 175, 18)

भाषा—पुष्य, उत्तरा फाल्गुनी, उत्तराषाढ़ा, उत्तरा भाद्रपद, आर्द्रा, श्रवण, धनिष्ठा, रोहिणी और शतभिषा नक्षत्र ऊर्ध्वमुख कहे जाते हैं। इन नक्षत्रों में दुर्गार्थ परकोटा निर्माण, मन्दिर, छत्र-मुकुट धारण, हवेली निर्माण और राज्याभिषेक आदि कार्य सिद्ध होते हैं।

अथ गृहकूपनिर्माणे दिग्वशेन फलमाह रामदैवज्ञः (12, 20) —

कूपे वास्तोर्मध्यदेशेऽर्थहानिस्त्वैशान्यादौ पुष्टिरैश्वर्यवृद्धिः।
सूनोर्नाशः स्त्रीविनाशो मृतिश्च सम्पत्पीडा शत्रुतः स्याच्च सौख्यम्॥ 114॥

व्याख्या- वास्तोर्गृहस्य मध्यदेशे मध्यभागे, कूपे जलकूपे सात, स्वामिनो गृहपतेरर्थनाशः स्यात्। अथैशान्यादिषु सृष्टिमार्गेणाष्टसु दिक्षु पुष्टिरित्यादि फलम्। यथा ऐशान्यां कूपे पुष्टिः, पूर्वस्यां कूपे ऐश्वर्यवृद्धिः, आग्नेय्यां कूपे पुत्रनाशः, दक्षिणस्यां कूपे स्त्रीविनाशः, नैर्ऋत्यां कूपे गृहकर्तुर्मृतिः पश्चिमायां कूपे सम्पत् शोभनम्, वायव्यां कूपे शत्रुतः सकाशात्पीडा, उत्तरस्यां कूपे सुखं गृहस्वामिन इति।

भाषा— वास्तुक्षेत्र के मध्य भाग में यदि कुआँ बनवाया जाए तो धन का नाश हो व दरिद्रता का आगमन होता है। ईशान कोण में कूप से पुष्टि, पूर्व में ऐश्वर्य में अभिवृद्धि, अग्निकोण में पुत्र हानि, दक्षिण में स्त्री नाश, नैर्ऋत्य में मृत्यु, पश्चिम में सम्पदा, वायव्य में शत्रु से पीड़ा और उत्तर में कुआँ बनवाएँ तो सुख प्राप्ति होती है।

स्पष्टार्थ कूपचक्रम्—

ईशान		पूर्व		आग्नेय
उत्तर वायव्य	पुष्टि सौख्य शत्रुपीड़ा	ऐश्वर्य धननाश संपत्ति पश्चिम	पुत्रनाश स्त्रीनाश मृत्यु	दक्षिण नैर्ऋत्य

उक्तं चात्र वसिष्ठेन (पीयूषधारा. तत्रैव; वसिष्ठसंहिता 39, 189-190) —

ऐश्वर्यं पुत्रहानिश्च स्त्रीनाशो[1] निधनं भवेत्।

सम्पच्छत्रुभयं सौख्यं पुष्टिः प्रागादितः क्रमात्॥ 115॥

मध्ये भागे कृते कूपे धनहानिश्च निश्चयात्।

(तस्मात्सम्यग्विचार्य्याथ कूपं कुर्याच्च बुद्धिमान्)॥ 116॥

भाषा— अर्थ सुगम है और चक्रानुसार जानना चाहिए।

अथ सूर्यभात्कूपारम्भे चक्रमाह —

कूपेऽर्कभान्मध्यगतैस्त्रिभिर्भैः स्वादूदकं पूर्वदिशस्त्रिभिस्त्रिभिः।

स्वल्पं जलं स्वादुजलं जलक्षयं स्वादूदकं क्षारजलं च [1]मिश्रितम्॥ 117॥

मिष्टं जलं क्षारजलं [2]क्रमेण पुरातनैरुक्तमतिप्रवीणैः॥ 118॥

कूपे इति। कूपे कूपचक्रे, अर्कभात् सूर्याधिष्ठितनक्षत्रात्, मध्यगतैः मध्यस्थैः, त्रिभिर्भैः त्रिभिर्नक्षत्रैः, स्वादूदकं स्वादुजलं ज्ञेयम्। पूर्वदिशः सकाशात् त्रिभिस्त्रिभिर्नक्षत्रैः क्रमेण स्वल्पं जलं, स्वादुजलं, जलक्षयं, स्वादूदकं, क्षारजलं, मिश्रितं, च मिष्टं जल, क्षारजलं, अतिप्रवीणैः अतिधुरन्धरैः, पुरातनैः प्राचीनैः, उक्तं प्रतिपादितम्।

भाषा— कूपचक्र का न्यास करने के लिए मध्य में सूर्याधिष्ठित नक्षत्र से गिनकर तीन नक्षत्र रखें। इसके बाद पूर्वादि क्रम से तीन-तीन नक्षत्र रखें और जिस दिशा में जो नक्षत्र पड़ता हो, उसे देखकर चक्र के अनुसार फल जानना चाहिए।

स्पष्टार्थ चक्रम्—

मध्य	पूर्व	आग्नेय	दक्षिण	नैर्ऋत्य	पश्चिम	वायव्य	उत्तर	ईशान
3	3	3	3	3	3	3	3	3
स्वादु	स्वल्प	स्वादु	जलहानि	स्वादु	क्षार	मिश्रित	मिष्ट	क्षार

अथ प्रकारान्तरेण कूपचक्रमाह ज्यौतिष्प्रकाशे —

अथातः सम्प्रवक्ष्यामि कूपचक्रं वरानने।

रोहिण्यादि लिखेच्चक्रं त्रयं मध्ये प्रतिष्ठितम्॥ 119॥

पूर्वादिदिक्षु सर्वासु त्रिभिमार्गेण दीयते।

मध्ये शीघ्रं जलं स्वादु पूर्वे भूमिश्च खण्डिता॥ 120॥

आग्नेय्यां सुजलं प्रोक्तं दक्षिणे निर्जलं तथा।

---

1. 'शिलाश्च' इति पाठः।
2. 'क्रमात्फलं ज्ञेय बुधैर्भास्करभात्सदा प्रहेः' इति पाठः।

नैर्ऋत्ये चामृतं वारि पश्चिमे शोभनं जलम्॥ 121 ॥
वायव्येऽपि जलं हन्ति चोत्तरे स्वादुकं जलम्।
ईशाने कटुकं क्षारमम्लतीक्ष्णसमं जलम्॥ 123 ॥
(दिग्विभागेन विज्ञेयमेवं वारिविनिश्चयम्)।

अथात इति। हे वरानने अथात: अस्मादनन्तरं कूपचक्रं सम्प्रवक्ष्यामि। रोहिण्यादि चक्रं रोहिणीनक्षत्रमारभ्य चक्रं लिखेत्। मध्ये मध्यकोष्ठे त्रयं त्रिसंख्यकं नक्षत्रं प्रतिष्ठितं कार्यम्। पूर्वादिदिक्षु सर्वासु त्रिभिर्मार्गेण त्रिभिनक्षत्रक्रमेण दीयते। मध्ये मध्यस्थत्रिनक्षत्रे कूपारम्भे शीघ्रं स्वादुजलं स्यात्। पूर्वे पूर्वदिशि संस्थितनक्षत्रे खण्डिता भूमि: स्यात्। आग्नेय्यां मग्निकोणस्यनक्षत्रै, सुजलं सुष्ठुजलं प्रोक्तं कथितम्। दक्षिणे दक्षिणस्थनक्षत्रे निर्जलं जलहीनं स्यात्। नैर्ऋत्ये नैर्ऋत्यकोणे वारि जलं, अमृतं अमृतसदृशं ज्ञेयम्। पश्चिमे पश्चिमदिशि, शोभनं सुन्दरं जलं स्यात्। वायव्ये वायव्यकोणेऽपि निश्चयेन जलं, हन्ति नाशयति। उत्तरदिशि स्वादुकं जलं स्यात्। ईशाने कटुकं, क्षारं, अम्लतीक्ष्णसमं जलं ज्ञेयम्।

भाषा— (शिव पार्वती से कहते हैं) अब कूपचक्र कहता हूँ। इसमें रोहिणी नक्षत्र के क्रम से तीन नक्षत्र मध्य में और तीन नक्षत्र पूर्वादि आठों दिशाओं में स्थापित करे। इसके अनुसार फल निम्न चक्रानुसार होगा।[1]

स्पष्टार्थ रोहिणीभात् कूपचक्रम् —

दिशा	मध्य	पूर्व	आग्नेय	दक्षिण	नैर्ऋत्य	पश्चिम	वायव्य	उत्तर	ईशान
नक्षत्र	3	3	3	3	3	3	3	3	3
नाम	रोहिणी	पुनर्वसु	मघा	हस्त	विशाखा	मूल	श्रवण	पूभा	अश्वि.
नक्षत्र	मृग.	पुष्य	पूफा	चित्रा	अनु.	पूषा	धनिष्ठा	उभा	भरणी
	आर्द्रा	आश्लेषा	उफा	स्वाती	ज्येष्ठा	उषा	शत.	रेवती	कृति.
फल	शीघ्र	खंडित	सुजल	निर्जल	अमृत	शोभन	जलक्षय	स्वादु	कटु

---

1. तथा च कूपप्रश्ने— 'कर्किकन्यातुलाचापवृश्चिका नक्रमीनकौ। यदि स्थानं भवेदत्र शोभनं जलमुच्यते॥'
तथा चान्ये—कूपं कुम्भगतं श्रेष्ठं मध्यमं मीनमेषयो:। अधमं मकरस्थं हि कूपान्येवं विदुर्बुधा:॥ बहि: सञ्चारमाश्रित्य कूपद्वयमथाधमम्। ++++++++++++ तत् कूपद्वयमुच्यते॥ कूपद्वयमथान्यच्च प्राकाराद् बहिरुच्यते। मेषस्थमिति यं प्राहुर्मीने वारि गुरु (स्मि ?स्मृ) तम्॥ कुम्भे मीनगते कूपे लघुवारि च शोभने। मनोदु:खहरे चैव पुत्रपौत्रविवर्धने॥ बाह्यस्थे च तथा कूपे गुणदोषविवर्जिते। विषभागे विषं विद्यादमृतेऽमृतमुच्यते॥ वंशे वंशक्षयं विद्यात् स्तम्भस्थे वर्णसङ्करम्। क(र्म ?र्ण) सूत्रे मृतिं क(र्म ?र्ण) बहि:सूत्रेषु विस्मृति:॥ चोरशत्रुगृहोत्पाता गृहसूत्रे विदुर्बुधा:। प्राकारस्य बहि:सूत्रे तद्बाह्ये शूद्रगोचरे॥ (इति सर्वदेवानां मते, वास्तुविद्यायां उद्धृते)

अथ दिक्परत्वेन गृहाण्याह रामदैवज्ञः (12, 21) —

स्नानाग्निपाकशयनास्त्रभुजश्च धान्य-
भाण्डारदैवतगृहाणि च पूर्वतः स्युः।
तन्मध्यतस्तु मथनाज्वपूरीषविद्या-
भ्यासाख्यरोदनरतौषधसर्वधाम॥ 124॥

स्नानेति। पूर्वतः पूर्वाद्यष्टदिक्षु स्नानगृहादीनि गृहाणि स्युः। यथा पूर्वस्यां स्नानगृहं, आग्नेय्यां पाकगृहं, दक्षिणस्यां शयनगृहं, नैर्ऋत्यां शस्त्रगृहं, पश्चिमायां भोजगृहं, वायव्यां धान्यसङ्ग्रहगृहं, उत्तरस्यां भाण्डारस्य द्रव्यस्य गृहं, ऐशान्यां दैवतगृहं स्यादित्यर्थः। तन्मध्यतः इत्यादि। पूर्वाद्यष्टदिक्षु तन्मध्यतस्तयोर्दिग्विदिशोर्मध्ये अष्टसंख्यके मथना द्यष्टौ गृहाणि स्युः। यथा पूर्वाग्नेययोर्मध्ये मथनस्य दध्यालोडनस्य गृहं, आग्नेयदक्षिणयोर्मध्ये आज्यस्य घृतसंग्रहस्य गृहं, नैर्ऋतिपश्चिमयोर्मध्ये विद्याभ्यासस्य गृहं, पश्चिमवायव्योर्मध्ये रोदनस्य गृहं, उत्तरवायव्योर्मध्ये रतस्य सम्भोगस्य गृहं, उत्तरैशान्योर्मध्ये औषधस्य गृहं, ऐशानी-प्राच्योर्मध्ये उक्तव्यतिरिक्तसर्ववस्तूनां धाम गृहं कार्यं स्यादित्यर्थः।

भाषा— रामदैवज्ञ का मत है कि वास्तुक्षेत्र के पूर्वभाग में स्नानगृह, आग्नेय कोण में रसोईघर, दक्षिण में शयनगृह, नैर्ऋत्य में शस्त्रागार, पश्चिम में भोजनगृह, वायव्य में अन्नागार, उत्तर में भण्डार और ईशान कोण में देवपूजन गृह बनाना चाहिए। इन गृहों के बीच-बीच में मन्थनादि कक्ष भी बनाएँ। इनका स्थान निर्देश इस प्रकार होगा— पूर्व-अग्निकोण के बीच में मन्थन कक्ष, आग्नेय-दक्षिण के बीच घृत कक्ष, दक्षिण-नैर्ऋत्य के बीच पाखाना, नैर्ऋत्य-पश्चिम के बीच विद्याभ्यास, पश्चिम-वायव्य के बीच रुदन कक्ष, वायव्य-उत्तर के बीच संभोग स्थल, उत्तर-ईशान के मध्य औषधालय और ईशान तथा पूर्व के बीच में सर्व सामग्री संग्रह स्थल होना चाहिए।

अत्राह वसिष्ठः (वसिष्ठसंहिता 39, 164-165; पीयूषधारा. 12, 21) —

ऐन्द्र्यां स्नानगेहकार्यमाग्नेय्यां पचनालयः।
याम्यायां शयनं वैश्म नैर्ऋत्यां शस्त्रमन्दिरम्॥ 125॥
वारुण्यां भोजनगृहं वायव्यां पशु(धान्य!)मन्दिरम्।
उदीच्यां हाटकं सद्म ऐशान्यां देवमन्दिरम्॥ 126॥

ऐन्द्रयामेति। हाटकं सुवर्णस्येदं हाटकम्, शेष सुगमम्।

भाषा— निर्धारित क्षेत्र पर पूर्व दिशा में स्नानागार बनाए। आग्नेय कोण में भोजनशाला, दक्षिण में शयनागार एवं नैर्ऋत्य कोण में शस्त्रागार बनाना चाहिए। इसी प्रकार पश्चिम दिशा में भोजनगृह, वायव्य कोण में पशुशाला (पाठान्तर से धान्यालय), उत्तर में हाटक (शृङ्गार-प्रसाधन कक्ष) तथा ईशान कोण में देवार्थ आलय की रचना

करनी चाहिए।

अत्र कश्यपोऽप्याह (पीयूषधारा. तत्रैव) —

प्राच्यां दिशि स्नानगृहमाग्नेय्यां पचनालयः।
शयनं याम्यदिग्भागे नैर्ऋत्यां शस्त्रमन्दिरम्॥ 127॥
प्रतीच्यां भोजनगृहं वायुभागेऽन्नसङ्ग्रहम्।
भाण्डारसदनं सौम्ये त्वैशान्यां देवतालयम्॥ 128॥

प्राच्यां इति। सुगमम्।

भाषा— कश्यप का मत है कि पूर्व में स्नानागार, आग्नेय कोण में भोजनशाला, दक्षिण में शयनकक्ष, नैर्ऋत्य में शस्त्रमन्दिर बनाए। पश्चिम में भोजनगृह, वायव्य में अन्नसंग्रह, उत्तर में भण्डारगृह और ईशान में देवतालय होना चाहिए।

अत्र नारदस्तु विशेषमाह (तत्रैव) —

भाण्डागारं तूत्तरे स्याद्वायव्यां पशुमन्दिरम्।[1]

भाषा— नारद का मत है कि उत्तर में भाण्डार एवं वायव्य दिशा में पशुगृह होना चाहिए।

अत्र विश्वकर्मा आह —

उत्तरस्यां जलस्नानं पूर्वस्यां श्रीगृहं तथा॥ 129॥

भाषा— विश्वकर्मा का कथन है कि उत्तर में जल व स्नानगृह एवं पूर्व दिशा में श्रीगृह होना अपेक्षित है।

यदाहात्र वसिष्ठः (वसिष्ठसंहिता 39, 167-170) —

इद्राग्न्योर्मन्थनं गेहं याम्याग्न्योर्घृत(रति!)मन्दिरम्।
याम्यराक्षसयोर्मध्ये पुरीषत्यागमन्दिरम्॥ 130॥
राक्षसाम्बुपयोर्मध्ये विद्याभ्यासस्य मन्दिरम्।
तोयेशानिलयोर्मध्ये रोदनं मन्दिरं स्मृतम्॥ 131॥
वायव्योत्तरयोर्मध्ये सम्भोगस्यैव मन्दिरम्।
उत्तरेशानयोर्मध्ये त्वौषधागारमुच्यते॥ 132॥
(पुरन्दरेशयोर्मध्ये सर्ववस्तुसु सङ्ग्रहम्)।
सदनं कारयेदेवं क्रमादुक्तानि षोडश॥ 133॥

इन्द्राग्न्योमिति। सुगमम्।

---

1. नारदसंहितायां प्रकाशितपाठे नोपलभ्यते।

भाषा— पूर्व एवं आग्नेय कोण के मध्य में दही मथने का कक्ष (1) बनाएँ। दक्षिण एवं आग्नेय कोण के बीच रतिमन्दिर (2) या शृङ्गार भू विलास (पाठान्तर से घृत आदि रखने का कक्ष) बनाए। दक्षिण एवं नैर्ऋत्य कोण के बीच में मल-मूत्रादि विसर्जन का कक्ष (3) हो। नैर्ऋत्य कोण एवं पश्चिम के बीच अध्ययन कक्ष (4) हो और पश्चिम व वायव्य कोण के बीच में रुदन कक्ष (5.) या कोपगृह होना चाहिए। वायव्य कोण व उत्तर के बीच में काम व उपभोग कक्ष (6) होगा जबकि उत्तर व ईशान कोण के बीच में औषधागार (7) होगा। ईशान कोण व पूर्व के बीच समस्त वस्तु संग्रह गृह (8) होगा। इस प्रकार (पूर्वोद्धृत श्लोक 125-126 के अनुसार आठ गृहों सहित) क्रमशः सोलह कक्षों को बनाना चाहिए।

गृह के सोलह कक्ष

देवगृह	सर्ववस्तु संग्रह कक्ष	स्नानगृह	मथन गृह	रसोई
औषध-गृह	आँगन			आज्यगृह
भाण्डार				शयनकक्ष
रतिगृह				शौचालय
धान्यगृह	कोपभवन	भोजनकक्ष	विद्याभ्यास कक्ष	शस्त्रागार

अथ कश्यपोऽप्याह —

इन्द्राग्न्योर्मन्थनं[1] गेहं यमाग्न्योर्घृतमन्दिरम्।
पुरीषत्यागसदनं मध्ये राक्षसकालयोः ॥ 134 ॥
विद्या जलेशनैर्ऋत्योर्मध्ये च सदनं स्मृतम्।
रौदनं सदनं नूनं जलाधीशसमीरयोः ॥ 135 ॥
नवरत्नालयं मध्ये कुबेरेश्वरयोस्तथा ॥ 136 ॥

इन्द्राग्नयो इति। इन्द्रेशयोर्धान्यगृहमिति। शेष सुगमम्।

भाषा— कश्यप का भी मत है कि पूर्व-आग्नेय कोण के बीच दही मन्थन कक्ष होगा। दक्षिण-आग्नेय कोण के बीच घृतगृह; दक्षिण-नैर्ऋत्य कोण के बीच में पुरीष-मल त्याग-कक्ष; नैर्ऋत्य कोण-पश्चिम के बीच विद्याकक्ष होगा। पश्चिम-वायव्य कोण के बीच रुदनकक्ष एवं नए रत्नों का भण्डागृह उत्तर व ईशान कोण के मध्य में होगा।

अथ श्रावणे मासि सप्तसकारविशेषेण गृहारम्भस्य प्राशस्त्यमुक्तं वास्तुरत्नप्रदीपे–

शनिः स्वाती सिंहलग्नं शुक्लपक्षश्च[1]सप्तमी।
शुभयोगः श्रावणश्च सकाराः सप्त कीर्तिताः ॥ 137 ॥
सप्तानां योगतो वास्तु पुत्रपौत्रप्रदं सदा।
गजाश्वधनधान्यादि पुरे तिष्ठन्ति सर्वतः ॥ 138 ॥

शनिरिति। शनिः शनिघस्त्रः, स्वाती नक्षत्रं, सिंह लग्नं, शुक्लपक्षः, सप्तमी तिथिः, शुभयोगः, श्रावणः श्रावणामासः, इमे सप्त सकाराः कीर्तिताः कथिताः। एषां पूर्वोक्तानां सप्तानामेककाले योगतः यद्वास्तुकर्मं भवेत्तत् सदा पुत्रपौत्रप्रदं स्यात्। तथा तत्र पुरे गजाश्वधनधान्यानि सर्वतः समन्तात्तिष्ठन्ति वर्तन्ते।

भाषा— यदि 1. श्रावण मास, 2. शनिवार, 3. स्वाती नक्षत्र, 4. सिंह लग्न, 5. शुक्ल पक्ष, 6. सप्तमी तिथि और 7. शुभ करण का योग— ये सात सकार एक साथ हों तो तो सकारात्मक परिणामप्रद होते हैं। इनमें यदि वास्तु कार्य किया जाए तो वह गृह सदा ही पुत्र–पौत्रप्रद, गज–अश्वादि वाहनों और सर्व धन–धान्यादि से भरपूरा रहता है।

अथ सुप्तभूमिलक्षणमाह (रत्नोद्योत 5, 13)[२] —

प्रद्योतनात्पञ्च$_{5}$नगा$_{7}$ङ्क$_{9}$सूर्य$_{12}$नवेन्दु$_{19}$षड्विंशमितेषु$_{26}$भेषु।
शेते मही नैव गृहं विधेयं तडाग-वापीखननं न शस्तम् ॥ 131 ॥

---

1. 'इन्द्राग्न्योर्मैथुनं' इति प्रकाशित पाठः।
२. सङ्ग्रहशिरोमणौ (20, 210); वास्तुप्रबोधोद्धृते (1, 45); वास्तुभूषणे च वास्तुरत्नाकरे (9, 42)।

प्रद्योतनादिति। प्रद्योतनात् सूर्याधिष्ठितनक्षत्रात्, पञ्चनगाङ्कसूर्यनवेन्दुषड्विंशमितेषु मेषु, मही पृथ्वी शेते, अतस्तदा गृहं नैव विधयेम्। तडागवापीखननं च न शस्तम्।

भाषा— (रत्नोद्योतकार गङ्गाराम द्विवेदी का मत है) सूर्य के नक्षत्र से पाँचवें, सातवें, नवें, बारहवें, उन्नीसवें और छब्बीसवें नक्षत्र वाले दिन भूमि शयन करती है। अतः इन नक्षत्रों में, भूमि शयन के समय गृह निर्माण नहीं करे। जलाशय और वापी का खनन भी प्रशस्त नहीं होता है।

विशेष— इसका परिहार यह है कि शयन के उक्त नक्षत्रों में क्रमशः 1, 4, 12, 27, 16 घटी तक ही पृथ्वी शयन होता है, शेष घटियों में पृथ्वी जागृत रहती है— स्यात्राडी शयने शशीमित$_{1}$ तथा तुर्य$_{4}$स्तथार्कै$_{12}$र्मिता। ऋक्षे$_{27}$ भूपतिभि$_{16}$र्नगैः$_{7}$ परिमिते शेषेभवेज्जाग्रतिः ॥ *(वास्तुप्रबोध 46)*

पृथ्वीशयन का विचार भूमि सम्बन्धी समस्त कार्यों में करना चाहिए क्योंकि जब भूमि सोयी हुई होगी तब उस पर कोई कार्य करना कैसे शुभ हो सकता है। इसके अतिरिक्त, अम्बुवाची योग, भूकम्प, ग्रहणादि अवसरों पर भी पृथ्वी का खनन नहीं करना चाहिए। आर्द्रा नक्षत्र का प्रथम चरण अम्बुवाची योग होता है जबकि पृथ्वी ऋतुमती रहती है। ऐसे में जो पृथ्वी को खोदते हैं, उन्हें ब्रह्महत्या का पाप लगता है और मरने पर चार युगों तक कृमिदंश नरक मिलता है। भूकम्प व ग्रहण के अवसर पर पृथ्वी को खोदने पर महत्पाप लगता है और ऐसा करने वाला दूसरे जन्म में भी अङ्गहीन होता है— अम्बुवाच्यां भूकरणं यः करोति च मानवः। स याति कृमिदंशं च स्थितिस्तत्र चतुर्युगम्॥ भूकम्पे ग्रहणे यो हि करोति खननं भुवः। जन्मान्तरे महापापो ह्यङ्गहीनो भवेद् ध्रुवम्॥ अम्बुवाच्यां भूखननं जलशौचादिकं च ये। कुर्वन्ति भारते वर्षे ब्रह्महत्यां लभन्ति ते॥ *(देवीभागवत 9, 10, 14 व 28 एवं 9, 34, 48)* भूकम्पे ग्रहणे यो हि करोति खननं भुवः। जन्मान्तरे महापापी सोऽङ्गहीनो भवेद् ध्रुवम्॥ *(ब्रह्मवैवर्तपुराण प्रकृतिखण्ड 9, 23)*

यदि कभी भूल, त्रुटिवश ऐसा हो जाए तो निम्न स्तोत्र का पाठ करना चाहिए— यज्ञसूकरजाया त्वं जयं देहि जयावहे। जयेऽजये जयाधारे जयशीले जयप्रदे॥ सर्वाधारे सर्वबीजे सर्वशक्तिसमन्विते। सर्वकामप्रदे देवि सर्वेष्टं देहि मे भवे॥ सर्वशस्यालये सर्वशस्याढ्ये सर्वशस्यदे। सर्वशस्यहरे काले सर्वशस्यात्मिके भवे॥ मङ्गले मङ्गलाधारे मङ्गल्ये मङ्गलप्रदे। मङ्गलार्थे मङ्गलेशे मङ्गलं देहि मे भवे॥ भूमे भूमिपसर्वस्वे भूमिपाल परायणे। भूमिपाहङ्काररूपे भूमिं देहि च भूमिदे॥ *(ब्रह्मवैवर्त. प्रकृतिखण्ड 8, 53-57)*

अथ वास्तुकाले पूजनीयदेवाः पूजाप्रकारश्च वास्तुप्रदीपे —

बलिभिः पुष्पधूपाद्यैर्लोकपालान्नवग्रहान्।
पूजयेत्क्षेत्रपालांश्च क्रूरभूतांश्च बाह्यतः॥ 132॥
कुशपुष्पैस्तथा लाजैस्तिलतण्डुलमिश्रितैः।
ब्राह्मणं वास्तुपुरुषं तद्देशस्थाश्च देवताः॥ 133॥
गौरी पद्मा शची मेधा सावित्री विजया जया।
देवसेना स्वधा स्वाहा मातरो लोकमातरः॥ 134॥
हृष्टिः पुष्टिस्तथा तुष्टिरात्मदेव्या सहार्चयेत्।
पूर्णकुम्भं सनारोप्य चूतपल्लवसंयुतम्॥ 135॥
गन्धपुष्पादिभिर्लक्ष्मीं श्रीसूक्तेन प्रपूजयेत्।
इन्द्रादिलोकपालांश्च स्वस्वदिक्षु घटस्थितान्॥ 136॥
अष्टौ वसूंश्च सम्पूज्य चतुर्दश च मातरः।
वासुकिं तक्षकं चैव कुलिकं कर्कोटकं तथा।
पद्मं च शङ्खचूडं च महापद्मं धनञ्जयम्॥ 137॥


पूजयेद् गन्धमालाद्यैर्नागानष्टौ प्रयत्नतः।
हस्तमात्रमिते गर्ते सपद्मं सहिरण्यकम्॥ 138॥
वास्तोः पतेति मन्त्रेण दद्यादर्घ्यं घटाम्बुभिः।
पृथ्वी नवग्रहधरामरशक्रपूर्वाः
नागाः प्रजापतिपराशरमाम्रपणः।
वास्तोः पतिं दधियुताक्षतधूपगन्धैः
पूज्या धरामरणगणा विधिवद् गणेशः॥ 139॥

वलिभिः पुष्पधूपाद्यैरिति। पुष्पधूपाद्यैर्बलिभिः लोकपालान्नवग्रहानक्षेत्रपालांश्च पूजयेत्। बाह्यतो बाह्ये (सप्तम्यर्थे तसिल्) तथा तेनैव विधिना कुशपुष्पैः तिलकण्डुल मिश्रितैर्लाजैः पूजयेत्। ब्राह्मण, पुरोहित, वास्तुपुरुषं तद्देशस्था देवताश्च पूजयेत्। ततो 1. गौरी, 2.पद्मा, 3. शची, 4. मेघा, 5. सावित्री, 6. विजया, 7. जया, 8. देवसेना, 9. स्वधा, 10. स्वाहा 11. माता, 12. लोकमाता, 13. हृष्टिः, 14. पुष्टिः 15. तुष्टिः, एताःदेव्यः आत्मदेव्या सह अर्चयेत्। अथ चूतपल्लवसंयुतं पूर्णकुम्भं समारोप्य श्रीसूक्तेनेति मन्त्रेण गन्धपुष्पादिभिः लक्ष्मीं प्रपूजयेत्। स्वस्वदिक्षु स्वस्वाशासु घटस्थितान् लोकपालान् अष्टौ वसूंश्च सम्पूज्य, चतुर्दश मातरश्च पूजयेत्। एवं पूर्वोक्तदिशा अनन्तं वास्तपुरुषं कूर्म्म पृथ्वीं नवग्रहान् वासुकिं तक्षकं कुलिकं क्कर्कोटकं तथा पद्म शंखचूडं च महापद्म धनञ्जय अष्टौ नागान् प्रयत्नतः गन्धमाल्याद्यैः पूजयेत्। हस्तमात्रमिते एकहस्तपरिमिते गर्ते सपद्मं सहिरण्यकं वास्तोः पतेति मन्त्रेण घटाम्बुभिरर्य्य दद्यात्। आम्रपर्णैः चूतपत्रैः प्रजापति पराशरं पूजयेत्। दधियुताक्षतपुष्पगन्धैः वास्तोः पति पूजयेत्। धरामरगणा विश्वम्भरास्थिता देवगणाश्च पूज्याः विधिवद्विधिपूर्वकं गणेशश्च पूज्यः।

भाषा— वास्तुकाल में पूजनीय देवी-देवताओं के सम्बन्ध में वास्तुप्रदीप के अनुसार कहा जा रहा है। वास्तुपूजन के अन्तर्गत देवताओं के लिए इष्ट नैवेद्य पुष्प, धूपादि लेकर सर्वप्रथम लोकपाल (इन्द्र, अग्नि, यम, निर्ऋति, वरुण, कुबेर व ईशान), नवग्रह (सूर्य, चन्द्र, मङ्गल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, राहु व केतु), क्षेत्रपाल की पूजा करनी चाहिए। क्रूर देवताओं (अष्टभैरव— रुरु, संहार, काल, असिताङ्ग, क्रोध, भीषण, महा एवं खट्वाङ्ग भैरवादि), भूतादि (वेताल, ब्रह्मराक्षसादि) की पूजा बाहर में कुश, पुष्प, लाजा, तिल, तण्डुल को मिश्रित कर करनी चाहिए। इसी अवसर पर वहाँ विप्र, वास्तुपुरुष और स्थानीय देवताओं की भी पूजा करे।


इसी प्रकार सोलह मातृकाओं यथा—1. गौरी, 2.पद्मा, 3. इन्द्राणी, 4. मेधा, 5. सावित्री, 6. विजया, 7. जया, 8. देवसेना, 9. स्वधा, 10. स्वाहा, 11. मातर, 12. लोकमातर, 13. हृष्टि, 14. पुष्टि, 15. तुष्टि, देवियों सहित 16. आत्मदेवी की पूजा करनी चाहिए।

चतुःषष्टिपदवास्तुचक्रम्–



पूर्व

एकाशीतिपदवास्तुचक्रम्



पश्चिम

पुनः जलपूरित कुम्भ को रखकर उसे आम्रपल्लवों से सज्जित करें और गन्ध, पुष्पादि के साथ भगवती लक्ष्मी की श्रीसूक्त के साथ पूजा करे।

इसी प्रकार आठों दिशाओं में घट स्थापित कर इन्द्रादि लोकपालों की उन-उनकी दिशा में पूजा करें। आठों वसुओं (अग्नि, पृथ्वी, वायु, अन्तरिक्ष, आदित्य, द्यौ, चन्द्रमा व नक्षत्र) और चौदह माताओं भी पूजा करें।

इसके अनन्तर 1. वासुकी, 2. तक्षक, 3. कुलिक, 4. कर्कोटक, 5. पद्म, 6. शङ्खचूड़, 7. महापद्म और 8. धनञ्जय नामक आठों ही नागों का प्रयत्नपूर्वक गन्ध, मालादि से पूजन करना चाहिए।

उक्त पूजादि कृत्य के बाद एक हाथ लम्बा, एक हाथ चौड़ा तथा एक हाथ ही गहरा गड्ढा करें और उसमें पद्म, स्वर्ण निवेशकर 'वास्तोष्पते' मन्त्र[1] से घट के पवित्र जल से अर्घ्य देना चाहिए।

इस प्रकार पृथ्वी और पूर्वोक्त सूर्यादि नवग्रह, शेष, इन्द्रादि देवगण, आठों नागदेव, प्रजापति और ऋषि पराशर की आम्रपल्लवों से पूजा करनी चाहिए। दधि से युक्त अक्षत, धूप, गन्धादि से वास्तुपुरुष एवं गणेश की भी विधिवत पूजा करनी चाहिए।

अथ क्षित्यर्घदानमन्त्रः —

वसुधे हेमगर्भासि शेषस्योपरि शायिनि।
तव पृष्ठे ददाम्येत्तद् गृहाणार्घ्यं धरित्रि मे ॥ 140 ॥

अथ कूर्म्मस्यार्धदानमन्त्रः—

सर्वलक्षणसम्पन्न सर्वेश कमलाधिप।
स्थानं देहि गृहं कर्तुं गृहाणार्घ्यं नमोस्तुते ॥ 141 ॥

---

1. वास्तोष्पते प्रति जानीह्यस्मानृत्स्वावेशो अनमीवो भवा नः।
यत् त्वेमेहे प्रति तन्नो जुषस्व शं नो भव द्विपदे शं चतुष्पदे ॥

हे वास्तोष्पते गृहपालक देव! आप हमें जगाएँ। हमारे गृह में पुत्र-पौत्र आदि द्विपदों, गौ, अश्व आदि चतुष्पदों को नीरोग एवं सुखी करें। जो धन हम आपसे माँगें, वह हमें प्रदान कीजिए।

वास्तोष्पते प्रतरणो न एधि गयस्फानो गोभिरश्वेभिरन्दो।
अजरासस्ते सख्ये स्याम पितेव पुत्रान्प्रति नो जुषस्व ॥

हे वास्तोष्पते! आप हमारे लिए कल्याणकारी धन का विस्तार-प्रसार करें। हे सोम! हम आपकी कृपा से गौओं तथा अश्वों के साथ नीरोग रहें। आप हमारा पुत्रवत् पालन करें।

वास्तोष्पदे शग्मया संसदा ते सक्षीमहि रण्वया गातुमत्या।
पाहि क्षेम उत योगे वरं नो यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥ *(ऋग्वेद 7, 54, 1-3)*

हे वास्तोष्पते! हम आपसे सुखकर, रमणीय और ऐश्वर्ययुक्त स्थान प्राप्त करें। हमें प्राप्त और प्राप्त होने वाले श्रेष्ठ धन वैभव की आप रक्षा करें। हमें सदा कल्याणकारी साधनों-उपस्करों से सुरक्षित रखें।

अथानन्तस्यार्धदानमन्त्रः—

हिमकुन्दप्रतीकाश नागानन्त महाफणिन्।
स्थानं देहि गृहं कर्तुं गृहाणार्घ्यं नमोस्तुते ॥ 142 ॥


अथ घटे जलदानमन्त्रः—

वास्तोष्पते प्रतिजानीह्यस्मान्स्वावेशो अनमीवो भवान्।
यत्त्वमहे प्रतितन्नोजुषस्व शन्नो भव द्विपदेशञ्चतुष्पदे स्वाहा ॥ 143 ॥


अथ- **'ओं सर्वज्ञानक्रियाव्यक्तकमलासनाय योगपीठाय नमः'** इति मन्त्रेण मध्ये पीठं सम्पूज्य तत्र ब्रह्माणं पूजयेत्।

अथ स्तम्भरोपणमन्त्रः (नाट्यशास्त्रे अभिनव. 2, 62)—

ओं यथाचलो गिरिर्मेरुर्हिमवांश्च महाबलः।
जयावहो नरेन्द्रस्य तथा त्वमचलो भव॥ 144 ॥[1]



योगिनी स्थापन



सर्वतोभद्र मंडल


ततः सङ्कल्पं कुर्य्यात्-

ओं अद्यामुके मास्यमुके पक्षेऽमुकतिथावमुकगोत्रस्यामुकशर्म्मण एतत्स्थान-निर्विघ्न पूर्वकचिरकालवाससुखसौमनस्यनैरुज्यदीर्घायुष्ट्वाबलपुष्टिप्राप्ति कामो वास्तु-


---

1. 'ओं यथाचलो गुरुर्मेरुरावासमचलं कुरु। आरोपितगृहस्तम्भं तथात्वमचलं भव॥' इति प्रकाशित पाठः। अभिनवभारतीटीकायां— यथेति। प्रणवनमस्कारमध्यवर्ती चायं पठितव्य इति वास्तुविद्याविदः। अचलो भवेति पूर्व(अपू)र्वविधिः। न तेन तदनुवादेन जयावहो भवेत्यस्य न पौनरुक्त्यम्।
अर्थात्— जैसे महा (सुमेरु) पर्वत अचल है, उसी प्रकार इस आवास को अचल करो। मैं यहाँ इस गृहस्तम्भ को स्थापित कर रहा हूँ, वह अचल सिद्ध हों।


नवग्रह स्थापन



क्षेत्रपाल स्थापन



वास्तु स्थापन



कर्मतदङ्गतया गणेश पूजनकलशस्थापन पञ्चदेवतानवग्रहदशदिक्पालक्रूरक्षेत्रपाल षोडशमातृकाऽनन्तपृथ्वीकूर्म्मनागवास्तुपुरुषपूजनमहं करिष्ये।

ततः पूजनीयदेवताः सम्पूज्य, कूर्म्मार्ध्यं दत्वा, पृश्विव्यर्घ्यं दत्वा वास्तुपुरुषार्घ्यं दत्वा, ततो दध्यक्षतदूर्वाम्रपल्लवयुतकलशजलं गर्ते दत्वा मृत्तिकाः पूरयेत्।

ततः पूर्वदिशि बलिदानमन्त्रः—

ओं गजवाहनाय वज्रहस्ताय तेजोधिपतये एष दधिमाषबलिरिन्द्राय नमः।

ततोऽग्निकोण–

ओं छागवाहनाय शक्तिहस्ताय वैश्वानरमूर्तये एष बलिनमः।

ततो दक्षिणे–

ओं महिषवाहनाय दण्डहस्ताय यममूर्तये नमः।

ततो नैर्ऋत्याम्–

ओं गजवाहनाय खड्गहस्ताय निर्ऋतिमूर्तये नमः।

ततः पश्चिमे–

ओं गरुडवाहनाय शङ्खचक्रगदापद्महस्ताय वरुणमूर्तये नमः।

ततो वायुकोणे–

ओं क्षेत्रपालाय मृगवाहनाय वायुमूर्तये नमः।

तत उत्तरे–

ओं कुबेराय गदाहस्ताय नरवाहनाय नमः।

तत ईशाने–

ओं वृषवाहनाय त्रिशूलशक्तिहस्ताय त्रिनेत्राय एष सदधिमाषबलिर्नमः।

मध्यगृहे–

ओं पातालक्षेत्राय सहस्त्रफणाय द्विसहस्त्रलोचनाय वासुकिनागाय शक्तिहस्ताय सर्वनागाधिपतये एष दधिमाषबलिर्नमः।

ततो दक्षिणा–

ओमद्य कृतैतद्वास्तुकर्मप्रतिष्ठार्थमिदं स्वर्णं यथानामगोत्राय ब्राह्मणाय दक्षिणां तुभ्यमहं सम्प्रददे।

अत्र सर्वं पद्धत्यनुसारादूहनीयं, विस्तरभयान्न लिखितमिति।

वास्तुलग्नकुण्डलीफलं (विश्वकर्माप्रकाश 3, 48-49)[1] तत्रादौ तनुभावस्थानां ग्रहाणां फलमाह —

लग्नेऽर्के वज्रपातः स्यात्कोशहानिश्च शीतगौ।
मृत्युर्विश्वम्भरासूनौ दारिद्रयं रविनन्दने॥ 145॥
जीवे धर्मार्थकामाः स्युः सुतोत्पत्तिश्च भार्गवे।
चन्द्रजे कुशला शक्तिजनस्यायुः प्रवर्धते॥ 146॥

लग्नर्क इति। अर्के रवौ, लग्ने वास्तुलग्ने स्थिते सति वज्रपातः तत्रगृहे वज्रपातः स्याद्भवेत्। शीतगौ चन्द्रे लग्ने कोशहानिः द्रव्यागारनाशः स्यात्। विश्वम्भरासूनौ भूपुत्रो मङ्गल इत्यर्थः लग्ने मृत्युर्मरणं स्यात्। रविनन्दने शनैश्चरे लग्ने दारिद्र्यं दरिद्रता स्यात्। जीवे गुरौ लग्ने धर्मार्थकामाः धर्मार्थकामरूपास्त्रिवर्गाः स्युर्भवेयुः। भार्गवे लग्ने सुतोत्पत्तिः स्यात्। चन्द्रजे बुधे लग्ने कुशला भव्या शक्तिः बलं स्यात्, तथा जनस्य वासकर्तुर्लोकस्य आयुरायुर्दायं प्रवर्धते।

भाषा— यदि गृहारम्भ के लग्न स्थान में सूर्य स्थित हो तो वज्रपात, चन्द्रमा हो तो हानि, मङ्गल हो तो मृत्यु, शनि हो तो दारिद्र्य, बृहस्पति हो तो धर्म-अर्थ-काम की प्राप्ति, शुक्र हो तो पुत्र प्राप्ति, बुध हो तो सामर्थ्य और आयु की वृद्धि सम्भव होती है।

विशेष— प्रत्येक ग्रह का अपना निजी स्थान, उच्च व नीच राशि सहित मूल त्रिकोणादि की गणना ज्योतिष में की गई है। यह निम्न चक्र से समझा जा सकता है—

ग्रह	स्वगृह	उच्च राशि	नीच राशि	मूल त्रिकोण
सूर्य	सिंह	मेष	तुला	सिंह 1^0–20^0
चन्द्र	कर्क	वृष	वृश्चिक	वृष 3^0–30^0
मङ्गल	मेष, वृश्चिक	मकर	कर्क	मेष 18^0 तक
बुध	मिथुन, कन्या	कन्या	मीन	कन्या 16^0–20^0
गुरु	धनु, मीन	कर्क	मकर	धनु 1^0–13^0
शुक्र	वृष व तुला	मीन	कन्या	तुला 1^0–10^0
शनि	मकर, कुम्भ	तुला	मेष	कुम्भ 1^0–20^0

ततो द्वितीयभावस्थग्रहाणां फलम् (तत्रैव 3, 50-51) —

द्वितीयस्थे रवौ हानिश्चन्द्रे शत्रुक्षयो भवेत्।

---

1. प्रकाशितपाठे— ग्रन्थकारः श्लोकद्वयं वास्तुप्रदीपात् कथितम्।

भूसुते बन्धनं प्रोक्तं नाना विघ्नानि भानुजे॥ 147॥
बुधे द्रविणसम्पत्तिर्गुरौ धर्मसमागमः।
तथा कामविनोदेन भृगौ कालं व्रजेदिह॥ 148॥

द्वितीयस्थ इति। रवौ द्वितीयस्थे सति हानिः स्यात्, चन्द्रे द्वितीयस्थे शत्रुक्षयः रिपुविनाशो भवेत्, भूसुते कुजे बन्धनं प्रोक्तम्, भानुजे शनैश्चरे द्वितीयस्थे भावा विघ्नाः भवेयुः, बुधे द्वितीयस्थे द्रविणसम्पत्तिर्भूरिसम्पत्तिः स्यात्। गुरौ बृहस्पतौ द्वितीयस्थे धर्मसमागमः स्यात् तथा भृगौ शुक्रे द्वितीयस्थे कामविनोदेन स्मरक्रीडाऽऽमोदेन, इह पृथिव्यां कालं व्रजेद गच्छेत् ग्रहकर्तुरिति।

भाषा— गृहारम्भ काल में यदि द्वितीय भाव में सूर्य हो तो हानि, चन्द्रमा हो तो शत्रु का संहार, मङ्गल हो तो बन्धन, शनि हो तो अनेक प्रकार के विघ्न होते हैं। बुध द्वितीयस्थ हो तो सम्पत्ति, गुरु हो तो धर्म-अध्यात्म की वृद्धि, शुक्र हो तो कालक्रमानुसार काम-विनोद आदि की प्राप्ति, पूर्ति होती है।

ततस्तृतीयगतग्रहाणाणां फलम् (तत्रैव 3, 52) —

तृतीयस्थेषु पापेषु सौम्यष्वेव विशेषतः।[1]
सिद्धिः स्यादचिरादेव यथाभिलषितं प्रति॥ 149॥

सौम्यग्रहा इति। तृतीयस्थाः सौम्यग्रहाः शुभग्रहाः, विशेषतो विशेषेण तृतीयस्थाः पापाः पापग्रहा अपि यथाभिलषितं प्रति यथाभीष्टं प्रति, अचिरादेव शीघ्रमेव सिद्धिः स्यात्।

भाषा— गृहारम्भावसर पर यदि तृतीय भाव में पाप ग्रह (सूर्य, मङ्गल, शनि) हो और विशेषकर यदि सौम्य ग्रह (गुरु, शुक्र, चन्द्रमा व बुध) हो तो दीर्घ लम्बित इच्छाओं की सिद्धि होती है।

अथ चतुर्थभावस्थग्रहाणां फलम् (तत्रैव 3, 53-54) —

चतुर्थस्थानगे जीवे पूजा सम्पद्यते नृपात्।
चन्द्रजे च सदा लाभो भूमिलाभस्तु भार्गवे॥ 150॥
वियोगः सुहृदां भानौ मित्र(मन्त्र!)भेदो धरासुते।
बुद्धिनाशो निशानाथे [1]महालाभोऽर्कनन्दने॥ 151॥

चतुर्थस्थानग इति। जीवे बृहस्पतौ चतुर्थस्थानगे सति नृपाद्राज्ञः, पूजा पूजनं, सम्पद्यते लभ्यते। चन्द्रजे बुधे चतुर्थस्थानगे सदा सर्वदा लाभःस्यात्। भार्गवे शुक्रे चतुर्थस्थानगे भूमिलाभः भूमेः पृथिव्यालाभः स्यात्। भानौ रवौ चतुर्थस्थानगे सुहृदां मित्राणां वियोगः

---

1. 'सौम्यग्रहास्तृतीयस्थाः पापा अपि विशेषतः।' इति प्रकाशित पाठः।

स्यात्। धरासुते कुजे चतुर्थस्थानगे मित्रभेदः सुहृदभेदः स्यात्। निशानाथे चन्द्रे चतुर्थस्थानगे बुद्धिनाशः स्यात्। अर्कनन्दने शनौ चतुर्थस्थानगे महालाभो बहुलाभः स्यात्।

भाषा— गृह कार्यारम्भ अवसर पर यदि चतुर्थ भाव में गुरु हो तो शासन की ओर से बहुमान होता है। बुध हो तो धन का लाभ एवं शुक्र हो तो भूमि का लाभ होता है। यदि सूर्य हो तो मित्रों का वियोग (पाठान्तर से गुप्त रहस्य का उजागर होना), मङ्गल हो तो मित्रों में भेद-दुराव, चन्द्रमा हो तो बुद्धि का नाश और शनि हो तो महालाभ (पाठान्तर से सर्वनाश) होता है।

अथ पञ्चमभावस्थग्रहाणां फलम् (तत्रैव 3, 55-56) —

[1]पञ्चमस्थे सुराचार्ये मित्रवस्त्रधनागमः।
शुक्रे पुत्रधनप्राप्तिर्हेमाभरणमिन्दुजे॥ 152॥
सुतदुःखं सदा सूर्ये शशाङ्के कलहागमः।
भौमे कामविरोधः स्याच्छनौ कामविमर्दनम्॥ 153॥

पञ्चमस्थ इति। सुराचार्ये बृहस्पतौ पञ्चमस्थे मित्रवस्त्रधनागमः मित्राणं सुहृदां वस्त्राणामंशुकानां धनानां चागमः आगमनं स्यात्। शुक्रे पञ्चमस्थे पुत्रधनप्राप्तिः पुत्राणां धनानां प्राप्तिलीभः स्यात्। इन्दुजे बुधे पञ्चमस्थे हेमाभरणं सुवर्णाभूषणं गृहकर्ता प्राप्नोतीति शेषः। सूर्ये पञ्चमस्थे सेदा सुतःदुःखं स्यात्। शशाङ्के चन्द्रे पञ्चमस्थे कलहागमः स्यात्। भौमेकामविरोधः स्यात्। शनौ पञ्चमस्थे कामविमर्दनं स्यात्।

भाषा— पाँचवें भाव में गुरु हो तो मैत्री, वस्त्र व धन का लाभ होता है, शुक्र हो तो पुत्र व धन प्राप्त होता है एवं बुध हो तो स्वर्णाभरण का लाभ होता है। पाँचवें भाव में ही सूर्य हो तो सन्तान को कष्ट, चन्द्रमा हो तो कलह बढ़ता है, मङ्गल हो तो काम का विरोध और यदि शनि हो तो काम का नाश करता है।

अथ षष्ठभावस्थग्रहाणां फलम् (तत्रैव 3, 57-58) —

षष्ठस्थानगते सूर्ये [1]पूजा सम्पद्यते नृपात्।
चन्द्रे पुष्टिः कुजे प्राप्तिः सौरे शत्रुबलक्षयः॥ 154॥
गुरौ चार्थोदयः[2] प्रोक्तो भृगौ विद्यागमो भवेत्।
मानज्ञानस्य कौशल्यं[3] नक्षत्रपतिनन्दने॥ 155॥

पष्ठस्थानग इति। षष्ठस्थानगते सूर्ये नृपात् पूजा सम्पद्यते। चन्द्रे षष्ठस्थानगते पुष्टिः स्यात्। कुजे प्राप्तिः स्यात्। सौरे शनौ चतुर्थस्थानगे शत्रुवलक्षयः शत्रूणां बलविनाशः

---

1. 'महालाभोऽर्कनन्दने' इति विश्वकर्माप्रकाशपाठः (3, 54)।
२. 'पञ्चमस्थे सुराचार्ये मित्रं वसुधनागमः। शुक्रे पुत्रसुखावाप्ती रत्नलाभस्थेन्दुजे॥ सुतदुःखं सहस्रांशौ शशाङ्के कलह स्मृतः। भौमे कार्यावरोधः स्यात्सौरे बन्धुविमर्दनम्॥' इति विश्वकर्माप्रकाशपाठः (3, 55-56)।

स्यात्। गुरौ षष्ठस्थानगते अर्थोदयः धनागमः प्रोक्तः। मृगौ शुक्रे षष्ठस्थानगते विद्यागमः भवेत्। नक्षत्रपतिनन्दने चन्द्रजे बुधे चतुर्थस्थानगे मानज्ञानस्य कौशल्यं स्यात्।

भाषा— यदि छठवें भाव में सूर्य हो तो राजा से सम्मान हो, चन्द्रमा हो तो पुष्टिवर्धन, मङ्गल हो तो प्राप्ति, शनि हो तो शत्रुबल क्षय, गुरु हो तो धन की सम्भावनाओं का उदय, शुक्र हो तो विद्या-अध्ययन के प्रति रुझान का बढ़ना और बुध हो तो भलीभाँति मानादि की विशेषज्ञता मिलती है।

अथ सप्तमभावस्थग्रहाणां फलम् (तत्रैव 3, 59-60) —

[४]लग्नात्सप्तमगे जीवे बुधे दैत्यपुरोहिते।
गजवाजिधरित्रीणां क्रमोद्भोगं विनिर्दिशेत्॥ 156॥
भास्करे कीर्तिभङ्गः स्यात् कुजे विग्रहमादिशेत्।
चन्द्रे मन्दे युते मान्द्यं हीनाङ्गत्वं भयं तथा॥ 157॥

लग्नात्सप्तमग इति। लग्नाद् गृहारम्भकालिकलग्नात् सप्तमगे सप्तमस्थानगे जीवे बुधे दैत्यपुरोहिते शुक्रे च तदा क्रमात् क्रमेण गजवाजिधरित्रीणां भोगं विनिर्दिशेत्। तद्यथा जीवे सप्तमस्थानगे गजानां कुञ्जराणां, बुधे सप्तमस्थानगे वाजिनां घोटकानां, शुक्रे धरित्रीणां भुवां, भोगं विनिर्दिशेत्। भास्करे सूर्ये सप्तमस्थानगे कीर्तिभङ्गः स्यात् यशोविनाशः स्यात्। कुजे सप्तमस्थानगे विग्रहं युद्धमादिशेत्। चन्द्रे शनैश्चरे युते सप्तमस्थानयुते क्रमेण मान्द्यं मन्दत्वं, भयं समादिशेत्।

भाषा— यदि गृह निर्माण करें तब सातवें भाव में गुरु हो तो गज लाभ, बुध हो तो अश्व का लाभ, शुक्र हो तो गृहपति को भूमि का उपभोग होता है। इसी प्रकार सातवें भाव में सूर्य हो तो कीर्ति का विनाश, मङ्गल हो तो वैर-विरोध या विपत्ति, चन्द्रमा हो तो जड़मति एवं शनि हो तो भय होता है।

अथाष्टमभावस्थग्रहाणां फलम् (तत्रैव 3, 61-62) —

[1]निधनस्थे सहस्रांशौ शत्रुता विपदः सदा।
हानिः शीतमयूखे च मङ्गले रविजे भयम्॥ 158॥
बुधे मानधनप्राप्तिः सुरेज्ये विजयो महान्।
शुक्रे स्वजनतो दद्यात्सुखं पुंसां विशेषतः॥ 159॥

---

1. 'सूर्ये रोगनाशं विनिर्दिशेत्' इति पाठः।
2. 'मन्त्रोदयो' इति पाठः।
3. 'सम्यग्ज्ञानार्थकौशल्यं' इति पाठः।
४. 'सप्तमस्थागंने जीवे बुधे दैत्यपुरोहिते। गजवाजिधरित्रीणां क्रमाल्लाभो विनिर्दिशेत्॥ भास्करे कीर्तिभङ्गः स्यात्कुजे विपदमादिशेत्। निमग्नौ क्लेश आयासः पतङ्गे व्यङ्गताभयम्॥' इति विश्वकर्माप्रकाशपाठः (3, 55-56)।

निधनस्य इति। सहस्रांशौ सूर्ये निधनस्थे गृहारम्भकालिकलग्नादष्ट मस्थानगे सति सदा शत्रुता विपदश्च स्यात्, शीतमयूखे शीतकिरणेऽष्टमस्थानगे हानिः स्यात्। मङ्गले रविजे शनैश्चरे चाष्टमस्थानगे भयं स्यात्। बुधेऽष्टमस्थानगे मानधनप्राप्तिः मान एव धनं तस्य प्राप्तिः स्यात्। सुरेज्ये गुरावष्टमस्थानगे महान् विजयः स्यात्। शुक्रेऽष्टमस्थानगे पुंसां पुरुषाणां विशेषतः स्वजनतः सुखं दद्यात्।

भाषा— यदि आठवें स्थान में सूर्य हो तो वैरवर्धन एवं नित्य विपदा, चन्द्रमा हो तो हानि, मङ्गल व शनि हो तो भय रहता है। बुध हो तो सम्मान के साथ धन का लाभ, गुरु हो तो चमत्कारिक विजय और शुक्र हो तो अपने ही व्यक्तियों से सुख मिलता है।

अथ नवमभावस्थग्रहाणां फलम् (तत्रैव 3, 63-64) —

[२]नवमस्थानगे जीवे बुद्धिभाग्यविवर्धनम्।
बुधे विविधभोगाप्तिः शुक्रे मन्दोदयो भवेत्॥ 160॥
चन्द्रे धातुक्षयः प्रोक्तो धर्महानिश्च भास्करे।
कुजे सामर्थ्यहानिः स्याद्रविजे कामदूषणम्॥ 161॥

नवमस्थानग इति। जीवे नवमस्थानगे सति बुद्धिभाग्यविवर्धनं बुद्धेर्भाग्यस्य च आधिक्यं स्यात्। बुधे नवमस्थानगे विविधभोगाप्तिः नानाभोगाप्तिः स्यात्। शुक्रे नवमस्थानगे मन्दोदयो अल्पोदयो भवेत्। चन्द्रे नवमस्थानगे धातुक्षयः प्रोक्तः। भास्करे नवमस्थानगे धर्महानिः स्यात्। कुजे नवमस्थानगे सामर्थ्यहानिः स्यात्। रविजे शनौ नवमस्थानगे कामदूषणं कामे वाञ्छायां दूषणं दोषो बाधेत्यर्थः भवेत्।

भाषा— नवें भाव में गुरु हो तो बुद्धि एवं भाग्य का अभिवर्धक होता है। बुध हो तो अनेक प्रकार के भोगों का प्रदाता होता है। शुक्र हो तो किञ्चित भाग्योदय होता है। इसी प्रकार यदि चन्द्रमा नवे भाव में हो तो धातुक्षय रोग, सूर्य हो तो धर्म की हानि, मङ्गल हो तो धन का सामर्थ्य का क्षय एवं शनि हो तो कामदूषण का कारक बनता है।

अथ दशमभवनस्थखेटानां फलम् (तत्रैव 3, 65-66) —

---

1. 'सुराचार्ये महत् सौख्यं विजयं स्त्रीधनं बुधे॥ मार्त्तण्डे च सुहृद् बुद्धिश्चन्द्रे शोकविवर्धनम्। भौमे रत्नागमः प्रोक्तः कोणे कीर्तिविलोपनम्॥' इति विश्वकर्माप्रकाशपाठः(3, 65-66)
२. 'लाभस्थानेषु सर्वेषु लाभस्थानं विनिर्दिशेतम्। व्ययस्थानेषु सर्वेषु विनिर्दिश्यो विनिर्देश्यो व्ययः सदा॥' इति विश्वकर्माप्रकाशपाठः (3, 67)
इत्यमनन्तर मतमाह— स्वोच्चे पूर्णफलः प्रोक्तः पादोनं स्वर्क्षगो ग्रहः। स्वत्रिकोणेऽर्धफलदः पादं मित्रगृहाश्रितः॥ समर्क्षे रिपुराशौ च समकष्टफलौ ग्रहौ। नीचस्थो निष्फलः प्रोक्तो वर्गे सत्फलदः शुभः॥ (विश्वकर्मा. 3, 68-69)
अर्थात्— कोई भी ग्रह अपनी उच्चराशि में पूरा फल, अपनी राशि में तीन चौथाई फल, मूल त्रिकोण में आधा फल तथा मित्र ग्रह की राशि में एक चौथाई फल देता हैं। सम राशि समान व शत्रु की राशि में कष्टदायक फल देता हैं। यदि ग्रह नीच राशि में हो तो वह निष्फल होता है, शुभ वर्ग में शुभ फल देता है।

दशमस्थानगे शुक्रे शयनासनसिद्धयः।
[1]सुराचार्ये महत्सौख्यं विजयश्च तथा बुधे॥ 162॥
मार्त्तण्डे धनवृद्धिश्च चन्द्रे कोषविवर्धनम्।
भौमे बलं सदा पुंसां शनौ कीर्तिविलोपनम्॥ 163॥

दशमस्थानग इति। शुक्रे दशमस्थानगे शयनासनसिद्धयः स्यात्। सुराचार्ये गुरौ दशमस्थानगे महत्सौख्यं भवेत्। तथा बुधे दशमस्थानगे विजयः स्यात्। मार्त्तण्डे सूर्ये दशमस्थानगे धनवृद्धिः स्यात्। चन्द्रे दशमस्थानगे कोषविवर्धनं स्यात्। भौमे सदा पुंसां पुरुषाणां बलं स्यात्। शनौ कीर्तिविलोपनं स्यात्।

भाषा— गृहारम्भ काल में यदि दसवें भाव में शुक्र हो तो शय्या एवं आसन की सिद्धि देता है। गुरु हो तो पर्याप्त सुख प्राप्ति, बुध हो तो विजय, सूर्य हो तो धन की वृद्धि होती है। चन्द्रमा हो तो कोष-बचत में बढ़ोतरी, मङ्गल हो तो गृहपति सदा ही बलवान् रहता है जबकि शनि हो तो कीर्ति का विनाश होता है।

अथ लाभस्थानां व्ययस्थानाञ्च ग्रहाणां फलम् (3, 67)—

[2]लाभस्थानगताः सर्वे प्रयच्छन्ति शुभं फलम्।
व्यये सर्वे सदौदास्यं प्रदिशन्ति विशेषतः॥ 164॥

लाभस्थानगता इति। लाभस्थानगताः सर्वे ग्रहाः शुभं फलं प्रयच्छन्ति। व्यये द्वादशस्थानगे सर्वे ग्रहा विशेषतः सदा औदास्यं उदासीनतां प्रदिशन्ति।

भाषा— ग्यारहवें भाव में सभी ग्रह शुभ फल प्रदायक होते हैं तथा बारहवें व्यय भाव में सभी ग्रह उदासी प्रदायक होते हैं।

स्पष्टार्थ चक्रम् —

ग्रह	सूर्य	चन्द्र	मङ्गल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
1.	वज्रपात	हानि	मृत्यु	सामर्थ्य	त्रिवर्ग	पुत्र	दारिद्र्य
2.	हानि	शत्रुनाश	बंधन	धन	धर्म	विनोद	नानाविध
3.	लाभ	शुभ	अतिशुभ	शुभ	शुभ	शुभ	अतिशुभ
4.	महालाभ	बुद्धिनाश	मित्रभेद	लाभ	नृपमान्य	भूमि	मित्रविरह
5.	पुत्रपीड़ा	कलह	कार्यहानि	स्वर्ण	मित्रलाभ	पुत्रार्थ	कामनाश
6.	राजपूज्य	पुष्टि	मानादि	धन	विद्या	विद्या	शत्रुहानि

---

1. 'नैधने च सहस्रांशौ विद्विषोजनितापदः। शनिः शीतमयूखे च भौमे सौरे च रुग्भयम्॥ बुधे मानधनप्राप्तिर्जीवे च विजयो भवेत्। शुक्रे स्वजनभेदः स्यान्मन्त्रज्ञस्यायिदेहिनः॥' इति विश्वकर्माप्रकाशपाठः(3, 61-62)
२. 'वागीशे नवमस्थाने विद्याभोगाभिनन्दनम्। बुधे विविधभोगाश्च शुक्रे च विजयो भवेत्॥ चन्द्रे धातुक्षयः प्रोक्तो धर्महानिश्च भास्करे। कुजे चार्थक्षयं स्याद्रविजे धर्मदूषणम्॥' इति विश्वकर्माप्रकाशपाठः(3, 63-64)

7.	कीर्तिभङ्ग	रोग	विग्रह	हय	राजभोग	भूमियोग	भयादि
8.	शत्रुता	हानि	भय	मानादि	विजय	सौख्य	भय
9.	धर्महानि	धातुक्षय	बलक्षय	भोगादि	बुद्धि	मन्दोदय	कामदूषण
10.	धर्मवृद्धि	कोशवृद्धि	सबल	विजय	सुख	शय्या	कीर्तिलोप
11.	शुभ	शुभ	शुभ	शुभ	शुभ	शुभ	शुभ
12.	हानि	हानि	हानि	हानि	हानि	हानि	हानि

अथ गृहारम्भप्रसक्त्या सामान्यतः प्राग्लग्नबलमप्यभिधायेदानीमारब्धगृहाणां नियत स्थानावस्थित्या नियतायुर्दाययोगद्वयम् रामदैवज्ञौ (12, 22) —

जीवार्कविच्छुक्रशनैश्चरेषु लग्नारिजामित्रसुखत्रिगेषु।
स्थितिः शतं स्याच्छरदां सितार्कारेज्ये तनुत्र्यङ्गसुते शते द्वे॥ 165॥

व्याख्या- अत्र योगद्वये ग्रहस्थानयोर्यथासंख्यं सम्बन्धः। तद्यथा, जीवो लग्ने, अर्कोऽरौ षष्ठे, विद् बुधो यांमित्रे सप्तमे, शुक्रश्चतुर्थे, शनिस्तृतीये, एवंविधे समये प्रारब्धस्य गृहस्य स्थितिः शरदां शतमित्थेको योगः। सितः शुक्रो लग्ने, अर्कस्तृतीये, आरो मङ्गलः षष्ठे, ईज्यो गुरुः पञ्चम एवंविधे प्रारब्धस्य गृहस्य स्थितिर्द्वे शते वर्षशतद्वयमिति द्वितीयो योगः।[1]

---

1. गृहारम्भायुर्योगाः **काल-प्रकाशिकायामेवं प्रदर्शिताः**— 'अथ वक्ष्ये गृहारम्भ आयुर्योगं सुखावहम्। व्योमपातालगौ चन्द्रगुरू लाभे कुजार्कजौ॥ यस्य तस्य समाशीतियुता लक्ष्मीयुता स्थितिः। गुरौ लग्नेऽस्तगे सौम्ये शौर्ये मन्दे रिपौ रवौ॥ जले शुक्रे समारब्धं जीवेद् वर्षशतं गृहम्। कवौ लग्ने गुरौ पुत्रे रवौ शौर्ये क्षते कुज। समारब्धं गृहं जीवेद् वत्सराणां शतद्वयम्॥ मूर्तिस्थे तु यदा चन्द्रे जीवे चास्ते बुधे खगे। षट्शताब्दं समृद्धाः स्युर्गृहग्रामपुरादयः॥ शुक्रे वियति कामे ज्ञे जीवे चास्ते स्थिरे तनौ। षट्शताब्दं समृद्धाः स्युर्गृहपुरादयः॥ शुक्रे वेश्मनि कामे ज्ञे जीवे स्थिरगृहे सति। शताष्टकं विवृद्धाः स्युर्देवगेहोपमा गृहाः॥ सूर्योदये गुरौ चास्ते वियतीन्दुसमायुते। सहस्राब्दं विवृद्धाः स्युर्देवालयगृहादयः॥ शुक्रोदये स्मरे जीवे चन्द्रे खे संस्थिते सति। सहस्राब्दं समृद्धाः स्युर्देवालयगृहादयः॥ बुधोदये गुरौ चास्ते वियतीन्दुसमायुते। सहस्राब्दं समृद्धाः स्युर्देवालयगृहादयः॥ जीवोदये स्मरे सौम्ये वियतीन्दुसमायुते। सहस्राब्दं विवृद्धाः स्युः स्थिरे लग्ने गृहादयः॥' (कालप्रकाशिका अध्याय 25, पृष्ठ 127)

अर्थात्— गृहारम्भ काल में यदि चौथे स्थान में गुरु; दसवें चन्द्रमा; ग्यारहवें स्थान में मङ्गल एवं शनि होने पर बनवाया गया आवास अस्सी वर्ष तक स्थित रहता है और वहाँ लक्ष्मी की स्थिति रहती है। गुरु लग्न में हो; सातवें में बुध; तीसरे में शनि; छठे में सूर्य एवं चौथे स्थान में शुक्र के रहते आरम्भ किया गया गृह सौ वर्ष की आयु तक स्थिर रहता है। लग्न स्थान में शुक्र; पाँचवें में गुरु; तीसरे में सूर्य; छठे स्थान में मङ्गल के रहते आरम्भ हुआ गृह दो सौ वर्ष तक की आयु पूर्ण करता है। प्रथम स्थान में चन्द्रमा हो; गुरु सातवें में और बुध दसवें भवन में हो तो छह सौ साल तक भवन, ग्राम, पुर आदि समृद्धि से भरा-पूरा रहता है। शुक्र वियति या आठवें; बुध सातवें; गुरु अस्त या स्थिर अथवा प्रथम स्थान पर हो तो ऐसे में बनाया गया गृह और बसाया गया पुर आदि छह सौ वर्ष तक समृद्धि पूर्ण रहता है। शुक्र चौथे स्थान में हो; बुध सातवें में और गुरु स्थिर भवन में हो तब बनवाए गए गृह या देवगृह की एक सौ आठ वर्ष तक स्थिति रहती है। सूर्य लग्न में हो; गुरु सातवें में और दसवें भवन में चन्द्रमा हो तब बनवाया गया प्रसाद एक हजार वर्ष तक बना रहता है। लग्न में शुक्र हो; सातवें में गुरु एवं चन्द्रमा दसवें भवन में हो, तब बनवाया गया देवगृह और मानवावास आदि एक हजार वर्ष तक समृद्धि को प्राप्त रहते हैं। बुध यदि लग्न में हो; गुरु सातवें एवं दसवें स्थान पर चन्द्रमा हो तब बनवाया गया देवालय और गृह भी हजार वर्ष तक समृद्ध रहता है। गुरु यदि लग्न स्थान में हो; सातवें में बुध; दसवें स्थान में चन्द्रमा हो और स्थिर लग्न हो, तब बनवाया गया गृह भी एक हजार वर्ष तक की आयु प्राप्त करता है।

अथान्यदपि तत्रैव (12, 23) —

लग्नाम्बरायेषु भृगुज्ञभानुभिः केन्द्रे गुरौ वर्षशतायुरालयम्।
बन्धौ गुरुर्व्योम्नि शशी कुजार्कजौ लाभे तदाशीतिसमायुरालयम्॥ 166 ॥

व्याख्या- अत्रापि योगद्वये स्थानगृहयोर्यथासंख्यं सम्बन्धः। तद्यथा, लग्ने शुक्रः दशमे बुधः एकादशे सूर्यः लग्नव्यतिरिक्तकेन्द्रे गुरुः, एवंविधे योगे प्रारब्धगृहस्य वर्षशतायुरालयं स्थानं यस्य तादृशं स्यादयमेको योगः। चतुर्थे गुरुः, दशमे चन्द्रः, मङ्गलशनी एकादशे, तदा अशीतिसमानामशीतिवर्षाणामायुर्यस्य तादृशमालयं स्यादित्यन्यो योगः।

भाषा— गृहायुर्ज्ञान के लिए एक विचार यह भी है कि गृहादि के आरम्भकालीन लग्न में शुक्र, दसवें में सूर्य और केन्द्र (1, 4, 10) में वृहस्पति हो तो वह गृह 100 वर्ष की अवधि वाला होता है। इसी प्रकार यदि चतुर्थ स्थान में वृहस्पति, दशम में चन्द्रमा, ग्यारहवें स्थान में मङ्गल और शनि दोनों ही स्थित हो तो उस भवन की आयु 80 वर्ष होती है।

अथान्ययोगत्रयं मुहूर्तचिन्तामणौ (12, 24) —

स्वोच्चे शुक्रे लग्नगे वा गुरौ वेश्मगतेऽथवा।
शनौ स्वोच्चे लाभगे वा लक्ष्म्या युक्तं चिरं गृहम्॥ 167 ॥

व्याख्या- स्वोच्चगे शुक्रे लग्नग इत्येको योगः, स्वोच्चगे गुरौ चतुर्थगे इति द्वितीयो योगः, स्वाच्चगे शनौ एकादश इति तृतीयो योगः।

भाषा— यहाँ लक्ष्मीयुत गृह के योगत्रय पर विचार है कि (1.) शुक्र यदि अपनी उच्च राशि मीन लग्न में हो, (2.) अथवा चतुर्थ स्थान में अपनी उच्च राशि (कर्क) का वृहस्पति हो, (3.) या फिर लाभ स्थान में अपनी उच्च राशि (तुला) का शनि हो— ऐसे तीन योग होने पर आरम्भ हुए गृह में चिर काल तक लक्ष्मी का निवास होता है, वह भवन ऐश्वर्य धन-धान्य से परिपूर्ण रहता है।

तदुक्तं रत्नमालायामपि (17, 25) —

स्वोच्चवर्तिनि भृगौ विलग्नगे देवमन्त्रिणि रसातलस्थिते।
स्वोच्चगे रविसुतेऽथचायगे स्यात्स्थितिः किल चिरं सह श्रिया॥ 168 ॥

स्वोच्चेति। शुक्र उच्चस्थे अथवा लग्नगे गुरौ उच्चस्थे चतुर्थे वा स्वोच्चगे शनौ एकादशे वा लक्ष्म्या सह गृहं चिरस्थापि भवति।

भाषा— आचार्य श्रीपति का मत है कि गृह कार्यारम्भ के समय अपनी उच्च राशि का शुक्र लग्न में अथवा अपने उच्च (कर्क) राशि का गुरु चतुर्थ भाव में अथवा अपनी उच्च राशि (तुला) का शनि एकादश स्थान में हो तो विभूति-ऐश्वर्य, लक्ष्मी से परिपूर्ण गृह चिरस्थायी होता है।

अथ गृहपरहस्तगामित्वयोगमाह रामदैवज्ञ: (12, 25) —

द्यूनाम्बरे यदैकोऽपि परांशस्थो ग्रहो गृहम्।
अब्दान्तः परहस्तस्थं कुर्य्याच्चेद्वर्णपोऽबलः ॥ 169 ॥

धूनाम्बरे इति। एकोऽपि ग्रहोऽत्युत्कृष्टफलदाता परांशस्थः शत्रुनवांशस्थः सन् यदि द्यूने सप्तमे अथवाऽम्बरे दशमे स्यात्तदा तद्गृहं परहस्तस्थं अन्यहस्तस्थं कुर्य्यात्। चेद्वर्णपो ब्राह्मणादिवर्णस्वामी 'विप्राधीशौ भार्गवेज्यावित्यादिना' य. प चेद्दुर्बलः स्यात्तदा, यदा वर्णाधीशः सबलस्तदा नेति।

भाषा— यदि अति शुभ फल देने वाला एक भी ग्रह शत्रु के नवांश में होकर सप्तम या चतुर्थ गृह में हो तथा ब्राह्मणादि क्रम से वर्ण स्वामी ग्रह भी बलहीन हो तो ऐसे ग्रहस्थिति में प्रारम्भ किया गया गृह एक ही वर्ष के अन्दर दूसरे व्यक्ति के अधीन हो जाता है।

तथैव श्रीपतिरप्याह (17, 27) —

एकोऽपि नूनं परभागवर्ती वियत्स्मरस्थः खचरोऽब्दमध्ये।
करोति गेहं परहस्तयातं स्याद्दुर्बलश्चेदिह वर्णनाथः ॥ 170 ॥

एकोपीति। अथ यादृशे लग्ने गृहं न कार्यन्त तदाह- यद्येकोपिग्रहोदशमस्थः सप्तमस्थो वा पर नवांशगतः शत्रु नवांशगतो भवति तदा वर्ष मध्ये गृहं परहस्तगतं करोति वर्णाधिपश्चेद्बलहीनोऽन्यहस्तगतमेवेति द्वाभ्यां पर नवांशगताभ्यां पुनस्तत्काले गृहनाशो भवति।

भाषा— आचार्य श्रीपति का कथन है कि यदि एक भी ग्रह शत्रु की राशि नवमांश में स्थित होकर दसवें अथवा सातवें स्थान में अवस्थित हों और वर्णपति निर्बल हों तो अगले एक वर्ष के अन्दर-अन्दर गृह किसी अन्य के हस्तगत हो जाता है। परभाग से शत्रु का अंश माना जाता है।

अथात्र विशेषमाह रामदैवज्ञ: (12, 26) —

पुष्यध्रुवेन्दुहरिसर्पजलैः सजीवै-
स्तद्वासरेण च कृतं सुतराज्यदं स्यात्।
द्वीशाश्वितक्षवसुपाशिशिवैः सशुक्रै
र्वारे सितस्य च गृहं धनधान्यदं स्यात्॥ 171 ॥

व्याख्या- पुष्यः प्रसिद्धः ध्रुवाणि रोहिणी उत्तरात्रयं, इन्दुः मृगशिरा, हरिः श्रवणा, सर्पः अश्लेषा, जलं पूर्वाषाढः, एतैर्नक्षत्रैः सजीवैः गुरुयुक्तैः, तद्वासरे गुरुवासरे, च कृतं गृहं प्रारब्धाल सुतान् राज्यं च ददाति, द्वीशः विशाखा, अश्विनी, चित्रा, धनिष्ठा, पाशिः शतभिषा, शिव आर्द्रा, एतैर्नक्षत्रैः सशुक्रैः शुक्रसहितैः, सितस्य वासरे च कृतं गृहं धनानि सुवर्णानि धान्यानि वस्त्रादीनि ददाति।

भाषा— गेहारम्भ काल के नक्षत्र के नक्षत्र विशेष से फल पर विचार किया जा रहा है। पुष्य, ध्रुव संज्ञक (तीनों उत्तरा, रोहिणी), मृगशिरा, श्रवण, आश्लेषा, पूर्वाषाढ़ा— इन नौ ही नक्षत्रों में से जिस किसी में बृहस्पति विद्यमान हो, उस नक्षत्र में और बृहस्पति वार को ही आरम्भ किया गया गृह पुत्र और राज्य प्रदाता होता है। इसी प्रकार विशाखा, अश्विनी, चित्रा, धनिष्ठा, शतभिषा और आर्द्रा— इन छह नक्षत्रों में से किसी नक्षत्र पर शुक्र हो या शुक्रवार को ही गृहारम्भ हुआ हो तो वह गृह धन-धान्य को देने वाला सिद्ध होता है।

वारेण गृहफलविशेषश्च नारदवाक्ये[1] (पीयूषधारा. 12, 26) —

श्रवणाषाढयोश्चैव रोहिण्यां चोत्तरात्रयम्।
गुरुवारे कृतं वेश्म राजयोग्यमिहोच्यते॥
तद्गृहे जातपुत्रस्य राज्यं भवति निश्चियात्॥ 172॥

श्रवणेति। सुगमम्।

भाषा— श्रवण और पूर्वाषाढ़ा या उत्तराषाढ़ा, रोहिणी एवं उत्तरा त्रय नक्षत्रों में यदि गृह बनाया जाए तो वह राजयोग देने वाला कहा जाता है। उस गृह में जो पुत्र जन्म लेता है, उसे निश्चित ही राज्य की प्राप्ति होती है।

अत्रैव वसिष्ठोप्याह (वसिष्ठसंहिता 39, 32) —

ईज्योत्तरात्रयाहीन्दुविष्णुधातृजलोडुषु।
गुरुणा सहिते धिष्ण्ये कृतं गेहं श्रियान्वितम्॥ 173॥

ईज्योत्तरात्रयेति। ईज्यः पुष्यः, उत्तरात्रयः, अहिः आश्लेषा, इन्दुः मृगशिरा, विष्णुः श्रवणः, धातृः रोहिणी, जलोडु शतभिषाः शेषं सुगमम्।

भाषा— पुष्य, तीनों उत्तरा, आश्लेषा, मृगशिरा, श्रवण, रोहिणी, शतभिषा नक्षत्र हो एवं गुरुवार का योग हो तब यदि कार्यारम्भ किया जाए, तो ऐसा गृह सदा ही लक्ष्मी से युक्त होता है।

तथात्राह नारदः (पीयूषधारा. 12, 26) —

अश्विनीशततारासु विशाखाभाद्रपदेचित्रके।
धनिष्ठादितिसंयुक्ते तथा वै शुक्रवासरे॥ 174॥
[२]गृहं नाटकशालाख्यं देवागारं कृतं शुभम्।
तद्वेश्मनि प्रजास्तु कुबेरसदृशो भवेत्॥ 175॥

---

1. नारदसंहितायां प्रकाशितपाठे नोपलभ्यते।
२. रत्नावल्यां प्रकाशितपाठे नोपलभ्यते।

अश्विनीति। सुगमम्।

भाषा— अश्विनी, शतभिषा, विशाखा, पूर्वाभाद्रपदे, चित्रा, धनिष्ठा व पुनर्वसु— इन नक्षत्रों के साथ यदि शुक्रवार हो तब गृह, नाट्यशाला, देवालय आदि बनवाना शुभ होता है। वहाँ रहने वाले कुबेर की भाँति धनाढ्य होते हैं।

अत्र नारदोऽपि (तत्रैव 12, 27) —

मूलं च रेवती चैव कृत्तिकाषाढमेव च।
पूर्वफाल्गुनि हस्तश्च मघा चैव तु सप्तके॥ 176॥
एषु भौमेन युक्तेषु वारे तस्यैव वेश्म यत्।
अग्निना दह्यते कृत्स्नं पुत्रनाशश्च जायते॥ 177॥

मूलं इति। सुगमम्।

भाषा— नारद के मत से कहा गया है कि मूल, रेवती, कृतिका, पूर्वाषाढ़, पूर्वाफाल्गुनी, हस्त एवं मघा— इन सात नक्षत्रों में कोई भी यदि मङ्गल से युक्त हो, उस दिन मङ्गलवार ही हो तो ऐसे योग में आरम्भ हुआ गृह अग्निकाण्ड का शिकार होता है और वहाँ जन्म हुए पुत्र का विनाश होता है।

अत्रान्यदप्याह (मुहूर्तचिन्तामणौ 12, 28) —

अजैकपादहिर्बुध्न्यशक्रमित्रानिलान्तकैः।
समन्दैर्मन्दवारे च रक्षोभूतयुतं गृहम्॥ 176॥

अजैकपादिति। अजैकपादः पूर्वाभाद्रपदाः, अहिर्बुध्न्यः उत्तराभाद्रपदः, शक्रः ज्येष्ठाः, मित्रः अनुराधाः, अनिलः स्वातीः, अन्तकः भरणीनक्षत्रैः समन्दैः शनैश्चर युक्तैर्मन्दस्यैव वारे च प्रारम्भं गृहं रक्षोभिर्भूतैश्च युतं स्यात्। यदाह वसिष्ठः— अजपादद्वितये याम्यमित्रेन्द्रानिलभेषु च। यत्कृतं शनि संयुक्ते दिह्यते यक्षराक्षसे। इति। अत्र दिह्यते उपचीयते 'दिह उपचये' इति धातुः। नारदोऽपि— ज्येष्ठानुराधके चैव भरणीस्वातिपूर्वभे। धनिष्ठास्वपि ऋक्षेषु शनिस्तिष्ठेद्दिनस्य च॥ कृपणो नामतः प्रोक्तो धनधान्यादिके गृहे। पुत्रो जातोऽथवा तस्मिन्गृह्यते यक्षराक्षसैः॥ इति।

भाषा— यदि पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, ज्येष्ठा, अनुराधा, स्वाती और भरणी नक्षत्रों में किसी पर भी शनि हो और उस दिन शनिवार ही पड़ता हो तो तब आरम्भ किए गए गृह में राक्षस व भूत-पिशाच निवास करने लगते हैं।

अथाश्वशालानिर्माणप्रकारो वास्तुराजवल्लभे (9, 24-25) —

तुरङ्गमाणां गृहवामभागे शाला चतुःषष्टिकरा$_{64}$ विधेया।
शतार्द्धतो मध्यमिका च दैर्घ्ये कनीयसी तैर्दशभिर्विहीना॥ 173॥

व्यासे च ज्येष्ठा तिथिहस्तमाना त्रयोदशैकादशभिः क्रमेण।
तद्बाह्यभित्तिश्च करप्रमाणं पञ्चार्धपञ्चाग्निकरोदरा स्यात्॥ 174॥

व्याख्या- स्वगृहस्य वामभागे चतुःषष्टिकरात्मिना तुरङ्गमानां शाला श्रेष्ठा भवतीति। शतार्द्धतः शतार्द्धकरात्मिका पञ्चाशद्धस्तमिता वाजिशाला मध्या स्यात्। दशभिर्विहीना मध्या कनीयसी चत्वारिशत्करात्मिका कनीयसी कनिष्टेत्यर्थः। एवं दैर्ध्यप्रमाणमभिधायाधुना पूर्वक्रमेण विस्तारप्रमाणमाह। व्यासे चेति, व्यासे विस्तारे तिथिहस्ततुल्या पञ्चदशकरात्मिका श्रेष्ठा कथितेति। मध्याया विस्तृतिस्त्रयोदशकरात्मिका, कनीयसी तु एकादशहस्तविस्तारा स्यादिति। तद्बाह्यभित्तिस्तु पञ्चार्द्धपञ्चाग्निकरोदरेति। अत्रेयं व्यवस्था- श्रेष्ठाख्याशालाया भित्तिः पञ्चकरोदरा पञ्चकर उदरे गर्भे यस्याः सेति। मध्यायाः सार्धपञ्चकरोदरा, कनीयस्या अग्निकरोदरा भित्तिरित्यर्थः।

भाषा— राजप्रासाद में अश्वशाला सदैव वाम भाग में बनानी चाहिए। यदि अश्वशाला 64 हाथ लम्बी हो तो उसे 'ज्येष्ठमान' वाली, 50 हाथ वाली को 'मध्यमान' तथा 40 हाथ लम्बी अश्वशाला को 'कनिष्ठमान' वाली कहा गया हैं। साठ हाथ की अश्वशाला का व्यास 15 हाथ, 50 हाथ वाली का 13 हाथ तथा 40 हाथ की अश्वशाला का व्यास 11 हाथ रखें। अश्वशाला की भित्तियों की चौड़ाई एक गज तथा ऊँचाई क्रमशः साढ़े पाँच हाथ, पाँच हाथ और चार हाथ रखनी चाहिए।

तदुक्तं तत्रैव (9, 26) —

तेजोहानिमयीहिया विदधते पूर्वापरास्या नृणाम्।
ते याम्योत्तरतो मुखा हि सततं कीर्त्तिं यशोधान्यकम्॥ 175॥

तेजोहानि इति। अश्वशा[illegible]यां अश्वबन्धनविधिमाह, पूर्व-पश्चिममुखं तेजस्य हानिम्, उत्तर-दक्षिणमुखं कीर्तिश्च यशोधान्य ददातु।

भाषा— अश्व का मुख पूर्व-पश्चिम दिशा में रखकर बाँधने से उनकी तेजस्विता का क्षय होता है। दक्षिण या उत्तर में मुख रखने से कीर्ति, यश और धान्यादि की अभिवृद्धि होती है।

अथ सिंहद्वारनिर्माणप्रकारो वास्तुराजवल्लभे (9, 28) —

सिंहद्वारं पूर्वमानेन कार्यं त्रिद्व्येका वा मालिका स्तम्भशीर्षे।
स्यातां मध्ये तोडकौ रक्षणार्थं तुल्यौ भागैनाधिकौ वापि सार्धौ॥ 176॥

सिंहद्वारमिति। पूर्वनिर्दिष्टमानप्रमाणात् सिंहद्वारः मुख्यद्वार एकं वा द्वयं वा त्रितलं कुर्यात्, तत्र स्तम्भशीर्षं, अर्गला दैर्घ्यायाम समतुल्यं कुर्यात्।

भाषा— राजमहल में सिंहद्वार पूर्वनिर्दिष्ट मान से बनाएँ। इसमें स्तम्भों के शीर्ष पर तीन, दो अथवा एक मालिका यानी तल की रचना करें। मध्य की रक्षार्थ दो अर्गला हों

जो लम्बाई-चौड़ाई में बराबर हो किन्तु एक अर्गला काष्ठ सवा या डेढ़ गुना अधिक रखा जा सकता है।

अथ गजशालानिर्माणप्रकारस्तत्रैव (9, 29) —

भागे दक्षिणवामके च करिणां शाला हरेर्द्वारतः
कर्त्तव्या सुदृढोन्नता च कलशैर्घझटादिभिर्भूषिताः।
सङ्कीर्णो रसतो नगैर्निगदितो मन्दो मृगश्चाष्टतः
सर्वेषूत्तमभद्रजातिरुदितो नन्दैः करैरुच्छ्रितः॥ 177॥

भागे दक्षिणवामक इति। हरेर्द्वारतः सिहद्वारतः, दक्षिणवामके सव्यापसव्यके भागे, करिणां हस्तिनां कलशैः, घण्टादिभिश्च भूषिता सुदृढा उन्नता शाला कर्तव्या। अथ हस्तिसञ्ज्ञामाह-सङ्कीर्ण इति। रसतः सङ्कीर्णः षट्परिमितहस्तोच्छ्रितो हस्ती सङ्कीर्णः सङ्कीर्णसञ्ज्ञको भवति। नगैः सप्तहस्तैः, मन्दो मन्दसञ्ज्ञकः अष्टश्चाष्टभिर्हस्तैर्मृगः मृगसंज्ञकः, नन्दैः नवमितैः करैरुच्छ्रितो हस्ती सर्वेषु निखिलेषु करिषु, उत्तमः श्रेष्ठः भद्रजातिः भद्रजातिसञ्ज्ञकः उदितः कथितः।

भाषा— राजप्रासाद में जो सिंहद्वार होता है, उसके दक्षिण भाग में उन्नत और सुदृढ़ हस्तिशाला का निर्माण किया जाना चाहिए और उसे कलश व घण्टादि से सज्जित किया जाना चाहिए। अब हाथियों के भेदादि पर विमर्श किया जा रहा है- यदि हाथी छह हाथ ऊँचा हो तो उसे 'सङ्कीर्ण' कहा जाता है। इसी तरह सात हाथ ऊँचे हाथी को 'मन्द', आठ हाथ ऊँचे हाथी को 'मृग' और नौ हाथ ऊँचे हाथी को 'भद्र' कहा जाता है। भद्रजाति के गज को हाथियों की अन्य समस्त श्रेणियों में से श्रेष्ठ कोटि का माना जाता है।

विशेष— हाथियों की विशेष जानकारी पालकाप्य कृत गजशास्त्र में आई है। वराहमिहिर ने भद्र जाति के गज के लक्षण इस प्रकार बताए हैं कि शहद के समान रङ्ग वाले दाँत, अवयवों के विभाग से परिपूर्ण, बहुत स्थूल, बहुत कृशकाय, कार्यक्षम, तुल्य अङ्गों से युक्त, धनुषाकार पीठ की हड्डी वाला, सूअर के समान वर्तुलाकार जानु व कटि वाला भद्र जाति का गज होता है— मध्वाभदन्ता सुविभक्तदेहा न चोपदिग्धा न कृशाः क्षमाश्च। गात्रैः समैश्चापसमानवंशा वराहतुल्यैर्जघनैश्च भद्राः॥ *(बृहत्संहिता 66, 1)*

अथ द्वारचक्रमाह रामदैवज्ञः (12, 29) —

सूर्यक्षाद्युगभैः शिरस्यथ फलं लक्ष्मीस्ततः कौणभै-
र्नागैरुद्वसनं ततो गजमितैः शाखासु सौख्यं भवेत्।
देहल्यां गुणभैर्मृतिर्गृहपतेर्मध्यस्थितैर्वेदभैः सौख्यं
चक्रमिदं विलोक्य सुधिया द्वारं विधेयं शुभम्॥ 178॥

सूर्यर्क्षादिति। सूर्याधिष्ठितनक्षत्रात् युगभैश्चतुर्भिर्नक्षत्रैः शिरसि उपरि भागेऽवस्थितैः फलं कर्तुर्गृहकर्तुर्लक्ष्मीप्राप्तिः स्यात्। ततो नागैः अष्टभिः कौणभैः कोणेष्ववस्थितनक्षत्रैरुद्वसनं जनावास रहितं स्यात्। ततो गजमितैरष्टपरिमितैः शाखासु द्वारशाखास्वव स्थितैः सौख्यं स्यात्। ततो गुणभैस्त्रिभिर्नक्षत्रैर्देहल्यवस्थितैर्गृहपतेर्मृतिः स्यात्। ततस्तदग्रिमैर्वेदभैश्चतु-र्भिर्नक्षत्रैर्मध्यस्थितैः मध्यरूपेऽवकाशे स्थितैः सौख्यं स्यात्। इदं पूर्वोक्तं चक्रं विलोक्य सुधिया शुभ शुभफलं द्वारं विधेयमिति।

भाषा— रामदैवज्ञ का मत है कि प्रवेशार्थ द्वारचक्र पर विचार करना चाहिए। सूर्य के नक्षत्र से वर्तमान चन्द्र नक्षत्र तक गणना करते हुए प्रथम चार नक्षत्र द्वार के सिर में रखें, उसमें द्वार लगाए जाने से लक्ष्मी की प्राप्ति होती है। इसके बाद 8 नक्षत्र चारों कोने में रखें, वहाँ द्वार स्थापना से भवन स्वामी को उद्वेग या भवन से भटकाव होता है। आगे के 8 नक्षत्र शाखा या उभयबाहु में स्थापित करें, उसमें यदि द्वार की स्थापना की जाती है तो वहां निवास से सुख सुलभ होता है। उसके बाद के 3 नक्षत्र देहली पर स्थापित करें, वहाँ पर द्वार स्थापना से गृहपति का मरण माना जाता है जबकि शेष 4 नक्षत्र मध्य में द्वार स्थापन से सुख की प्राप्ति होती है।

विशेष— मुहूर्तचिंतामणिकार की प्रमिताक्षराटीका में स्पष्टोक्ति है कि द्वारचक्र का अवलोकन कर ही द्वार की स्थापना से शुभशुभ को जानना कर्तव्य है— इदं चक्रं विलोक्य सुधिया शुभं शुभफलदं द्वारं विधेयं कर्तव्यमिति। *(प्रमिताक्षराटीका 12, 29)*

गोविन्ददैवज्ञ ने ज्योतिर्निबन्ध से द्वारचक्र को उद्धृत किया है– द्वारचक्रं प्रवक्ष्यामि भाषितं विश्वकर्मणा। सूर्यभाद्भचतुष्कं तु शिरस्योपरि विन्यसेत्॥ द्वे-द्वे कोणे प्रदातव्ये शाखायुग्मे द्वयं द्वयम्। अधश्च त्रीणि देयानि वेदा मध्ये प्रतिष्ठिताः॥ राज्यं स्यादूर्ध्वनक्षत्रे कोणेषूद्वासनं भवेत्। शाखायां लभते लक्ष्मीमधश्चैव मृतिं लभेत्॥ मध्यमेषु लभेत्सौख्यं चिंतनीयं सदा बुधैः॥ *(तत्रैव)*

स्पष्टार्थ चक्रम् —

स्थान	शिर	कोण	शाखा	देहली	मध्य
27 नक्षत्र	4	8	8	3	4
फलाफल	लक्ष्मी	उद्वेग	सुख	मृत्यु	सुख

अथ पुष्टवाटिकानिर्माणप्रकारमाह वास्तुराजवल्लभे (9, 18)—

वामे भागे दक्षिणे वा नृपाणां त्रेधा कार्या वाटिका क्रीडनार्थम्।
एक द्वित्रिदण्डसंख्याशतं स्यान्मध्ये धारामण्डपं तोययन्त्रैः॥ 179॥

वामे भाग इति। वामे भागे गृहाद्वामे भागे दक्षिणे वा नृपाणां भूपतीनां त्रेधा त्रिप्रकारेण क्रीडनार्थं विनोदार्थं वाटिका कार्या, सा चैकद्वित्रिदण्डसंख्याशतं स्यात्। मध्ये

वाटिकामध्ये तोययन्त्रैर्जलयन्त्रैः धारामण्डपं विधेयम्।

भाषा— राजमहल से बायें या दायें नृप के अनुरञ्जन के लिए बाग या वाटिका का निर्माण करना चाहिए। ऐसी वाटिका 100 दण्ड मान की होने पर कनिष्ठ, 200 दण्ड मान की मध्यम तथा 300 दण्ड मान की होने पर ज्येष्ठ वाटिका कहलाती है। ऐसी वाटिकाओं के मध्य में धारामण्डप और जलयन्त्र-फव्वारा आदि लगाने चाहिए।

अत्र विशेषमाह (9, 19)—

क्षेत्रं सप्तविभागभाजितमतो भद्रं च भागत्रयं
तन्मध्ये जलवापिका जिनपदैरेकांशतो वेदिका।
स्तम्भैर्द्वादशभिश्च मध्यरचितः कोणेषु कूपान्वितः।
कर्त्तव्यो जलयन्त्र एव विधिवद्भोगाय पृथ्वीभुजाम्॥ 180॥

क्षेत्रमिति। सप्तभिर्विभागैर्भाजितं क्षेत्रं कार्यं अतोऽनन्तरं भागत्रयं भद्रं विधेयम्। तन्मध्ये तस्यान्तरे जिनपदैः चतुर्विंशतिपदैः जलवापिका कार्या। एकांशतो वेदिका विधेया। द्वादशभिस्तम्भैः मध्यरचितः कार्यः। कोणेषु कूपान्वितः कार्यः। एवं निश्चयेन जलयन्त्रः पृथ्वीभुजां नृपाणां भोगाय विधिवत् पूर्वोक्तविधानेन कर्तव्यः।

भाषा— यहाँ जल की बावड़ी बनाने के लिए क्षेत्र के चारों ओर सात-सात भाग कर तीन-तीन भाग में भद्र करें। बीच के चौबीस पद में पानी भरा रहे, ऐसी वापी बनाएँ। इसके अनन्तर मध्य में एक भाग में वेदिका के लिए चबूतरा बनाएँ। केन्द्र के भाग के चारों ओर के आठ भागों में द्वादश स्तम्भों की रचना करें। फव्वारों के बाहर के चारों ओर के कोनों के भागों पर विभिन्न प्रकार का अलङ्करण करवाएँ, इस प्रकार से धारामण्डप युक्त वाटिका की रचना राजाओं के सुखोपभोग के लिए की जानी चाहिए।

अथ वाटिकायां वृक्षानाह वास्तुराजवल्लभे (9, 20)—

तस्यां चम्पककुन्दजातिसुमनोवल्ली च निर्वालिका
जाती हेमसमानकेतकिरपि श्वेता तथा पाटला।
नारिङ्ग करणी वसन्तलतिका चारक्तपुष्पादिकं
जम्बीरो बदरी च पूगमधुपा जम्बू च चूतद्रुमाः॥ 181॥

तस्यामिति। तस्यां पूर्वोक्तवाटिकायां चम्पककुन्दजातिसुमनोवल्ली विधेया। निर्वालिका च विधेया। जाती, हेमसमानकेतकिरपि तथा श्वेता पाटला, नारिङ्गः, करणी, वसन्तलतिका, आरक्तपुष्पादिकञ्च विधेयं, जम्बीरः बदरी च पूगः मधुपा च जम्बू च चूतद्रुमा आम्रद्रुमाश्च विधेयाः।

भाषा— वाटिका में चम्पा, कुन्द, निर्मालिका, बेल सहित जाती या चमेली, स्वर्णवर्ण की केतकी, श्वेत व पाटल या गुलाब जैसे पुष्पीय पादपों का रोपण करना

चाहिए। ऐसी वाटिकाओं में नारङ्गी, कनेर, वसन्तलता, जम्बीर नींबू, बेर, सुपारी, महुआ, जामुन और आम जैसे फलदार वृक्ष भी लगाने चाहिए।

अथ पुनस्तानेवाह (9, 21) —

मालूरः कदली च चन्दनवटावश्वत्थपथ्या शिवाः
चिञ्चाशोककदम्बनिम्बतरवः खर्जूरिका दाडिमी।
कर्पूरागुरुकिंशुकादयरिपुः पुन्नागको निम्बुको प्रोक्ता
नागलता च बीजनिभृता स्यात्तिन्दुकी लाङ्गली॥ 182॥

मालूर इति। मालूरः बिल्वः (बिल्वे शाण्डिल्यशैलूषो मालूरः श्रीफलावपी-त्यमरः), कदली रम्भा (कदली वारणवुसा रम्भा मोचांशुभत्फलेत्यमरः), चन्दनो गन्धसारः (गन्धसारो मलयजो भद्रश्रीश्चन्दनोऽस्त्रियामित्यमरः), वटो न्यग्रोधः (न्यग्रोधो बहुपाद्वयः इत्यमरः), अश्वत्थः पिप्पलः (बोधिद्रुमश्चलदलः पिप्पलः कुञ्जराशन इत्यमरः), पथ्या हरीतकी (अभया त्वव्यथा पथ्या वयस्था पूतनाऽमृता। हरीतकी हेमवती चेतकी श्रेयसी शिवेत्यमरः), शिवा शमी (शमी सक्तुफला शिवेत्यमरः), चिञ्चाऽम्लिका (तिन्तिडी चिञ्चम्लिकेत्यमरः) अशोकः प्रसिद्धः, कदम्बः प्रसिद्ध, निम्बतरुः प्रसिद्ध, एव, खर्जूरिका खर्जूरः, दाडिमी प्रसिद्धैव, कर्पूरः प्रसिद्धः, अगुरुः वंशिका (वंशिकाऽगुरुराजार्ह इत्यमरः), किंशुकः पलाशः हयरिपुः हयमारकः (प्रतिहासशतप्रासचण्डातहयमारकाः। करवीर इत्यमरः) पुन्नागः देववल्लभः (पुन्नागे पुरुषस्तुङ्गः केसरो देववल्लभ इत्यमरः), निम्बुकी प्रसिद्धा, नागलता, बीजनिभृता, तिन्दुकी, लाङ्गली शारदी (लाङ्गली शारदीतोयपिप्पली शकुलादनीत्यमरः) शस्ता प्रोक्ता।

भाषा— वाटिका में पर्यावरणीय सौन्दर्य के लिए मालूर, केला, चन्दन, वट, पीपल, हरड़, आँवला, शमी, इमली, अशोक, कदम्ब, नीम, खजूर, दाड़िम, कपूर, अगरु, पलाश, सफेद कनेर, जायफल, नींबू, नागरबेल सहित बीजपूरक, तिन्दुकी या टिमरू व लाङ्गली के वृक्ष भी लगाने चाहिए।

अन्यदप्याह (9, 22)—

द्राक्षैलाशतपत्रिकाथ बकुला धत्तूरकङ्कोलकौ
शालास्तालतमालकौ मुनिवरो मन्दारपारिद्रुमौ।
अन्ये भोग्यविचित्रखाद्यशकलास्ते रोपणीयाप बुधैः
यं प्राप्नोति च भूतले शुभतरं तच्चम्पकं वापयेत्॥ 183॥

द्राक्षैला इति। द्राक्षः द्राक्षफलः, एलाः बहुला सूक्ष्मैलाः कोरङ्गी चन्द्रबाला इति भाषा, शतपत्रिकाः अतिरसा, ऊर्ध्वकण्टका शेष सुगमम्।

भाषा— इसी प्रकार द्राक्षालता, इलायची, शतपत्रिका, बकुल या मौलसिरी,

धतूरा, कङ्कोल, शाल, ताल, तमाल, अगस्तिया, मन्दार, पारिजात और अन्य पृथ्वी (अपने-अपने क्षेत्र विशेष) पर पाए जाने वाले सुखोपयोगी विचित्र वृक्षों व चम्पक द्रुमों को भी विद्वानों को वाटिकाओं में रोपना चाहिए।

अन्यदप्याह (9, 23) —

आस्थानप्रातसेचनाय च घटीयन्त्रः सुसारो भवेद्
दोला स्त्रीजनखेलनाय सुचिरे वर्षावसन्तोत्सवे।
बाला प्रौढवधूः सुमध्यवनिता गानैर्मनोहारिभिः
ग्रीष्मे शारदकेऽथ शीतलजलक्रीडा शुभे मण्डपे॥ 184॥

आस्थानप्रतिसेचनायेति। आस्थानप्रतिसेचनाय सभामण्डसेचना (समज्या-परिषद्-गोष्ठी-सभा-समिति-संसदः। आस्थानी क्लीबमास्थानं स्त्रीनपुंसकयोः सद इत्यमरः) सुसारः घटीयन्त्रः स्यात्। सुचिरे मनोहरे, वर्षावसन्तोत्सवे स्त्रीजनखेलनाय कामिनीजनक्रीडनाय, दोला विधेया। अथ या बायाया च प्रौढवधूः प्रौढा या च सुमध्यवनिता सुन्दरीमध्या, तासां मनोहारिभि सुन्दरैः, गानैः गीतैः, ग्रीष्मै ग्रीष्मर्तौ, शारदके शरदर्तौ शुभे मण्डपे शोभन मण्डपमध्ये, शीतलजलक्रीडा विधयेति शेषः।

भाषा— बगीचा या आस्थान मण्डप की वनस्पति की उत्तम सिंचाई के लिए वहाँ अरहट या फारसी यन्त्र स्थापित करना चाहिए। रहट को सार अथवा कालियाहर वृक्ष के काष्ठ का बनाएँ। इसके साथ ही वहाँ बालाओं और प्रौढ़ वधुओं-वनिताओं के वर्षा व वसन्त ऋतु में गायन-दोलन, मनोरञ्जन के निमित्त झूले लगवाएँ। इसी तरह गर्मी व शरद ऋतु में शीतल जल क्रीड़ा के लिए मण्डपदार हौज में जलादि का प्रबन्ध करें।

अथ दुर्गनिर्माणफलम् (4, 1) —

वापीकूपतडागदेवभवनान्यारामयागादिकं
तीर्थानामवगाहनं च विधिवत्कन्याप्रदानादिकम्।
सर्वं पुण्यमिदं नृपः स लभते यः कारयेत् पर्वते
दुर्गं सर्वजनाय शर्मजननं विश्राममेकं परम्॥ 185॥

वापीकूपतडागेत्यादिति। वापीकूपतडागदेवभवनानि वापीकूपतडागदेवभवनानां निर्माणं आरामयागादिकं अरामनिर्माणं यागादिकं च, तीर्थानां अवगाहनं, विधिवत् विधानपूर्वकं कन्याप्रदानादिकं सर्व इदं यत्पुण्यं तद स नृपो लभते यो नृपः सर्वजनाया-खिलजनाय शर्मजननं कल्याणकारकं पर्वते दुर्गं करोति, पुनः किंः भूतं दुर्गं एकं मुख्यं परं प्रधानं विश्रामं विश्रामस्थानम्।

भाषा— सभी को सुख की प्राप्ति होने के साथ ही शत्रु के डर से बचाए— ऐसा किला बनाने से राजा को कुएँ, तालाब, मन्दिर, बाग आदि के पुण्यों का फल मिलता है,

यहाँ तक कि ऐसे कार्य से राजा को तीर्थों में स्नान और कन्यादान का पुण्य भी प्राप्त होता है।

अथ निदर्शनम् (4, 2) —

> **सिंहो वैरिपराभवं प्रकुरुते तिष्ठन् गिरेर्गह्वरे**
> **दुर्गस्थो नृपतिः प्रभूतकटकं शत्रुं जयेत्सङ्गरे।**
> **कैलाशे नगरं शिवेन रचितं गौर्य्यादि संरक्षणं**
> **दुर्गं पश्चिमसागरे च हरिणाऽन्येषां किमत्रोच्यते ॥ 186 ॥**

सिंहो वैरिपराभवमिति। गिरेः पर्वतस्य, गह्वरे गुहायां (देवखातविले गुहेत्यमरः), सिंहो मृगेन्द्रः तिष्ठन् वर्तमानः सन्, वैरिपराभवं शत्रुपराजयं स्वशत्रुरूपसर्वजन्तुविनाशनं यथा प्रकुरुते, तथैव दुर्गस्थो नृपतिः राजा सङ्गरे युद्धे प्रभूतकटकं भूरिसैन्यं, शत्रुं रिपुं जयेत्। अत एव शिवेन शम्भुना कैलाशे नगरं रचितं, यत्र गौर्य्यादिसंरक्षणं पार्वत्यादिसंरक्षणं भवति। हरिणा विष्णुना च पश्चिमसागरे पश्चिमसमुद्रे दुर्गरचितमतोऽत्रान्येषां साधारणनृपतीनां किमुच्यते, अर्थात्तेषां कर्त्तव्यमेवास्ति।

भाषा— जिस प्रकार पर्वत की गुफा में सिंह किसी शत्रु का नाश करता है, उसी तरह सैन्यबलयुक्त शत्रु का दुर्गाधिपति राजा युद्ध में विनाश कर सकता है। यही मानकर पार्वती आदि की रक्षा के लिए महादेवजी ने कैलाशगिरि पर नगर बसाया तथा पश्चिमी सागर में भगवान विष्णु ने किला बनवाया (श्रीकृष्णचन्द्र ने द्वारका नामक नगरी बसाई है[1]) इसलिए मनुष्यों को भी दुर्ग का निर्माण करवाना चाहिए।

अथ दुर्गभेदास्तत्र गिरिदुर्गस्य महत्त्वम् (4, 3) —

> **भूदुर्गं जलदुर्गमद्रिविषमे दुर्गं भवेद्गह्वरे-**
> **तेषामुत्तममद्रिमूर्ध्निरचितं तद्वैरिणां दुर्गमम्।**
> **अन्नाद्यैर्घृततोयतैललवणैः काष्ठैस्तृणाद्यैस्तथा**
> **यन्त्रोपस्करबाणशस्त्रसुभटैः सम्पूरयेद् भूपतिः ॥ 187 ॥**

भूदुर्गमिति। भुदुर्गं, भूमौ दुर्गं, जलदुर्गं जले दुर्गं, अद्रिविषये पर्वतदेशे दुर्गं, गह्वरे गुहायां दुर्गमिति चतुर्धा दुर्गं भवेत्। तेषां चतुर्णां मध्ये अद्रिमूर्ध्नि पर्वतशिखरे, रचितं दुर्गंमुत्तमं भवति। तद् दुर्गं वैरिणां शत्रूणां दुर्गमं गन्तुमशक्यं भवति। भूपतिः- राजा, अन्नाद्यैः घृततोयतैललवणैः, काष्ठैः तृणाद्यैः, तथा यन्त्रोपस्करबाणशस्त्रशुभटैः, तद् दुर्गं सम्पूरयेत्।

---

1. तथा च हरिवंशे— रोहिण्यामहनि श्रेष्ठे स्वस्ति वाच्य द्विजोत्तमान्। पुण्याहघोषेर्विपुलैर्दुर्गस्यारब्धवान् क्रियाम्॥ ततः पङ्कजपत्राक्षी यादवान् केशिसूदनः। प्रोवाच वदतां श्रेष्ठो देवान् वृत्ररिपुर्यथा॥ कल्पितेयं मया भूमिः पश्यध्वं देवसद्मवत्। नाम चास्याः कृतं पुर्याः ख्यातिं यदुपयास्यति॥ इयं द्वारवती नाम पृथिव्यां निर्मिता मया। भविष्यति पुरी रम्या शक्रस्येवामरावती॥ इत्यादौ...। (विष्णुपर्व 58, 3-6)

भाषा— दुर्ग नाना प्रकार के होते हैं— 1. भूमिदुर्ग, 2. जलदुर्ग, 3. गिरिदुर्ग तथा 4. गह्वरदुर्ग।[1] इनमें से तीसरा किला यदि उत्तुङ्ग पर्वत के शिखर पर बनवाया जाए हो तो सर्वश्रेष्ठ है, क्योंकि ऐसे किले में शत्रु का प्रवेश कठिन ही नहीं असम्भव होता है। इन किलों में जीवनोपयोगी अन्न, घी, पानी, नमक, ईंधन, घास और युद्ध सामग्री, हथियार आदि तथा सुभट योद्धा को रखने की राजा में युक्ति होनी चाहिए।

विशेष— विष्णुधर्मोत्तरपुराण एवं मस्त्यपुराण में दुर्ग निर्माण और वहाँ संग्रहणीय वस्तुओं का विस्तार से वर्णन आया है कि सभी बहुमूल्य पदार्थों से भरा-पूरा रहने पर पुर-नगर एवं वहाँ के निवासी सुरक्षित रहते हैं। राजा (और उसके प्रमुख अधिकारी) उक्त नगर में अति निर्मल, शुभ गुण-लक्षणों से युक्त बनवाए गए भवन में रहने चाहिए— इत्येवमेतैः सकलैरुपेतैर्द्रव्यैः पराघ्यैः परिरक्षितः स्यात्। राजा वसेत् तत्र गृहं सुशुभ्रं गुणान्वितं लक्षणसम्प्रयुक्तम्॥ *(मत्स्य. 217, 80)*

मयमतम् में भी आया है कि किसी भी दुर्ग में कभी समाप्त नहीं होने वाला जलभण्डार, अन्नागार, आयुधागार हो।[1] उसके चतुर्दिक समुन्नत, सुदृढ़, मोटा परकोटा बना हुआ हो। समस्त दुर्गों के लिए (बुर्जी की) शृङ्खलाएँ हो, प्राकार हो और वे अनेक मोर्चों पर रक्षित हों— अक्षयजलान्नशस्त्रं ह्यतिविपुलोत्तुङ्गघनसालम्। सर्वं हि दुर्गजालं सप्राकारं त्वनेकमुखरक्षम्॥ *(मय. 10, 39)*

---

1. मानसार में दुर्गों का वर्णन इस प्रकार आया है—वक्ष्ये यथाक्रमं सर्वानि दुर्गाणि दुर्गकं च। गिरिदुर्ग वनदुर्ग सलिलं पङ्कदुर्गकम्॥ रथादुर्ग देवदुर्ग मिश्रदुर्ग तथैव च। पर्वतावृतन्मध्ये च पर्वतस्य समीपके॥ पर्वताग्रपदेशे तु गिरिदुर्गमिति त्रिधा। तलपर्जन्यान्तरयुक्तं गगनं च प्रवेशनम्॥ एतत्तु वनदुर्ग स्याज्जलदुर्गमिहोच्यते। समुद्रैश्च नदीभिश्च संवृतं जलदुर्गकम्॥ पर्वतकन्दरैयुक्तं दुष्प्रवेशं च शत्रुभिः। दुर्ग तु कृत्वा नृपतिस्तिष्ठेत्तत्पङ्कदुर्गकम्॥ वनाभावे जलाभावे सर्वशून्यादिदूषकम्। चौरैश्च सङ्कुलस्थानं निर्ग्रामं रथदुर्गकम्॥ ब्रह्मराक्षसवेतालं भूतप्रेतादिभैरवाः। शिलावर्ष प्रवर्षन्त्यालोक्य वेशनिर्गमे॥ मन्त्रतन्त्रादिसामर्थ्यैः कृतान्तं देवदुर्गकम्। अनेकपर्वतोपेतं नानावनसमिश्रकम्॥ तत्रास्थितं तु तद्दुर्ग मिश्रदुर्गमिति स्मृतम्। सर्वेषामपि दुर्गाणां वप्रैश्च परिघैर्वृतम्॥ प्रवेशनिग्रमस्थाने द्वारैरपि समन्वितम्। इष्टकादिकृतं वप्रे हस्तद्वादशकोच्छ्रितम्॥ तदधेभित्तिमूले तु सञ्चारैः सह विस्तृतम्। नगराणां तु सर्वेषां वक्ष्ये विन्यासलक्षणम्॥ प्राक् प्रत्यग्गतमायामं दक्षिणोत्तरसमन्वितम्। एकरथ्यां समारभ्य चैकैकं वीथिवर्धनात्॥ वीथिद्वादशपर्यन्तं युग्मायुग्मं प्रकल्पयेत्। अन्योऽन्यानुक्तविन्यासं ग्रामे पूर्वोक्तवत्कुरु॥ वास्तुविन्यासमिति ज्ञात्वोहापोहेन योजयेत्। एवं तु नगरं प्रोक्तं शिल्पिनां कारयेत्क्रमात्॥ (मान. 10, 45-58)

तथा चान्ये— धन्वदुर्ग, महीदुर्गमब्दुर्गं वार्क्षमेव वा। नृदुर्ग गिरिदुर्ग वा समाश्रित्य वसेत्पुरम्॥ सर्वेण तु प्रयत्नेन गिरिदुर्गं समाश्रयेत्। एषां हि बाहुगुण्येन गिरिदुर्गं विशिष्यते॥ त्रीण्या-द्यान्याश्रितास्त्वेषां मृगगर्ताश्रयाऽप्सराः। त्रीण्युत्तराणि क्रमशः प्लवङ्गमनरामराः॥ यथा दुर्गाश्रितानेतान्नोप हिंसन्ति शत्रव.। तथारयो न हिंसन्ति नृपं दुर्गसमाश्रितम्॥ (मनु. 7, 70-73)

यामिकै रक्षितो नित्यं नालिकास्त्रैश्च संयुतः। सुबहुदृढगुल्मश्च सुगवाक्षप्रणालिकः॥ स्वहीनप्रतिप्राकारो ह्यसमीपमहीधरः। परिखा च ततः कार्या खाताद्द्विगुणविस्तरा। नातिसमीपप्राकारा ह्यगाधसलिला शुभा। युद्धसाधन सम्भारैः सुयुद्धकुशलैर्विना॥ न श्रेयसे दुर्गवासो राज्ञः स्याद्बन्धनाय सः। (शुक्रनीति 1, 239-242)

दुर्गं च परिखोपेतं वप्राट्टालकसंयुतम्। शतघ्नीयन्त्रमुख्यैश्च शतश्च समावृतम्। गोपुरं सकपाटं च तत्र स्यात् मनोहरम्।

सपताकं गजारूढो येन राजा विशेत् पुरम् ॥ (मत्स्यपुराण 217, 8-9)

अथ विविधपुरनामानि (4, 4) —

माहेन्द्रं चतुरस्रमायतरपुरं तत्सर्वतो भद्रकं वृत्तं
सिंहविलोकनं निगदितं वृत्तायतं वारुणम्।
नन्दाख्यं च विमुक्तकोणमथ नन्दावर्तकं स्वस्तिकाकारं
स्याद्यववज्जयं तदपि यद्दिव्यं गिरेर्मस्तके ॥ 188 ॥

माहेन्द्रमिति। चतुरस्रं चतुर्भुजाकारं दुर्गं माहेन्द्रं, आयतपुरमायताकारं यत्तत्सर्वतोभद्रकं सर्वतोभद्रसञ्ज्ञं भवति। वृत्तं वृत्ताकारं यद् दुर्गं तत् सिंहविलोकनं सिंहविलोकनाख्यं भवति। वृत्तायतं दीर्घवृत्ताकारं वारुणं निगदितम्। विमुक्तकोणं वर्जितकोणकं यद्दुर्गं तत् नन्दाख्यं नन्दसञ्ज्ञकं निगदितम्। स्वस्तिकाकारं नन्दावर्तकं नन्द्यावर्तसञ्ज्ञकं भवति। यववत् यवाकारं यद्दुर्गं तज्जयं जयाख्यं स्यात्। यद् गिरेः पर्वतस्य, मस्तके शिखरे गह्वरं तद्दिव्य दिव्याख्यं, अपि निश्चयेन निगदितम्।

भाषा— जो नगर चतुस्र अथवा चौकोर हो, उसे 'माहेन्द्र' कहा जाता है। जो लम्बाई के साथ चौकोर हो, उसे 'सर्वतोभद्र'; वृत्ताकार को 'सिंहविलोकन'; वृतायत अथवा लम्बगोल को 'वारुण', कोणों वाले को 'नन्द', स्वास्तिक के आकार वाले को 'नन्द्यावर्तक'; यव या जौ के आकार वाले को 'जयाख्य' तथा पर्वत के शिखर पर बसे नगर को 'दिव्य' कहा जाता है।

अन्यदप्याह (4, 5) —

पुष्पं चाष्टदलोपमं च पुरुषाकारं पुरं पौरुषम्।
स्राहं कुक्षिषु भूधरस्य कथितं दण्डाभिदं दैर्घ्यकम्।
शक्रं प्राक् सरिता परत्र कमलं याम्ये नदी धार्मिकं
द्वाभ्याञ्चैव महाजयं च धनदाशायां नदी सौम्यकम् ॥ 189 ॥

पुष्पमिति। अष्टदलोपममष्टदलसदृशं दुर्गं पुष्पं पुष्पाख्यं स्यात्। पुरुषाकारं पुरुषसदृशं पुरं दुर्गं पौरुषं पुरुषनामधेयं स्यात्। भूधरस्य पर्वतस्य कुक्षिषु जठरेषु मूलेध्वीत्यर्थः, यद्दुर्गं तत्स्राहं स्राहनामकं स्यात्। दैर्घ्यकं दीर्घाकारं दण्डाभिधं दण्डनामकं स्यात्। यस्य प्राक् पूर्वदिशि सरिता नदी तच्छकं शक्राख्यं स्यात्। परत्र पश्चिमदिशि सरिता यस्य तत् कमलं कमलाख्यं स्यात्। याम्ये दक्षिणदिशि नदी यस्य तद्धार्मिकं स्यात्। द्वाभ्यां नदीभ्यां महाजयं महाजयनामकं स्यात्। धनदाशायां धनदस्य कुबेरस्याशायां उत्तरस्यां दिशि यस्य नदी स्यात् तत्सौम्यकं भवेत्।

भाषा— जो नगर अष्टदल कमल जैसी आकृति का हो, उसे 'पुष्पपुर' कहा जाता है। इसी तरह पुरुष की आकृति वाले को 'पौरुष'; पर्वत की गोद में बसे नगर को 'स्राह'; पगड़ी की तरह लंवा हो उसे 'दण्डनगर', जिसके पूर्व में नदी हो उसे 'शक्रपुर',

पश्चिम में नदी हो उसे 'कमलपुर', दक्षिण में नदी वाले को 'धार्मिकपुर' कहते हैं। जिसके दो ओर नदी हो उसे 'महाजय' तथा उत्तर में नदी हो तो उसे 'सौम्य' नगर कहा जाता है।

पुनरन्यदाह (4, 6) —

प्राकारैकयुतं श्रियाख्यनगरं द्वाभ्यां रिपुघ्नं परं
त्वष्टास्त्रं कथयन्ति स्वस्तिकमितिप प्रोक्ता गुणा विंशतिः।
भूपानां सुखदा यशोर्थफलदाः कीर्तिप्रतापोद्भवाः
लोकानां च सुखप्रदा विरचिताः प्राक् शम्भुनेमे गुणाः ॥ 190 ॥

प्राकारैकयुतमिति। प्राकारैकयुतं शालकयुत (प्राकारो वरणः शाल इत्यमरः) यन्नगरं तच्छ्रियाख्यनगरं स्यात्। द्वाभ्यां शालाभ्यायुतं नगरं तत्परं प्रधानं रिपुघ्नाख्यं स्यात्। अष्टास्त्रमष्टकोणयुतं तत्स्वस्तिकमिति देवाज्ञाः कथयन्ति। इमे विंशतिर्गुणाः प्रोक्ताः इमे गुणा किं भूताः भूताना राज्ञां सुखदाः कीर्ति प्रतापोद्भवा यशोर्थफलदाः। लोकानां साधारणमनुष्याणा न सुखप्रदा भवन्ति। अतः प्राक् पूर्वं शम्भुना शिवेन इमे गुणा प्रोक्ताः।

भाषा—जिस नगर में एक किला हो उसे 'श्रीनगर' कहा जाता है। इसी तरह जिस नगर में दो किले हों उसे 'रिपुघ्न' नगर तथा आठ कोण वाले नगर को 'स्वास्तिक' नगर कहा जाता है— इस तरह महादेव ने 20 तरह के नगर बनाए हैं।[1] ऐसे नगरों में लोगों के निवास करने से वहाँ के राजा को सुख, यश और धन की प्राप्ति होने के साथ ही उसकी कीर्ति एवं प्रताप में भी अभिवृद्धि होती है।

अथ त्रिकोणादिनगराणां फलान्याह (4, 7) —

वह्नेभीर्तिकरं त्रिकोणनगरं षट्कोणकं क्लेशदं
वज्रे वज्रभयं च शाकटपुरे रोगास्त्रिशूले कलिः।

---


1. अपराजितपृच्छायाऽपि नगराभिधानाऽऽकारदीनां समानरूप वर्णिताः। यथा —

क्रम	नगर नाम	आकार	क्रम	नगर नाम	आकार
1.	माहेन्द्र	चौरस	11.	श्रीपुर	एकदुर्गीय
2.	सर्वतोभद्र	लम्बचौरस	12.	रिपुदमन	द्विदुर्गीय
3.	सिंहावलोकन	वृत्तगोल	13.	स्राह	पर्वतयकुक्षी
4.	वारुण	लम्बगोल	14.	दिव्य	गिरिमस्तक
5.	नन्द्यावर्त	स्वस्तिकाकार	15.	सौभाग्य	सरित्तीर
6.	नन्दाग्य	मुक्तकोण	16.	धर्म	सरित्दक्षिणे
7.	पुष्पक	अष्टदलपुष्पाकार	17.	कर्मण	नदी के पश्चिम में
8.	स्वस्तिक	अष्टास्त्र	18.	शक्र	नदी से पूर्वे
9.	पार्श्वदण्ड	अतिदीर्घ	19.	पौरुष	पुरुषाकृतिनगर
10.	जयाख्य	यवाकृति	20.	साम्प्रत	नदी के दो ओर


प्रोक्तं तस्करभीतये द्विषकं कर्णाधिकेऽर्थक्षयं
दोषाः सप्त भयावहाः प्रकटिता ये विश्वकर्मादिभिः ॥ 191 ॥

वह्नेर्भीतिकरमिति। त्रिकोणनगरं त्रिकोणाकारं नगरं, वह्नेरग्रेर्भीतिकरं भयकरं भवति। षट्कोणकं षट्कोणाकारं, क्लेशदं कष्टदं भवति। वज्रे वज्राकारे नगरे वज्रभयं स्यात्। शाकटपुरे शकटाकारपुरे, रोगा नानाविधगदा भवन्ति। त्रिशूले त्रिशूलाकारे कलिः कलहः स्यात्। द्विसकटं द्विसकटाकारं, तस्करभीतये चौरभयाय भवति। कर्णाधिके विषमायताकारे, अर्थक्षयं धनक्षयं भवति। इमे ते सप्त दोषः स्युर्ये विश्वकर्मादिभिः प्रकटिताः प्रकाशीकृताः।

भाषा— जिस नगर के तीन कोण हों उसमें आग लगने की आशङ्का रहती है। षट्कोणीय नगर में क्लेश; वज्राकार नगर में बिजली गिरने; बैलगाड़ी के आकार वाले नगर में रोग का भय; त्रिशूलाकार में युद्ध का भय; द्विशकटाकार होने पर तस्कर भय तथा चार से अधिक कोणीय नगर में धन विनाश का भय रहता है— ऐसे सात प्रकार के पुरों के दोषों को विश्वकर्मा ने कहा है।



एकाशीतिपदेत्रिभुजेवास्तौ देवानांन्यासक्रमः



एकाशीतिपदेवृत्तेवास्तौदेवानांन्यासक्रमः

अथ पुराणामुत्तमादिभेदानाह (4, 8) —

> **वक्ष्येऽथो विविधं पुरं मुनिमतं मध्योत्तमं कन्वसं**
> **तेषां हस्तसहस्त्रमन्तिमपुर मध्यं ततः सार्धकम्।**
> **ज्येष्ठं युग्मसहस्त्रमेषु चरमं भागाष्टकेनान्वितं मध्यं**
> **द्वादशभागतः शशिकलं ज्येष्ठं विदध्यात्सुधीः ॥ 192 ॥**

वक्ष्येऽथो विविधमिति। अथ मुनिमतं ऋषिस्वीकृतं, मध्योत्तमं मध्यमुत्तमं, कन्वसं निकृष्ठमित विविधं पुरं वक्ष्ये। तेषां त्रयाणां पुराणां मध्येऽन्तिमपुरं कन्वसं पुरं हस्तसहस्त्रं सहस्त्रहस्तपरिमितं, ततः मध्य मध्यपुरं सार्धकं सार्धैकहस्तसहस्त्रं भवति। ज्येष्ठमुत्तम पुरं युग्मसहस्त्रं द्विसहस्त्रमितम्। एषु त्रिषु पुरेषु चरममन्तिमं निकृष्टं पुरं भगाष्टकेनान्वितं यावत्, मध्यं द्वादशभागतः द्वादशभागाधिकं, शशिकलं षोडशभागाधिकं ज्येष्ठं पुरं सुधीः पण्डितो विदध्यात्।

भाषा— मुनिगणों ने नगर तीन प्रकार के बताए हैं। कनिष्ठ नगर 1000 हाथ के माप का बसाना चाहिए। मध्यम नगर 1500 हाथ का तथा उत्तम नगर 2000 हाथ का बसाना चाहिए। उपर्युक्त माप की अनिवार्यता भी नहीं है। कनिष्ठ नगर में 125 हाथ जोड़

कर सवा ग्यारह सौ हाथ का भी बनाया जा सकता है। इसी तरह ज्ञानीजन 125 हाथ मध्यम व उत्तम नगर में भी जोड़े जा सकते हैं।

अथ पुररचनाक्रममाह (4, 9) —

मार्गाः सप्तदशैव चादिमपुरे हीनं चतुर्भिः परं
प्रोक्तं कन्यसमेव मार्गनवभिर्दैर्घ्ये तथा विस्तरे।
ग्रामश्चैव पुरार्धतो हि तदनु ग्रामार्धतः खेटकं
खेटार्धेन तु कूटमेव विबुधैः प्रोक्तं ततः खर्वटम्॥ 193॥

मार्गा इति। आदिमपुरे उत्तमपुरे, सप्तदश मार्गा विधेयाः। चतुर्भिर्हीनं तदुत्तमपुरीयवर्त्म- अर्थात्त्रयोदशमितं परमन्यं मध्यपुरे वर्त्म भवति मार्गनवभिः- नवभिर्वर्त्मभिर्युतं कन्यसं पुरं, एव निश्चयेन कार्यम्। यथा दैर्घ्ये तथैव विस्तरेऽपि विधेयाः। पुरार्धतः ग्रामः। तदनु ग्रामार्धतः खेटकः। खेटार्धेन तु कूटमेव निश्चयेन कूटार्धेन विबुधैः खर्वटं प्रोक्तम्।

भाषा— 'उत्तम' प्रकार के नगर में 17 मार्ग बनाएँ, मध्यम नगर में 13 तथा कनिष्ठ नगर में 9 मार्ग बनाएँ, लेकिन नगर की लम्बाई में जितने मार्ग बनाने को कहा है, उतने ही चौड़ाई में भी होने चाहिए। नगर में जितने सीधे मार्ग हो उतने ही आड़े मार्ग भी बनाएँ। नगर के क्षेत्रफल से आधे को गाँव कहा जाता है। इसी तरह गाँव के आधे को खेड़ा या खेटक, खेड़ा के आधे को कूट तथा कूट के आधे को खर्वट कहा जाता है।

अथ पुरभेदानाह (4, 10) —

हस्तानाञ्च युगाष्टषोडशसहस्त्रं भूपतीनां पुरं
तन्मध्ये दशधा वदन्ति मुनयो वृद्धा सहस्त्रेण तत्।
आयामे च सपादसार्धवसुतो भागः प्रशस्तोऽधिकः
त्वैकैकं च चतुर्विधं निगदितं कार्यं समं कर्णयोः॥ 194॥

भाषा— राजा के रहने का पुर या राजधानी 4000 हाथ का या 8000 अथवा 16 हजार हाथ का बनानी चाहिए। एक हजार के अवान्तर भेद से 10 प्रकार के नगर बनाए गए हैं, जो अधिकतम 15 हजार गज के हैं, लेकिन इन नगरों की जितनी चौड़ाई हो, उससे लम्बाई सवा आठवीं या साढ़े आठवीं बढ़ाएँ। सभी नगरों के भी चार भेद हैं। यथा— 1. लम्बाई व चौड़ाई में एक जैसा (वर्गाकार); 2. चौड़ाई का अष्टमांश लम्बाई में अधिक जैसे 8' × 8'' है तो 9' × 8'' फीट; 3. चौड़ाई से लम्बाई में सवा आठवाँ भाग बढ़ाकर एवं 4. चौड़ाई में लम्बाई में साढ़े आठवाँ भाग बढ़ाकर नगर की लम्बाई बढ़ाएँ।

अथ देवस्थानादीनां विस्तृतिदैर्घ्यप्रमाणमाह (4, 11) —

षट्त्रिंशतः षट्क्रमतो विदध्याद्दैवे पुरे चत्वरके क्रमेण।

यदृच्छया मानमुशन्ति केचित् प्राकारकोटेऽपि च भित्तिकायाम्॥ 195॥

षट्त्रिंशते् इति। षट्त्रिशतः षट्त्रिंशत्समविस्तारतः क्रमेण दैवे, पुरे, 'चत्वरके क्रमतः षट् विदध्यात् षड्धिकं विदध्यात्तदा दैर्घ्यं स्यात्। केचिदाचार्याः प्राकारे कोटे भित्तिकायां च यदृच्छया मानमुशन्ति।

भाषा—देवमन्दिर, नगर व चबूतरे की 36 हाथ चौड़ाई हो तो उसमें 6 हाथ की वृद्धि कर 42 हाथ की लम्बाई रखनी चाहिए। बहत्तर हाथ की चौड़ाई हो तो 12 हाथ बढ़ाकर 84 हाथ की लम्बाई रखें। इस तरह देवालय, नगर व चबूतरे की जितनी चौड़ाई हो उसी अनुरूप प्रत्येक 36 हाथ पर 6-6 हाथ की वृद्धि करें। कई आचार्यों का मत है कि दुर्ग में प्राचीर व अन्य भित्तियों का मान इच्छानुसार भी सम्भव है।

अथ पुराद्देवालयमुखविचारमाह (4, 12) —

पूर्वापरास्याः पुरसन्मुखाश्च देवाः शुभा नोत्तरदक्षिणास्याः।
भङ्गं पुरस्यापि पराङ्मुखास्ते कुर्वन्ति धातार्कजनार्दनेशाः॥ 196॥

पूर्वापरास्या इति। देवा ये सन्ति तेषामालयाः पूर्वापरास्याः पुरसम्मुखाश्च शुभाः भवन्ति। उत्तरदक्षिणास्याः न शुभाः। धातार्कजनार्दनेशाः पराङमुखास्ते पुरस्य अपि निश्चयेन भङ्गं कुर्वन्ति।

भाषा—देवों का मुख पूर्व और पश्चिम अथवा नगर के सामने शुभ होता है। देवालय के द्वार के सन्दर्भ में ऐसा करना श्रेष्ठ है, लेकिन उत्तर एवं दक्षिण मुखी श्रेष्ठ नहीं है। ब्रह्मा, विष्णु, सूर्य एवं शिव का पृष्ठभाग यदि नगर के सामने हो तो नगर का विनाश होता है, अतएव ऐसा नहीं करें।

अथ ब्रह्मादीनां मन्दिरस्य द्वारविचारमाह (4, 13) —

ब्रह्माविष्णुशिवेन्द्रभास्करगुहाः पूर्वापरास्याः शुभाः
प्रोक्तौ सर्वककुम्मुखौ शिवजिनौ विष्णुविधाता तथा।
चामुण्डा ग्रहमातरो धनपतिर्द्वैमातुरो भैरवो देवा
दक्षिणादिङ्मुखाः कपिवरो नैर्ऋत्यवक्त्रो भवेत्॥ 197॥

ब्रह्माविष्णुशिवेन्द्रभास्करगुहा इति। ये ब्रह्माविष्णुशिवेन्द्रभास्करगुहास्तेषामालयाः पूर्वापरास्याः शुभा भवन्ति। शिवजिनौ सर्वककुम्मुखौ सर्वदिङ्मुखौ प्रौक्तौ। विष्णुर्नारायणः, विधाता ब्रह्मा, तथा सर्वदिङ्मुखः। चामुण्डा भगवती, ग्रहः षोडश मातरः, धनपतिः कुबेरः, द्वैमातुरः कार्तिकेयः, भैरवः प्रसिद्धः एतेषां देवानां दक्षिणदिङ्मुखा आलया भवन्ति। कपिवरो हनुमान् नैर्ऋत्यवक्त्रः भवेत्।

भाषा— नगरादि में ब्रह्मा, विष्णु, शिव, इन्द्र, सूर्य और कार्तिकेय स्वामी आदि देवता पूर्व या पश्चिम दिशाभिमुख हो तो श्रेष्ठ हैं। इसमें भी शिव, तीर्थङ्कर, विष्णु व ब्रह्मा

का मुख तो किसी भी दिशा में हो श्रेष्ठ है। चामुण्डा, ग्रह, षोडश मातृकाओं, कुबेर, कार्तिकेय एवं भैरव का दक्षिणमुखी होना श्रेष्ठ है। हनुमान का मुख नैर्ऋत्यकोण में रखा जाना उचित है।

अथ पुरमध्ये राजमार्गनिर्माणविधिमाह (4, 14) —

मार्गाः सप्तदशाङ्कपञ्चशिखिनो युग्मं पुरात्खर्वटं
मार्गाः षोडशसूर्यविंशतिकराः कार्यास्त्रिधा विस्तरे।
प्राकारोदय ऋक्षहस्तमपितो द्वाभ्यां विहीनाधिकः
व्यासार्धेन तदुर्ध्वतश्च कपिशीर्षाण्यष्टमात्रान्तरात्॥ 198॥

मार्गा इति। पुरात्खर्वटं यावत् क्रमेण सप्तदशाङ्कपञ्चशिखिनः युग्मं चेति षट् मार्गा भवन्ति। विस्तरे व्यासे षोडशसूर्यविंशतिकराः त्रिधा मार्गाः कार्याः। प्राकारोदयः प्राकारविस्तृतिः द्वाभ्यां विहीनाधिकः ऋक्षहस्तमपितः सप्तविंशतिहस्तसमानः कार्यः। अष्टमात्रान्तरात्तदूर्ध्वतः व्यासार्धेन कपिशीर्षाणि भवन्ति।

भाषा— नगर के लिए 17 मार्ग बनाने चाहिए। इसी तरह ग्राम के लिए 9 मार्ग, खेड़ा के लिए 5, कूट के 3 तथा खर्वट के लिए 2 मार्ग बनाएँ। जो मार्ग 20 गज चौड़ा हो उसे 'ज्येष्ठ मार्ग', 16 गज चौड़े मार्ग को मध्यम मार्ग तथा 12 गज चौड़े मार्ग को कनिष्ठ मार्ग कहा जाता है। दुर्ग के प्राकार या किलाकोट की ऊँचाई 27, 25 अथवा 29 हाथ रखी जानी चाहिए। प्राकार के ऊपर चौड़े के अर्द्धभाग पर आठ अङ्गुल के अन्तराल पर कपिशीर्षों या कँगूरों की संरचना की जानी चाहिए।

अथ दुर्गोपरि कोष्टकरचनाक्रममाह (4, 15) —

प्राकारेऽपि च कोष्ठका दशकराः सूर्येन्द्रहस्तास्तथा
प्रोक्तोस्तेन समा च कोणसहिता विद्याधरी मध्यमा।
तस्यां चात्र सुवृत्तके च विविधं युद्ध्यासनं कारयेत्
प्राकारोदयतो द्विधा च परिखाविस्तार उक्तो बुधैः॥ 199॥

भाषा— प्राकार अथवा किले में कनिष्ठ कोठे का व्यास 10 गज, मध्यम कोठे का 12 गज हो। ज्येष्ठ कोठा 14 गज व्यास का होना चाहिए। दो-दो कोठों के बीच कोठों के बराबर ही चौरस एक-एक विद्याधरी (बुर्जी या बजिरी) का निर्माण भी होना आवश्यक है। इन विद्याधरी और कोठों में विविध प्रकार के युद्धासन (शस्त्रागार) होने चाहिए। परकोटे के चारों ओर उसकी ऊँचाई से दुगुनी चौड़ी खाई खोदनी चाहिए।

अन्यदप्याह (4, 16) —

विद्याधरीकोष्ठकयोश्च मध्ये व्यासप्रमाणं शर$_5$राम$_3$हस्तम्।
पञ्चाधिकं पञ्चकरेण हीनमिति त्रिधा वास्तुमतोदितञ्च॥ 200॥

विद्याधरीति। विद्याधरीकोष्ठकयोः मध्ये व्यासप्रमाणं विस्तृतिप्रमाणं शररामहस्तं पञ्चत्रिंशद्धस्तमितं भवति। पञ्चाधिकं पञ्चकरेण हीनमिति त्रिधा भवति। इदं वास्तुमता वास्तुशास्त्रज्ञेनोदितम्।

भाषा— विद्याधरी और कोठों के बीच 35 हाथ अन्तर रखना चाहिए। इससे पाँच हाथ कम या पाँच हाथ अधिक का अन्तर भी वास्तुशास्त्रियों को स्वीकार्य रहा है।

अथ दुर्गोच्चप्रमाणमाह (4, 17) —

दुर्गोदयं नन्दकरप्रमाणं तिथ्या समं सप्तदशैव केचित्।
एकोनविंशत् पृथुता त्रयाणां दिक्पालसूर्याष्टकरं वदन्ति॥ 201॥

दुर्गोदयमिति। दुर्गोदयं दुर्गव्यासः नन्दकरप्रमाणं नवहस्तमितं तिथ्या पञ्चदशेन समं वा भवति। अत्र केचित् सप्तदशैव सप्तदशहस्तसमं, एकोनविंशत् एकोनविंशतिहस्तसमं वा वदन्ति, त्रयाणां पृथुता पृथुत्वं दिक्पालसूर्याष्टकरं वदन्ति।

भाषा— दुर्ग की प्राचीन, भित्ति की ऊँचाई 9 गज की रखें या 15 हाथ की रखनी चाहिए लेकिन कतिपय आचार्यों का कहना है कि यह 17 अथवा 19 हाथ की भी रखी जा सकती है। इसके तीनों स्तरों की चौड़ाई क्रमशः 10, 12 या 8 हाथ प्रमाण रखनी चाहिए।

विशेष— ऐसा लगता है कि यहाँ तीन स्तरों का अर्थ है कि जो भित्ति नीचे से ऊपर तक उठाई जाती है, वह तीनों- आधार, मध्य एवं ऊर्ध्व स्तर तक क्रमशः 12, 10 एवं 8 हाथ प्रमाण रखी जाए जैसे कि (इन श्लोकों के रचनाकार सूत्रधार मण्डन व उसके परिजनों द्वारा निर्मित) चित्तौड़गढ़ एवं कुम्भलगढ़ दुर्ग में देखने में आती है।

अथ दुर्गतः पण्यादीनां न्यासक्रममाह (4, 18) —

ताम्बूलं फलदन्तगन्धकुसुमं मूलादिकं यद्भवेत्
राजद्वारसुराग्रतो हि सुधिया कार्यं पुरे सर्वतः।
प्राग्विप्रास्त्वथ दक्षिणे नृपतयः शूद्राः कुबेराश्रिताः
कर्त्तव्या पुरमध्यतोऽपि वणिजो वेश्या विचित्रैर्गृहैः॥ 202॥

ताम्बूलमिति। ताम्बूलं फलदन्तगन्धकुसुमं मूलादिकं च यद्भवेत् तत्सर्वं राजद्वार सुराग्रतः पुरे सर्वतः समन्तात् सुधिया पण्डितेन हि निश्चयेन कार्यम्। विप्रा ब्राह्मणाः प्राक् पूर्वदिशि कार्याः। दक्षिणे नृपतयः क्षत्रियाः कार्याः। कुबेराश्रिताः उत्तरदिशि शूद्राः कार्याः। विचित्रैर्मनोहरैः, गृहैः वणिजः वैश्याश्च पुरमध्यतोऽपि कार्याः।

भाषा— नगर में ताम्बूल, फल-फूल-जमीकन्द, सुगन्धित पदार्थ, रत्न आदि की दुकानें राजद्वार के एवं मन्दिर के सामने होनी चाहिए। बस्ती के प्रसङ्ग में पूर्व दिशा में ब्राह्मण, दक्षिण में क्षत्रिय, उत्तर में शूद्र और वैश्यों को बसाना चाहिए। इसके साथ ही

अन्य व्यापारियों को नगर के बीच में अलग-अलग घरों में बसाया जाना चाहिए।

अथान्यदप्याह (4, 19) —

ईशे रङ्गकराः कुविन्दरजका वह्नौ च तज्जीविनः प्रोक्ता
अन्त्यजचर्मकारबुरुडाः स्युः शौण्डिका राक्षसे।
पण्यस्त्री निर्ऋतौ च मारुतयुते कोणे न्यसेल्लुब्धकान्
वापीकूपतडागकुण्डमखिलं तोयं तथा वारुणे ॥ 203 ॥

ईश इति। ईशे-ईशानकोणे रङ्गकराः कुविन्दरजकाः कर्त्तव्याः। वह्नौअग्निकोणे तज्जीविनोऽग्निजीविनः प्रोक्ताः। राक्षसे नैर्ऋत्यकोणे अन्त्यजचर्मकारबुरुडाः शौण्डिकाश्च स्युः। निर्ऋतौ नैर्ऋत्यकोण पण्यस्त्री वेश्या कर्त्तव्या, मारुतयुते वायुयुते कोणे वायव्यकोण लुब्धकान् न्यसेत्। तथा वारुणे पश्चिमदिशि वापीकूपतडागकुण्डमखिलं तोयं न्यसेत्।

भाषा— नगर के ईशान कोण में रंगरेज या छीपा, कपड़े बेचने वाले तथा धोबियों को बसाना चाहिए। अग्निकोण में अग्नि से आजीविका चलाने वाले सोनी, लौहार, ठठेरा आदि को, दक्षिण दिशा में अन्त्यज, चमार, बाँसफोड़ा, गाँछी व कलालों (कलवार, शराब का धन्धा करने वाले) को, नैर्ऋत्य कोण में वैश्याओं को और वायव्य कोण में पारधी, व्याध लोगों को बसाना चाहिए। बावड़ी, कूप, तालाब, कुण्ड आदि समस्त जलस्रोत नगर के पश्चिम में होना श्रेष्ठ है।

अथान्यदप्याह (4, 20) —

सिंहद्वारचतुष्टयञ्च खटकीद्वाराणि चाष्टौ तथा
कर्त्तव्यानि दृढार्गलानि रुचिरैः कापाटकैः सुदृढैः।
कीर्तिस्तम्भनृपालयामरगृहैर्हट्टैः सुधानिर्मितैः
हर्म्यैश्चोपवनैर्जलाश्रययुतैः कार्यं पुरं शोभनम् ॥ 204 ॥

सिंहद्वारेति। नगरस्य चतुर्दिक्षु सिंहाद्वारचतुष्टयं कार्यं, तथा अष्टौ रुचिरैः सुदृढैः कापाटकैः दृढार्गलानि खटकीद्वाराणि कर्त्तव्यानि। कीर्तिस्तम्भनृपालयामरगृहैः सुधानिर्मितै हट्टैः हर्म्यैश्चोपनैः जलाश्रययुतैः शोभनं पुरं कार्यम्।

भाषा— नगर में चार सिंहद्वार (बड़ी पोलें)तथा आठ खिड़कियाँ (प्रतोलियाँ) होनी चाहिए। द्वारों पर मजबूत अर्गला तथा सुन्दर किंवाड़ बनाने चाहिए। राजमन्दिर के सामने एक कीर्तिस्तम्भ होने के साथ ही राजगृह, देवमन्दिर, हाट, हवेली के पास बाग और बाग में जलाशय होना चाहिए। इसी तरह राजमहल के पास भी जलाशय अनिवार्यतः हो।

अथ वाटिकारोपणमुहूर्त्तमाह —

मृदुध्रुवगणे राधामूलभे-क्षिप्रभे तथा।
शतर्क्षे वाटिका शस्ता सद्वारे सत्तिथौ मता॥ 205॥

मृदुध्रुवादिति। मृदुचित्रानुराधामृगरेवत्यः, ध्रुवर्क्षं रोहिण्युत्तरास्तिस्रः, राधाः विशाखापर्यायः, क्षिप्रमश्विनीपुष्याभिजितः, शतर्क्षं शततारका एवं चतुर्दश भानि। शेष सुगमं, एतैनक्षत्रै वाटिकार्थे वृक्षाणां चारोपो वापनं कार्यम्।

भाषा—- मृदु संज्ञक नक्षत्र (मृगशिरा, रेवती, चित्रा व अनुराधा एवं शुक्रवार), ध्रुव संज्ञक नक्षत्र (उत्तरा त्रय, रोहिणी एवं रविवार), राधा (विशाखा), मूल, क्षिप्र संज्ञक नक्षत्र (हस्त, अश्विनी एवं पुष्य तथा गुरुवार) एवं शतभिषा नक्षत्रों में और शुभ वार तथा योग्य तिथियों में वाटिका लगाने का कार्य करना चाहिए, ऐसा मत है।

अथ जलाशयारामसुरप्रतिष्ठाविधिमाह —

जलाशयारामसुरप्रतिष्ठा सौम्यायने जीवशशाङ्कशुक्रे।
दृश्ये मृदुक्षिप्रचरध्रुवे स्यात्पक्षे सिते स्वर्क्षतिथिक्षणे वा॥ 206॥
रिक्तारवर्ज दिवसेति शस्ता शशाङ्कपापैस्त्रिभवाङ्गसंस्थैः।
व्यन्त्याष्टगैः सत्खचरैर्मृगेन्द्रे सूर्यो घटे को युवतौ च विष्णुः॥ 207॥
शिवो नृयुग्मे द्वितनौ च देव्यः क्षुद्राश्चरे सर्व इमे स्थिरर्क्षे।
पुष्ये ग्रहा विघ्नपयक्षसर्पभूतादयोऽन्त्ये श्रवणे जिनश्च॥ 208॥

जलाशयेति। जलाशयादयः वापीकूपतडागादयः तेषां प्रतिष्ठोत्सर्गः, आराम उपवनं तस्याप्युत्सर्गः, सुरा देवा विष्णवादयस्तेषां प्रतिष्ठापनं, सौम्यायने उत्तरायने तथा जीवशशाङ्कशुक्रे दृश्ये-उदिते सति, तथा मृदुक्षिप्रधुवनक्षत्रे, सिते शुक्ले पक्षे, तथा स्वर्क्षतिथिक्षणे वा यस्य देवस्य प्रतिष्ठाकर्तुमिष्टा तस्य तत्स्वामिके नक्षत्रे तिथौ वा क्षणे मुहूर्ते वा, तथा रिक्तारवर्जे दिवसे रिक्ता (चतुर्थी नवमी चतुर्दशी) भौमवारव्यतिरिक्त तिथिवारेषु एवं विधे दिने जलाशयारामदेवानां प्रतिष्ठा क्रमेण शस्ता स्यात्।

तथा च गार्ग्यः-देवतारामवाप्यादिप्रतिष्ठामुत्तरायणे। माघादिपञ्चमासेषु कृष्णेऽप्यापञ्चमी दिनम्॥ दक्षिणेत्वयने कुर्वन्न तत्फलमवाप्नुयात्। यदा तु दक्षिणायन एव जलस्थितिसम्भवस्तदा न कालनियमः- 'न कालनियमस्तत्र सलिसं तत्र कारणमिति' भविष्यपुराणोक्तेः। अथ क्रूरप्रकृतीनां दक्षिणायनेऽपि स्थापनं कार्यमित्युक्तं वैखानससंहितायाम्- मातृभैरववाराह नरसिंहत्रिविक्रमाः। महिषासुरहन्त्री च स्थाप्या वै दक्षिणायने॥ नारदः- विचैत्रेष्वेवमासेषु माघादिषु च पञ्चसु। यद्दिनं यस्य देवस्य तद्दिने तस्य संस्थितिः॥

अथ लग्नशुद्धिः- शाशाङ्कपापैः चन्द्रसूर्यभौमशनिराहुकेतुभिः, त्रिभवाङ्गसंस्थैः तृतीयषष्ठैकादशस्थान स्थितैः, तथा सत्खचरैः शुक्रबुधगुरुभिः, व्यन्त्याष्टगैः द्वादशाष्टमव्यति

रिक्ताखिलस्थानस्थैः, देवादिप्रतिष्ठा अतिशस्ता। अथ सूर्यो मृगेन्द्रे सिंहलग्ने स्थाप्यः। तथा को ब्रह्मा घटे कुम्भे स्थाप्यः। युवतौ कन्यायां विष्णुः स्थाप्यः। नृयुग्मे मिथुने शिवो महादेवः स्थाप्यः। देव्यो दुर्गादयश्च, द्वितनौ द्विस्वभावराशौ मिथुनकन्याधनुर्मीनलग्नेषु स्थाप्याः। चरलग्ने मेषकर्कतुला मकरलग्नेषु क्षुद्रा देव्यश्चतुःषष्ठीयोगिनीप्रभृतयः स्थाप्याः। स्थिरर्क्षे वृषसिंहवृश्चिककुम्भेषु सर्वे इमे-उक्ता अनुक्ताश्च देवा स्थाप्याः।

अथ पुण्ये ग्रहा इति। ग्रहाश्चन्द्रादयोऽष्टौ पुष्ये नक्षत्रे स्थाप्याः। एतदुपलक्षणम्। सूर्यस्य हस्तनक्षत्रे स्थापनम्। इन्द्रब्रह्मणोः पुष्यश्रवणाभिजित्सु, कुबेरस्कन्दयोरनुराधायाम्। दुर्गादीनां मूले। सप्तर्षीणां स्वाधिष्ठितनक्षत्रे। लक्ष्मीव्यासवाल्मीक्यगस्त्यानामपि सप्तर्ष्यधिष्ठित नक्षत्रे स्थापनम्। तदुक्तं रत्नमालायाम्- पुष्यश्रुतत्यभिजित्सुरेश्वरकयोर्वित्ताधिपस्कन्दयो मैत्रे तिग्मरुचः करे निर्ऋतिमे दुर्गादिकानां शुभम्। सप्तर्षयो यत्र वसन्ति धिष्ण्ये कार्या प्रतिष्ठा खलु तत्र तेषाम्। श्रीव्यासवाल्मीकिघटोद्भवानां तथा स्मृता वाक्पतिभे ग्रहाणामिति॥ *(20, 2, 4)*

अथ विघ्नपो गणेशः, यक्षो देवयोनिः, सर्पा वासुक्यादयः, भूतो देवयोनिः (विद्या-धराप्सरो यक्षरक्षो गन्धर्वकिन्नराः। पिशाचो गुह्यकः सिद्धो भूतोऽमी देवयोनय इत्यमरः), आदिशब्देन राक्षसासुरप्रमथसरस्वतीप्रभृतयोऽन्त्ये रेवत्यां स्थाप्याः। तथा श्रवणे जिनो बुद्धश्च स्थाप्यः। उपलक्षणं चैतत्। इन्द्रकुबेरवर्जितानां लोकपलानां धनिष्ठायां स्थापनम्। इतोऽवशिष्टानां देवानां त्र्युत्तरारोहिणीषु स्थापनं स्यादित्यर्थः।

भाषा— प्रतिष्ठाकार्य के लिए सर्वसम्मत रामदैवज्ञ के मत से कहा जा रहा है कि चैत्र को त्यागकर उत्तरायण के सूर्य में (मकरसंक्रान्ति से मिथुनान्त-पर्यन्त जब तक 6 राशि पर सूर्य रहता है यानी 14 जनवरी से 16 जुलाई पर्यन्त), बृहस्पति, चन्द्र और शुक्र के उदित होने पर, मृदुसंज्ञक (मृगशिरा, रेवती, चित्रा, अनुराधा), क्षिप्रसंज्ञक (हस्त, अश्विनी, पुष्य), चरसंज्ञक (स्वाती, पुनर्वसु, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा), ध्रुवसंज्ञक (तीनों उत्तरा, रोहिणी) इन 16 नक्षत्रों में; शुक्लपक्ष में जिस देवी-देवता की स्थापना करनी हो, उस देवता के नक्षत्र (2, 1) तिथि (1, 3) और मुहूर्त (6, 55)में; रिक्ता (4, 9, 14) तिथि और मङ्गल को छोड़कर अन्य (1, 2, 3, 5, 6, 7, 9, 10, 11, 13, 15) तिथियों एवं वारों (रवि, सोम, बुध, गुरु, शुक्र एवं शनि) में; चंद्रमा एवं पाप ग्रहों के 3, 6, 11 भावों में रहने पर जलस्रोत (सरोवर, कूप, बावड़ी, कुण्ड), उद्यान और देवताओं की प्रतिष्ठा करना प्रशस्त होता है। इसी प्रकार सिंह लग्न में सूर्य की स्थापना करे। कुम्भ लग्न में ब्रह्मा की, कन्या लग्न में विष्णु की, मिथुन लग्न में शिव की, द्विस्वभाव (3, 6, 9, 12) लग्नों में दुर्गादि देवियों की, चरसंज्ञक (1, 4, 7, 10) लग्नों में क्षुद्र (यक्ष, योगिनी, भैरव, सती, लोकदेवी-देवता आदि) की प्रतिष्ठापना करनी चाहिए। यहाँ यह भी ज्ञातव्य है कि सभी (कथित एवं अकथित) देवताओं की स्थापना

स्थिर (2, 5, 8, 11) लग्नों में करनी चाहिए। पुष्य नक्षत्र में चन्द्र आदि आठ ग्रहों की, रेवती में विनायक की, यक्ष (कुबेर के अनुचर आदि), सर्प (अनन्त, तक्षकादि), भूत (बालग्रह आदि रुद्र के अनुचर) आदि योनियों की तथा श्रवण नक्षत्र में तीर्थङ्करों (जैनियों के 24 आराध्य देवों, शासनदेवों) की स्थापना हो सकती है।

तथा च श्रीपतिः (20, 3) —

गणपतिवृढरक्षो यक्षभूतासुराणां
प्रमथफणिसरस्वत्यादिकानाञ्च पौष्णे।
श्रवसि सुगतनाम्नो वासवे लोकपानां
निगदितमखिलानां स्थापनं हि स्थिरेषु॥ 209॥

गणपति इति। गणपरवृढो गणेशः पौष्णेरेवत्यां श्रवणे च सुगतनाम्नो बौद्धास्य जिनस्य च स्थिरेषु ध्रुवर्क्षे च।

भाषा— गणपति, साधुजन, राक्षस, भूत, यक्ष, दैत्यगण, गन्धर्व, नाग, प्रमथ, सरस्वती आदि देवी-देवताओं की स्थापना रेवती नक्षत्र में करनी चाहिए। श्रवण में तथागत बुद्ध, धनिष्ठा में लोकपाल, दिक्पाल व अन्य सर्व जिनादिक की स्थिर नक्षत्रों में स्थापना करें।

विशेष— कालिदास दैवज्ञ ने गुहादिशिवगणप्रतिष्ठा के सन्दर्भ में कहा है पौष्णार्द्रयोरंशुसितांशुजन्मनां वारेषु वाजाङ्घ्रियुगेऽसृजि क्वचित्। गुहाखुयानादिपिनाकभृद्गणा स्थापयेद्युग्ममरन्ध्रमोदये॥ *(ज्योतिर्विदाभरण 17, 34)*

इति जीवनाथझादैवज्ञविरचिता वास्तुरत्नावल्यां वास्तुनिर्णयाध्यायः नवमः॥ 9॥

इस प्रकार जीवनाथ झा कृत 'वास्तुरत्नावली' नामक ग्रन्थ में वास्तुनिर्णय नामक नवाँ अध्याय पूर्ण हुआ॥ 9॥

अथ गृहप्रवेशाध्यायः दशमः ॥ 10 ॥

तत्र प्रवेशलक्षणामह वसिष्ठः (38, 3) —

अपूर्वसञ्ज्ञः प्रथमः प्रवेशो यात्रावसाने च स्वपूर्वसञ्ज्ञः।
द्वन्द्वाभयश्चाग्निभयादिजातस्त्वेवं प्रवेशस्त्रिविधः प्रदिष्टः ॥ 1 ॥

अपूर्वसञ्ज्ञेति। प्रवेशस्त्रिधेति, अपूर्वप्रवेशः, स्वपूर्वप्रवेशः, द्वन्द्वाभयप्रवेशश्च। नूतनगृहे प्रथमं यः प्रवेशः सोऽपूर्वसंज्ञकः, यस्तु यात्रानिवृत्तौ सत्यां प्रवेशः स स्वपूर्वसंज्ञकः, यश्चाग्निभयेन जलभयेन वा शत्रुराजजनभयेन प्रवेशः स द्वन्द्वाभयप्रवेश उदितः।

भाषा— प्रवेश तीन प्रकार के हैं— 1. नवीन भवन में प्रवेश अपूर्व प्रवेश कहलाता है, 2. यात्रा पूर्णकर लौटने को सुपूर्व प्रवेश एवं 3. अग्निकाण्ड, विद्युतपात से दग्ध गृह में जीर्णोद्धार या शत्रुजनादि के भयादि के बाद पुनः प्रवेश को द्वन्द संज्ञक प्रवेश कहा जाता है।

अथात्र रामदैवज्ञः (13, 1) —

सौम्यायने ज्येष्ठतपोन्त्यमाधवे यात्रानिवृत्तौ नृपतेर्नवे गृहे।
स्याद्वेशनं द्वाःस्थमृदुध्रुवोडुभिर्जन्मर्क्षलग्नोपचयोदये स्थिरे ॥ 2 ॥

सौम्यायनेति। सौम्यायने एषु पदार्थेषु सत्सु नृपतेर्यात्रानिवृत्तौ यात्रावमाने अथवा नवे नूतनोत्थापितगृहे प्रवेशनं स्यात्सौम्यायन इति। मन्दधियो झटितिप्रतिपत्त्यर्थे ज्येष्ठमाघफाल्गुनवशाखेष्वित्युक्तम्। यद्दिङ्मुखे गृहे प्रवेशं कर्तुमिष्यते तद्दिङ्नक्षत्रैः पूर्वादिषु चतुर्दिक्षु 'सप्तसप्तानलर्क्षतः' इत्याद्युक्तैर्मृदुध्रुवनक्षत्रैः प्रवेशनं स्यात् 'यद्दिग्द्वारं मन्दिरं तस्य पुंसस्तद्दिग् ऋक्षैः स्यात्प्रवेशो न सर्वैरिति' वसिष्ठोक्तेः। जन्मर्क्षेति। जन्मर्क्षं जन्मराशिः, जन्मलग्नं प्रसिद्धं, ताभ्यामुपचयं तृतीयषष्ठैकादशदशमस्थानं शुभम्।

अत्र नारदः— कर्तुर्जन्मलग्ने वा ताभ्यामुपचयेऽपि वा। प्रवेशलग्ने स्याद्बृद्धिरन्यभे शोकनिःस्वता ॥ स्थिरे स्थिरलग्ने।

सौम्यायन इति। तत्र प्रवेशश्चतुर्धा। अपूर्वप्रवेशः, स्वपूर्वप्रवेशः, द्वन्द्वाभयप्रवेशः,

वधूप्रवेशश्चेति तत्र वधूप्रवेशस्यान्वर्थसञ्ज्ञकत्वाल्लक्षणं नोक्तम्। स च प्रागभिहितः। अन्येषां लक्षणमाह वसिष्ठः-१'अपूर्वसञ्ज्ञः प्रथमः प्रवेशो यात्रावसाने तु स्वपूर्वसञ्ज्ञः। द्वन्द्वाभयस्त्वग्निभयादिजातस्त्वेवं प्रवेशस्त्रिविधः प्रदिष्ट इति' नवगृहं निर्माय यः प्रथम प्रवेशः सोऽपूर्वसञ्ज्ञः प्रवेशः। यस्तु यात्रानिवृत्त्यन्तरं गृहप्रवेशः स स्वपूर्वसंज्ञः प्रवेशः। यस्त्वग्निनाग्निदाहेन-आदिशब्देन क्रुधेन राज्ञा पातनेन गृहनाशस्तद्गृहं यदा पुनः सम्पाद्यते तस्मिन् यः प्रवेशः स द्वन्द्व भयप्रवेश इत्युच्यते। अन्वर्थसञ्ज्ञकोऽयम्, द्वन्द्वशीतोष्णं अत्र शीतशब्देन जलमुष्णशब्देनाग्निरुच्यते। लक्षणया जलाप्लावेनानवरतवृष्टिपातेन वा गृहपातस्तज्जलभयं, अग्निकृतदाहेन यो गृहनाशस्तदग्निभयम्। तस्माच्छितोष्णरूपात् द्वन्द्वात् पुनरुत्थापनेन यदभयं तद्द्वन्द्वाभयमित्युच्यते। द्वन्द्वा भयं विद्यते यस्मिन्नित्यर्थः। तादृशप्रवेशो द्वन्द्वाभयं इति। तत्रापूर्वस्वपूर्व प्रवेशयोः कालशुद्ध्यादिकमाह सौम्यायन इति। एषु सौम्यायने इन्यादिकेषु पदार्थेषु सत्सु नृपतेर्यात्रानिवृत्तावथवा नवे नूतनोत्थापिते गृहे वेशनं प्रवेशनं स्यात्। अत्र सौम्यायन इति मन्दबुद्धीनां शीघ्रप्रतिपत्यर्थम्। ज्येष्ठे ति। ज्येष्ठमाघफाल्गुनवैशाखेष्वेव सत्यप्युत्तरायणे प्रवेशन शुभम्। नारदः- 'अथ सौम्यायने कार्य नववेश्मप्रवेशनम्। प्राज्ञा यात्रा निवृत्तो चेति' तथा 'माघफाल्गुनवैशाखज्येष्ठामासेषु शोभनः। प्रवेशो मध्यमो ज्ञेयः सौम्य (मार्ग) कार्तिकमासयोरिति' मध्यमोक्तिरावश्यक विषया। द्वाःस्थेति। यस्मिन् गृहे प्रवेशं कर्तुमिष्यते तस्य यस्यां दिशि मुख तद्दिङ्नक्षत्रैः पूर्वादिषु चतुर्दिक्षु 'सप्तसप्तालर्क्ष' इत्याद्युक्तैर्मृदुध्रुवनक्षत्रैः प्रवेशनं स्यात्। यद्दिग्द्वारं मन्दिरं तस्य पुंसस्तद्दिगृक्षैः स्यात्प्रवेशो न सर्वैरिति वसिष्ठोक्तेः। अत्यदपि तत्रैव 'अर्कादिलेया-दितिदस्त्रविष्णु ऋक्षे प्रविष्टं नवमन्दिरे यत्। अद्वत्रयात्तत्परतस्तु यां शेषेषु धिष्ण्येषु च मृत्युदं स्यादिति' जन्मर्क्षं इति। जन्मर्क्ष जन्मराशिः, जन्मलग्नं प्रसिद्धमेव। ताभ्यामुपचयं तृतीयषष्ठ-दशमैकादशस्थानं तस्मिन्। उदये लग्ने, स्थिरे स्थिराख्ये वृषसिंह वृश्चिककुम्भाख्ये लग्ने प्रवेशनं शुभम्। नारदः- 'कर्तुर्जन्मलग्ने वा ताभ्यामुपचयेऽपि वा। प्रवेशलग्ने स्याद्वृद्धिरन्यभे शोकनिः स्वन इति।' 'सौम्ये स्थिरे मे शुभदृष्टियुक्ते लग्नेऽथ वा द्वयङ्गगृहे विलग्न इति च' सौम्यग्रहसमन्विते द्वयङ्गे द्विस्वभावराशौ।

भाषा— सूर्य के उत्तरायण में ज्येष्ठ, माघ, फाल्गुन, वैशाख मास में, गृह के द्वार के समक्ष (6, 5, 7) नक्षत्रों, मृदुसंज्ञक (मृगशिरा, रेवती, चित्रा, अनुराधा) तथा ध्रुवसंज्ञक (तीनों उत्तरा, रोहिणी) नक्षत्रों में, भवन स्वामी की जन्मराशि और जन्मलग्न से उपचय 3, 6, 10, 11 राशि के लग्न एवं स्थिर (2, 5, 8, 11) राशि के लग्नों में (उपलक्षण से द्विस्वभाव 3, 6, 9, 12 लग्नों में), नृपति का यात्रा से लौटकर गृहप्रवेश या नवगृह में प्रवेश करना शुभ होता है। शुक्लपक्ष एवं कृष्णपक्ष की 2, 3, 5, 6, 7, 8, 10, 11, 12, 13, 15 तिथियों में, रवि और भौम को छोड़कर अन्य वारों सोमवार, बुध, वृहस्पतिवार, शुक्रवार, शनिवार को शुभ समय में प्रवेश करना प्रशस्त माना गया है।

अथ याननिवर्तितनरस्य प्रवेशमुहूर्तमाह (बृहद्दैवज्ञ. 88, 31) —

निजंपुर याननिवर्तितो नरो जीवादिपञ्चद्युषु संविशेदसौ।
सवासवक्षिप्रमृदुधुवेष्वथ स्थिरोदये शुद्धलयान्त्यकण्टके॥ 3॥
न द्वादशी पक्षतिर्दर्शसप्तमी रिक्तातिरक्ताब्जदिनेष्वतन्त्रकृत्।

निजं पुरमिति। याननिवर्तितःवाहननिवर्तितोऽसौ नरो जीवादिपञ्चद्युषु बृहस्पति-शुक्रशनैश्चरसूर्यसोमवारेषु, सवासवक्षिप्रचरध्रुवेषु नक्षत्रेषु, 'स्थिरो दये स्थिरसंज्ञकलग्ने, शुद्धलयान्त्यकण्टके निजं स्वं पुं संविशेत्।' द्वादशी, पक्षतिः पक्षमूलं प्रतिपदेत्यर्थः, दर्शोऽमावास्या, सप्तमी, रिक्तातिरिक्ताब्जदिनेषु न अतन्त्रकृन्न दुःखकृद्भवति सुखकृदेव भवतीत्यर्थः।

भाषा— यात्रा से लौटकर और वाहन को त्यागकर गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार, रविवार और सोमवार— इन पाँच वारों में, धनिष्ठा, क्षिप्र संज्ञक नक्षत्र (हस्त, पुष्य, अश्विनी), मृदु संज्ञक नक्षत्र (मृगशिरा, रेवती, चित्रा, अनुराधा), ध्रुव संज्ञक नक्षत्र (उत्तरा त्रय व रोहिणी) इन नक्षत्रों में, स्थिर लग्न (2, 5, 8, 11) में, लय (8), अन्त्य (12), कण्टक (1, 4, 7, 10) ये भाव शुद्ध हों तो अपने गृहनगर में प्रवेश करना चाहिए। इसमें भी द्वादशी, प्रतिपदा, अमावस्या, सप्तमी, रिक्ता तिथि (4, 9, 14) का त्याग करें, अब्ज यानी सोमवार अतन्त्रकृत यानी दुखद नहीं होता है।

अथ गमनोत्तरप्रवेशमाह (बृहद्दैवज्ञ. 88, 32) —

गुरूशनाज्ञेन्दुदिनेषु वारुणानिलश्रविष्ठेज्यमृदुस्थिरोडुभिः।
याता विरिक्तान्यकुयोगविष्ट्यभैर्नृभाजि लग्ने गमनस्थलं विशेत्॥ 4॥

व्याख्या- याता गमनगर्ता एतादृशे लग्ने गमनस्थलं विशेत्।

गुरुशनोज्ञेन्दुदिनेष्वीति। गुरुर्बृहस्पतिः, उशना शुक्रः, ज्ञो बुधः, इन्दुश्चन्द्रः, एतेषु दिनेषु। वारुणः शतभिषा, अनिलः स्वाती, श्रविष्ठा धनिष्ठा, इज्यः, पुष्यः, मृदुसंज्ञकः, स्थिरसंज्ञकश्चैतेषु नक्षत्रेषु, विरिक्तान्यकुयोगविष्ट्यभैः रिक्तान्यकुयोगभद्रावर्जितैः, नृभाजि पुरुषसंज्ञके लग्ने, याता गमनकर्ता गमनस्थलं विशेत्।

भाषा— ग्रन्थान्तर में आया है कि गुरुवार, शुक्र, बुध, सोमवार में; शतभिषा, स्वाती, धनिष्ठा, पुष्य, मृदुसंज्ञक नक्षत्र (मृगशिरा, रेवती, चित्रा, अनुराधा) एवं स्थिर संज्ञक नक्षत्र (उत्तराफाल्गुनी, उत्तराषाढ़, उत्तराभाद्रपद व रोहिणी) में; रिक्ता तिथि (4, 9, 14) और अन्य कुयोग एवं विष्टिकरण वर्जित दिवस में पुरुष संज्ञक लग्न (1, 3, 5, 7, 9, 11) में गमन स्थल में प्रवेश करना चाहिए।

अथ जीर्णगृहप्रवेशे विशेषमाह (मुहूर्तचिन्तामणौ 13, 2) —

जीर्णे गृहेऽग्न्यादिभयान्नवेपि मार्गोर्जयोः श्रावणिकेति सत्स्यात्।

वेशोऽम्बुपेज्यानिलवासवेषु नावश्यमस्तादिविचारणाऽत्र॥ 5॥

जीर्णे इति। जीर्णे पुरातने, अन्यनिर्मिते गृहे, अग्निदाहादग्निभयात्, आदिशब्देन बहुवृष्टिराजकोपाद्युपद्रवात्, पतिते गृहे पुनरपि सम्यगेव कृते उत्थापिते, पूर्वोक्ताः सर्वेऽपि मासा ज्ञेयाः। किं च मार्गोजयोः मार्गशीर्षकार्तिकयोश्च, श्रावणिकेऽपि श्रावणेऽपि, वेशः प्रवेशः, सत् शुभफलदः स्यात्। **नावश्यमिति**। अत्रैवं विधे जीर्णे गृहे, अग्न्यादि भयात्रवे-ऽपि आवश्यक मस्तादि विचारणा शुक्रास्तबाल्यवार्धकसिंहस्थगुर्वादिदोषणां विचारणा विचारो नास्ति। अस्तादयः कालदोषाः सन्तु वा मा सन्तु तथापि गृहप्रवेशः कार्यः। सोऽपि पञ्चाङ्गशुद्धिमात्रमङ्गीकृत्य विहितनक्षत्रेष्वेव कार्यः।

भाषा— पुनरूद्धार के बाद किसी भवन में कब प्रवेश करें, इस सम्बन्ध में कहा गया है कि अग्निकाण्ड से दग्ध, अतिवृष्टि से गिरे, राजकोप से गिरे या गिराए और पुनः बनाए गए भवन या अनुरक्षण के बाद मार्गशीर्ष, कार्तिक, श्रावण, अपि शब्द से वैशाख, ज्येष्ठ, माघ, फाल्गुन- इन सात महीनों में शतभिषा, पुष्य, स्वाती, धनिष्ठा नक्षत्र में प्रवेश किया जाना शुभ होता है। इसी प्रकार इस कार्य में गुरु और शुक्रास्त, बाल्य, वृद्धत्व, सिंह, मकरस्थ वृहस्पति लुप्त संवत आदि दोषों पर विचार नहीं किया जाना चाहिए।

अत्र सनत्कुमारः (पीयूषधारा. तत्रैव) —

गृहारम्भोदितैर्मासैर्धिष्ण्यैर्वारैर्विशेद् गृहम्॥ इति।

गृहारम्भोदिति। अत्र सामान्यतो गृहारम्भोदिता मासा गृहप्रवेशेऽभिहिताः,

भाषा— सनत्कुमार का मत है कि जिस मास, नक्षत्र, वारादि में गृहारम्भ हुआ हो, उसमें गृहप्रवेश किया जाए।

तत्रैव —

सौम्यफाल्गुनवैशाखमाघश्रावणकार्तिकाः।
मासाः स्युर्गृहनिर्माणे पुत्रारोग्यधनप्रदाः॥ 6॥

इति नारदोक्तेर्मार्गशीर्षफाल्गुनवैशाखमाघश्रावणकार्तिका विहिताः। तत्रोत्तरायण एव गृहप्रवेशस्य वाक्यान्तरेण विहितत्वात् श्रावणकार्तिकमार्गशीर्षाणामुत्तरायण त्वाभावाद्विरोधे नूतनजीर्णगृहप्रवेशाभ्यां व्यवस्था कथमिति प्रागभिहितनारदवाक्येन-उत्तरायणलाहचर्य्येण नूतनगृहप्रवेशसुपूर्वप्रवेशयोर्विधानाद् 'गृहारम्भोदितैर्मासः' इत्यनेन तु सामान्यतस्त्रिविधस्यापि प्रवेशस्य विधानादुत्तरायणीयमा-सास्त्रिविधगृहप्रवेशे शुभाः। दक्षिणायनीयमासाः श्रावणादयस्तु जीर्णगृहप्रवेशविषयाः।

भाषा— नारद का मत है कि मार्गशीर्ष, फाल्गुन, वैशाख, माघ, श्रावण, कार्तिक मासों में गृह निर्माण करना पुत्र, आरोग्य और धन प्रदायक माना जाता है।

अत एव नारदो मार्गशीर्षकार्तिकयोर्नूतनप्रवेशे मध्यमत्वमाह—

अर्थादेव जीर्णगृहप्रवेश उत्कृष्टत्वमध्यवस्यते। अम्बुपेति। अम्बुपः शततारका, इज्यः पुष्यः अनिलः स्वाती, वासवो धनिष्ठा, एषु मेषु जीर्णगृहेऽग्न्यादि भयान्नवेऽपि गृहप्रवेशः शुभः। प्राक्पद्योक्तनक्षत्रेषु शुभ एवेति कैमुतिकान्या यादव- गम्यते।

ज्यौतिः प्रकाशे (तत्रैव) —

प्रवेशो नूतने हर्म्ये ध्रुवैर्मित्रैः सुखाप्तये।
पुष्यस्वातीयुतैस्तैस्तु जीर्णं स्याद्वसवद्वये॥ इति। 7॥

भाषा— नवीन गृह में प्रवेश ध्रुव संज्ञक नक्षत्र (उत्तरात्रय व रोहिणी) एवं अनुराधा में करना सुखद है। पुष्य, स्वाती भी शुभ है, यदि जीर्ण गृह हो तो वहां प्रवेश धनिष्ठा व शतभिषा नक्षत्र लें।

ज्यौतिः प्रकाशे (तत्रैव) —

नित्ययाने गृहे जीर्णे प्राशने परिधानके।
वधू प्रवेशे माङ्गल्ये न मौढ्यं गुरुशुक्रयोरिति॥ 8॥

भाषा— नित्य प्रयोग वाले वाहन, जीर्ण गृह, भोजन, परिधान, वधू प्रवेश व ऐसे ही अन्य उत्तर माङ्गल्यादि कार्यों में गुरु, शुक्र का मौढ्यादि न देखें।

वसिष्ठः (38, 2) —

नवप्रवेशे ह्यथ कालशुद्धिर्न द्वन्द्वसौपूर्विकयोः कदाचित्।
प्रवेशपञ्चाङ्गदिने सुलग्ने वास्त्वर्चनं पूर्ववदेव कुर्य्यात्॥ 9॥

नवप्रवेशेति। सुगमम्।


भाषा— नवीन भवन के प्रवेश काल में ही कालशुद्धि का विचार अपेक्षित है। द्वन्द्व एवं सुपूर्व प्रवेश काल में काल शुद्धि को देखना आवश्यक नहीं है, वहाँ केवल पञ्चाङ्ग शुद्धि ही देखकर वास्तुपूजन और प्रवेश पूर्ववत् करना चाहिए।

